# वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

सोमवार, 24 नवम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 317, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com




## कंपनियों की पूंजी 1.28 लाख करोड़ बढ़ी

पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का कुल बाजार पूंजीकरण 1,28,281.52 करोड़ रुपये बढ़ गया। } 14

## भारत-इजरायल प्रस्तावित एफटीए को दो चरणों में लागू करेंगे

भारत और इजरायल अपने प्रस्तावित एफटीए को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिल सके। } 16

## संभव है भारत में मिल जाये सिंध

एजेंसी



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज भले ही सिंध भारत का हिस्सा नहीं है, लेकिन सीमाएं कभी भी बदल सकती हैं और हो सकता है कि सिंध फिर भारत में लौट आए।

एक कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने सिंध के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व को याद किया। बता दें, सिंध क्षेत्र 1947 के बंटवारे के बाद पाकिस्तान में चला गया था। वहां रहने वाले ज्यादातर सिंधी हिंदू भारत आ गए। राजनाथ सिंह ने कहा कि एलके आडवाणी ने अपनी किताब में लिखा है कि उनकी पीढ़ी के सिंधी आज भी सिंध के भारत से अलग होने को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। उन्होंने बताया कि भारत के हिंदुओं के लिए सिंधु नदी हमेशा पवित्र रही है और सिंध के कई मुसलमान भी इसकी पवित्रता को आब-ए-जमजम जितना पवित्र मानते थे। राजनाथ सिंह ने कहा कि आज सिंध भूगोल से भले ही भारत में नहीं है, लेकिन सभ्यता और संस्कृति से वह हमेशा भारत का हिस्सा रहेगा।₹ उन्होंने आगे कहा कि सीमाएं बदल सकती हैं और ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मोदी ने रामफोसा से की व्यापार व खनिज क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा

### हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की : प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

एजेंसी



जोहानिसबर्ग। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को जोहानिसबर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के इतर दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार, निवेश, खनन, महत्वपूर्ण खनिज, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और खाद्य सुरक्षा समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की।

मोदी ने रामफोसा से मुलाकात के बाद सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, जोहानिसबर्ग में जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के साथ बहुत शानदार बैठक हुई। उन्होंने लिखा, हमने भारत-दक्षिण अफ्रीका साझेदारी के संपूर्ण आयाम की समीक्षा की, खास तौर पर वाणिज्य, संस्कृति, निवेश के मामले में संबंधों को बढ़ावा देने तथा प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, महत्वपूर्ण खनिजों आदि क्षेत्रों में सहयोग में विविधता लाने पर। मोदी ने रामफोसा को जी-20 शिखर सम्मेलन की सफल अध्यक्षता के लिए बधाई दी। उन्होंने नयी दिल्ली में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में लिए गए फैसलों को आगे बढ़ाने और उन पर अमल करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जी-20 में किए गए प्रयासों की सराहना भी की। दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीका में आयोजित होने वाले पहले जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। 2023 में भारत की अध्यक्षता के दौरान अफ्रीकी संघ जी20 में शामिल हुआ था। इससे पहले, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति रामफोसा के साथ एक गर्मजोशी भरी और उपयोगी बैठक की। जायसवाल ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, दोनों नेताओं ने प्रौद्योगिकी और लोगों के बीच संबंधों को बढ़ावा देने के लिए युवा प्रतिनिधिमंडलों का आदान-प्रदान शुरू करने पर चर्चा की। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि भारत-दक्षिण अफ्रीका संबंधों के ऐतिहासिक आधार को याद करते हुए दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की तथा व्यापार एवं निवेश, खाद्य सुरक्षा, कौशल विकास, खनन, युवा आदान-प्रदान और लोगों के बीच आपसी संपर्क सहित सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में हुई प्रगति पर संतोष जताया। बयान में कहा गया है कि मोदी और रामफोसा ने एआई, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना और महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा की। इसमें कहा गया है कि दोनों नेताओं ने दक्षिण अफ्रीका में भारतीय कंपनियों की बढ़ती उपस्थिति का स्वागत किया और खास तौर पर बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी, नवाचार, खनन एवं स्टार्ट-अप क्षेत्रों में आपसी निवेश को सुविधाजनक बनाने पर सहमति जताई। बयान के मुताबिक, प्रधानमंत्री मोदी ने दक्षिण अफ्रीकी चीतों को भारत में स्थानांतरित करने के लिए राष्ट्रपति रामफोसा को धन्यवाद दिया और उन्हें भारत के नेतृत्व वाले इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने ग्लोबल साउथ की आवाज को बुलंद करने ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### यात्री विमान को मिली बम से उड़ाने की धमकी

हैदराबाद। हैदराबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय (राजीआई) हवाई अड्डे पर बहरीन से आ रही एक उड़ान को रविवार को बम की धमकी मिलने की वजह से मुंबई की ओर मोड़ दिया गया, जहां उसे सुरक्षित उतार लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विमान की जांच के बाद अंततः बम की धमकी झूठी साबित हुई। आरजीआई हवाईअड्डा अधिकारियों की शिकायत के आधार पर यहां मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हवाई अड्डे को मिले धमकी भरे ईमेल में दावा किया गया था कि बहरीन से हैदराबाद आ रहे विमान में बम रखा गया है।

### मस्जिद से मिला पांच किलोग्राम सफेद पाउडर

फरीदाबाद। हरियाणा के फरीदाबाद जिले में स्थित डबुआ थाना पुलिस ने रविवार को चेकिंग के दौरान त्यागी मार्केट स्थित एक मस्जिद से लगभग पांच किलो संदिग्ध सफेद पाउडर बरामद किया। पुलिस ने पाउडर से भरे कट्टे को जांच केलिए फॉरेंसिक लैब भेज दिया है। बरामदगी के बाद से इलाके में चर्चाओं का बाजार गर्म है। मस्जिद में जांच का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दिल्ली ब्लास्ट के बाद गठित स्थानीय पुलिस की स्पेशल इन्क्वायरी टीम भी लगातार सक्रिय है। रविवार को टीम अल-फलाह यूनिवर्सिटी और उसके आसपास के क्षेत्रों में पहुंची और कई लोगों से पूछताछ की। अब तक दो हजार से अधिक किरायेदारों के दस्तावेज, उनके परिचयकर्ता और सेकेंड हैंड गाड़ियों से जुड़े कागजातों की जांच की जा चुकी है। फॉरेंसिक रिपोर्ट आने तक पुलिस किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से बच रही है। रविवार को पुलिस टीम ने मस्जिद के अंदर मौजूद बंद कमरे, ताले लगे लॉकर और अलमारी की भी गहन तलाशी ली। अधिकारियों का कहना है कि लैब रिपोर्ट आने के बाद ही यह स्पष्ट होगा।

### वापस लौट रहे अवैध बांग्लादेशियों की संख्या बढ़ी

हाकिमपुर। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में हाकिमपुर बीएसएफ सीमा चौकी के पास पक्की सड़क से निकलने वाला संकरा, धूल व कीचड़ भरा रास्ता वर्षों तक राज्य में रहने वाले गैरकानूनी बांग्लादेशियों के लिए वापस जाने का मार्ग बन गया है। विशाल बरगद के पेड़ के नीचे कपड़े के छोटे-छोटे बैग लिए कई परिवार, प्लास्टिक की बोतलें पकड़े बच्चे और पुरुष शनिवार को एक कतार में खड़े थे। वे बीएसएफ कर्मियों से बार- बार एक ही गुहार लगा रहे थे: हमें घर जाने दो। दक्षिण बंगाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा कर्मियों और स्थानीय निवासियों का कहना है कि नवंबर की शुरुआत से अपने देश लौटने की कोशिश कर रहे बिना दस्तावेज वाले बांग्लादेशी नागरिकों की संख्या तेजी से बढ़ी है।

## युद्ध का मैदान भी हमारे लिए धर्मक्षेत्र

### जहां धर्म व कर्तव्य होगा वहीं जय होनी है: योगी आदित्यनाथ

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि युद्ध का मैदान भी हमारे लिए धर्मक्षेत्र है और जहां धर्म व कर्तव्य होगा, वहीं जय होनी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत की उपस्थिति में रविवार को यहां जनेश्वर मिश्र पार्क में आयोजित दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरे भारत को हमने धर्मक्षेत्र माना, इसलिए युद्ध का मैदान भी हमारे लिए धर्मक्षेत्र ही है। उन्होंने यह भी कहा कि आरएसएस के लिए कोई देश या संगठन आर्थिक मदद नहीं करता है, यह केवल सामाजिक सहयोग से चलता है। मुख्यमंत्री ने कहा, कर्तव्यों से जुड़ा क्षेत्र है और धर्मक्षेत्र में जो युद्ध लड़ा जा रहा है, वह कर्तव्यों के लिए लड़ा जा रहा है। यही भाव सामने आता है तो अंत में परिणाम यह होता है कि जहां धर्म और कर्तव्य होगा, वहीं विजय होगी, इससे इतर कुछ नहीं हो सकता। योगी आदित्यनाथ ने कहा, किसी को गुरुर नहीं पालना चाहिए कि अधर्म के मार्ग पर चलकर विजय प्राप्त हो जाएगी। यह भारत के सनातन धर्म की परंपरा है कि प्रकृति का अटूट नियम है, सदैव से यही होता आया है। इसलिए हमें हमेशा यह ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा, दुनिया के अंदर कोई जगह नहीं होगी, जहां युद्ध का मैदान धर्मक्षेत्र के रूप में जाना जाता हो, लेकिन हमारे यहां हर कर्तव्य को पवित्र भाव से माना गया है। मुख्यमंत्री ने नसीहत देते हुए कहा, अच्छा करेंगे तो पुण्य के भागीदार बनेंगे और बुरा करेंगे तो पाप के भागीदार बनेंगे। ऐसा जब हर धर्मावलंबी सोचता है तो वह अच्छा करने का प्रयास करता है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, भारत ने विश्व मानवता को प्राचीन काल से संदेश दिया है। हमने कभी यह नहीं कहा कि हम जो कह रहे वही सही है, हमारी ही उपासना विधि सर्वोत्तम है। हमने सब कुछ होते हुए भी कभी अपनी श्रेष्ठता का डंका नहीं पीटा। उन्होंने कहा, जो आया उसे शरण दिया, जिसके ऊपर विपत्ति आई, उसके साथ खड़े हो गए। जियो और जीने दो की प्रेरणा किसी ने दी है तो वह भारत की भूमि ने दी है। वसुधैव कुटुंबकम की प्रेरणा भी भारत की धरती ने ही दी है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, श्रीमद्भगवदगीता नयी प्रेरणा देती है, यह धर्म से शुरू होती है और अंत में भी उसी मर्म के साथ विराम लेती है। श्रीमद्भगवदगीता धर्म की वास्तविक प्रेरणा है। भारत की मनीषा ने धर्म को कर्तव्य के साथ जोड़कर देखा है। उन्होंने कहा, हमने धर्म को केवल उपासना ...शेष पृष्ठ 14 पर

### शीर्ष पुलिस अफसरों ने योगी को लगाये फ्लैग पिन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रविवार को पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण ने पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर यहां पुलिस कलर (झंडा) लगाया, फ्लैग पिन लगाने से आशय वस्त्र पर छोटे आकार के ध्वज से युक्त बैज लगाने से है। एक अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रविवार को उनके यहां सरकारी आवास पांच, कालिदास मार्ग पर उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर डीजीपी राजीव कृष्ण ने फ्लैग पिन लगाया। योगी आदित्यनाथ ने अपने आधिकारिक एक्स खाते पर एक पोस्ट में कहा, कर्तव्यनिष्ठा, वीरता और सेवा-समर्पण की गौरवशाली परंपरा के प्रतीक पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर आज लखनऊमें उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक श्री राजीव कृष्ण जी ने पुलिस कलर (झंडा) लगाया।

## ऑपरेशन सिंदूर के दौरान राफेल गिराने के दावे मनगढ़ंत : फ्रांस



एजेंसी

पेरिस/नई दिल्ली। फ्रांसीसी नौसेना ने पाकिस्तान मीडिया की रिपोर्ट को पूरी तरह झूठा और भ्रामक बताया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि फ्रांसीसी अधिकारी ने पाकिस्तान की हवाई श्रेष्ठता की पुष्टि की और भारतीय राफेल विमानों को गिराए जाने की बात कही। फ्रांसीसी नौसेना ने रविवार को पाकिस्तान मीडिया की सख्त आलोचना की और उस पर 'भ्रामक जानकारी और झूठी खबरें' फैलाने का आरोप लगाया। दरअसल, भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बारे में पाकिस्तान के एक मीडिया आउटलेट की ओर से रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी। इस रिपोर्ट में दावा किया गया था कि एक फ्रांसीसी अधिकारी ने पाकिस्तान की हवाई श्रेष्ठता की पुष्टि की और मई में सीमा पर हुए टकराव में भारतीय राफेल लड़ाकू विमानों को गिराए जाने की बात कही।

'मरीन नेशनल' ने अपनी एक्स पोस्ट में कहा कि रिपोर्ट में टिप्पणी गढ़ी गई थीं और अधिकारी की पहचान भी गलत तरीके से की गई थी। बयान में कहा गया, फेक न्यूज- इन बयानों को कैप्टन लौने से जोड़ दिया गया है, जिन्होंने किसी भी तरह के प्रकाशन की सहमति नहीं दी। यह लेख व्यपाक भ्रामक जानकारी और झूठी खबरें फैलाता है। पाकिस्तान के जिओ टीवी की 21 नवंबर की रिपोर्ट में जैक्स लौने को कथित तौर पर पाकिस्तान की वायु सेना की तारीफ करते दिखाया और यह दावा किया कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## उत्तराखंडी जहां भी रहें, अपनी परंपरा को आगे बढ़ायें : धामी

### उत्तराखंड सरकार के सहयोग से निर्मित 'उत्तराखंड धर्मशाला आश्रम' के द्वितीय तल का लोकार्पण

प्रमुख संवाददाता



देहरादून/पुष्कर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को राजस्थान के पुष्कर में ने उत्तराखंडियों से आह्वान किया कि वे जहां भी रहें, अपने राज्य की संस्कृति, पहचान और पूर्वजों की गौरवशाली परंपरा को सदैव गर्व के साथ आगे बढ़ाएं। हमारा संकल्प है कि उत्तराखंड को देश की आध्यात्मिक राजधानी बनाएं।

विकल्प रहित संकल्प के मंत्र के साथ हम निरंतर आगे बढ़ रहे हैं और इसमें प्रत्येक उत्तराखंडी अपनी निष्ठा एवं परिश्रम के साथ योगदान देगा। तीर्थराज पुष्कर में उत्तराखंड सरकार के सहयोग से निर्मित 'अखिल भारतीय उत्तराखंड धर्मशाला आश्रम' के द्वितीय तल को सीएम धामी ने लोकार्पित किया। समारोह में राजस्थान में रहने वाले उत्तराखंडियों, स्थानीय नागरिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सर्वप्रथम वे तीर्थराज पुष्कर की पवित्र भूमि पर विराजमान सृष्टि के आदि रचयिता, वेदों के प्रणेता भगवान ब्रह्माजी को साष्टांग प्रणाम करते हैं। तीर्थराज पुष्कर की इस तपोमय भूमि पर उपस्थित होना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य एवं प्रसन्नता का विषय है। पुष्कर की प्राचीन धार्मिक महिमा और इसकी आध्यात्मिक ऊर्जा का उल्लेख करते हुए कहा कि ब्रह्मा की यज्ञस्थली पुष्कर को सभी तीर्थों में सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। मुख्यमंत्री ने कहा कि धार्मिक ग्रंथों में पुष्कर, कुरुक्षेत्र, हरिद्वार, गया और प्रयाग ...शेष पृष्ठ 14 पर

## विश्व के लिए समाधान प्रस्तुत करती है गीता

### गीता को केवल सुनाना नहीं, बल्कि उसे जीना है : मोहन भागवत

विशेष संवाददाता



लखनऊ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक डॉक्टर मोहन राव भागवत ने रविवार को कहा कि नैतिक भ्रम, संघर्ष और शांति की कमी से जूझ रहे विश्व के लिए भगवद् गीता कालातीत मार्गदर्शन प्रदान करती है। यहां जनेश्वर मिश्र पार्क में रविवार को आयोजित दिव्य गीता प्रेरणा उत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए भागवत ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य केवल औपचारिकता मात्र नहीं है, बल्कि लोगों को गीता के अनुसार जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है।

उन्होंने कहा कि हम यहां इसलिए हैं क्योंकि गीता को केवल सुनाना नहीं, बल्कि उसे जीना है। इसके 700 श्लोकों को पढ़ना, मनन करना और अपने दैनिक जीवन में उतारना जरूरी है। कुरुक्षेत्र के युद्धक्षेत्र में अर्जुन की दुविधा और वर्तमान वैश्विक स्थिति के बीच समानताएं दर्शाते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख ने कहा कि भौतिक प्रगति के बावजूद आज विश्व भटक गया है, थक गया है और दिशाहीन है। उन्होंने कहा, यहां धन और आराम तो है, लेकिन शांति नहीं है, संतोष नहीं है, नैतिक स्पष्टता नहीं है। भागवत ने कहा कि भारत के प्राचीन ज्ञान ने हजारों वर्षों तक विश्व का मार्गदर्शन किया है और गीता उस ज्ञान का सार है। उन्होंने कहा, जिस प्रकार कृष्ण ने अर्जुन का भ्रम दूर किया, उसी प्रकार गीता आज मानवता को उसकी चुनौतियों का सामना करने में मदद कर सकती है। भागवत ने कहा कि गीता हमें समस्याओं से भागने के बजाय उनका सामना करते हुए साहसी बनने की प्रेरणा देती है। उन्होंने कहा, कृष्ण अर्जुन से कहते हैं - भागो मत। दृढ़ रहो, समस्या का सामना करो और अहंकार या भय के बिना कार्य करो। संघ प्रमुख ने कहा कि सच्ची ताकत निस्वार्थ भाव से अपना कर्तव्य निभाने में निहित है। उन्होंने कहा, स्वार्थपूर्ण इरादे से किए गए महान कार्य कोई लाभ नहीं पहुंचाते। दूसरों के कल्याण के लिए किए गए छोटे-छोटे कार्य भी अपार मूल्य रखते हैं। भागवत ने यह भी कहा कि भारत की सभ्यतागत पहचान हजारों वर्षों से गौरव और प्रतिकूलता दोनों को झेलती रही है। उन्होंने कहा, भारत कभी विश्वगुरु था। इसने सदियों तक आक्रमणों को सहन किया और अब भी कायम है। फिर से उठ खड़े होने के लिए, हमें अपने सार को समझना होगा। आरएसएस प्रमुख ने लोगों से गीता का अध्ययन करने, ...शेष पृष्ठ 14 पर



**आज का मौसम**

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 26.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 12.04 डिसे. |

**भीतर पढ़ें**


- प्रदेश में अवैध घुसपैठ पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी (पृष्ठ-02)
- योगी सरकार ग्रामीण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध (पृष्ठ-02)
- सामान्य बीमा कंपनियों के विलय पर वित्त मंत्रालय ने किया विचार (पृष्ठ-14)
- भारत में रूसी तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका (पृष्ठ-14)
- विदेशी निवेशक इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा (पृष्ठ-14)


**विशेष खबर** दर्शकों को मिलेगा नि:शुल्क प्रवेश, सेमीफाइनल और फाइनल का दूरदर्शन पर होगा सीधा प्रसारण

## सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप 25 से

खेल संवाददाता




लखनऊ। राजधानी लखनऊ एक बार फिर विश्व बैडमिंटन के धुरंधरों की मेजबानी करने जा रही है। पूर्व चैंपियन किदांबी श्रीकांत, एच.एस. प्रणय, उभरते हुए सितारे प्रियांशु राजावत व उन्नति हुड्डा और पिछली बार की महिला युगल विजेता त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पी. सहित कई भारतीय व विदेशी सितारे सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल (एचएसबीसी) वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2025 में अपने कौशल का जलवा दिखाएंगे।

भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस प्रतिष्ठित चैंपियनशिप के मैच 25 से 30 नवंबर 2025 के बीच गोमती नगर स्थित योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के कोर्ट पर खेले जाएंगे। रविवार को आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा.नवनीत सहगल ने जानकारी दी कि चैंपियनशिप में कुल 2,40,000 अमेरिकी डालर की इनामी राशि दांव पर होगी। चैंपियनशिप में 25 नवंबर को क्वालीफाइंग मैच होंगे और उसी दिन मुख्य ड्रॉ के कुछ मैच खेले जाएंगे जबकि फाइनल 30 नवंबर को खेला जाएगा। चैंपियनशिप में सभी वर्गों पुरुष एकल, महिला एकल, पुरुष युगल, महिला युगल और मिश्रित युगल का मुख्य ड्रॉ 32-32 खिलाड़ियों/जोड़ियों का होगा। इसमें 28 को सीधे इंट्री मिलेगी जबकि चार क्वालीफायर से मुख्य ड्रॉ में प्रवेश करेंगे। चैंपियनशिप में दर्शकों को निःशुल्क इंट्री मिलेगी वहीं सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबलों का दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण होगा। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डा. नवनीत सहगल ने बताया कि लखनऊ हमेशा से खेलों की सरजमीं रहा है। हमें गर्व है कि विश्व बैडमिंटन के इतने बड़े नाम यहां उतर रहे हैं। इस चैंपियनशिप के जरिये हम प्रदेश के युवाओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल संस्कृति का अनुभव कराना चाहते हैं। चैंपियनशिप में मेजबान भारत, जापान, चीनी ताइपे, मलेशिया, डेनमार्क, थाईलैंड, तुर्किये, सिंगापुर, इंडोनेशिया, हांगकांग-चीन, यूक्रेन, श्रीलंका, ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सोशल मीडिया के जरिये कट्टरपंथ से जुड़े डॉक्टर

एजेंसी

नयी दिल्ली। लाल किले के पास 10 नवंबर को चलती कार में हुए बम विस्फोट के साथ सामने आए सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल में शामिल डॉक्टरों का कट्टरपंथ की ओर झुकाव 2019 से ही सोशल मीडिया मंच के जरिये शुरू हो गया था। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

जांच से जुड़े अधिकारियों ने बताया कि अब तक की जांच से सीमा पार आतंकवाद की रणनीति में ऐसे बदलाव का संकेत मिला है, जो काफी चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि इस रणनीति के तहत पाकिस्तान और दुनिया के अन्य हिस्सों में बैठे आतंकी आकाओं द्वारा उच्च शिक्षित पेशेवरों को पूरी तरह से डिजिटल माध्यमों का सहारा लेकर आतंकी गतिविधियों के लिए तैयार किया जा रहा है। सूत्रों ने बताया कि आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों, जिनमें डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राठेर, डॉ. मुजफ्फर राठेर और डॉ. उमर-उन-नबी शामिल थे, को शुरू में सीमा पार के आकाओं ने फेसबुक और एक्स जैसे सोशल मीडिया मंचों पर सक्रिय पाया था। उन्होंने बताया कि ऐसे लोगों को तुरंत टेलीग्राम पर निजी ग्रुप में जोड़ा गया और यहीं से उन्हें बरगलाना शुरू किया गया। आतंकी मॉड्यूल के सदस्यों ने हमलों को अंजाम देने के लिए संवर्धित विस्फोटक ...शेष पृष्ठ 14 पर

# स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होगा अयोध्या का नाम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि मेरी यही कामना है कि अयोध्या में धर्म ध्वजा की पुनर्स्थापना से प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि के नये युग का आरंभ हो। योगी आदित्यनाथ ने रविवार को अपने

- **राम मंदिर ध्वजारोहण से पहले योगी का संदेश**



आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे प्रिय प्रदेश वासियों, 25 नवंबर को श्री अयोध्या धाम का नाम पुनः इतिहास के पृष्ठ पर स्वर्णिम अक्षरों में अंकित होगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में श्री अयोध्या धाम में हो रहा हर कार्य प्रभु श्री राम के जीवन मूल्यों से प्रेरित है। पोस्ट में उन्होंने कहा, मेरी यही कामना है कि धर्म-ध्वजा की पुनर्स्थापना से प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि के नये युग का आरंभ हो। जय श्री राम। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 25 नवंबर को अयोध्या में एक भव्य समारोह में धर्म ध्वजा की स्थापना होगी। इसी पोस्ट में योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को संबोधित एक पत्र साझा किया और कहा, धर्म ध्वजा की पुनर्स्थापना से अयोध्या वैश्विक आध्यात्मिक केंद्र का स्वरूप लेगी। भव्य राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह अनुष्ठान एक यज्ञ की पूणार्हुति ही नहीं अपितु एक नए युग का आरंभ है। उन्होंने कहा कि मोदी के मार्गदर्शन से अयोध्या में हो रहा हर कार्य प्रभु श्री राम के जीवन मूल्यों से प्रेरित है।

योगी ने कहा कि अयोध्या के वैभव को पुनः प्राप्त करने के पीछे असंख्य संतो, राम भक्तों और योद्धाओं के बलिदान की गौरव गाथा है। योगी ने कहा, अयोध्या विजन-2047 आज तीव्र गति से साकार हो रहा है। नई कनेक्टिविटी, अत्याधुनिक आधारभूत संरचना, तीव्र गति से हो रहा पर्यटन विकास, स्मार्ट सिटी और सोलर सिटी आदि के चलते वैश्विक स्तर पर अयोध्या नगरी एक टिकाऊ एवं समावेशी आधुनिक शहर के रूप में स्थापित हो रही है। उन्होंने कहा, करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए श्री अयोध्या धाम तक पहुंचना पहले से कहीं अधिक सहज, सुरक्षित और सुगम हुआ है। प्रभु श्री राम की नगरी का विश्व मानचित्र पर सांस्कृतिक राजधानी के रूप में उदय हो रहा है, जहां विरासत का सम्मान भी है और अभूतपूर्व विकास भी है। योगी ने कहा, मेरी यही कामना है कि धर्म ध्वजा की पुनर्स्थापना से प्रदेश में सुख, शांति और समृद्धि के नये युग का आरंभ हो। आइए हम सभी मिलकर राम राज्य के आदर्शों से प्रेरित एक नव उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लें।

# जंबूरी हॉस्पिटल व ब्लड डोनेशन कैम्प का डिप्टी सीएम ने किया उद्घाटन

## राज्यपाल आनंदी बेन आज करेंगी 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का शुभारंभ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के डायमंड जयंती कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन समारोह सोमवार को आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, राष्ट्रीय जंबूरी का उद्घाटन करेंगी। उद्घाटन अवसर पर ड्रोन शो

- **भारतीय स्काउट्स एंड गाइड्स को वैश्विक पहचान दिला रहा है राष्ट्रीय जंबूरी आयोजन**

और स्काउट्स एंड गाइड्स की परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के इस ऐतिहासिक आयोजन की शुरूआत आज देश भर से आये स्काउट्स एंड गाइड्स के रजिस्ट्रेशन, कैम्पिंग और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ हुई। आयोजन के पहले दिन 100 बेड के जंबूरी हॉस्पिटल और ब्लड डोनेशन कैम्प का उद्घाटन भी किया गया। जंबूरी मैदान में सैकड़ों की संख्या में देश के विविध रंग रूप में लगे स्काउट्स के टेंटस ने पूरे मैदान को स्काउट्स की वैश्विक राजधानी के रूप में बदल दिया है।

19वें राष्ट्रीय जंबूरी की शुरुआत आज देश के कोने-कोने से और अन्य देशों से भी आये स्काउट्स एंड गाइड्स के पंजीकरण और कैम्पिंग की प्रक्रिया के साथ हुई। इस क्रम में स्काउट्स की टेंट की नगरी ने प्रदेश की राजधानी लखनऊ को स्काउट्स एंड गाइड्स की वैश्विक राजधानी के रूप में बदल दिया है।



विश्व के अनेक देशों और देश के अलग-अलग भाग से आये स्काउट्स के टेंट उनके सांस्कृतिक रंगों में रंगे नजर आये, जो विविधता में एकता के भाव को प्रतिबिंबित कर रहे हैं। राष्ट्रीय जंबूरी, देश-विदेश से आये स्काउट्स के लिए संस्कृतिक आदान-प्रदान एक का मंच बन गया है। जंबूरी के पहले दिन युवा स्काउट्स जोश, ऊर्जा और उत्साह से भरे हुए नजर आये, ये मंच उन्हें अपनी प्रतिभा को विश्व स्तर पर प्रदर्शित करने का अवसर भी मिला।

राष्ट्रीय जंबूरी के पहले दिन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने 100 बेड के जंबूरी हॉस्पिटल व ब्लड डोनेशन कैम्प का उद्घाटन किया। साथ ही जंबूरी के पहले दिन स्काउट्स ने 24 नवंबर को आयोजित होने वाले भव्य उद्घाटन समारोह की रिहर्सल की और मनोरंजक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति भी की। यह आयोजन न केवल स्काउट्स एंड गाइड्स में सामजिक सेवा व राष्ट्र निर्माण की भावना जागृत कर रहा है, बल्कि भारतीय स्काउटिंग को वैश्विक पटल पर पहचान भी प्रदान कर रहा है। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी का उद्घाटन 24 नवंबर को प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल करेंगी। उद्घाटन समारोह दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। जिसमें माननीय राज्यपाल के उद्बोधन के बाद स्काउट्स की परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के बाद रात्रि में राष्ट्रीय प्रतीकों पर आधारित ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश की राजधानी में चलने वाले इस 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मंगलवार को सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचेगें। मुख्यमंत्री इस अवसर पर स्काउट्स एंड गाइड्स को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। 29 नवंबर को समापन के पहले जंबूरी में कई तरह की प्रतिस्पधाओं व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

# मतदाता स्वयं एसआईआर के फार्म को भरकर बीएलओ को जमा करें : रिणवा

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान में उत्तर प्रदेश के प्रत्येक मतदाता को स्वयं से संबंधित गणना प्रपत्र को सही से भरकर हस्ताक्षर करने के बाद 4 दिसंबर तक अपने मतदेय स्थल के बीएलओ को उपलब्ध कराना है।

उत्तर प्रदेश में हुए पिछले विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के बाद वर्ष 2003 में तैयार मतदाता सूची में अपना या अपने संबंधी का विवरण खोजने के लिए वेब पोर्टल https://voters.eci.gov.in पर जाएं, Search Your Name in Last SIR पर क्लिक करें, Search by Elector Details टैब पर जाएं और ऐसा कर अपने या अपने संबंधी की डिटेल्स आसानी से खोज सकते हैं। यदि वर्ष 2002-2004 की अवधि में मतदाता भारत के किसी अन्य राज्य में रहा हो तो उस राज्य में उस अवधि में संपन्न हुए रक्ष्क्रके बाद तैयार मतदाता सूची भी उपर्युक्त वेब पोर्टल पर उपलब्ध है एवं उसे वहाँ से देखा जा सकता है। गणना प्रपत्र को उपर्युक्त वेब पोर्टल पर ही ऑनलाइन भी भरने की सुविधा उपलब्ध है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता उपरोक्त पोर्टल पर

- **एसआई फार्म पर हस्ताक्षर करने के बाद 4 दिसंबर तक अपने मतदेय स्थल के बीएलओ को उपलब्ध करायें**

जाकर अपना एपिक नंबर दर्ज कर अपने इछड का नाम व फोन नंबर पता कर सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से Book a call with your BLO सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। इस सुविधा का लाभ उठाने पर आपके क्षेत्र के बीएलओ को यह नोटिफिकेशन जाता है कि आप उससे बात करना चाहते हैं एवं आपका नाम व मोबाइल नंबर बीएलओ ऐप पर प्रदर्शित होता है। बीएलओ से अपेक्षा की गई है कि मतदाता द्वारा बात करने की इच्छा जताने पर 48 घंटे के भीतर मतदाता को बीएलओ द्वारा वापस कॉल की जाएगी। मतदाताओं की सुविधा के लिए टेलीफोन की हेल्पलाइन भी उपलब्ध है। जनपद के



एसटीडी कोड के साथ 1950 डायल करने पर घंटी उस जनपद के जनपद सम्पर्क केंद्र पर जाती है ।

मतदाताओं द्वारा फोन करने पर ज़िला संपर्क केंद्र पर बैठे कर्मचारियों द्वारा मतदाताओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया जाता है एवं उनकी शिकायत दर्ज की जाती है। उन्होंने बताया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं नगर आयुक्तों को नगरीय इलाकों में अधिक से अधिक हेल्प डेस्क संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। कॉन्टैक्ट सेंटर एवं हेल्प डेस्क पर रक्ष्क्रप्रक्रिया से पूर्णतया भिज्ञ एवं प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती के भी निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया उत्तर प्रदेश में अभी तक 3 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्रों का संग्रह एवं डिजिटाइजेशन का कार्य बीएलओ द्वारा किया जा चुका है। उन्होंने समस्त मतदाताओं से एसआईआर प्रक्रिया में पूर्ण उत्साह के साथ भाग लेने एवं अपने बीएलओ का सहयोग करने की अपील भी की। नगरीय क्षेत्रों में प्राय बीएलओ स्थानीय कर्मचारी नहीं होता है अतः नगरीय क्षेत्रों में बीएलओ का काम ग्रामीण क्षेत्रों के मुकाबले कठिन होता है। ऐसी स्थिति में रेजीडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों को भी अपने क्षेत्र के बीएलओ के साथ सहयोग करना चाहिए और एसआईआर प्रक्रिया में पूर्ण सक्रियता के साथ भाग लेना चाहिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को यह स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि उनको यह सुनिश्चित कराना है कि उनके जनपद के समस्त गावों के समस्त मजरों में और नगरीय क्षेत्रों में समस्त मोहल्लों, कॉलोनियों और बस्तियों में रहने वाले प्रत्येक मतदाता को गणना पत्र अवश्य उपलब्ध करा दिया जाए।

विभिन्न स्रोतों से जिला निर्वाचन अधिकारी यह फीडबैक लें की उनके ज़िले का कोई भौगोलिक क्षेत्र बीएलओ के भ्रमण से छूट न गया हो। उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारियों से अपने ज़िले में एसआईआर प्रक्रिया को कार्ययोजना बनाकर समय से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

# योगी सरकार ग्रामीण विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध

**आगरा/ लखनऊ।** योगी सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के प्रसार एवं सुदृढ़ीकरण की दिशा में आगरा के बाह विधानसभा क्षेत्र को महत्वपूर्ण उपलब्धि प्रदान करते हुए सिधावली-

- **सिधावली-बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय की नींव, आगरा के बाह विधानसभा क्षेत्र को मिली उच्च शिक्षा की बड़ी सौगात**
- **1435.42 लाख रुपये की लागत से बनेगा बहुमंजिला शिक्षण परिसर**

बटेश्वर में राजकीय महाविद्यालय की स्थापना का शुभारंभ किया गया। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय एवं स्थानीय विधायक रानी पक्षालिका सिंह ने वैदिक परंपरा के अनुरूप भूमि पूजन कर महाविद्यालय की नींव रखी।

इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा कि मुख्यमंत्री



योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की उच्च शिक्षा प्रणाली नए आयाम स्थापित कर रही है। राज्य में शिक्षा का स्तर तेजी से सुधर रहा है और प्रत्येक युवा को नकलमुक्त, रोजगारपरक, सुलभ एवं गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने उच्च शिक्षा को गाँव-गाँव तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि के निकट यह महाविद्यालय युवाओं के सपनों को साकार करने का माध्यम बनेगा। ग्रामीण प्रतिभाओं को अब उत्कृष्ट शिक्षा उनके ही क्षेत्र में उपलब्ध होगी।

इस बहुमंजिला राजकीय महाविद्यालय के निर्माण पर 1435.42 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। इसके स्थापित होने से बाह एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों विद्यार्थियों को अब उच्च शिक्षा हेतु दूर आगरा या अन्य जनपदों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

# भाजपा सरकार ने विकास का कार्य नहीं किया : अखिलेश

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा ने जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया। जनता विधानसभा चुनाव में भाजपा से हिसाब लेगी। जनता भाजपा से पूछेगी कि जो वादे किए थे वे कितने पूरे हुए। भाजपा सरकार ने विकास का कोई कार्य नहीं किया। सिर्फ भ्रष्टाचार किया और बजट की लूट की। समाजवादी सरकार में हुए विकास कार्यों को भी बर्बाद कर दिया है। स्वास्थ्य सेवाएं ध्वस्त है। मेडिकल कालेज और अस्पतालों में पर्याप्त स्टाफ नहीं है। भाजपा सरकार मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल नहीं चला पा रही है।

अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार किसान को खाद नहीं दे पा रही है। मंडी नहीं चला पायी। मंडियों को बर्बाद कर दिया। किसानों को फसलों की सही कीमत नहीं मिल रही हैं। बिचौलिए किसानों की फसल औने-पौने दाम पर खरीद कर मुनाफा कमा रहे हैं। लेकिन नौजवानों को



नौकरी, रोजगार नहीं दिया है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार ने जनता को एसआईआर में उलझा दिया है। आयोग बिना तैयारी किए एसआईआर करा रहा है। समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं को बूथों पर सावधानी और सतर्कता के साथ एसआईआर में लोगों की मदद करें। सभी मतदाताओं का वोट बनवाएं। किसी मतदाता का वोट कटने न पाये। चुनाव आयोग ने जो व्यवस्था तय की है और उसके तहत काम नहीं होगा तो फार्म रिजेक्ट हो जायेगा। वोट कट जाएगा। एसआईआर के लिए बीएलओ की सही टेजनिंग नहीं हुई। चुनाव आयोग कह रहा है कि सब फार्म बंट गये जबकि आधे मतदाताओं तक फार्म नहीं पहुंचा है। अखिलेश यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा राज्य है। यहां करोड़ों मतदाताओं का वोट बनना है। इसी बीच शादियां और वैवाहिक कार्यक्रम भी है, इसलिए चुनाव आयोग एसआईआर प्रक्रिया का समय तीन माह बढ़ाये, लोगों को मौका दे। बीएलओ और पार्टियों के बीएलए को सही से ट्रेनिंग दी जाये जिससे सभी मतदाताओं का वोट बन जाए।

# टनकपुर-अछनेरा के बीच चलेगी विशेष ट्रेन

**लखनऊ।** रेलवे प्रशासन द्वारा 05062/05061 टनकपुर-अछनेरा-टनकपुर विशेष गाड़ी का अवधि विस्तार 30 दिसम्बर तक प्रत्येक सोमवार, मंगलवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार एवं शनिवार को किया जायेगा। 05062 टनकपुर-अछनेरा विशेष गाड़ी टनकपुर से 04.35 बजे प्रस्थान कर खटीमा से 05.00 बजे, पीलीभीत से 05.32 बजे, भोजीपुरा से 06.05 बजे, इज्जतनगर से 06.22 बजे, बरेली सिटी से 06.45 बजे, बरेली जं. से 06.57 बजे, बदायूँ से 07.40 बजे,उझानी से 07.53 बजे, सोरों शूकर क्षेत्र से 08.20 बजे, कासगंज से 09.00 बजे, सिकन्दराबाद राव से 09.24 बजे, रती का नगला से 09.42 बजे, हाथरस सिटी से 10.05 बजे, मथुरा कैंट से 11.12 बजे तथा मथुरा जं. 11.40 बजे छूटकर अछनेरा 12.30 बजे पहुंचती है।

# मतदाता को 2003 की सूची का विवरण उपलब्ध करायें बीएलओ

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश, लखनऊ से मांग की है कि प्रदेश की 403 विधानसभा में 1 लाख 62 हजार 486 पोलिंग स्टेशन पर पारदर्शी ढंग

- **सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**

से एसआईआर कराये जाने के लिए बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची के बारे में सम्पूर्ण जानकारी व विवरण उपलब्ध कराया जाये, गणना-प्रपत्र भरने का तरीका बताया जाये। 2003 की मतदाता सूची ऑनलाइन सभी पोलिंग स्टेशनों पर अपलोड की जाए, बी.एल.ओ. द्वारा घर-घर जा कर मतदाताओं को 2 प्रतियो में गणना-प्रपत्र का वितरण एवं संग्रह सुनिश्चित कराया जाये तथा मतदाताओं से गणना-प्रपत्र के साथ दस्तावेज मांगने वाले बी.एल.ओ. के विरूद्ध कार्यवाही किया जाये।

प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा है कि जनपद गाजियाबाद की विभिन्न विधानसभाओं में अधिकांश बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं से गणना-प्रपत्र के साथ दस्तावेज देने के लिए कहा जा रहा है व अधिकांश बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं को 2003 की मतदाता सूची के बारे में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है, तथा मतदाताओं से 2003 की मतदाता सूची का कोई विवरण नहीं भरने, केवल 2025 मतदाता सूची का विवरण भरने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। बी.एल.ओ. घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण एवं संग्रह नहीं कर रहे है। अधिकांश बी.एल.ओ. के पास 2003 की मतदाता सूची उपलब्ध नहीं है। गाजियाबाद विधान सभा में पोलिंग स्टेशन नम्बर 280 में 2003 की मतदाता सूची अप-लोड नहीं है, साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र में पोलिंग स्टेशन संख्या 126, 517, 408, 413, 414, 527, 79, 1130, 428, 210 में बी.एल.ओ. द्वारा मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित नहीं किया जा रहा है। ज्ञापन के अनुसार जनपद संतकबीर नगर की 314-धनघटा विधान सभा में पोलिंग स्टेशन संख्या 219, 250, 273, 322, 352, 360 आदि कई पोलिंग स्टेशन पर 2003 की मतदाता सूची अप-लोड नहीं है। जिससे मतदाता द्वारा गणना प्रपत्र में 2003 की मतदाता सूची का विवरण नहीं भरा जा रहा है, ऐसे मतदाताओं को 09 दिसम्बर को (ड्राफ्ट रोल) मतदाता सूची प्रकाशन के बाद नोटिस प्राप्त हो जायेगी जिससे मतदाता अनावश्यक परेशान होंगे। बी.एल.ओ. द्वारा गणना प्रपत्र भरने के तरीके के बारे में मतदाताओं को बताया नहीं जा रहा है, जिससे मतदाता भ्रमित हो रहे है।

ज्ञापन के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी की 144-मोहम्मदी विधानसभा में 2003 की मतदाता सूची, पोलिंग स्टेशन संख्या 09 में 620 मतदाता लापता हैं। मतदाता सूची में क्रम संख्या 879 के बाद सीधे क्रम संख्या 1499 दर्ज है। बीच के लगभग 620 मतदाता लापता हो गये है, जिससे मतदाता 2003 का विवरण गणना-प्रपत्र में नहीं भर पा रहे है, ऐसे मतदाताओं को 09 दिसम्बर के बाद दस्तावेज जमा करने के लिए ई.आर.ओ. द्वारा नोटिस दी जायेगी, जिससे मतदाता अनावश्यक परेशान होंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी को के.के. श्रीवास्तव तथा राधेश्याम सिंह ने जाकर ज्ञापन सौंपा।

# ध्वजारोहण कार्यक्रम में महिला स्वयं सहायता समूहों की अहम भागीदारी

## अयोध्या के विकास में महिला स्वयं सहायता समूह का योगदान, स्थानीय उत्पादों की मिल रही पहचान

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अयोध्या में ध्वजारोहण समारोह केवल धार्मिक अनुष्ठान ही नहीं बल्कि विकास की एक अनवरत यात्रा है। विकास की इस यात्रा में महिला स्वंय सहायता समूह और युवा स्वयंसेवक भी भागीदार बन रहे हैं। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान भीड़ को नियंत्रित करने से लेकर आगंतुकों की सहायता में भी महिला

- **महिलाओं के स्वाभिमान, सशक्तिकरण और आर्थिक उन्नयन के लिए योगी सरकार दृढ़संकल्पित**

स्वयं सहायता समूह और युवा स्वयंसेवक अपना योगदान दे रहे हैं। महिलाएं घर की चारदीवारी से निकलकर अब अयोध्या के विकास में अपना योगदान कर रही हैं और अपनी आजीविका भी चला रही हैं।

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के शिखर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भगवा ध्वज फहराएंगे। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विशिष्ट अतिथि भी आ रहे हैं। इनके




स्वागत के लिए भी महिला स्वयं सहायता समूहों की सहायता ली जा रही है। आसपास के जिलों में संचालित स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं द्वारा बनाए जा रहे है सामाग्रियों को भी इस समारोह में बाजार मिल रहा है। हस्तशिल्प, हथकरघा, प्रसाद, माला, बैग, गमछा, मूर्तियां जैसे अनेक उत्पाद इनके द्वारा बेंचे जा रहे हैं। इससे इनको धनार्जन भी हो रहा है और महिला सशक्तिकरण को बल मिल रहा है। मिल्कीपुर में डिवहारिन माई महिला स्वयं सहायता से जुड़ी राधा लक्ष्मी ने अपने प्रयासों से न केवल अपने परिवार को आर्थिक तौर पर मजबूत किया बल्कि अयोध्या के विकास में भी अपना योगदान दिया। राधा लक्ष्मी ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का फायदा उठाया और बीसी सखी के रूप में काम करने लगी। इनकी मासिक कमाई 40000 से 50000 के बीच है। जिले में ऐसी कई महिलाएं हैं जो राधा लक्ष्मी की तरह अपनी आजीविका चला रही हैं।

अयोध्या में एचडीएफसी बैंक के पीपुल्स एक्शन फॉर नेशनल इंटीग्रेशन कार्यक्रम ने ग्रामीण समुदायों, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए, समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम शुरू किया है। महिलाओं के समूह बनाने और व्यक्तियों और महिलाओं के समूहों के सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने वाले इस कार्यक्रम ने अयोध्या जिले के अमानीगंज ब्लॉक के गरीब परिवारों की मदद की है। सफल व्यवसाय चलाने से इन महिलाओं को अपने परिवारों और समुदायों में निर्णय लेने का हिस्सा बनने का आत्मविश्वास मिलता है।

अयोध्या जिले के मसौधा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हाजीपुर सिंहपुर में महिला सशक्तिकरण की नई मिसाल बन रहा है। अवधपुरी महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्य क्रांति दीदी ने सीसीएल से 50,000 रुपये का ऋण लिया है। इस ऋण से उन्होंने अपनी आजीविका में वृद्धि की है। इसके माध्यम से महिलाओं को रोजगार देने के प्रयास किए जा रहे हैं। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को ऋण और अन्य सुविधाएं दी जा रही हैं। इससे वे अपनी आजीविका में सुधार कर रही हैं। अयोध्या में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महिला स्वयं सहायता समूहों ने 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंतर्गत 2.5 लाख राष्ट्रीय ध्वज तैयार किए थे। जिले के 300 स्वयं सहायता समूहों की 1080 महिलाओं ने एकजुट होकर राष्ट्रीय ध्वज तैयार किए। इन तिरंगों को स्वंतत्रता दिवस पर सरकारी भवनों पर फहराया गया था। इसके लिए प्रति तिरंगा 20 रुपये का भुगतान महिलाओं को किया गया था। इससे न केवल उन्होंने कमाई की बल्कि महिला उत्थान का एक बेहतर उदाहरण पेश किया। अयोध्या का विकास और महिला स्वयं सहायता समूह एक दूसरे के पूरक हैं। अयोध्या के विकास से जहां महिलाओं को रोजगार के अवसर मिल रहे हैं वहीं महिलाएं स्वरोजगार से अयोध्या के विकास में योगदान दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नीतियों का ही परिणाम है कि महिलाओं को उनका उचित स्थान और सम्मान मिल रहा है।

# प्रदेश में अवैध घुसपैठ पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** देश की आंतरिक सुरक्षा, सामाजिक सामंजस्य और संसाधनों के बेहतर प्रबंधन के लिए केंद्र और राज्य सरकारें अवैध विदेशी नागरिकों की पहचान अभियान को तेजी से आगे बढ़ा रही हैं। उत्तर प्रदेश, जो देश का सबसे बड़ा और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य है, इस दिशा में विशेष सतर्कता बरत रहा है। सरकार ने सभी डीएम और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे विदेशी नागरिकों के दस्तावेजों की गहन जांच कर अवैध रूप से रह रहे व्यक्तियों की पहचान को प्राथमिकता दें।

प्रदेश की भौगोलिक स्थिति जिसमें आठ राज्यों, एक केंद्र शासित प्रदेश और नेपाल की अंतरराष्ट्रीय सीमा शामिल है–इस अभियान को और महत्व देती है। हाल के वर्षों में सीमाई जिलों में अस्थिरता, फर्जी पहचान और घुसपैठ की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनका सीधा असर यूपी पर दिखाई देता है। फर्जी पहचान के सहारे विभिन्न शहरों में बस रहे अवैध घुसपैठिए न केवल कानून-व्यवस्था के लिए चुनौती हैं, बल्कि सामाजिक संतुलन और संसाधनों पर भी गंभीर दबाव डालते हैं। इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस और जिला प्रशासन संयुक्त रूप से सत्यापन और पहचान की प्रक्रिया को तेज कर रहे हैं। इसमें निर्दोष व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। वहीं संदिग्ध गतिविधियों में शामिल या फर्जी

- **नेपाल बॉर्डर और बड़े शहरों में सख्ती, अवैध विदेशी नागरिकों की होगी पहचान**

दस्तावेजों का उपयोग करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य के सभी जिलों में अस्थायी डिटेंशन सेंटर भी स्थापित किए जायेंगे, जहां ऐसे व्यक्तियों को दस्तावेजों के सत्यापन पूरा होने तक सुरक्षित रूप से रखा जा सकेगा। यह व्यवस्था प्रशासन को सही तथ्यों की जांच में मदद करेगी, साथ ही स्थानीय जनसुविधाओं पर अतिरिक्त बोझ भी नहीं पड़ेगा। तत्कालीन केंद्रीय गृह राज्य मंत्री किरेन रिजिजू ने 2016 में संसद को सूचित किया था कि अनुमानित 2 करोड़ अवैध बांग्लादेशी अप्रवासी भारत में निवास कर रहे होंगे। इसके अलावा, अगस्त 2017 में उन्होंने संसद में यह भी कहा था कि भारत में अवैध रोहिंग्या प्रवासियों की संख्या 40,000 से अधिक है। अवैध विदेशी नागरिकों की मौजूदगी से स्थानीय संसाधनों, सरकारी योजनाओं और रोजगार पर असर पड़ता है। कई बार फर्जी पहचान बनाकर ये लोग सरकारी लाभ प्राप्त करने की कोशिश करते हैं, जिसका सीधा नुकसान वास्तविक पात्रों को होता है। तेजी से विकसित हो रहे शहर जैसे लखनऊ, नोएडा, गाजियाबाद और वाराणसी–इस समस्या का अधिक प्रभाव महसूस करते हैं, जहां जनसंख्या घनत्व पहले से ही अधिक है और संसाधनों पर दबाव भी। विशेषज्ञों के अनुसार नेपाल सीमा से सटे यूपी के जिलों में अवैध प्रवेश, फर्जी पहचान और संदिग्ध गतिविधियों का जोखिम अधिक रहता है, इसलिए समय पर पहचान बेहद आवश्यक है। समग्र रूप से, यह अभियान कानून-व्यवस्था, सामाजिक सदभाव और संसाधन प्रबंधन को मजबूत करने के साथ भविष्य की सुरक्षा चुनौतियों से निपटने का महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रदेश को अधिक सुरक्षित और स्थिर बनाने में मदद कर रहा है।

संक्षेप

## भगवान का स्मरण सदैव पवित्र मन से ही फलीभूत हुआ करता है



प्रतापगढ़। नगर के दीवानी वार्ड मनीपुर में चल रही श्रीमदभागवत कथा में रविवार को भगवान श्रीकृष्ण की लीला से जुड़े भावपूर्ण प्रसंगों पर श्रद्धालु मगन दिखे। कथा व्यास बिठूर धाम कानपुर से पधारे अखिलेश जी महराज ने कहा कि भगवान ने मानव तन प्रदान किया है तब हर प्राणी को भक्ति एवं सदमार्ग का अनुयायी होना चाहिए। उन्होने कहा कि भगवान का स्मरण सदैव पवित्र मन से करना चाहिए। उन्होने बताया कि भगवान की कृपा तभी फलीभूत हुआ करता है जब भगवान का पूजन भावपूर्ण हो। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं में हमें सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिला करती है। कथा के दौरान भगवान के मनमोहक भजनों पर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। मुख्य यजमान गया प्रसाद तिवारी, जानकी देवी तथा ओमप्रकाश तिवारी फौजी व शांती देवी ने वैदिक मंत्रोचार के बीच व्यासपीठ का पूजन किया। संयोजन जमुना प्रसाद तिवारी ने किया। लाल बिहारी तिवारी ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। इस मौके पर संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, , दीपक तिवारी, प्रदीप तिवारी, राजेश तिवारी, सुनील तिवारी आदि मौजूद रहे।

## संघ शताब्दी वर्ष पर घर-घर पहुंचना लक्ष्य

प्रतापगढ़। बाबा सोमनाथ धाम हण्डौर शुक्लन से डांडी न्याय पंचायत में गृह सम्पर्क अभियान प्रारंभ हुआ, धौरहरा, सुखानपटी एवं शुक्लन के पुरवा में घर-घर सम्पर्क किया गया। सम्पर्क में लोगों से पंच परिवर्तन पर चर्चा हुई लोगों से समाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य बोध, स्वदेशी जीवन शैली पर चर्चा हुई। विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री नागेन्द्र भूषण शुक्ल ने कहा कि पंच परिवर्तन करके ही भारत को विश्व हिन्दू गुरु बनाया जा सकता है। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिला विशेष सम्पर्क प्रमुख बृजेश शुक्ल, समाजसेवी संजय शुक्ल, भाजपा नेता साहब शुक्ल, विनोद शुक्ल, संकर्षण शुक्ल, उदयराज शुक्ल, डॉ. अभय शुक्ल, रजनीश शुक्ल, मोहित, शिवांशु आदि उपस्थित रहे।

## दो नामजद समेत चार के खिलाफ मारपीट व तोड़फोड़ का केस

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने रंजिशन महिला के साथ मारपीट व तोड़फोड़ को लेकर शनिवार की रात चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। कोतवाली के परसपुर खीरी निवासिनी प्रीती वर्मा ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती बाइस नवम्बर को दोपहर ढ़ाई बजे पति जियालाल , उसकी मां सोना व दो अज्ञात विवाद करने लगे। मना करने पर गाली देते उसे व उसके भाई को मारा पीटा। भाई की बाइक तोड़कर नष्ट कर दिया। शोर मचाने पर धमकी दी। तहरीर पर पुलिस ने जियालाल समेत चार के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है जाँच कर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## आज आयेंगे सांसद प्रमोद तिवारी

प्रतापगढ़। राज्य सभा में विपक्ष के उप नेता प्रमोद तिवारी आज सोमवार को रामपुरखास आयेगें। वह दोपहर बारह बजे लालगंज बाजार में विविध कार्यक्रमों में शामिल होगें। साढ़े बारह बजे बाबा घुइसरनाथ धाम में सांसद प्रमोद तिवारी पर्यटन विभाग द्वारा स्वीकृत विकास कार्यो का अवलोकन करेगों। यह जानकारी मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने दी हैं।

## छात्रों की मोटरसाइकिल डिवाइडर से टकरायी, दो की मौत

नोएडा। नोएडा में थाना दनकौर क्षेत्र में हुए एक सड़क हादसे में गलगोटिया विश्वविद्यालय में पढ़ने वाले दो छात्रों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी विजय कुमार गौतम ने बताया कि शनिवार को थाना दनकौर क्षेत्र के अंतर्गत तीन युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर कॉलेज की तरफ जा रहे थे।

# जमीनी विवाद में वृद्ध दंपति की निर्मम हत्या

जिला संवाददाता



**इकौना, श्रावस्ती।** थाना इकौना क्षेत्र के ग्राम खांवा पोखर में सोमवार की देर रात एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक वृद्ध दंपत्ति अपने ही घर में मृत अवस्था में पाए गए। मृतकों की पहचान मोहम्मद रोशन खां (लगभग 85 वर्ष) एवं उनकी पत्नी वशीला (लगभग 60 वर्ष) के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा सूचना मिलने पर पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि मोहम्मद रोशन खां एवं उनकी पत्नी घर पर अकेले ही जीवन व्यतीत कर रहे थे। सुबह जब आसपास के लोगों ने दरवाजा बंद देखा और काफी देर तक कोई हलचल न होने पर संदेह हुआ, तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जब दरवाजा खुलवाकर अंदर प्रवेश किया तो दोनों पति-पत्नी का शव खून से लथपथ पड़ा मिला। इस हृदय विदारक दृश्य को देखकर ग्रामीणों में दहशत का माहौल फैल गया। प्रथम दृष्टया यह मामला जमीनी विवाद के चलते हत्या का प्रतीत होता है। हालांकि पुलिस ने साफ कहा है कि किसी भी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले वैज्ञानिक तथ्यों एवं गहन जांच को प्राथमिकता दी जाएगी। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी स्वयं घटनास्थल पर पहुंचे और जांच की पूरी स्थिति का जायजा लिया। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम, क्षेत्राधिकारी इकौना, प्रभारी निरीक्षक अखिलेश पाण्डेय, फॉरेंसिक यूनिट तथा भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

फील्ड यूनिट द्वारा घटनास्थल से महत्वपूर्ण साक्ष्यों का संकलन किया गया है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है ताकि घटना का वास्तविक कारण सामने आ सके। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं फॉरेंसिक जांच की पुष्टि के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ग्रामीणों के अनुसार, मृतक परिवार में कुछ समय से भूमि संबंधित विवाद चल रहा था, जिसे लेकर पहले भी तनाव की स्थिति उत्पन्न हो चुकी थी। पुलिस इस सभी पहलुओं की गहराई से जांच कर रही है।

## मंदिर से लौट रहे मां-बेटे की सड़क हादसे में मौत

हाथरस। जिले में मंदिर से पूजा कर लौट रहे मां- बेटे की रविवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा हाथरस गेट कोतवाली क्षेत्र में इगलास मार्ग पर तब हुआ जब एक डंपर ने शिक्षा मित्र ललितेश शर्मा (40) और उनके 14 वर्षीय बेटे उदय शर्मा को टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि वह पति तेजस शर्मा और बेटे के साथ मंदिर गईं थीं और वहां पूजा करने के बाद लौट रही थीं। उनके मुताबिक, डंपर की टक्कर लगने के बाद सड़क पर घायल पड़े मां-बेटे को मौके पर मौजूद लोगों ने जिला बागला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने दोनों को मृत्यु घोषित कर दिया।

# जबरन धन वसूली के दोषी दो पुलिस कर्मी सेवा से बर्खास्त

**बलरामपुर।** जिले के जरवा कोतवाली में तैनाती के दौरान एक स्थानीय व्यक्ति से जबरन धन वसूली करने का दोषी पाये जाने पर दो पुलिसकर्मियों को सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बताया कि जरवा कोतवाली में तैनात आरक्षी ध्रुव चंद्र एवं राजू यादव के खिलाफ एक स्थानीय व्यक्ति से जबरन धन की वसूली करने के विरुद्ध जरवा कोतवाली में चार सितंबर 2023 को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। मुकदमे में सुनवाई के उपरांत विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, गोरखपुर द्वारा 21 जनवरी 2025 को कांस्टेबल ध्रुव चंद्र एवं राजू यादव को सजा सुनाई गई थी। एसपी ने कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत दोषी पाए गए दोनों पुलिसकर्मियों को शनिवार को विभागीय कार्यवाही करते हुए उतर प्रदेश अधीनस्थ श्रेणी के दंड एवं अपील नियमावली के तहत सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है। किसी भी सरकारी सेवक विशेषकर पुलिस विभाग के कार्यरत व्यक्ति द्वारा भ्रष्टाचार किया जाना अत्यन्त गम्भीर अनियमितता है और यह पुलिस सेवा नियमों का घोर उल्लंघन है, जिसे किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसपी ने कहा कि भ्रष्टाचार तथा पद का दुरुपयोग या अवांछनीय गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण

## त्रुटिरहित मतदाता सूची सुनिश्चित




श्रावस्ती। जिले में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर.-2026) के तहत मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाने का कार्य तेजी से जारी है। इसी क्रम में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अश्विनी कुमार पाण्डेय ने विभिन्न बूथों का औचक निरीक्षण किया और प्रगाढ़ पुनरीक्षण की प्रगति की जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत कम्पोजिट विद्यालय पाण्डेयपुरवा तथा विकास खण्ड गिलौला क्षेत्र के पंचायत भवन बरदेहरा भारी एवं पंचायत भवन सोनवा में चल रहे एस.आई.आर. कार्य का स्थलीय निरीक्षण कर सम्बंधित बी.एल.ओ. से भरे गए फार्म एवं अभिलेखों की जांच की। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाए, जिससे किसी भी व्यक्ति को मताधिकार से वंचित न होना पड़े। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शुद्ध, पारदर्शी और सटीक निर्वाचक नामावली तैयार करना है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि मृत, डुप्लीकेट, शिफ्टेड एवं अनुपस्थित मतदाताओं के नाम सूची से हटाए जाएं और अभियान को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित बी.एल.ओ. एवं अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मृतका का पति ही निकला पत्नी का हत्यारा

## 36 घंटे में हत्या अभियुक्त गिरफ्तार



जिला संवाददाता

सिद्धार्थनगर। जनपदीय एसओजी व थाना चिल्हिया पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बोकनार में हुई महिला की जघन्य हत्या की घटना का 36 घण्टे के अन्दर अनावरण करते हुए अभियुक्त (मृतका के पति) को गिरफ्तार किया गया , 02 अदद आला कत्ल (ईंट) व 01 अदद खूनालुद जिन्स का पैन्ट तथा 02 अदद मोबाइल आदि बरामद । गत 21 नवम्बर की रात्रि को थाना चिल्हिया क्षेत्र के ग्राम बोकनार में 32 वर्षीय महिला की निर्मम हत्या करने की सूचना प्राप्त हुई । इस सूचना पर उच्चाधिकारीगणों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया तथा थाना चिल्हिया पुलिस द्वारा तत्काल शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मर्चरी हाउस भेजा गया तथा थाना चिल्हिया पर कमरुद्दीन पुत्र स्व0 अमीन निवासी बोकनार थाना चिल्हिया द्वारा लिखित तहरीरी सूचना दी गयी कि उसकी पत्नी हाजरा उम्र करीब 32 वर्ष कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा हत्या कर दी गयी है । इस तहरीरी सूचना के आधार पर थाना चिल्हिया पर मु0अ0स0 मु0अ0सं0 110/2025 धारा 103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया था । डॉ0 अभिषेक महाजन, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा घटना के सफल अनावरण हेतु प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ के कुशल प्रयवेक्षण में राजेश कुमार चिल्हिया मय टीम व जनपदीय एसओजी पुलिस टीम का गठन किया गया था । गठित संयुक्त टीम द्वारा उच्चकोटि की पतारसी, सुरागरसी करते हुये वैज्ञानिक/इलेक्ट्रॉनिक तरीको का प्रयोग करते हुये घटना कारित करने वाले अभियुक्त कमरुद्दीन पुत्र स्व0 अमीन निवासी बोकनार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर सनसनीखेज घटना का 36 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण किया गया । पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता 01.कमरुद्दीन पुत्र स्व0 अमीन निवासी बोकनार थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर । बताया गया बरामदगी का विवरण- 01.दो अदद आला कत्ल (ईंट) व 01 अदद खूनालुद जिन्स का पैन्ट तथा 02 अदद मोबाइल ।

# प्रभारी मंत्री अनिल राजभर ने किया शिलापट्ट का अनावरण



सिद्धार्थनगर । मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर द्वारा विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह के साथ सूचना संकुल भवन का शिलापट् का अनावरण कर एवं फीता काटकर उदघाटन किया गया। पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी द्वारा मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर एवं विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही को बुके देकर स्वागत किया गया। उद्घाटन के पश्चात सूचना संकुल भवन का मंत्री, श्रम एवं सेवायोजन, समन्वय विभाग उ0प्र0 सरकार/जनपद प्रभारी मंत्री अनिल राजभर, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक डा0 अभिषेक महाजन एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री बलराम सिंह द्वारा पूरे भवन को देखा गया। सूचना संकुल भवन का निर्माण कार्यदायी संस्था आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खण्ड-02, बस्ती द्वारा कराया गया है। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक प्रशान्त कुमार, पी0डी0 नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, ससहायक अभियन्ता आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खण्ड-02, बस्ती सतीश कुमार प्रजापति, व अन्य उपस्थित रहे।

# मारपीट के आरोपी की मौत से आक्रोश

## मृत युवक के शव का अंतिम संस्कार न करने पर अड़े स्वजन

जिला संवाददाता

प्रतापगढ़ । माह भर पहले हुई मारपीट की घटना में आरोपी रहे युवक की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी होने पर परिजन शव घर ले आए। परिजनों की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम के बाद सोमवार को शव घर लाया गया तो परिजनों में गम के साथ आक्रोश पनप उठा। मारपीट से लगी चोट से मौत होने का आरोप लगाते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे और शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। पुलिस के बहुत समझाने पर सोमवार को अंतिम संस्कार करने पर राजी हुए। लालगंज कोतवाली के देल्हूपुर निवासी धर्मेंद्र पटेल 26 वर्ष दिल्ली में प्राइवेट नौकरी करता था। जहां बीती शुक्रवार को उसकी मौत हो गई। मृतक का शव घर लाया गया और सूचना पर पुलिस ने शनिवार को युवक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। पोस्टमार्टम के बाद रविवार को सुबह शव घर लाया गया तो कोहराम के बीच आक्रोश पनप उठा।

मौत को माह भर पहले हुई मारपीट की घटना से जोड़ते हुए उसमें युवक के भी घायल होने से लगी चोट के कारण मौत हो जाने का आरोप लगाने लगे। दरवाजे पर शव रखकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग करने लगे। शव का अंतिम संस्कार करने से इंकार कर दिया। पुलिस के बहुत समझाने पर अंतिम संस्कार सोमवार को करने पर राजी होने को बात बताई गई है। बता दें कि कोतवाली के साधू का पुरवा केदौरा में 23 अक्तूबर की शाम को मारपीट की घटना हुई। जिसमें विपक्षी पन्नालाल सरोज पुत्र माता बदल सरोज ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका भतीजा केशलाल सरोज पुत्र स्व. जीतलाल सरोज को रंजिशन गांव के बड़े लाल पटेल पुत्र रमाकांत पटेल, अर्जुन पटेल पुत्र शिवबरन एवं उसके रिश्तेदार देल्हूपुर निवासी धर्मेन्द्र पटेल ने जाति सूचक गाली देते हुए मारापीटा। जांच के बाद पुलिस ने तीन पर एससी एसटी का मुकदमा दर्ज किया। घटना के बाद आरोपित धर्मेंद्र दिल्ली चला गया था। स्वजन के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार को धर्मेंद्र की मौत हो गई। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है कि दिल्ली में युवक का इलाज करने वाले चिकित्सकों से मिली रिपोर्ट में उक्त रक्तचाप के चलते हुई मौत की बात कही गई है। स्वजन ने सोमवार को शव का अंतिम संस्कार करने की बात कही है। एहतियातन गांव में पुलिस की तैनाती बनी है।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए रात्रि कालीन सर्वे की प्रतिबद्ध पहल

जिला संवाददाता



**श्रावस्ती।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत ब्लॉक गिलौला क्षेत्र के ग्राम कुरबेनी में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित रात्रिकालीन प्री-टास सर्वे का निरीक्षण जिला मलेरिया अधिकारी एवं एस०एल०ओ० की संयुक्त टीम ने किया। यह निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अशोक कुमार सिंह के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। इस दौरान फाइलेरिया उन्मूलन के लिए किये जा रहे प्रयासों की व्यावहारिकता, गतिशीलता और पारदर्शिता का परीक्षण किया गया तथा टीम को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने टीम के कार्य की गुणवत्ता एवं अनुपालन क्षमता की विस्तृत समीक्षा की। साथ ही यह सुनिश्चित किया गया कि सर्वेक्षण की समस्त प्रक्रियाएँ वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप हों तथा नमूना संग्रहण में सतर्कता, स्वच्छता और यथार्थता का पूर्ण पालन किया जाए। लैब तकनीशियनों को माइक्रोफाइलेरिया की सटीक पहचान, रक्त नमूना लेने की विधि, स्लाइड तैयारी और माइक्रोस्कोपिक परीक्षण के सम्बन्ध में व्यावहारिक प्रशिक्षणात्मक निर्देश भी दिए गए। सीएमओ.एके सिंह ने बताया कि फाइलेरिया के कीटाणु माइक्रोफाइलेरिया मुख्य रूप से रात्रि के समय रक्त प्रवाह में सक्रिय होते हैं। इसी कारण सर्वेक्षण रात्रि 10 बजे के बाद संचालित किया जाता है, जिससे संभावित रोगियों की सटीक पहचान सुनिश्चित हो सके। 20 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का रक्त परीक्षण किया जाता है, ताकि संक्रमण की प्रचलनीयता, संभाव्यता और नियंत्रण रणनीति का प्रभावी मूल्यांकन हो सके। स्वास्थ्य टीम ने स्थानीय नागरिकों को फाइलेरिया के लक्षण, रोकथाम, उपचार और दवा वितरण अभियान (एम०डी०ए०) की उपयोगिता के बारे में भी जागरूक किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि समय रहते जांच व इलाज से यह बीमारी पूर्णतः नियंत्रित की जा सकती है और जनता की सहभागिता इसके उन्मूलन की सबसे मजबूत आधारशिला है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि टीम जनसहयोग के साथ सर्वेक्षण को आगे बढ़ा रही है। प्रत्येक परिवार तक पहुंचकर रक्त नमूना लेने की प्रक्रिया को समावेशी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाने का प्रयास जारी है। अधिकारियों ने स्वास्थ्यकर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि फाइलेरिया का समूल उन्मूलन समन्वित कार्यप्रणाली, जनजागरूकता, और दृढ़ संकल्प से ही संभव है। श्रावस्ती जैसे सीमावर्ती जिले में इस प्रकार की स्वास्थ्य पहल न केवल रोग नियंत्रण की दिशा में वृहद उपलब्धि है, बल्कि जनस्वास्थ्य सुरक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित प्रशासनिक संज्ञान का उत्कृष्ट उदाहरण भी है। अधिकारियों ने यह भी आश्वस्त किया कि फाइलेरिया मुक्त श्रावस्ती के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्तर पर ढिलाई नहीं बरतेगा।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

बांसी। खेसरहा थाना के कुर्थिया चौकी क्षेत्र के ग्राम मकनाखोर निवासी रोहित यादव पुत्र राम ललित यादव (24) बहु भोज कार्यक्रम में अपने ससुराल बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपरी गया था। जहां उसकी मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हों गई। घटना शनिवार को देर शाम की बताई जा रही है।

रोहित यादव पुत्र राम ललित यादव निवासी मकनाखोर का विवाह तीन वर्ष पूर्व बखिरा थाना क्षेत्र के पिपरी गाव में हुआ था। शनिवार को दिन में करीब बारह बजे वह घर से ससुराल बहुभोज के कार्यक्रम में सामिल होने गया था। ससुराल पहुंचने के बाद मोटरसाइकिल से ससुराल पक्ष के अभिषेक पुत्र रामनाथ को लेकर किसी काम से बखिरा जा रहा था अभी वह रास्ते में ही था कि किसी अज्ञात वाहना की चपेट में आ गया । रोहित व अभिषेक की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

## श्रावस्ती एयरपोर्ट से शीघ्र प्रारंभ होंगी वायु सेवाएं



श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के वायु सेवाओं से सर्वसमावेशी विकास को गति देने हेतु किए गए प्रयासों को केन्द्र ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। पूर्व सांसद जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र द्वारा नागरिक उड्डयन मंत्री किजरापू राम मोहन नायडू से हुई महत्वपूर्ण भेंट के दौरान उन्हें एक दस्तावेजीय मांग पत्र सौंपा गया था, जिसमें श्रावस्ती एयरपोर्ट से मुंबई, दिल्ली, वाराणसी, प्रयागराज तथा गया जैसे प्रमुख महानगरों हेतु विमानों के नियमित परिचालन की अपेक्षा की गई थी। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने उक्त मांग को गंभीरतापूर्वक लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश निर्गत कर दिए हैं। पूर्व सांसद द्वारा स्पष्ट किया गया कि जब तक एयरपोर्ट अपनी पूर्ण क्षमता के साथ विकसित नहीं हो जाता, तब तक प्रमुख नगरों से उड़ानों का शुभारंभ जनहित में अति उपादेय होगा, जिससे यहां के पर्यटन, धर्मावलम्बियों के आवागमन तथा स्थानीय उद्योगों में विस्तार होगा। इस निर्णय से बलरामपुर और श्रावस्ती के नागरिकों में उल्लास व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री एवं पूर्व सांसद के इस अभिनव प्रयास के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया है और आशा प्रकट की है कि शीघ्र ही श्रावस्ती एयरपोर्ट से हवाई सेवाओं का लाभ सबको प्राप्त होने लगेगा

## निः शुल्क नेत्र शिविर में अस्सी मरीजों का परीक्षण, आठ आपरेशन के लिए हुए चिन्हित



प्रतापगढ़। स्थानीय विकास खंण्ड के बरीबोझ गाँव में रविवार को निः शुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में अस्सी मरीजों की आँखो की जाँच की गई। इनमें से आठ के मोतियाबिंद के आपरेशन का चिन्हीकरण किया गया। वहीं शिविर में जरूरतमंदो को चश्मा भी बाँटा गया। सेवा संस्थान द्वारा पंचायत भवन में लगे शिविर में डा० मल्लिका ने आँखो से रखरखाव की जानकारियां दी। शिविर का संयोजन समाजसेवी पप्पू तिवारी ने किया। विशिष्ट अतिथि प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष केडी मिश्र रहे। प्रधान संतराम चौरसिया ने स्वागत व केशवदत्त पांण्डेय ने आभार जताया। इस मौके पर अधिवक्ता दीपेन्द्र तिवारी, वीरेन्द्र तिवारी, रमेश चौबे, उमा शंकर गुप्ता, मालती सरोज, राजू पांण्डेय, सौरभ तिवारी, राजू यादव, राम अवतार आदि रहे।

## आसमान से गिरा बर्फ का बड़ा टुकड़ा, बाल-बाल बचे मजदूर

बदायूं। जिले के बिल्सी थाना क्षेत्र के एक गांव में ईंट भट्टे पर आसमान से बर्फ का एक बड़ा टुकड़ा गिरा, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर बाल बाल बच गए। बिल्सी के उप जिलाधिकारी प्रेमपाल सिंह ने कहा कि घटनास्थल का निरीक्षण करने के लिए पुलिस की एक टीम मौके पर भेजी गई थी। उन्होंने कहा कि हमें जानकारी मिली कि दीननगर शेखपुर गांव में ईंट भट्टे पर बर्फ का एक बड़ा टुकड़ा गिरा है। किसी के घायल होने की खबर नहीं है और बर्फ के स्रोत का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह करीब 9:30 बजे हुई, जिसमें वहां काम कर रहे मजदूर बाल-बाल बच गए। चश्मदीद सोमेंद्र यादव ने बताया कि बर्फ का टुकड़ा एक बड़े पत्थर जितना बड़ा लग रहा था जो गिरते ही बिखर गया। मज़दूर और उनके परिवार वाले पास में ही मौजूद थे। शुक्र है, किसी को चोट नहीं आई। एक और मज़दूर, वीर सिंह ने कहा कि वह ईंटें जमा कर रहे थे, तभी अचानक बर्फ का टुकड़ा नीचे गिरा। इसका वजन लगभग 50 किलोग्राम रहा होगा। अगर यह थोड़ा और पास गिरता, तो किसी को गंभीर चोट लग सकती थी।

## थानाध्यक्ष की टीम ने बहु - बेटियों को किया जागरूक

खेसरहा बांसी सिद्धार्थनगर। खेसरहा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्रा के नेतृत्व में मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत महिला मिशन केंद्र व जन चौपाल थाना खेसरहा की टीम ने नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, नये कानून , साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो व शक्ती दीदी (बहु- बेटी सम्मेलन) अभियान के तहत बालिकाओं व महिलाओं को जागरूक किया गया पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन* द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत 23 नवम्बर को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी महोदय बांसी सुजीत राय तथा थानाध्यक्ष अनूप कुमार मिश्र* थाना खेसरहा के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़जा में जन चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें महिलाए व बलिकाए आदि लोग उपस्थित हुए जिन्हे महिला सम्बन्धित नये कानून व महिला सम्बन्धित अपराध, *साइबर अपराध जागरूकता, नये कानून कार्यक्रम के तहत उपस्थित उपरोक्त महिला सशक्तिकरण सम्बन्धित बातों को बताते हुए मिशन शक्ति फेज 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत निम्न हेल्पलाइन नंबर, महिला से सम्बन्धित कानूनो के बारे मे जानकारी दी गई तथा , सकारपार चौराहे पर तथा मरवातिया मोड़ उपरोक्त स्थान पर एंटी रोमियो की चेकिंग के तहत 12 शोहदों का माफीनामा भर चेतावनी दी गई तथा वहां उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदत्त किये गये कल्याणकारी योजनाओं व विधियों के तहत जागरुक किया गया ।

## भाग्यवती पांडेय की टीम ने 4 परिवारों को बिखरने से बचाया




सिद्धार्थनगर। महिला थाना सिद्धार्थनगर थानाप्रभारी निरीक्षण भाग्यवती पांडेय के नेतृत्व में थाने की पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति केंद्र के तहत 04 जोड़ों के बीच मनमुटाव को दूर करते हुए एक साथ विदा किया गया । डा0 अभिषेक महाजन पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में, विश्वजीत सोरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 23.नवमबर महिला थाना सिद्धार्थनगर पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय महिला थाना द्वारा 04 परिवारो को एक साथ विदा किया गया । निम्न 04 परिवारो को बिखरने से बचाने मे प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पाण्डेय, काउंसलिंग टीम में उपनिरीक्षक राम नारायण शुक्ला, महिला हेड कांस्टेबल आशा गौड़, महिला हेड कांस्टेबल रीना रावत, महिला आरक्षी प्रियंबदा सिंह व नेहा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा । 1.बीना पांडे पत्नी सौरभ पांडे साकिन वार्ड नंबर 9 सिंहेश्वरीपुरम थाना व जनपद सिद्धार्थनगर। 2.रुखसाना पत्नी अब्दुल करीम साकिन मशीना, थाना शोहरतगढ़ ,जनपद सिध्दार्थ नगर।

# पुलिस झंडा दिवस : एसएसपी ने पुलिस लाइन में किया ध्वजारोहण

## पुलिस बल को गरिमा बनाये रखने का दिलाया संकल्प



जिला संवाददाता

गोरखपुर। पुलिस की मान-प्रतिष्ठा और गौरव के प्रतीक ह्पुलिस झंडा दिवसह के अवसर पर रविवार को पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नय्यर ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा पुलिस बल को गरिमा बनाए रखने का संकल्प दिलाया। एसएसपी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा पुलिअ:स ध्वज की गरिमा और सम्मान बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी कर्मियों को फ्लैग चिन्ह भी लगाकर कर्तव्यपरायणता का संदेश दिया। पुलिस झंडा दिवस पर पुलिस कर्मियों ने कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा जनता की सुरक्षा के लिए समर्पित रहने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी कोतवाली ओमकार दत्त तिवारी, क्षेत्राधिकारी कैंट योगेन्द्र सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## पुलिस झंडा दिवस : एसपी नॉर्थ ने पुलिस ऑफिस में किया ध्वजारोहण



गोरखपुर (पुलिस बल की शौर्य परंपरा, मान और प्रतिष्ठा के प्रतीक पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर रविवार को पुलिस कार्यालय में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक उत्तरी ज्ञानेंद्र ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान एसपी उत्तरी ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए फ्लैग चिन्ह लगाकर कर्तव्यों को ईमानदारी से निर्वहन करने तथा पुलिस ध्वज की गरिमा बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज हमारी गौरवमयी परंपरा, अनुशासन और सेवा की भावना का प्रतीक है, जिसे हमेशा उच्च रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी कार्यालय दीपांशी सिंह राठौर सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनसीआर में मतदाता मताधिकार से वंचित नहीं कर सकता

इटावा। सर्वोदय जागरण मंच के अध्यक्ष नीरज कुमार ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में चुनाव आयोग एसआईआर स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के माध्यम से किसी भी पात्र मतदाता को उसके मताधिकार से वंचित नहीं कर सकता है चुनाव आयोग यह सुनिश्चित करें, आगे उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विशेष गहन पुनरीक्षण एस.आई.आर. का इतना गुणगान क्यों कर रही है विशेष गहन पुनरीक्षण में चुनाव आयोग से लेकर मतदाताओं को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है जबकि भारतीय जनता पार्टी इससे खुश नजर आती है जिससे स्पष्ट प्रतीत होता है कि चुनाव आयोग नहीं भारतीय जनता पार्टी की सरकार के इशारे पर एस.आई. आर. विशेष गहन पुनरीक्षण भाजपा को हार से बचाने के लिए पूरे देश पर थोपा जा रहा है और चुनाव आयोग इस कार्य को उनके निर्देश के तौर पर पूरा कर रहा है, उत्तर प्रदेश में 2022 के विधानसभा चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी इन्हीं मतदाताओं और इसी मतदाता सूची से चुनाव जीतकर सत्ता का सुख भोग रही है अगर उनके अंदर थोड़ी सी भी नैतिकता है तो वह अगर इन 2024 के मतदाताओं को फर्जी मतदाता मान रहे हैं तो नैतिकता के आधार पर प्रधानमंत्री जी अपनी सरकार से इस्तीफा देकर विशेष गहन पुनरीक्षण के पश्चात संशोधित मतदाता सूची के आधार पर दोबारा चुनाव में आए और इस अवधि तक देश में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए।

## शिवपाल सिंह ने शादी समारोह में शिरकत की



भरथना, इटावा। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने नगर में आयोजित शादी समारोह में पहुँचकर शिरकत की। बीती शनिवार की रात्रि कस्बा के मुहल्लाकृष्णा नगर स्थित शशिविलास गेस्ट हाउस में शिवम यादव पुत्र सुखवीर यादव नि. राधास्वामी मार्केट सराय रोड भरथना के शादी समारोह में पहुँचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व कैबिनेट मंत्री शिवपाल सिंह यादव ने शुभकामनायें देते हुए नवदम्पत्ति को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह के दौरान विधायक प्रदीप यादव, विधायक राघवेन्द्र गौतम, पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू, पूर्व ब्लाक प्रमुख हरिओम यादव, पूर्व चेयरमैन मनोज पोरवाल, विधायक, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ध्रुव यादव चीनी, मनोज यादव बंटी, नीरज यादव, विपिन यादव, प्रताप सिंह यादव, सत्यम यादव, सौरभ यादव सहित सैकड़ों गणमान्यजनों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## डीएम ने बूथ लेवल अधिकारियों को सम्मानित किया गया



इटावा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शों के अनुरूप कराया जा रहा है जनपद में अवस्थित 199-जसवन्तनगर एवं 201-भरथना विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत बूथ लेबिल अधिकारियों के द्वारा अपना गणना प्रपत्र का वितरण कर एवं प्राप्त कर बीएलओ एप पर डिजिटाइट का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। जिलाधिकारी द्वारा दोनों बूथ लेबिल अधिकारियों को अच्छा एवं समयबद्ध कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। विधान सभा क्षेत्र की संख्या व नाम- 199-जसवन्तनगर, बूथ संख्या- 50, बीएलओ का नाम- अवनीत कुमारी आंगनवाडी कार्यकर्ती, कुल मतदाता- 681, कुल ईएफ जमा- 100 प्रतिशत, तहसील का नाम- जसवंतनगर, विधानसभा क्षेत्र की संख्या व नाम- 201-भरथना, बूथ संख्या- 401, बीएलओ का नाम- संतोष सिंह चैहान नलकूप चालक, कुल मतदाता- 719, कुल ईएफ जमा- 713, 99.16, तहसील का नाम- चकरनगर।

# गोदाम से चुरा कर छिपायी गयी पाइप बरामद

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने इलाके के बरगदवा स्थित लोहे के गोदाम से कर्मचारियो द्वारा चुरा कर छुपा कर रखी गयी एमएस पाइप बरामद कर लिया है। गोदाम के प्रोपराइटर की तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 305, 306 व 317 (2) के तहत मुकदमा कायम कर दोनो आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बरगदवा स्थित जायसवाल ट्रेडिंग कम्पनी के प्रोपराइटर कुनाल जायसवाल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद जायसवाल ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि मेरे प्रतिष्ठान जायसवाल ट्रेडिंग कम्पनी में मुंसी पद पर कार्यरत सर्वजीत पाण्डेय गुड्डू कुमार को साथ लेकर मेरे गोदाम से पाइप चुरा कर छुपा कर रखा गया था। जानकारी होने पर मेरे द्वारा चोरी के एमएस पाइप एवं दोनो आरोपियो को थाने ले जा कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस मुकदमा कायम कर दोनो आरोपियो को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही कर जेल भेज दिया।

## 25 हजार का इनामी फर्जी जमीन कारोबारी धराया, पुलिस ने भेजा जेल

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने कूटनयिक दस्तावेज बनाकर जमीन बेचने के आरोपित को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित कर रखा था। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा परमेश्वर पुर टोला कृतपुरा निवासी रौशन अली द्वारा अगस्त 2024 में चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर देकर बताया कि तेरह लोग मिल कर कूट रचित तरीके से मेरी जमीन की रजिस्ट्री दूसरे के नाम कर दिये हैं। पुलिस द्वारा सभी आरोपित अपराधियो के खिलाफ बिधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेज दिया गया था। मगर रणबीर सिंह पुत्र सुदामा प्रसाद निवासी ठाकुरपुर न० 2 थाना गुलरिहा फरार चल रहा था जिस पर दबाव बनाने के लिये प्रशासन द्वारा पच्चीस हजार का इनाम घोषित किया गया था। मुखबीर की सूचना पर पुलिस फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## पुरानी रंजिश को लेकर हुआ जानलेवा हमला, कई गंभीर रुप से घायल

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के शिवपुर बिन टोलियां में 21 नवम्बर की रात लगभग आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुआ। जिसमें कई लोग घायल हो गए। दोनों पक्षों से मिलाकर कुल 23 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। जिसमें दो लोगों को जेल भेजा गया है। निवासी उदयभान निषाद, पुत्र लक्ष्मी प्रसाद ने अपने ही गांव के आठ नामजद व चार पांच अज्ञात के विरुद्ध तहरीर देकर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। स्थानीय थाना क्षेत्र के शिवपुर बिन टोलियां निवासी उदयभान निषाद ने चौरीचौरा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पुरानी रंजिश में गांव के पट्टीदार 21 नवम्बर की रात लगभग आठ बजे लगभग दर्जन उनके पट्टीदार अमरनाथ पुत्र अशर्फी हरिश्चंद्र पुत्र अमरनाथ भोला पुत्र नन्दलाल जितेन्द्र पुत्र भोलई राकेश पुत्र भोलयी कृष्णा पुत्र भोला बासमती पत्नी राजाराम उर्मिला पत्नी अमरनाथ तथा चार पांच अज्ञात भर लोग मेरे दरवाजे पर चढ़ आये। और गाली गुप्ता देने लगे। मना करने पर चाकू लोहे की राड व लाठी डंडे से मारपीट कर कई लोगों को गंभीर रूप से घायल कर दिए।

**आवश्यकता है**

स्व. श्यामता प्रसाद चौधरी महिला महाविद्यालय कटरा श्रावस्ती को

| | |
|---|---|
| प्राचार्य | 01 पद |
| **स्नातक स्तर पर** | |
| राजनीति शास्त्र | 01 पद |
| इतिहास | 01 पद |
| गृह विज्ञान | 02 पद |
| कला | 01 पद |
| समाज शास्त्र | 01 पद |
| **परास्नातक स्तर पर** | |
| अंग्रेजी | 01 पद |

वेतन व अवकाश मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर की परिनियमावली के अनुसार।
आवेदन की अंतिम तिथि प्रकाशन से 21 दिन
**प्रबंधक/सचिव**
सम्पर्क सूत्र : 9839276914, 9598184888

# अखिलेश यादव ने जारी किया सैफई मेमोरियल का वीडियो

इटावा। समाजवादी पार्टी के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की जयंती पर पूरे उत्तर प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सैफई में निमार्णाधीन मुलायम सिंह यादव मेमोरियल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर जारी कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अखिलेश यादव ने अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा, सिद्धांत आपके, संकल्प हमारा! नेता जी की जयंती पर नए संकल्पों से भरा हार्दिक नमन! उन्होंने आगे कहा कि समाजवादी मूल्यों को समर्पित उनका जीवन सभी के लिए एक अखंड प्रकाश स्तंभ है, जो हमेशा राह दिखाता रहा है और आगे भी दिखाता रहेगा। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रही। जारी किए गए वीडियो में मेमोरियल की निमार्णाधीन संरचना और विशेष डिजाइन की झलक दिखाई गई है। इसमें भविष्य में विकसित होने वाले संग्रहालय के भी संकेत हैं। यह स्मारक मुलायम सिंह यादव की राजनीतिक यात्रा, संघर्ष, किसान आंदोलन, रक्षा मंत्रालय में उनके कार्यकाल और समाजवादी विचारधारा का प्रतीक माना जा रहा है। जिला मुख्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों में भी समाजवादी कार्यकताओं ने नेताजी को याद किया। उन्होंने मुलायम सिंह यादव की प्रतिमाओं और चित्रों पर पुष्प अर्पित किए। इस दौरान जगह-जगह गोष्ठियों का आयोजन किया गया, जिनमें उनके संघर्षमय जीवन और किसान-गरीबों के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुड़ीना विकासखण्ड फतेहपुरचौरासी, उन्नाव।**

पत्रांक: मेमो/निविदा/5 वित्त/15 वित्त/2025-26 दिनांक: 23.11.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

अद्योहस्ताक्षरी के द्वारा अवगत कराया जाना है कि निम्न कार्य हेतु पंजीकृत ईटा/बिल्डिंग मटेरियल सप्लायर्स मनरेगा/15वां वित्त तथा पंचम राज्य वित्त योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित कार्ययोजना 2025-26 की निम्न परियोजनाओं पर मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 23.11.2025 से 03.12.2025 तक प्रातः 10 से 2 बजे तक डाली जा सकती है। निविदा डालने की आखिरी तारीख दिनांक 03/12/2025 को सायं 3.00 बजे निविदादाताओं/प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। निविदा के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि पत्र/एफडीआर/नकद के रुप में जमा करना अनिवार्य होगा। प्राप्त न्यूनतम निविदा के सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के उपरांत 100 रुपए के स्टांप पेपर पर अनुबन्ध लिखना होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार समिति एवं ग्रा पं0 को ही होगा। विस्तृत जानकारी किसी भी कार्यदिवस में प्राप्त की जा सकती है। 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि के आभाव में डाली गई निविदा निरस्त मानी जाएगी। कार्य समाप्त हो जाने पर धरोहर धनराशि वापस कर दी जाएगी।

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रुपये में | समग्री आपूर्ति | वित्तीय वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कुडीना में आरसीसी रोड सत्येंद्र सिंह के मकान तक इंटरलाकिंग कार्य। | 199000 रु. | इण्टरलाकिंग ईट, सीमेंट, मौरंग, ईट गिट्टी आदि। | 2025-26 |

**निविदा शर्त-**

1 निधार्रित समय सीमा के पश्चात कोई निविदा स्वीकार नही होगी।
2 निविदा पर किसी भी प्रकार की कटिंग व ओवर राइटिंग मान्य नही होगी।
3 उपरोक्त कार्यो में कोई एक व सभी कार्यो को कराए जाने के निर्गत धनराशि की उपलब्धता के आधार पर चयनित करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4 बिना कोई कारण स्पष्ट किए किसी भी समय सभी निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के अधीन होगा।
5 कार्य को पीडब्लूडी के मानक के अनुसार कराना होगा। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बरतने व गडबडी होने पर संपूर्ण जिम्मेदारी फर्म/निविदादाता की होगी। जिसकी वसूली फर्म से ही की जाएगी।

**ग्राम पंचायत अधिकारी**
**कुड़ीना विकासखंड फतेहपुरचौरासी**

**ग्राम प्रधान**
**कुड़ीना विकासखंड फतेहपुरचौरासी**

## ओवरब्रिज बनने के बावजूद भी जाम की समस्या तस से मस बनी

भरथना, इटावा। कस्बा क्षेत्र में ओवरब्रिज पालीबम्बा मार्ग और भरथना-बकेवर मार्ग की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। रेलवे ट्रैक पर ओवरब्रिज बनने के बावजूद जाम की समस्या जस की तस बनी हुई है। बल्कि समस्या लगातार बढ़ती जा रही है। साथ ही नगर के अन्य प्रमुख मार्गों पर भी सुबह-शाम प्रतिदिन स्कूली छात्रों से भरे वाहन समेत आम यात्रियों के वाहन घंटों उक्त जाम में फंसे रहते हैं। नगर के प्रमुख मार्गों भरथना-बकेवर मार्ग स्थित पालीबम्बा पुलिया से रेलवे उपरिगामी सेतु, जवाहर रोड, आजाद रोड, बालूगंज, सरोजनी रोड आदि स्थानों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहन गुजरते हैं। जहाँ जाम की समस्या अधिकांशतः बनी रहती है। साथ ही मार्ग पर दुकानदारों द्वारा सड़क और फुटपाथ पर बाहर सामान रखकर अतिक्रमण राहगीरों के लिए मुसीबत बना हुआ है।

# 30 नवम्बर तक जमा करने के लिए डोर टू डोर चलाया गया जागरूकता अभियान



चरगांवा, गोरखपुर। चरगांव ब्लाक के खण्ड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में रविवार को गणना प्रपत्र के वितरण व उसके भरने के तरीके को लेकर मुख्यमंत्री राजस्व गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन में डोर टू डोर अभियान चलाया गया। चरगांवा ब्लॉक सभागार में गणना प्रपत्र के वितरण व उसके भरने के तरीके को लेकर समस्त ग्राम पंचायत प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत सहायक, बी एल ओ के साथ बैठक के उपरान्त रविवार को चरगांवा विकास खण्ड के मुख्यमंत्री राजस्व गांव जंगल तिकोनिया नंबर तीन वनटांगिया के मुखिया गणेश के साथ आम जन को मतदाता गणना प्रपत्र को सावधानी से भरने व आगामी 30 नवंबर तक अपने बी एल ओ के पास जमा करने प्रति डोर टू डोर जागरूकता अभियान चलाया।

बी डी ओ विकास खण्ड चरगांवा श्री सिंह ने आम मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा हैं बी एल ओ द्वारा गणना प्रपत्र वितरित किया गया है जिसे सावधानी से भर कर आगामी 30नवम्बर तक बी एल ओ के पास जमा कर देना हैं।

# ब्लॉक प्रमुख गगहा ने किया इंटर लॉकिंग रोड का लोकार्पण



मझगांवा, गोरखपुर। भारत गांवों का देश है गांवों के विकास के बिना देश का समुचित विकास नहीं हो सकता गांवों के चतुर्दिक विकास के लिए क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत निरंतर कार्य कर रही है आज गांवों में विकास कार्य तेजी से चल रहें हैं अब गांवों में शहरों से अच्छी साफ सफाई व शुद्ध वातावरण है इसे और बेहतर बनाने के लिए कृत संकल्पित हूं।

उक्त बातें रविवार को ब्लाक प्रमुख गगहा शिवा जी चन्द ने गगहा के हटवा में सन्तोष सिंह कमाण्डों के घर से कालीचौरा तक साढ़े तीन लाख की लागत से निर्मित 100 मीटर इण्टर लाकिंग रोड के लोकार्पण के दौरान कही उन्होंने कहा कि गांव की सबसे बड़ी समस्या सड़क, नाली, पथ प्रकाश, कचड़ा निस्तारण व खुले में शौच की थी जिस पर केंद्र व राज्य सरकार लगातार काम कर रही है आज गांवों में साफ सुथरी सड़कें, अन्दर ग्राउंड नाली, हर घर शौचालय, सामुदायिक शौचालय, आर आर सी सेंटर, हर पात्र को प्रधानमंत्री आवास, मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड, किसान सम्मान निधि, शुद्ध पेयजल, पथ प्रकाश सहित अनेकों कार्यों से गांव के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत द्वारा प्रत्येक ग्राम सभाओं में विकास कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर युवा नेता दीपक चन्द, दिनकर चन्द, , मुन्ना चन्द, विनोद सिंह, सन्तोष सिंह कमाण्डों, अमृत सिंह, अरविंद सिंह, अनिल सिंह, सुरेश सिंह, दीपक पाण्डेय, सन्त कुमार शाही, आशीष उपाध्याय सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

## युवक को सड़क पर गिराकर मारपीट कर किया घायल

इकदिल, इटावा। क्षेत्र में ममेरे भाई के शादी के कार्ड बांट रहे युवक को सड़क पर गिरा कर दबंगों ने बेहरमी से मारपीट कर घायल दिया। गांव नगला खंगर के पास लहराऊ निवासी दिनेश कुमार पुत्र बसंत सिंह अपने मामा दिवान यादव के गांव मानिकपुर विशू में रहता है और ममेरे भाई अंशु यादव के शादी के कार्ड बाइक से बांट रहा था। तभी पिलखर के पास हाइवे पर एक कार से गांव के रहने वाले अनूप, आदित्य, श्याम यादव और अवनीश निवासी मानिक पुर लोग आये बाइक के सामने कार को लगा दिया और उतर कर दिनेश को बेहरमी में लाठी डंडो से मारपीट कर घायल दिया और लोगों के आने पर चीखने चिल्लाने की आवाज सुन मौके पर घायल अवस्था मे पड़ा छोड़ भाग गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल अवस्था मे पड़े युवक को जिला अस्पताल भिजवाया।

# 22 दिसंबर को मेरठ बंद करेगी कांग्रेस : रंजन शर्मा

जिला संवाददाता



**मेरठ।** रविवार को मेरठ में गांधी इंस्टिट्यूट, हापुड़ बाईपास मेरठ में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा की अध्यक्षता में नगर निगम द्वारा की गई हाउस टैक्स बढ़ोतरी के विरोध में एक विशेष आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन कांग्रेस प्रवक्ता हरिकिशन वर्मा ने किया। बैठक में नगर निगम की जनविरोधी नीतियों को लेकर गहरी नाराजगी जताई गई। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि जब जब भारतीय जनता पार्टी का मेयर बनता हैं, तब तब जनता के ऊपर टैक्सों की भरमार की जाती है, नगर निगम की टैक्स बढ़ोतरी जनता पर आर्थिक बोझ डालने और आम आदमी का शोषण करने वाला निर्णय है, जबकि पूरा देश भाजपा की नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी से जूझ रहा है जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान 22 दिसंबर को पूर्ण मेरठ बंद कराने का सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित हुआ। बैठक में नगर निगम कार्यकारिणी चुनाव में भाजपा के सांसद, विधायक व अध्यक्ष व कार्य कताओं द्वारा चुनाव अधिकारी के साथ की गई अभद्रता पर भाजपा के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पास किया गया। अध्यक्ष रंजन शर्मा ने लगभग 30 मिनट दिए अपने तीखे और ऊर्जा से भरे संबोधन में कहा कि नगर निगम जनता को राहत देने के बजाय भाजपा के समर्थन में जेब काटने में लगा है। उन्होंने कहा कि—हमारे शहर में महत्वपूर्ण सडके खस्ता हाल है, जबकि टैक्स दोगुना-तिगुना कर दिया गया है। नालियाँ उफन रही हैं, सड़कों पर गड्ढे हैं, स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हैं, पानी की सप्लाई बदतर है—ऐसे में नगर निगम किस आधार पर हाउस टैक्स बढ़ा रहा है? उन्होंने कहा कि जनता पहले से महंगाई की मार झेल रही है।

रसोई गैस, बिजली बिल, शिक्षा, इलाज—सब महंगा है। ऐसे में हाउस टैक्स बढ़ाकर नगर निगम ने भाजपा के सहयोग से जनता की कमर तोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कि हम जनता के खिलाफ होने वाले हर अन्याय का विरोध करेंगे। कांग्रेस सड़क पर उतरेगी, और 22 दिसंबर को पूरा मेरठ बंद रहेगा।

## हादसे में घायल सिपाही सुरेंद्र मौर्य की मौत



जसवंतनगर, इटावा। मॉडल तहसील के सामने हाईवे पर शनिवार देर शाम हुए भीषण सड़क हादसे में घायल डायल 112 के सिपाही सुरेंद्र कुमार मौर्य (38) ने रविवार सुबह सैफई पीजीआई में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बताया गया कि एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने डायल 112 पुलिस वाहन में जबरदस्त टक्कर मार दी थी। हादसे में सिपाही सुरेंद्र मौर्य और उनके साथी सुधांशु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से सिपाही सुरेंद्र की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें सैफई मेडीकल कॉलेज रेफर किया गया, लेकिन डॉक्टर उन्हें बचा नहीं सके। वहीं सैफई मेडीकल कॉलेज मेंकांस्टेबल सुधांशु का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही जसवंतनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कानूनी कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। झांसी जनपद के थाना प्रेमनगर क्षेत्र के ग्राम राजगढ़ निवासी सुरेंद्र कुमार मौर्य की भर्ती 13 जनवरी 2011 को हुई थी और वे 19 सितंबर 2022 से जसवंतनगर में डायल 112 पर तैनात थे। उनकी आकस्मिक मृत्यु से पूरे पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, घर पर पत्नी मोनिका और उनकी दो पुत्रियां माही व मिस्टी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## बब्बर शेरनी जया व आशी के आपस में हुई झड़प

इटावा। बीते 3 नवम्बर को इटावा सफारी पार्क की बब्बर शेरनी जया और आशी आपस में क्राल में खेलते समय एक दूसरे के साथ झड़प होने से शेरनी जया की पिछले पैर दूसरी शेरनी आशी के नाखून से चोट आ गयी थी। उक्त चोट का उपचार सफारी पार्क के वन्यजीव चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा था तथा यह चोट पूर्ण रूप से ठीक भी हो गया परन्तु विगत कुछ दिनों से शेरनी जया के शरीर का तापमान मानक से अधिक बना हुआ है। एंटीबायोटिक सेंसिटिव टेस्ट कराने के बाद उपयुक्त एंटीबायोटिक इस शेरनी को दिया जा रहा है परन्तु इसमें बहुत ही कम सुधार परिलक्षित हो रहा है। देश व प्रदेश के अन्य प्राणि उद्यानों एवं संस्थानों में कार्यरत विशेषज्ञ वन्यजीव चिकित्सक, वैज्ञानिकों से विचार विमर्श कर उपचार लगातार जारी है। यद्पि शेरनी जया पूर्ण मात्रा में अपना आधार ग्रहण कर रही है। शेरनी जया एवं शेरनी आशी वर्तमान में डेढ़ वर्ष की है तथा इनकों मां नीरजा द्वारा अपना दूध न पिलाने क कारण हैण्ड रियरिंग करके पाला गया है।

## मदर डेयरी गेट से टकरायी बस, 12 यात्री घायल

इटावा। वैदपुरा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक सड़क हादसा हुआ। इटावा से मैनपुरी जा रही एक प्राइवेट बस अनियंत्रित होकर मदर डेयरी के मुख्य गेट से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, यह हादसा तब हुआ जब बस के आगे चल रही एक कार ने अचानक ब्रेक लगा दिया। कार से बचने के प्रयास में बस चालक नियंत्रण खो बैठा और बस सीधे मदर डेयरी के गेट से जा टकराई। बस में लगभग 40 यात्री सवार थे, जिनमें से एक दर्जन से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और पुलिस ने बचाव कार्य शुरू किया। सभी घायलों को सैफई मेडिकल यूनिवर्सिटी में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल यात्रियों ने बताया कि बस तेज रफ्तार में थी और अचानक ब्रेक लगने से उसका संतुलन बिगड़ गया। हादसे के कारण सड़क पर कुछ देर के लिए जाम लग गया, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। पुलिस ने बस को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, हादसे का कारण लापरवाही और तेज गति बताई जा रही है। पुलिस बस चालक से भी पूछताछ करेगी। स्थानीय लोगों ने भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा और तेज गति पर कड़ा नियंत्रण लागू करने की मांग की है।

## रेलवे ट्रैक पर फंसा दूध का टैंकर, अमृत भारत एक्सप्रेस को रोकना पड़ा

इटावा। भरथना रेलवे स्टेशन के फाटक नंबर 20-बी पर रविवार सुबह उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब दूध से भरा एक टैंकर अचानक रेलवे ट्रैक पर ही खराब होकर फंस गया। इस घटना के कारण अप लाइन पर आ रही अमृत भारत एक्सप्रेस को कुछ समय के लिए रोकना पड़ा। यह घटना सुबह लगभग 6.17 बजे हुई। यूपी80एचटी-3660 नंबर का दुग्ध टैंकर फाटक पार कर रहा था कि तभी अचानक उसमें तकनीकी खराबी आ गई और वाहन ट्रैक के बीचों-बीच रुक गया। चालक द्वारा कई बार स्टार्ट करने की कोशिश की गई, लेकिन वह सफल नहीं हो सका। टैंकर फंसने से फाटक पर लंबा जाम लग गया और ट्रेन संचालन लगभग 10 मिनट तक प्रभावित रहा। ठीक उसी दौरान अप लाइन से अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन ट्रैक की ओर बढ़ रही थी। ट्रेन को सिग्नल न मिलने के कारण कुछ समय तक रोकी गई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, स्थानीय लोग तुरंत हरकत में आए। आसपास मौजूद लोगों द्वारा धक्का लगाकर टैंकर को रेलवे ट्रैक से बाहर किया गया। जैसे ही ट्रैक खाली हुआ, रेलवे कर्मचारियों ने लाइन को सुरक्षित घोषित किया और कुछ देर बाद अमृत भारत एक्सप्रेस को आगे बढ़ाया गया। कुछ दिन पूर्व इसी फाटक पर एक यात्री बस भी फंस गई थी, जिसे यात्रियों और ग्रामीणों की मदद से हटाया गया था।

संक्षेप

## मंदिर में किया गया यज्ञ

मोहम्मदी खीरी। गांव दिस्तापुर में पूजा समिति द्वारा विश्व कल्याण और महामारी से बचाव को लेकर मंदिर परिसर में यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों ने आहुतियां डाली है। आचार्य ने पूजा समिति के प्रशांत, डॉ राजाराम, शेर सिंह, आसाराम, रवि और मुरारी लाल समेत यजमानों के साथ देवी के साथ दिवसीय अनुष्ठान पूर्ण होने पर यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें पूजा समिति और गणमान्य लोगों द्वारा आहुतियां डालकर मां भगवती से विश्व की रक्षा और महामारी से बचाव के लिए आशीर्वाद मांगा है। रामकिशन कश्यप द्वारा गांव के मुख्य मार्गों से पूजा की बरोसी को निकाला गया जिस पर महिलाओं ने पुष्प वर्षा की है।

## अलीगंज रोड पर दिनदहाड़े ई रिक्शा चोरी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में चोरी की घटनाएं एक बार फिर तेज होती दिख रही हैं। शनिवार दोपहर अलीगंज रोड रेलवे फाटक के पास खड़ा एक ई रिक्शा अज्ञात चोर दिनदहाड़े ले उड़े, जिससे क्षेत्र में हड़कंप मच गया और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए। मोहल्ला हफीजपुर निवासी मोहम्मद हनीफ सुबह रोज की तरह अपना ई रिक्शा लेकर निकले थे। दोपहर में वे अलीगंज रोड पर एक परिचित से बातचीत करने के लिए रुके और सड़क किनारे ई रिक्शा खड़ा कर दिया। इसी दौरान मौके की नजाकत भांपकर अज्ञात चोर ई रिक्शा लेकर फरार हो गए। घटना कुछ ही पलों में घटित हुई और हनीफ को भनक तक नहीं लगी। पीड़ित हनीफ ने आसपास के इलाकों में काफी देर तक रिक्शे की तलाश की, मगर कोई सुराग नहीं मिला। बाद में उन्होंने गोला कोतवाली पहुंचकर तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। स्थानीय लोगों ने बताया कि अलीगंज रोड पर पिछले कुछ समय से संदिग्ध गतिविधियां बढ़ी हैं, लेकिन पुलिस गश्त न के बराबर है। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से क्षेत्रवासियों में दहशत का माहौल बन गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और जल्द ही आरोपियों का पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

## आग से किसान की 20 बीघा गन्ने की फसल राख

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर से सटे ग्राम भूसौरिया में रविवार दोपहर अचानक लगी आग से किसान जोगेंद्र शुक्ला की लगभग 20 बीघा गन्ने की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। देखते ही देखते आग ने पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। जानकारी के अनुसार किसान जोगेंद्र शुक्ला घर पर थे, तभी ग्रामीणों ने खेत में आग लगने की सूचना दी। वह तुरंत मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तब तक लपटें इतनी भड़क चुकी थीं कि कोई भी प्रयास कारगर नहीं हुआ। कुछ ही देर में पूरी फसल जलकर खत्म हो गई। ग्रामीणों ने भी मौके पर पहुंचकर सहायता की, लेकिन आग की गति इतनी तेज थी कि बचाव संभव नहीं हो सका। किसान जोगेंद्र शुक्ला का कहना है कि इस बार की पूरी मेहनत और लागत एक ही पल में राख हो गई, जिससे परिवार पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। ग्रामीणों का अनुमान है कि किसी लापरवाही या आसपास से आई चिंगारी के कारण यह बड़ी घटना हुई होगी।

# एडीएम ने परखी एसआईआर की हकीकत, दिए सख्त निर्देश



जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान को गति देने के उद्देश्य से रविवार को डिप्टी डीईओ व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील सदर पहुंचकर कार्य प्रगति का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने विधान सभा क्षेत्र 142 लखीमपुर और 140 श्रीनगर में बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) 142- लखीमपुर अश्विनी कुमार सिंह, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) 140- श्रीनगर अर्चना ओझा को जरूरी दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने बीएलओ से एक-एक विवरण की जानकारी ली और निर्देश दिए कि प्रपत्रों की एंट्री शत-प्रतिशत सही हो, किसी भी स्तर पर लापरवाही न मिले। उन्होंने डिजिटाइजेशन कार्य की गति बढ़ाने और गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

इसके बाद एडीएम ने महेवागंज के पास बालूडीह ग्राम पहुंचकर फील्ड में चल रही एसआईआर प्रक्रिया की वास्तविक स्थिति का सीधा आकलन किया। ग्रामीणों को एसआईआर के महत्व, प्रक्रिया और गणना प्रपत्र सही तरीके से भरने की विधि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना प्रशासन की शीर्ष प्राथमिकता है। एडीएम ने मौके पर ग्रामीणों की शंकाओं व समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। अंत में उन्होंने टीमों को स्पष्ट हिदायत दी कि अभियान की पारदर्शिता, समयबद्धता और गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा तथा सभी अधिकारी फील्ड में पूरी सतर्कता के साथ काम करें।

## दहेज उत्पीड़न में पति समेत चार के खिलाफ केस दर्ज

**मोहम्मदी खीरी**। गांव धर्म पुर निवासी एक नव विवाहिता ने ससुराल में दहेज की मांग पूरी न कर पाने पर गर्भ में पल रहे शिशु को नष्ट करा कर मारपीट कर सुहाग के गहने और कपड़े लेकर उसके मायके छोड़ जाने का आरोप लगाया है पुलिस के रिपोर्ट दर्ज नहीं करने पर मामले को लेकर विधायक से गुहार लगाई जिस पर पति समेत चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। धर्मपुर निवासी उपासना पुत्री आदेश शुक्ला के अनुसार उसकी शादी 2 वर्ष पूर्व बंडा जिला शाहजहांपुर निवासी अभिषेक उर्फ रजत के साथ 2 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। जिससे वह गर्भवती हो गई पति ने दो लाख नगद और एक बाइक अतिरिक्त दहेज में देने की मांग की जिसे देने में असमर्थता जताई जिस पर पति, सास उर्वशी, जेठ प्रदीप, और नीलम ने एक राय होकर जबरन दवा पिला दी जिससे उसके पेट में पल रहे शिशु की मौत हो गई पति ने सुहाग के जेवर और गहने लेकर उन्हीं कपड़ों में मायके छोड़ कर चले गए परिजन सुलह समझौता के लिए गिड़गिड़ाते रहे जिस पर पुलिस को कार्रवाई के लिए शिकायती पत्र दिया जिस पर उन्हें जांच की बात कहकर चलता कर दिया था जनप्रतिनित लोकेंद्र प्रताप सिंह से मिलकर आपबीती बताई थी तब जाकर पुलिस ने मामले में एक महीने बाद रिपोर्ट दर्ज की है।

## महिला थाना प्रभारी ने सुलह करा कर 5 जोड़े की विदाई कराई

लखीमपुर- खीरी। रविवार को महिला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला द्वारा काउंसलरों के सहयोग से 11 परिवारिक विवादों में पक्षकारों के मध्य सुलह का प्रयास कर के 05 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराके बिखरते परिवारों को जोड़ने का कार्य किया है। महिला थाना प्रभारी शिल्पी शुक्ला, काउंसलर सुश्री कुसुम गुप्ता, कय्यूम जरवानी के द्वारा दहेज उत्पीड़न, घरेलू हिंसा के उत्पीड़न, साझी गृहस्थी में निवास को लेकर उत्पन्न होने वाली समस्याओं के 11 शिकायती प्रार्थनापत्रों में काउंसलरों के सहयोग से 05 जोड़े पति-पत्नी की विदाई कराई गई है। 04 मामले ऐसे थे जिसमें पति-पत्नी में अत्यधिक मनमुटाव था, दोनों पक्षों की सहमति से सोचने का समय दिया गया ,एवं 02 मामले न्यायालय में लम्बित होने के कारण पक्षकार न्यायालय में सुलह का प्रयास करेगें।

## मारपीट की घटनाओं में महिला और बुजुर्ग घायल

गोला गोकर्णनाथ खीरी। वीओएल। क्षेत्र में मारपीट की तीन अलग-अलग घटनाएँ सामने आईं। जिनमें महिलाओं और बुजुर्गों को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित पक्षों ने कोतवाली में तहरीर देकर आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तीनों मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला खुजियापुर का है। पप्पू पुत्र लालता प्रसाद ने बताया कि उसकी माता गोमती देवी सब्जी और लहसुन का बीज लेकर जा रही थीं। इसी दौरान रूपराम पुत्र रामप्रसाद उसके पुत्र अभिषेक आदर्श तथा नवीन पुत्र इतवारी लाल ने लाठी डंडों से हमला कर दिया और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल मां बेटे ने किसी तरह थाने पहुँचकर तहरीर दी। दूसरी घटना ग्राम जलालपुर की है। जयदेवी पत्नी छत्रपाल ने छत्रपाल पुत्र बाबू पर लात घूसों से मारपीट करने गालियाँ देने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने बताया कि विपक्षी शराब के नशे में आए दिन विवाद करता है और उसे घर से निकालने की धमकी देता रहता है। तीसरा मामला भारत भूषण कॉलोनी का है। धनदेवी बाजपेयी पत्नी राकेश बाजपेयी ने आरोप लगाया कि प्रदीप अवस्थी पुत्र शिवकुमार अवस्थी और शशि अवस्थी पत्नी प्रदीप अवस्थी जबरन घर में घुस आए और उनके साथ साथ पुत्र सोहित को भी लात घूसों और ईंट से हमला कर घायल कर दिया। पीड़िता ने बताया कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षी लगातार धमकियाँ दे रहे हैं और पुत्र को झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कह रहे हैं। पीड़ित पक्षों ने कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस तीनों मामलों की जांच में जुटी है।

## करीब चार माह से अनवरत चल रहा राम नाम महाजाप

जिला संवाददाता(vol)

धौरहरा खीरी। तराई सहित काफी दूर दूर तक प्रसिद्ध व उपेक्षित धार्मिक स्थल में शुमार धौरहरा की राम बट्टी

- राम बट्टी धौरहरा के ठाकुर द्वारा मंदिर में हो रहा महाजाप
- उपेक्षित स्थलों में शामिल हैं रामबाटिका धाम



(रामबाटिका धाम) में पवित्र सावन माह के पहले दिन से राम नाम का महाजाप का पाठ धार्मिक भावनाओं से ताल्लुक रखने वालों द्वारा शुरू कराया गया था जो कि चार माह से अनवरत 24 घंटे जारी है भक्तों द्वारा बताया गया कि राम नाम महाजाप अनवरत प्रभू की इच्छा तक चलता रहेगा। प्राप्त विवरण के अनुसार तराई क्षेत्र से लेकर दूर दूर तक प्रसिद्ध व उपेक्षित स्थलों में शुमार धौरहरा कस्बे में मौजूद राम बट्टी (रामबाटिकाधाम) काफी समय से आस्था व धार्मिक भावनाओं का केंद्र बिंदु है। बताया जाता है कि इसी स्थल पर संत तुलसीदास ने रामचरितमानस में मौजूद बाल काण्ड की कुछ प्रतिया भी लिखी थी। आज भी इसी स्थल में संत द्वारा रोपित वट वृक्ष विशालकाय स्थिति में मौजूद हैं। इसी स्थल में प्राचीन मंदिर ठाकुर द्वारा में भगवान राम दरबार की मौजूदगी थी नई हालत में नया एक का भव्य मंदिर निर्माण भक्तों द्वारा करीब 15 वर्ष पहले कराया गया था। इसी मंदिर के अंदर कस्बा निवासी पंडित तेजनरायन मिश्रा द्वारा राम राम महाजाप की सावन माह में की गई थी तभी से उपरोक्त स्थल पर अनवरत 24 घंटे महाजाप चल रहा है हां चल रहे कार्यक्रम में यजमान बदलने का कृम लगातार जारी है। प्राचीन व प्रसिद्ध स्थल पर चल रहे राम नाम महाजाप से लोगों में खुशी का माहौल दिखाई दे रहा है।

## ग्रामीणों के विरोध के बाद सड़क मरम्मत का काम शुरू

मीरजापुर। जिले के विकास खंड जमालपुर, अंतर्गत भाईपुर-डवक मार्ग पर 21 नवंबर 2025 को ग्राम-भमौरा के सामने बाढ़ से क्षतिग्रस्त नहर मार्ग पर अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह द्वारा गमझा लहराकर गरदा उड़ानें वाले प्रतिकात्मक प्रदर्शन पर अगले ही दिन सड़क पर पहाड़ी मिट्टी डालकर गड्ढों को भरने का प्रयास किया गया, लेकिन अभी भी उसको पुरी तरह से समतल नहीं किया गया है।



बता दें कि इस वर्ष बरसात के मौसम में अत्यधिक बरसात होने के कारण जमालपुर क्षेत्र में भीषण बाढ़ आ गया था, जिस कारण से विकास खंड जमालपुर की ज्यादातर ग्रामीण सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। बाढ़ को गुजरे महीनों बीत जाने के बाद भी अभी तक ज्यादातर सड़कें जस की तस पड़ी हुई है, कुछ सड़कों पर तो अभी भी चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद है। महीने भर के अंदर ही जर्जर सड़कों का मरम्मत किये जाने के शासनादेश के बावजूद भी जमालपुर क्षेत्र की सड़कों के मरम्मत प्रति संबंधित विभाग की लापरवाही समझ से परे है। खराब जर्जर सड़कों के कारण आयें दिन दुर्घटनाएं भी हो रही हैं, कई लोगों को तो इलाज के लिए ट्रामा सेन्टर तक जाना पड़ गया है। आखिर शासन की उदासीनता एवं संबंधित विभागों की लापरवाही से आजिज ग्रामीणों द्वारा सड़कों के मरम्मत की मांग को लेकर अनोखे अंदाज में गमझा लहराकर गरदा उड़ानें वाला प्रतिकात्मक प्रदर्शन किया गया। चेतावनी दी गई है कि यदि सभी जर्जर सड़कों का मरम्मत अतिशीघ्र नहीं किया गया तो ग्रामीण सड़क पर आने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन की होगी। मांग करने वालों में अन्न दाता मंच के संयोजक चौधरी रमेश सिंह सहित अभिषेक सिंह, मनोज सिंह, विनोद सिंह, राम किशुन सिंह, अजीत सिंह, शशि सिंह, रामराम सिंह, राजन गुप्ता, अमित सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बसंत सिंह, रोहित सिंह, अवधेश सिंह आदि लोग रहे हैं।

## घायल महिला की मौत, ससुर गिरफ्तार

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के नेवादा गांव में लगभग 20 दिन पहले घटित निर्मम घटना में गंभीर रूप से घायल महिला ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। बीते 20 अक्टूबर को पति द्वारा की गई मारपीट में घायल सुचेता ने अस्पताल में अंतिम साँस ली। ज्ञात हो कि नेवादा गांव निवासी राहुल गौतम का पत्नी सुचेता से किसी बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद बढ़ने पर राहुल ने गुस्से में आकर पत्नी की गर्दन इस तरह मरोड़ दी जैसे किसी मुर्गे की गर्दन मरोड़ी जाती है। गंभीर रूप से घायल सुचेता को वह अचेत अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। सुचेता कई घंटे तक वहीं तड़पती रही। सूचना मिलने पर उसके मायके पवारा, थाना वामी के निवासी पिता शिवशंकर मौके पर पहुँचे और बेटी को तत्काल जिला अस्पताल ले गए, जहाँ 20 नवंबर से उसका उपचार चल रहा था। घायलावस्था में संघर्ष करते हुए सुचेता ने शनिवार सुबह दम तोड़ दिया।

## अज्ञात वाहन ने दंपति को मारी टक्कर, पति की मौत



गोला गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। रविवार दोपहर मोहम्मदी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर मदारी निवासी दम्पति रिश्तेदारी में दावत खाने जा रहे थे तभी बाइक को अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में पति की मौत हो गई जबकि पत्नी को मामूली चोटें आईं। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार 50 वर्षीय शमशाद पुत्र कलामुद्दीन पत्नी रूकसाना के साथ बाइक से सेनीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम सेहरुआ दावत में शामिल होने जा रहे थे। बिलहरी गांव के निकट किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को तेज रफ्तार में टक्कर मार दी। हादसे में शमशाद गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि रूकसाना को हल्की चोटें आईं। राहगीरों की मदद से दोनों को 108 एम्बुलेंस से सीएचसी ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने शमशाद को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। परिजनों ने शमशाद के शव का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। जिसके बाद वे शव को घर ले गए।

## भागवत कथा सुन श्रद्धालु भावविभोर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर के कुम्हारन टोला स्थित बाबा मृत्युंजय नाथ मंदिर प्रांगण में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन भक्तिमय वातावरण के बीच जारी है। मंगलवार को क्षेत्र के विधायक



अमन गिरि कथा स्थल पहुंचे और शामिल होकर परिसर को और अधिक आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कथा व्यास वृंदावन धाम से पधारे राधिका शरण जी महाराज, राधा किशोरी जी और श्याम किशोरी जी ने भगवान की विभिन्न लीलाओं का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र और श्रीकृष्ण लीला की झांकियों का मनोहारी वर्णन सुनकर पूरा मंदिर परिसर जय श्री राधे, जय श्री कृष्ण के जयघोषों से गूंज उठा। विधायक अमन गिरि ने कथा व्यासों के चरणों में प्रणाम कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा मनुष्य के जीवन में आध्यात्मिक चेतना जगाने के साथ ही नैतिक मूल्यों को भी मजबूत करती है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सद्भाव, ऊर्जा और सकारात्मकता लाते हैं। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधि और मंदिर समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मुंबई की टीम ऊर्जांचल के प्रदूषण पर बनायेगी डॉक्यूमेंट्री फिल्म

म्योरपुर, सोनभद्र। ऊजार्चंल में बढ़ते वायु और जल प्रदूषण को लेकर मुंबई की टीम यहां डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएगी। मुंबई से आई फिल्म की टीम ने



शक्तिनगर, अनपरा और बीजपुर का स्थलीय निरीक्षण किया। फिल्म की टीम ने अनपरा में स्थित हर घर जल नल योजना के तहत बनी पेयजल टंकी, शक्तिनगर के बलियानाला में बहते कोयला मिश्रित दूषित पानी, तथा बीजपुर की झीलो के आसपास फैले प्रदूषण का विस्तार से अध्ययन किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने विभिन्न स्थलों का फोटो वीडियो शूट किया। इस दौरान फिल्म के डायरेक्टर देवेन्द्र जाधव, फिल्म निमार्ता बंटी श्रीवास्तव, सुरेंद्र सिंह तथा अन्य लोग टीम के साथ मौजूद रहे। बताया कि इस डॉक्यूमेंट्री में उजार्चंल की प्रदूषण की स्थिति, पर्यावरण पर हो रहे प्रभाव को फिल्म मे दिखाया जाएगा। टीम के साथ मौजूद रहे सिंगरौली एवं सोनभद्र मे कइ दशको से पर्यावरण पर काम करने वाले एवं सुप्रीमकोर्ट मे एनजीटी मे जनहित याचिकाकर्ता, सिगरौली प्रदूषण मुक्ति वाहिनी के सदस्य और वरिष्ठ पर्यावरण कार्यकर्ता जगतनारायण विश्वकर्मा ने कहा फिल्म की शूटिंग होने से लोगो के अंदर क्षेत्र मे फैले प्रदूषण को लेकर जागरूकता आएगी।

## आजादी के बाद भी पईका के टोला में नहीं पहुंची बिजली

सोनभद्र। ब्लॉक रॉबर्ट्सगंज के ग्राम पंचायत पईका के टोला पथरहा में जहां भारी संख्या में ग्रामवासी है, और आजादी के 78 साल बाद भी इस टोला में बिजली आपूर्ति शुरू न होने से ग्रामीणों में गहरा रोष है। विकास के दावे और



सरकारी योजनाओं के बावजूद यह गाँव अब भी अंधेरे में है। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश सचिव प्रदीप यादव ने बताया कि, वर्षों से कई बार अधिकारियों को आवेदन दिए गए, लेकिन न तो बिजली के खंभे लगाए गए और न ही ट्रांसफॉर्मर की व्यवस्था की गई। गाँव के बच्चे रात के समय पढ़ाई नहीं कर पाते, जबकि व्यवसाय और कृषि कार्यों पर भी इसका असर पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनावों के दौरान नेताओं ने बिजली आपूर्ति का वादा तो किया, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही बिजली उपलब्ध नहीं कराई गई, तो वे सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। इस प्रदर्शन में रोहन पाठक, विनोद जायसवाल, मुन्नू, धीरज, सोनू, धीरेन्द्र, अनीता, लल्लू, रीता जायसवाल, जगनरायन, नंदू, बट्टल देवी, आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता संपन्न



जिला संवाददाता(vol)

पलियकलां खीरी। ब्लाक स्तरीय बेसिक बालक्रीड़ा प्रतियोगिता का आरंभ कंपोजिट विद्यालय बिशेनपुरी के प्रांगण में हुआ दीपप्रज्वलन का कार्य एस एसबी के इंस्पेक्टर अरुण कुमार ने किया इसके बाद माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ 600 मीटर दौड़ ब( बालिका का आयोजन व पुरस्कार वितरण एवं उसी क्रम में मुख्य अतिथि विधायक रोमी साहनी पलिया का आगमन हुआ उनका और उनके साथ आए हुए सभी को बैज लगाकर स्वागत किया गया। विधायकजी के सामने ही 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता बालक बलिका का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम द्वितीय तृतीय श्रेणी प्राप्त को नगद पुरस्कार प्रदान किया। यह समस्त कार्यक्रममें खंड शिक्षा अधिकारी रमन सिंह के निर्देशन हुए व्यायाम शिक्षक राजेश ? कुमार मिश्रा की उपस्थिति में सपन्न हुए। उच्च प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष उमाशंकर कनौजिया तथा ब्लॉक अध्यक्ष ललित कुमार आज सभी अधिकारी उपस्थित रहे। प्रतियोगिता मैं बालक और बालिकाओं ने भाग लिया मुख्य रूप से प्रतियोगिता भाग लिया मुख्य रूप से 100 मी 400 मीटर 600 मी दौड़ गोला फेंक 30 35 45 क कुश्ती वॉलीबॉल को को लंबी कूद कबड्डी आदि शामिल रहे इस प्रतियोगिता में विद्यालय निबुआ बोझ मड़वा पश्चिम, त्रिलोकपुर, सिंगाही खुर्द महंगा पर, मुरार खेड़ा ,सुमेर नगर, बिसेन पुरी ,बसही, बसंतापुर कलां त्रिकोलिया संपूर्ण नगर ,बम नगर ,रानी नगर ,विचित्र नगर आदि शामिल हुए।

ओवरऑल चैंपियनशिप में न्याय पंचायत सिंगाही खुर्द एवं उपविजेता महंगा पुर रहा।

## ऊंची भूड़ में सीसी रोड का उद्घाटन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। शहर के वार्ड 22 ऊँची भूड़ गोकर्ण पंचम में बनने के बाद नई सीसी रोड अब आवागमन के लिए खोल दी गई। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने वरिष्ठजन और वार्डवासियों के साथ पूजन विधि सम्पन्न कर सड़क का उद्घाटन किया। सड़क निर्माण से स्थानीय लोगों को लंबे समय से चली आ रही असुविधाओं से राहत मिलने की उम्मीद है।

उद्घाटन के दौरान पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने का कार्य लगातार जारी है और विकास कार्यों में किसी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जहां भी सड़क, नाली या रोशनी की कमी है, वहां प्राथमिकता से काम कराया जाएगा। कार्यक्रम में अधिवक्ता नरेश सिंह भदौरिया, समाजसेवी गुरुसरन पाठक, अधिवक्ता अरुण दीक्षित, कृष्ण कुमार अवस्थी और सभासद मोहित कनौजिया आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सड़क को जनता को समर्पित किया।

उद्घाटन के समय रमाकांत तिवारी, अशोक सिंह, संतोष तिवारी, भाजपा बूथ अध्यक्ष शिवम कश्यप, वसंत तिवारी, विपिन, विष्णु गोपाल सक्सेना, सोनू भदौरिया, पंकज त्रिपाठी, ज्ञानू तिवारी, दीपक वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, जुगुल किशोर गुप्ता सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने प्रशासन का किया सहयोग रविवार को मार्केट रही संपूर्ण बंद

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। कस्बे में साप्ताहिक बंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए शनिवार को प्रशासन सख्त दिखा। नगर पंचायत की तरफ से तीन दिन पूर्व में लाउडस्पीकर द्वारा साप्ताहिक बंदी की सूचना दी जा रही थी जिसमें रविवार को व्यापारियों ने सहयोग भी किया जैसा की व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी व पदाधिकारियों ने रविवार को दुकान बंद करवाने के लिए मार्केट में भ्रमण किया।



इस दौरान व्यापार मंडल व अधिकारियों की टीम ने तहसील चौराहा, मुख्य बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, कपड़ा मंडी और जनरल मार्केट सहित कस्बे के प्रमुख हिस्सों का जायजा लिया। निरीक्षण में अधिकांश दुकानें बंद पाई गईं, जिससे पता चला कि सभी व्यापारी साप्ताहिक बंदी के नियमों का पालन कर रहे हैं हालांकि, कुछ दुकानदार रविवार को भी अपनी दुकानें खोले हुए मिले। अधिकारियों ने ऐसे दुकानदारों को मौके पर ही सख्त चेतावनी दी और भविष्य में नियम का उल्लंघन न करने की हिदायत दी। व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद चतुर्वेदी ने बताया कि साप्ताहिक बंदी व्यवस्था व्यापारियों की सुविधा और बाजार की नियमितता बनाए रखने के लिए आवश्यक है साथ ही व्यापारियों से प्रशासनिक प्रयासों का समर्थन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी व्यापारी रविवार को अपनी दुकानें बंद रखकर प्रशासन का सहयोग करें, ताकि कस्बे में अनुशासन और व्यवस्था बनी रहे निरीक्षण के दौरान बाजार में हलचल देखी गई और प्रशासनिक टीम की सख्ती को लेकर दुकानदारों में चर्चा बनी रही। अधिकारियों ने कस्बे में साप्ताहिक बंदी को लेकर आगे भी इसी तरह निगरानी जारी रखने का आश्वासन दिया है।

संक्षेप

## रेलवे पुलिस ने की सघन चेकिंग

आजमगढ़। स्थानीय स्टेशन पर आने-जाने वाले सरयू-यमुना एक्सप्रेस, साबरमती, गोदान, कैफियात एक्सप्रेस, ताप्ती गंगा समेत अन्य ट्रेनों की भी रेलवे पुलिस ने सघन चेकिंग की। इसी के साथ ही जीआरपी व आरपीएफ भी बोगियों को खंगाला और यात्रियों के साथ ही उनके सामानों की भी तलाशी लिये। स्टेशन पर आने वाले यात्रियों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया गया।

## नाली पर लगी पटिया जगह-जगह टूटी, लोग परेशान

आजमगढ़। नगर के मड़या मोहल्ला के मल्लाह बस्ती में आने-जाने वाली गली में पानी निकासी के लिए बनी नाली पर लगी पटिया जगह-जगह टूट गई है। जिससे आने-जाने वाले राहगीरों को दिक्कते उठानी पड़ रही है। आये दिन लोग खुले नाली में गिरकर चोटिल हो रहे हैं। मड़या मोहल्ला के मल्लाह बस्ती में आने-जाने वाले मार्ग के बीचो बीच गंदा पानी के निकासी के लिए नगर पालिका की तरफ से नाली का निर्माण कराया गया है। इधर एक साल पहले नाली पर रखी गयी पटिया जगह-जगह टूट कर गायब हो गई। जिससे रास्ते के बीच में नाला खुला है। उक्त गली से मुहल्लेवासियों का हमेशा आना-जाना लगा रहता है। लोग आये दिन खुले नाली में गिर कर घायल होते रहते हैं। इसके बाद भी नगर पालिका प्रशासन अंजान बना हुआ है। हालांकि इसे लेकर मुहल्लेवासियों ने कई बार नपा अधिकारियों से शिकायत कर नाली पर पटिया लगवाने की मांग की, लेकिन अभी तक खुले नाली पर पटिया नहीं लगावा गया है। मुहल्ले के नवीन, अशोक, समीर आदि ने नपा प्रशासन से शीघ्र नाली पर पटिया लगवाने की मांग की।

## डूबे युवक की लाश चौथे दिन मिली

जफराबाद थाना क्षेत्र के वजहुद्दीनपुर सरैया गांव के पास गोमती नदी में एक 22 वर्षीय युवक की लाश मिली। पुलिस ने लाश को नदी से निकलवाकर कब्जे में ले लिया। ज्ञात हो आजमगढ़ जनपद के गम्भीरपुर थाना क्षेत्र के गोमाडीह गांव निवासी मुकेश कुमार पुत्र नंदलाल 20 नवम्बर को एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार में शामिल होने गोमती नदी के रामघाट आया था।शव के अंतिम संस्कार के बाद सभी लोग नदी में नहाने लगे।नहाते समय मुकेश डूब गया।लोगों ने काफी खोजबीन किया।परन्तु उसका पता नही चल सका। रविवार को ऊक्त गांव के पास एक युवक का शव उतराया दिखा।जिसकी सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना पाकर थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल मय फोर्स मौके पर पहुंचे।उन्होंने लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया।सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। थानाध्यक्ष श्री शुक्ल ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## दुर्घटना को दावत दे रहा पुल पर बना गड्ढा

आजमगढ़।निजामाबाद कस्बा के मुहम्मदपुर-मंदुरी मार्ग पर तमसा मुख्य मार्ग पर बने पुल के बना गड्ढा दुर्घटना को दावत दे रहा है। यह गड्ढा आते जाते लोगों के लिए कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। लेकिन जिम्मेदारों की ओर से गड्ढे को भरा नहीं जा रहा है। मुहम्मदपुर-मंदुरी मार्ग पर निजामाबाद मार्ग मुहम्मदपुर, फरिहां, तहबरपुर और कप्तानगंज को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग है। सड़क पर गड्ढे के चलते किसी भी क्षण दुर्घटना घट सकती है।

# डीएम ने पुनरीक्षण अभियान के तहत बूथों का किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बद्रीनाथ सिंह ने रविवार को भ्रमणशील रहकर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत विकास खण्ड चतरा के प्राथमिक विद्यालय तियरा कला, बरइेल, लसड़ा, बीआरसी चतरा, तहसील राबर्ट्सगंज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाताओं के नाम फीडिंग करने, गणना प्रपत्र का वितरण, बांटे गये गणना प्रपत्रों के एकत्रित करने की प्रगति का जायजा लिये।

इस दौरान प्राथमिक विद्यालय बरइल के बूथ पर सफाई कर्मी इन्द्र बहादुर अनुपस्थित पाये गये, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सफाई कर्मी के निलम्बन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये और पंचायत सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी करने की कार्यवाही की जाये। इस दौरान विभिन्न बूथों पर तैनात बीएलओ की उपस्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी तो विकास खण्ड नगवां के प्राथमिक विद्यालय देरव के शिक्षा मित्र बिक्रम सिंह अनुपस्थित पाये गये, इसी प्रकार से विकास खण्ड चोपन के प्राथमिक विद्यालय बिल्ली द्वितीय की सहायक अध्यापिका अर्चना तिवारी अनुपस्थित पायी गयी, जिस पर जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित शिक्षा मित्र व सहायक अध्यापक को कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन भुगतान पर रोक लगाने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस मौके पर जिला विकास अधिकारी हेमन्त कुमार सिंह, तहसीलदार सदर अमित कुमार सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मुकुल आनन्द पाण्डेय, जिला विद्यालय निरीक्षक जय राम सिंह, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## पुलिस ध्वज हमारे गौरवशाली अतीत, अदम्य साहस, बलिदान का प्रतीकः एसपी



सोनभद्र। उत्तर प्रदेश पुलिस ध्वज दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा द्वारा विधिवत ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी गई। इस अवसर पर अपने प्रेरणादायी संबोधन में पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिस ध्वज हमारे गौरवशाली अतीत, अदम्य साहस, बलिदान एवं कर्तव्यपरायणता का प्रतीक है। यह हम सभी पुलिसकर्मियों में गर्व, अनुशासन तथा कर्तव्यनिष्ठा की नई ऊर्जा का संचार करता है।

एसपी ने कर्तव्यपथ पर सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुर पुलिस जवानों को नमन करते हुए कहा कि उनके त्याग और शौर्य से ही पुलिस विभाग की गौरवमयी परंपरा और अधिक मजबूत हुई है। ध्वजारोहण के उपरांत पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त संदेश को सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पढ़कर सुनाया गया। संदेश में उल्लेख किया गया कि 23 नवम्बर,1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री पं0जवाहरलाल नेहरू द्वारा उत्कृष्ट कार्य और अद्वितीय प्रदर्शन के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था, जो सम्मान पाने वाला उत्तर प्रदेश देश का प्रथम राज्य है। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों द्वारा अपने-अपने थानों पर पुलिस ध्वज फहराकर सलामी दी गई तथा पुलिस महानिदेशक का संदेश सभी पुलिसकर्मियों को सुनाया गया। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार, क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ0चारू द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर राज सोनकर, प्रतिसार निरीक्षक मो. नदीम सहित अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

## मंडल स्तरीय युवा उत्सव व साइंस मेला धूमधाम से संपन्न



आजमगढ़। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा उत्सव के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग 2026 के लिए मंडल स्तरीय युवा उत्सव एवं साइंस मेला रविवार को प्रतिभा निकेतन इण्टर कॉलेज, अटलस पोखरा, आजमगढ़ में धूमधाम से संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने मां वीणा वादिनी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। जिला युवा कल्याण अधिकारी सुल्तान सिंह ने मुख्य अतिथि एवं आजमगढ़, मऊ व बलिया जनपदों से आए सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। अपने संबोधन में जिला विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित इस तरह के उत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का उत्तम मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से आग्रह किया कि वे इसी जोश के साथ आगे बढ़ें और मंडल, राज्य एवं देश का नाम रोशन करें। तीनों जनपदों के जनपद स्तरीय विजेताओं ने लोकगीत, लोकनृत्य, कविता लेखन, कहानी लेखन, पेंटिंग, डिक्लेमेशन एवं साइंस मेला (नवाचार आधारित प्रोजेक्ट) में हिस्सा लिया। परिणाम इस प्रकार रहे कि लोकगीत में आजमगढ़ प्रथम, बलिया द्वितीय, मऊ तृतीय, लोकनृत्य बलिया प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय, मऊ तृतीय, कविता लेखन में आजमगढ़ प्रथम, मऊ द्वितीय, बलिया तृतीय, कहानी लेखन में बलिया प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय, मऊ तृतीय, पेंटिंग में बलिया प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय, डिक्लेमेशन में बलिया प्रथम, आजमगढ़ द्वितीय, मऊ तृतीय, साइंस मेला में आजमगढ़ प्रथम रहे। निर्णायक मंडल में गायिका सपना बनर्जी, रमेश चंद यादव (आर्ट शिक्षक, एसकेपी इण्टर कॉलेज), आमिर जमाल (साइंस शिक्षक, शिबली नेशनल इण्टर कॉलेज), तुषार राज सिंह (जीडी ग्लोबल स्कूल), रमेश मिश्रा एवं संदीप सिंह (प्रतिभा निकेतन इण्टर कॉलेज) शामिल रहे। संचालन सुनील दत्त विश्वकर्मा ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी राजनेति सिंह, जगदीश प्रसाद यादव, कॉलेज प्रबंधक रमाकांत वर्मा, प्रधानाचार्य ध्रुव चंद मौर्य, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी मऊ दीपक कुमार सिंह, बलिया अमित कुमार चैहान, आजमगढ़ रोहित कुमार यादव सहित कई गणमान्य लोग एवं पीआरडी जवान उपस्थित रहे।

## टीबी मुक्त अभियान सराहनीयः ज्ञान प्रकाश



जौनपुर। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत पोषण सामग्री वितरण रविवार को आयोजित किया गया, जिसमे भाजपा के वरिष्ठ नेता ज्ञान प्रकाश सिंह द्वारा राजकीय लीलावती महिला चिकित्सालय में टीबी मरीजों को पोषण सामग्री का वितरण किया गया। लगभग 500 से अधिक टीबी मरीजों को यह सामग्री मुहैया कराई गई जिससे टीबी मरीजों को रोग से निजात मिले।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने कहा कि ज्ञानप्रकाश सिंह अपनी मातृभूमि के प्रति गहरा भाव रखते हैं और समयदसमय पर जौनपुर के लिए महत्त्वपूर्ण सेवा कार्य करते रहते हैं। आज का पोषण सामग्री वितरण इस अभियान का अब तक का सबसे बड़ा कार्यक्रम है, जिसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लक्ष्मी सिंह ने कहा कि ज्ञानप्रकाश सिंह जैसा समाजसेवी मिलना दुर्लभ है, जो वर्षों से स्वास्थ्य विभाग को लगातार महत्त्वपूर्ण सहयोग देते आ रहे हैं।इस मौके पर ज्ञान प्रकाश सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का टीबी मुक्त भारत अभियान सराहनीय है, इस अभियान से काफी हद तक भारत टीबी मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान में प्रशासन का सहयोग होने के साथ - साथ मैं पोषण सामग्री वितरित करके इस अभियान को आगे बढ़ाने का प्रयास कर रहा हूं।

## तोड़ फोड़ में सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

जौनपुर । पारिवारिक रंजिश को लेकर हुए हमले के मामले में थाना सरपतहा पुलिस ने सात आरोपितों पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश पर की गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय क्षेत्र स्थित गंगौली गांव निवासी करीम खान ने तहरीर देकर बताया कि उसका बड़ा पुत्र फिरोज खान कई वर्षों से अलग रह रहा है और पट्टीदारी के विवाद को लेकर आए दिन धमकी व गाली-गलौज करता है।

18 नवंबर की रात करीब आठ बजे फिरोज खान अपनी पत्नी रेशमा, पुत्री साबरीन, साली चांदनी, साले फारुख और आरिफ तथा सरहज हिना के साथ हथियार लेकर घर में घुस आया और परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया।करीम खान ने बताया कि फिरोज खान ने कुल्हाड़ी से उसके पुत्र दिलशाद खान पर वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच-बचाव करने पहुंची उसकी पत्नी सगीरूल निशा को भी चोटें आईं। हमलावरों ने घर में तोड़फोड़ कर एक लाख रुपये से अधिक का नुकसान पहुंचाया और सोने के जेवर भी लूटकर ले गए।घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई थी। बाद में एसपी के हस्तक्षेप पर पुलिस ने आरोपित फिरोज खान, रेशमा, साबरीन, चांदनी, फारुख, हिना और आरिफ के विरुद्ध आईपीसी की धारा 191(2), 191(3), 115(2), 352, 351(3), 110, 333, 324(4), 304 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।थानाध्यक्ष यजुवेन्द्र सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## रोजगार का अवसर देगा, आत्मनिर्भर भारत अभियानः कुसुम शर्मा



सोनभद्र। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा रविवार को आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम कोन मंडल में रीना शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर भारत, अपनी आवश्यकताओं के लिए आत्मनिर्भर और दूसरों पर निर्भरता कम करने के लिए एक पहल है। इसकी शुरूआत 12 मई 2020 को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय उत्पादन, नवाचार और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है। इस अभियान के तहत वोकल फॉर लोकल के विचार को बढ़ावा दिया जाता है, ताकि स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों का समर्थन किया जा सके।

जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देना है, यह स्थानीय और क्षेत्रीय निमार्ताओं और सेवा प्रदाताओं को मजबूत करता है। आत्मनिर्भर भारत का उद्देश्य देश को आर्थिक, सामाजिक और तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है, जिससे विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सके। यह अभियान युवाओं व महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने के साथ ही भारत को एक वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला केंद्र के रूप में बदलेगा। कार्यक्रम को कोन मंडल के मंडल अध्यक्ष रामलाल चेरो मंडल महामंत्री मनोज तिवारी रीता देवी, यशोदा देवी समेत अन्य पदाधिकारियो ने संबोधित किया।

# नयी श्रम संहिताओं से कामगारों को मिलेगा अधिक लाभ

जिला संवाददाता

- 18 हजार तक की आय वाले पत्रकारों को भी मिलेगा लाभ
- मीरजापुर के तीन श्रमिकों की राजस्थान में हुई मौत पर जताया शोक

मीरजापुर। मिजार्पुर असंगठित कामगार यूनियन (माकू) अध्यक्ष राजेश दुबे एडवोकेट ने उप्र सरकार एवं भारत सरकार को धन्यवाद देते हुए इस नये कानून पर श्रमिकों को बधाई दी। जिले के मुहकुचवां स्थित कैम्प कार्यालय पर हुई चर्चा के दौरान अध्यक्ष राजेश ने नये श्रम कानून को बेहतर बताया और कहा कि पूर्व मे कुल अलग-अलग 29 प्रकार के श्रम कानून से अलग-अलग बातें सामने निकल कर आई थी। यह कानून आजादी से पूर्व सन 1930 से सन 1950 के बीच लाएं गए थे इसी बीच 2019 और 2020 में लाए गए कानून सुधार कानून को 21 नवंबर 2025 को केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया जो श्रमिक हित में बेहतर साबित होंगे।

पूर्व के 29 कानूनों की जगह अब केवल चार श्रम कानून पूरे भारत के समस्त प्रदेशों में लागू हो गई है, जिससे तकरीबन 40 करोड़ से अधिक श्रमिकों को लाभ मिलेगा। यह कानून-कोड आंन वेजेज 2019, इंडस्ट्रियल रिलेशंस कोड 2019, कोड आंन सोशल सिक्योरिटी 2020, ऑक्यूपेशनल सेफ्टी, हेल्थ एंड वर्किंग कंडीशंस कोड 2020 के नाम से जाना जायेगा जैसा कि सरकार ने कहा है। नए कानून लागू होने से न्यूनतम एवं समय पर वेतन जैसा कि पहले देर से मिलती थी लेकिन अब कामगारों को 1 से 7 तारीख के बीच में प्रत्येक माह मिलेगी और न मिलने पर इसे अपराध माना जाएगा। ग्रेच्युटी के नियम जो पूर्व में 5 साल काम करने पर लागू होते थे अब वह 1 वर्ष में लागू होंगे। हर कामगार को नियुक्ति पत्र मिलेगी। श्रमिक को ओवरटाइम का दुगना भुगतान मिलेगा। 40 साल से अधिक श्रमिकों का मुफ्त स्वास्थ्य चेकअप होगा इस प्रकार के अनेक फायदे इस नए कानून के आ जाने से श्रमिक वर्ग को मिलेगा। यूनियन के अध्यक्ष राजेश दुबे ने कहा सभी क्षेत्रों में श्रमिक कल्याण को मजबूत करने के उद्देश्य से यह हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत सरकार की एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में जाना जायेगा, भारत के लंबे समय से प्रतिक्षित श्रम सुधार लागू हो गए हैं, सभी चार नए श्रम कोड आधिकारिक तौर पर अधिसूचित और 21 नवंबर, 2025 से लागू हो गए हैं। यूनियन के महामंत्री मंगल तिवारी ने कहा प्रधानमंत्री द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम है। सूचनाओं के अनुसार 18 हजार तक की आय वाले पत्रकारों को भी लाभ मिलेगा। डिलीवरी और मोबिलिटी कर्मचारियों को भी बड़ी राहत होगी। घर और कार्यस्थल के बीच यात्रा के दौरान होने वाली दुर्घटनाओं को अब रोजगार से संबंधित माना जाएगा, जिससे कर्मचारी दुर्घटना मुआवजे के पात्र बनेंगे। लाभों की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए, सरकार ने आधार से जुड़े एक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर शुरू किया है, जिससे राज्यों में कल्याणकारी योजनाओं तक आसान और पोर्टेबल पहुंच संभव हो सकेगी। कहा ये संहिताए सभी प्रकार के लैंगिक भेदभाव पर रोक लगाती हैं और समान कार्य के लिए समान वेतन सुनिश्चित करती हैं। महिलाएं अब रात्रि प्रहर में काम कर सकती हैं और सभी प्रकार के उद्योगों में काम कर सकती हैं, जिनमें खनन और भारी मशीनरी जैसे पहले प्रतिबंधित क्षेत्र भी शामिल हैं, बशर्ते उनकी सहमति और अनिवार्य सुरक्षा व्यवस्था हो। 26 सप्ताह के सवेतन अवकाश, शिशुगृह सुविधाओं तक पहुंच और घर से काम करने के लचीले विकल्पों के साथ मातृत्व लाभों को और मजबूत किया गया है। महिला कर्मचारियों को 3,500 रुपये का चिकित्सा बोनस भी मिलेगा। इसके अतिरिक्त, महिला श्रमिकों के लिए परिवार की परिभाषा का विस्तार करके इसमें सास-ससुर को भी शामिल किया गया है, जिससे सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों के तहत आश्रितों का दायरा बढ़.गया है। उन्होंने नए श्रम संहिताओं के कार्यान्वयन का स्वागत करते हुए कहा है कि ये सुधार लंबे समय से लंबित सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करेंगे, श्रमिक अधिकारों को सुव्यवस्थित करेंगे और उन लाखों लोगों तक कवरेज का विस्तार करेंगे जो पहले औपचारिक दायरे से बाहर थे। चर्चा के दौरान अध्यक्ष ने श्रमिकों के प्रति यूनियन की तरफ से शोक संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि हम सभी माकू यूनियन की तरफ से चुनार क्षेत्र के उन तीनों दिवंगत श्रमिकों, अजय कुमार (21) पप्पू कुमार (25) गोविंद मौर्य (22) को अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हैं जिनकी राजस्थान प्रदेश में कार्य के दौरान सीमेंट फैक्ट्री के बॉयलर फटने से मौत हो गई।

## खनन हादसे की मजिस्ट्रेटिव जांच महज दिखावा

सोनभद्र। खनन हादसे में मजदूरों के मौत पर प्रचलित मजिस्ट्रेटिव जाँच सिर्फ दिखावा। जिलाधिकारी की भूमिका संदिग्ध होने की स्थिति में अपर जिलाधिकारी न्यायिक से निष्पक्ष जांच की उम्मीद नहीं की जा सकती। उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्ति न्यायमूर्ति की अध्यक्षता में विधिक पहलुओं को समाहित करते हुए बगैर प्रशासनिक और राजनीतिक दबाव के निष्पक्ष जांच हेतु कमेटी बनाने के लिए मुख्यमंत्री को लिखें गए पत्र के हवाले से विकाश शाक्य ने कही है। श्री शाक्य ने बताया कि कृष्णा माईनिंग में खनन हादसे के पूर्व ही ऋतिशा बनाम यूनियन ऑफ इंडिया ।1050/2024 छळ्ज्मे तथ्य और साक्ष्य के साथ दाखिल किया गया था कि कृष्णा माईनिंग अत्यधिक गहरी भूमि भू-गर्भ जल स्तर के नीचे खतरनाक तरीके से खनन करते हुए पर्यावरण को क्षति पहुंचाया जा रहा है तथा भारी विस्फोटकों का प्रयोग किया जा रहा है। एनजीटी के आदेश 9 अगस्त,2024 के क्रम में जिलाधिकारी ने 30 अक्टूबर,2024 को प्रभागीय वनाअधिकारी, उप जिला अधिकारी ओबरा, खान सुरक्षा निदेशक वाराणसी, प्रभारी अधिकारी भूत तत्व एवं खनिकर्म विभाग, क्षेत्रीय प्रदूषण अधिकारी एवं ज्येष्ट खान अधिकारी की संयुक्त जांच कमेटी बनाई थी। संयुक्त जांच कमेटी के इन सभी अधिकारियों ने रिपोर्ट दी है कि कृष्णा माईनिंग में बेंच बनाकर खदान मे वेंच बना हुआ है अत्यधिक भारी ब्लास्टिंग नहीं पाया गया मजदूरों को हेलमेट, मास्क, शूज और सेफ्टी बेल्ट दिया जाता है इसी जांच को जिलाधिकारी ने पुष्ट करते हुए व्यक्तिगत हलफनामा के साथ एनजीटी को रिपोर्ट सौंपा था जो सफेद झूठ था, परिणाम स्वरूप बड़ी तादाद में मजदूरों की मौत हुई है।

विधिक पहलुओं के हवाले से एडवोकेट विकाश शाक्य ने बताया कि खान एवं खनिज (विकास एवं विनिमयन) अधिनियम 1957 संशोधित 2023 में खनन क्षेत्र की निगरानी के लिए लेखपाल, राजस्व निरीक्षक और उप जिलाधिकारी की भी जिम्मेदारी तय की गई है। कृष्णा माईनिंग द्वारा राज्य सरकार की जमीनों पर अवैध खनन करने का आरोप भी पुष्ट हुआ है। खनन गतिविधि की रिपोर्ट और कार्यवाही करने का विधिक जिम्मेदारी थी। खतरनाक स्थिति में ई०सी० शर्तों के विपरीत संचालित कृष्णा माईनिंग की कोई भी रिपोर्ट लेखपाल, राजस्व निरीक्षक द्वारा नहीं दी गई, उपजिलधिकारी को भी खनन स्थलों का भौतिक सत्यापन किया जाने का विधिक दायित्व है परंतु ऐसा नहीं किया गया। यह प्रशासन और खननकर्ता के आपसी गठजोड़ उजागर करता है।

## जर्जर हो चुके गेट का कराया गया ध्वस्तीकरण



ड्रमंडगंज, मीरजापुर। क्षेत्र के सेमरा कलां चौराहे पर गड़बड़ा धाम मार्ग पर छह वर्ष पूर्व बनाए गए प्रवेश द्वार के गेट का एक खंभा अज्ञात वाहन की टक्कर से कई माह से नीचे की ओर झुक गया था जो खतरे को आमंत्रण दे रहा था। रविवार को बीडीओ विजय शंकर त्रिपाठी के निर्देश पर ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया ने जेसीबी मशीन से गेट का ध्वस्तीकरण करा दिया। ग्राम प्रधान शिव गोविंद चौरसिया ने बताया कि सोमवार से शुरू होने वाले गड़बड़ा धाम मेला में वाहनों के आवागमन और दर्शनार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बीडीओ हलिया के निर्देश पर गिरने के कगार पर पहुंच चुके जर्जर गेट का ध्वस्तीकरण करा दिया गया है।सड़क पर फैले गेट के मलबे को साफ करा दिया गया है। सेमरा कलां गांव में गड़बड़ा धाम मार्ग पर बनाए गए प्रवेश द्वार के जर्जर हो जाने पर क्षेत्रीय लोगों द्वारा बहुत दिनों से गेट का ध्वस्तीकरण कर नवीन प्रवेश द्वार बनाए जाने की मांग की जा रही थी।

## बारात आने से पहले दुल्हन प्रेमी संग फरार

जौनपुर। बारात आने से पहले दुल्हन प्रेमी के साथ फरार हो गयी जिससे परिवारवालों में हड़कंप मच गया। बक्शा थाना अंतर्गत अलीगंज बाजार में बारात आने वाली थी। शादी की सारी रस्में पूरी हो रही थी। जब घर वाले लड़की के कमरे में गए तो वो वहां नहीं मिली। काफी खोज बीन के बाद पता लगा दुल्हन अपने प्रेमी के साथ भाग गई है। बारात बिना दुल्हन के वापस लौट गई। लड़की के इस कदम से परिजन पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। लड़की दूसरे जाति की और लड़का दूसरे जाति का बताया गया है। लड़की पक्ष वालों ने तहरीर दी है और पुलिस जांच कर रही है। एसओ विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर उचित कारवाई की जाएगी।

## 25 नवंबर की परीक्षा अब 30 को होगी

जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने 25 नवंबर को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा घोषित अवकाश के कारण उस दिन होने वाली सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह द्वारा जारी कार्यालय विज्ञप्ति में बताया गया कि विश्वविद्यालय से संबद्ध सभी महाविद्यालयों में 25 नवंबर की सभी परीक्षाएँ अब पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्र, समय और विषय के अनुसार 30 नवंबर 2025 को आयोजित की जाएँगी।विश्वविद्यालय प्रशासन ने संशोधित परीक्षा कार्यक्रम भी जारी कर दिया है। विद्यार्थी वेबसाइट व अपने संबंधित महाविद्यालयों से अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## ग्यारह सदस्यों के परिवार में 12 हेलमेट

जौनपुर। पूरे नवम्बर महीने में यातायात जागरूकता के लिए प्रशासन की ओर से कई कदम उठाए गए हैं। एक ओर इसे लेकर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है तो दूसरी ओर जनपद में यातायात नियमों को तोड़ने पर चालान काटे जा रहे हैं।




जनपद के एक ऐसे परिवार की चर्चा करके समाज को एक सकारात्मक संदेश देना चाह रहा है जहां पूरे परिवार के लिए चाहे वे छोटे बच्चे हों या महिलायें हों या पुरुष सभी के लिए अलग-अलग साइज के हाफ -फुल दर्जन भर हेलमेट मात्र इस मकसद से रखें गये हैं कि परिवार का कोई सदस्य बाइक और स्कूटर से सड़क पर जाये तो मौसम के अनुसार उसे हेलमेट जरुर उपलब्ध रहे इसका सकारात्मक परिणाम यह हुआ है कि सड़क पर हेलमेट पहनकर चलना इस परिवार के बड़ों को छोड़िए बच्चों के लिए शौक से कम नहीं है।इस परिवार के पांचों बच्चे शगुन, धैर्य,श्रीशा,साहस, श्रेष्ठ सभी आपको हेलमेट और हार्नेस बेल्ट लगाकर सड़क पर चलते दिख जायेंगे।नये मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार चार वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों के लिए हेलमेट अनिवार्य है और हार्नेस बेल्ट लगाना जरूरी है लेकिन नियम की बात अपनी जगह हेलमेट लगाना इस परिवार का हर सदस्य खुशी- खुशी अपनी जिम्मेदारी समझता है। चर्चा विकास खंड मछलीशहर के बामी गांव के जितेंद्र बहादुर सिंह के परिवार की जा रही है।इस परिवार में सदस्य तो ग्यारह हैं और हेलमेट बारह हैं। जितेन्द्र बहादुर सिंह आगे कहते हैं कि हेलमेट भले ही कभी कभार एक्सीडेंट होने पर हमारी जान बचायें लेकिन धूल धुआं से तो हर रोज हमें बचाते हैं। आखिर जब सड़कें यूरोपियन और अमरीकन मानक की तैयार हो रहीं हैं तो हमें सड़क सुरक्षा के प्रति अधिक सजग बनने की जरूरत है ।परवाह करेंगे तो सुरक्षित रहेंगे।

## आस्थाः गड़बड़ा धाम मेले की तैयारी पूर्ण

मीरजापुर। जिले के विख्यात देवी धाम गड़बड़ा मां शीतला के धाम में लगने वाले 15 दिवसीय सोमवार को गवयी मेला है, जिसकी तैयारी पूर्ण हो गई। रविवार को सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर तीन बैरियर व दो पार्किंग स्थल सेमरा रोड व गलरा



रोड से गडबडा धाम जाने वाले रास्ते में लगा कर पुलिस ट्यूटी पर तैनात हो गयी है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पूरी तैयारी पुर्ण कर पुलिस पीएसी की ट्यूटी लगा दी गयी है। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ला ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे को दुरुस्त करा दिया गया है। 24 नवंबर को गवयी मेला व 30 नवम्बर व 1 दिसंबर को बडा (सहरहवा) मेला, 7 व 8 दिसम्बर को गवयी मेले से समापन होगा। मंदिर पुजारी मंगल धारी मिश्रा ने बताया कि परिसर में व्यवस्थाओं को लेकर एक दर्जन वालेंटियर्स लगाये गये है। कहा कि खोया बिछड़े लोगों से संपर्क करने हेतु अलाउंस की व्यवस्था की गई है जहां पर सड़क के किनारे लाउडस्पीकर के माध्यम से अलाउंस किया जाएगा एक लाख से अधिक दर्शनार्थियों को आने का अनुमान है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर स्थानीय पुलिस के अलावा थानाध्यक्ष लालगंज सहित संतनगर के अलावा 17 उपनिरीक्षक 76 कांस्टेबल 30 महिला पुलिस 10 ट्रैफिक पुलिस दो प्लाटून पीएसी सहित स्थानीय पुलिस मौजूद रहेंगे। एडीओ पंचायत रुपेश श्रीवास्तव ने मेले में साफ सफाई हेतु दो सिफ्ट में 60 सफाई कर्मचारियों की ट्यूटी,पानी टैंकर व सचल सौचालय की ब्यवस्था की गई है महिलाओं को पर्दा बदले की सेवटी नदी के किनारे अस्थायी ब्यवस्था की गई है।

## सफाईकर्मी की मौत पर कार चालक पर मुकदमा

जौनपुर। जफराबाद थाना क्षेत्र के किरतापुर उसरहिया गांव के पास शुक्रवार की रात कार के टक्कर से बाइक सवार सफाई कर्मी की मौत हो गयी थी।मृतक के भाई के तहरीर पर ऊक्त कार चालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया।ज्ञात हो कि क्षेत्र के करमही गांव निवासी सफाई कर्मी जितेंद्र यादव अपने मित्र अजय प्रजापति के साथ बाइक से वापस लौट रहा था। गांव के पास एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार जितेंद्र यादव की मौके पर ही मौत हो गई। वही उसका एक साथी घायल हो गया। थानाध्यक्ष जफराबाद ने बताया कि मृतक के भाई धर्मेंद्र यादव के तहरीर पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। कार चालक को चिन्हित करने में पुलिस जुटी हुई है।

संक्षेप

## शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी सुनील कुमार सिंह के कुशल निर्देशन व क्षेत्राधिकारी भाटपार रानी अंशुमन श्रीवास्तव के कुशल पर्यवेक्षण में बनकटा पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर सुन्दरपार तिराहे के पास स्थित पीपल पेड़ के पास से अभियुक्त स्वयंवर यादव पुत्र गोरख यादव साकिन सुरौली टोला लक्ष्मीपुर थाना सुरौली को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से एक अवैध देशी तमन्चा 12 बोर, 2 जिन्दा कारतूस 12 बोर तथा चोरी की एक मोटरसाइकिल पंजीकरण संख्या बी आर 29ए क्यू 9643 हीरो सुपर स्पलेण्डर बरामद करते हुए उसके विरूद्ध थाना बनकटा पर मु0अ0सं0 147/2025 धारा 317(2) बीएनएस व 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# सीएमओ ने बीसीपीएम, बीपीएम का वेतन रोका

जिला संवाददाता

**देवरिया।** सीएमओ डा.अनिल गुप्ता ने पीएचसी खुखुन्दु, मईल और चेरो में रविवार को आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वास्थ्य मेले से मरीजों की संख्या कम रहने पर नाराजगी जताई। उन्होंने आशा द्वारा मेले का प्रचार-प्रसार न करने पर और इसमे लापवाही बरतने व भ्रमण न करने पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए सलेमपुर, भलुअनी और भागलपुर के बीसीपीएम और बीपीएम का वेतन बाधित कर दिया। सीएमओ डा.अनिल कुमार गुप्ता ने सबसे पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुखुन्दु औचक निरीक्ष करने पहुंचे। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मचारी मौजूद मिले। ओपीडी रजिस्टर में 15 मरीजों के रजिस्ट्रेशन व स्वास्थ्य केंद्र परिसर में सफाई व्यवस्था संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सीएमओ ने नाराजगी जताई। सीएमओ ने कहा कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में अधिक से अधिक रोगियों के आने हेतु पर्याप्त मात्रा में प्रचार-प्रसार कराया जाए। जिससे अधिक से अधिक आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके। उपस्थित स्टाफ ने बताया कि क्षेत्र की आशा मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में मरीजों को लाने में कोई रूचि नहीं लेतीं हैं। जिसपर सीएमओ ने बीसीपीएम को फोन पर फटकार लगाते हुए वेतन बाधित कर दिया। उन्होंने उपस्थिति स्वास्थ्य कार्मियों को निर्देशित किया कि रोगियों और उनके तीमारदारों के साथ चिकित्सा कर्मी मधुर व्यवहार रखें और निरीक्षण में पाई गईं कमियों में तत्काल सुधार करें। इसके बाद सीएमओ डॉ गुप्ता प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मईल पहुंचे। यहां भी उपस्थिति रजिस्टर को देखा और मौजूद लोगों से रजिस्टर का मिलान कराया तो सभी मौजूद रहे। अस्पताल में फर्श के टूटे होने पर उन्होंने एमओआईसी को फोन कर उसे ठीक कराने का निर्देश दिया। सीएमओ ने ओपीडी रजिस्टर देखा तो 14 लोगों के रजिस्ट्रेशन हुए थे पर ओपीडी में कोई मरीज नहीं मिला। यहां भी आशा द्वारा मेले के प्रति जागरूकता न करने और मरीजों को न भेजनें की शिकायत मिली। सीएमओ ने बीसीपीएम भागलपुर का वेतन बाधित कर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। सीएमओ इसके बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चेरो पहुंचे यहां भी मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले में सन्नाटा पसरा था। चिकित्सक व स्वास्थ्यकर्मी तो मौजूद रहे पर मरीज कम आए। मेले में रजिस्टर पर 26 का रजिस्ट्रेशन किया गया था।

सीएमओ लैब पहुंचे और एलटी से जांच व माईक्रोस्कोप के बारे में पूछा तो उसने माईक्रोस्कोप का लाइट खराब होने की जानकारी दिया। इसके बाद सीएमओ ने खुद माईक्रोस्कोप को आन करके देखा तो लाईट जल रही थी। जिस पर उन्होंने एलटी को फटकार लगाते हुए कार्य प्रणाली में सुधार लाने का निर्देश दिया। यहां भी आशाओं मेले में रूचि न लेने की शिकायत मिली। सीएमओ ने इसे गंभीरता से लिया और बीसीपीएम और बीपीएम दोनों को फोन मिलाया तो बंद मिला। सीएमओ डॉ अनिल कुमार गुप्ता ने दोनों का वेतन बाधित कर कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। इस दौरान उनके साथ डिप्टी सीएमओ कार्तिक पाण्डेय मौजूद रहे।

- मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का किया निरीक्षण
- आशाओं द्वारा रूचि न लेने के कारण दी गई चेतावानी
- सीएमओ ने गंभीरता से लेते हुए की कार्रवाई

## चिकित्सा शिविर कल

**कसया, कुशीनगर।** तहसील के के ग्राम मधुरिया निवासी राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय उर्फ सप्पु पांडेय ने बताया कि उनकी माता स्वर्गीय कलावती देवी की 14 वीं पुण्यतिथि 25 नवंबर दिन मंगलवार को आयोजित है। इस अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित है और बुजुर्ग महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

## जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने बूथों पर दौरा कर एसआईआर की प्रगति का लिया जायजा

देवरिया। भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने विधानसभा रामपुर कारखाना के विभिन्न बूथों पर दौरा कर विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के तहत चलाए जा रहे एस आई आर अभियान का जायजा लिया तथा मौके पर ही कई मतदाताओं के फॉर्म भरवाए । इस दौरान उन्होंने ग्राम सभा नौतन के बूथ संख्या 138, 139 पर कार्यकताओं से अपील करते हुए कहा कि हर घर में संपर्क कर यह जानकारी जरूर प्राप्त करें कि हर परिवार के मतदाताओं को फॉर्म प्राप्त हुआ या नहीं और फॉर्म को भरकर जमा भी करवाएं। श्री सिंह ने जनपद के सभी विधानसभा प्रभारियों, मंडल अध्यक्षों, शक्तिकेंद्र संयोजकों, जिला पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से अपने अपने बूथों पर जाने का आग्रह भी किया ताकि सभी वैध मतों को मतदाता सूची से जोड़ा जा सके । उन्होंने कहा कि जहां भी तकनीकी या व्यवहारिक कठिनाई आती है तो संगठन के जिम्मेदार पदाधिकारियों से संपर्क करें ताकि समय रहते कठिनाइयों को दूर किया जा सके ।

## किसान दिवस में उठे मुद्दे पर डीएम का बड़ा निर्णय

**कुशीनगर।** किसान दिवस की बैठक में किसानों द्वारा उठाए गए महत्वपूर्ण मुद्दे पर डीएम महेन्द्र सिंह तंवर ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सभी संबंधित चीनी मिलों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं ।बैठक में किसानों ने मांग की थी कि बाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर स्थापित कम्प्यूटरीकृत /इलेक्ट्रॉनिक तौल केन्द्रों पर डिजिटल डिस्प्ले इस प्रकार लगाया जाए कि तौल कराने वाले कृषकों को तौल की पूरी प्रक्रिया तत्काल, स्पष्ट एवं पारदर्शी रूप से दिखाई दे। उक्त के क्रम में डीएम ने सभी अध्यासी/प्रधान प्रबन्धक–चीनी मिलें जनपद कुशीनगर, चीनी मिल पिपराइच जनपद गोरखपुर, चीनी मिल गड़ौरा, जनपद महाराजगंज, को निर्देशित किया है कि बाह्य गन्ना क्रय केन्द्रों पर डिजिटल डिस्प्ले को वेब्रिज के बाहर ऐसी उपयुक्त ऊँचाई और स्थान पर अनिवार्यतः स्थापित किया जाए, जहाँ से गन्ना तौल कराने वाले किसान स्वयं स्पष्ट रूप से तौल विवरण देख सकें। डीएम ने कहा कि ह्रतौल प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। किसी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी मिल प्रबंधन तत्काल प्रभाव से आदेश का अनुपालन सुनिश्चित करें। डीएम द्वारा जारी यह निर्देश किसानों की सुविधा, पारदर्शिता बढ़ाने और विवाद रहित तौल व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उप मुख्यमंत्री का कल को जनपद का भ्रमण कार्यकम प्रस्तावित

**कुशीनगर।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कल 24 नवंबर 2025 को 11.20 बजे कुशीनगर एयरपोर्ट, पर आगमन होगा। तत्पश्चात बौद्धमठ, कुशीनगर में (दर्शन/पूजन) उपरांत भाजप कार्यालय, रवीन्द्रनगरघूस, पडरौना में 11.50 बजे से कोर कमेटी/पार्टी पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक, तदोपरान्त जनपद की विकासशील एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा ।उप मुख्यमंत्री द्वारा 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय समस्त विभागों के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की जाएगी, तदोपरान्त 02.00 बजे प्रेस वार्ता की जाएगी। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात, उ०प्र०/ जनपद के प्रभारी मंत्री दिनेश प्रताप सिंह, उप मुख्यमंत्री, उ०प्र० केशव प्रसाद मौर्य के सभी कार्यक्रमों में साथ रहेंगे।

## सत्यम तिवारी ने आईआईटी मंडी हिमाचल के शोधार्थी ने अदाणी ग्लोबल इंडोलॉजी में पुस्कार पाकर नाम रोशन किया

**बरहज, देवरिया ।** न्किवि प्रधानाचार्य-रमेश तिवारी ₹अनजान ₹के पुत्र सत्यम तिवारी आईआईटी मंडी, हिमाचल के शोधार्थी ने अदाणी ग्लोबल इंडोलॉजी कॉन्क्लेव में एक लाख नकद एवं मेडल प्रथम पुरस्कार प्राप्त कर बरहज का नाम रोशन किया हैं।

आईआईटी मंडी के इशमहा केंद्र के पीएचडी सीनियर रिसर्च फेलो सत्यम तिवारी ने अदाणी ग्लोबल इंडोलॉजी कॉन्क्लेव के दौरान आयोजित प्रज्ञा टेक डीप-टेक स्टार्टअप चैलेंज में प्रथम पुरस्कार जीता।

अदाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन प्रीति अदाणी ने उन्हें एक लाख रुपये का पुरस्कार प्रदान किया ।देवरिया के बरहज निवासी सत्यम तिवारी की विजेता परियोजना स्वर योग डिटेक्शन डिवाइस पारंपरिक योग ज्ञान को आधुनिक तकनीक के साथ एकीकृत करती है। तिवारी योग विज्ञान में स्नातक स्वर्ण पदक विजेता हैं और एमडीएनआईवाई नई दिल्ली से मास्टर्स की डिग्री प्राप्त की है। शांतिग्राम, अहमदाबाद में आयोजित तीन दिवसीय कॉन्क्लेव में गौतम अदाणी, शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती, लोकसभा सदस्य नितीश भारद्वाज और अरुण गोविल के साथ-साथ विभिन्न आईआईटी के निदेशक, प्रोफेसर तथा देश-विदेश से आए विद्वान उपस्थित रहे।

इस ऐतिहासिक आयोजन में भारत नॉलेज ग्राफ निर्माण के लिए 100 करोड़ रुपये की प्रतिबद्धता घोषित की गई।

- तिवारी योग विज्ञान में स्नातक स्वर्ण पदक विजेता हैं और एमडीएनआईवाई नई दिल्ली से मास्टर्स की डिग्री प्राप्त की है

## जलज परियोजना के जूट प्रशिक्षण का समापन

**सोहावल-अयोध्या।** भारतीय वन्यजीव संस्थान, देहरादून द्वारा राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन (एनएमसीजी)के सहयोग से संचालित जलज परियोजना गंगा नदी तंत्र की जैव विविधता संरक्षण, तटवर्ती समुदायों के आजीविका संवर्धन तथा गंगा संरक्षण अभियान को सशक्त बनाने की दिशा में कार्यरत है।

यह परियोजना नदी किनारे के समुदायों को पर्यावरणीय संरक्षण कार्यों से जोड़ने, महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने और स्थानीय समाज को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लागू की गई है। इसी क्रम में अयोध्या जिले के मंगलसी गाँव में 15 दिवसीय जूट प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ।

प्रशिक्षण में जूट कटिंग,बोतल बैग, पेंसिल पाउच बैग, टिफिन बैग, लेडीज पर्स,स्वीट गिफ्ट बैग, फाइल बैग, राम नामी थैला, अन्य विभिन्न जूट उत्पाद से बनने वाले बैगों के बारे में जानकारी दी गई।

# एसआईआर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण अभियानः डॉ. सत्येन्द्र सिन्हा



**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष व मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के जिला प्रवासी डॉ सत्येन्द्र सिन्हा ने रविवार को कुशीनगर जनपद में भाजपा के मथौली , रामकोला, लक्ष्मीगंज और पडरौना मण्डल की अलग-अलग बैठकें किया, जिसमें मण्डल कार्यकताओं को निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान की जानकारी देते हुए कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण है। युवाओं की भूमिका पर भी जोर दिया गया। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र सिन्हा ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र को सशक्त और पारदर्शी बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

कहा कि यह अभियान सिर्फ प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पार्टी के संगठनात्मक दायित्व का भी हिस्सा है। प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वह अपने- अपने क्षेत्र में यह सुनिश्चित करें कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे ।रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती मतदाता की सक्रियता से होती है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी सुनिश्चित करें। विधायक ने सभी पदाधिकारियों से आग्रह किया कि वे संगठनात्मक सुदृढ़ता, जनसंपर्क और सेवा कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष विनोद भारती,जिला मंत्री अतुल श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द,मण्डल अध्यक्ष विवेकानंद पाण्डेय, अदालत प्रसाद आर्या, मनोहर गुप्ता, भुवनेश्वर त्रिपाठी,रामदेव कुशवाहा जी आशुतोष दुबे, मोनू सिंह, अवधेश पाण्डेय , सुधांशु पाण्डेय, अवध किशोर पाण्डेय,अरविन्द सिंह सहित मतदाता गहन पुनरीक्षण अभियान के मण्डल संयोजक सह संयोजक व प्रवासी उपस्थित थे।

## विश्व कल्याण की कामना के साथ बौद्ध भिक्षुओं वैशाली रवाना



**कसया, कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थली स्थित मुख्य महापरिनिर्वाण मंदिर में थाई भिक्षुओं के दल ने विशेष पूजन अर्चन कर चीवर चढ़ाया और विश्व कल्याण की कामना की। आए 116 भिक्षुओं और उपासकों ने थाई मॉनेस्ट्री के प्रमुख भिक्षु डॉ पी सोम पोंग और भंते सोन कॉर्न के निर्देशन में महापरिनिर्वाण मंदिर में धम्म पाठ किया और मुख्य थाई मंदिर में भिक्षुओं और उपासकों ने अपने गुरु भिक्षु चखून नरोंग, भंते विनय, चखून मेथी के साथ पूजन किया। माथा कुंवर मंदिर, अष्ट धातु वितरण स्थल, मुकुट बंधन चैत्य का दर्शन पूजन किया। यह पूजन थाई राजा वजीरालोंकर्ण के जन्मदिन पर विशेष था। जहां भिक्षुओं ने उनके दीघार्यु और सुखद जीवन की कामना की। यह दल 14 नवंबर को बोधगया पहुंचा और 15 नवंबर को 66 उपासक भंते बने। राजगीर, नालंदा होते हुए 19 नवंबर को लुंबिनी नेपाल पहुंचे और 21 नवंबर की शाम को कुशीनगर पहुंचे। दल 25 नवंबर को बैंकाक थाइलैंड के लिए बोध गया से रवाना हो जाएंगे। इस दौरान मेटा टूर एंड ट्रेवल्स के गाइड संजय कुमार, मनीष, हामिद, रोहित के अलावा भंते पी पविन, भंते पी नलोंग, पी अनुवत, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, गौतम शर्मा, सूरज यादव आदि मौजूद रहे।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 249 नेत्र रोगियों का पंजीकरण

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** महामण्डलेश्वर हरिचरण दास महाराज के आशीर्वाद से महन्त नृत्यगोपाल दास, कमल नयन दास तथा महन्त जयराम दास गोण्डा की सद्प्रेरणा से श्री सद्गुरू मित्र मण्डल चैरिटेबल ट्रस्ट, मुम्बई के आर्थिक सहयोग से मणिराम दास छावनी सेवा ट्रस्ट अयोध्या एवं ह्लकल्याणम् करोतिह्ल लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय नेत्र चिकित्सा सेवा शिविर में 249 नेत्र रोगियों का पंजीकरण किया गया जिसमें 106 नेत्र रोगियों के मोतियाबिन्द आपरेशन किए गए जबकि 143 नेत्र रोगियों को रिफ्रेक्शन एवं अन्य नेत्र उपचार से लाभान्वित किया गया। इनमें 57 महिला व 49 पुरुष नेत्र रोगी शामिल हैं ।उक्त जानकारी देते हुए श्री दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय परिक्रमा मार्ग वासुदेव घाट अयोध्याधाम के प्रबंधक डी0एन0 मिश्रा ने समापन समारोह में नेत्र चिकित्सालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस नेत्र चिकित्सालय के स्थापना काल से लेकर अब तक कुल 979108 नेत्र रोगियों का पंजीकरण किया गया। इनमें से कुल 244335 आपरेशन किये गये। जिनमें 241714 मरीजों के मोतियाबिन्द आपरेशन तथा 2621 लोगों के अन्य आपरेशन हुए ।जबकि रिफ्रेक्शन एवं उपचार विधि से 731773 से नेत्र रोगियों को लाभान्वित किया गया है । पूरे कार्यकाल में चिकित्सालय द्वारा 157033 आपरेशन पूर्णतः निःशुल्क हुए हैं शेष 85988 आपरेशन आंशिक सहयोग लेकर तथा 1314 आपरेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत सम्पन्न हुए हैं। रविवार को चिकित्सालय द्वारा त्रिदिवसीय नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन समारोह आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ भगवान श्रीराम व महामंडलेश्वर हरिचरण दास के चित्रों पर संत-महंतों द्वारा माल्यार्पण करके किया गया। इस समापन समारोह का संचालन कल्याण करोति संस्था लखनऊ के संजय शुक्ला द्वारा किया गया।

- 106 नेत्र रोगियों के किए गए मोतियाबिन्द आपरेशन




समारोह की अध्यक्षता मणिराम दास छावनी के पूज्य सन्त ने की। समारोह को महंत छवि राम दास, रसिक पीठाधीश्वर जन्मेजय शरण,रामायणी रामशरण दास महाराज सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने नेत्र रोगियों को उपचार व ऑपरेशन करके ज्योति प्रदान करना सबसे अधिक पुण्य का कार्य बताया। उन्होंने मरीजों से कि आप सभी अपने-अपने क्षेत्र में जाकर नेत्र रोगियों को प्रेरित करके श्री दीनबंधु नेत्र चिकित्सालय भेजें ताकि यहां आकर वे निःशुल्क अपने नेत्रों का ऑपरेशन व इलाज करा सकते हैं,यही सबसे बड़ी सेवा है। कल्याणम् करोति लखनऊ के संयुक्त सचिव डॉ. राजेश तिवारी ने समापन समारोह में आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण व शाल ओढ़ा कर स्वागत किया जबकि संस्था के सबसे वरिष्ठतम्सदस्य उमादत्त मिश्र ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में सद्गुरु मित्र मण्डल चैरिटेबल ट्रस्ट मुंबई के मन्नू भाई व रमेश भाई सहित अन्य लोगों ने मरीजों को कम्बल वितरित किए तथा चिकित्सालय की ओर से भोजन, दवाइयां,चश्मे देकर मरीजों को बिदा किया गया। इस कार्यक्रम में कल्याणम् करोति संस्था के मलिक, विनोद वैद्य एवं फैजाबाद के प्रमुख समाजसेवी भगीरथ पचेरीवाला , भाजपा के मण्डल अध्यक्ष मुकेश तिवारी,चिकित्सालय के सह प्रबन्धक हनुमान प्रसाद मिश्र, पत्रकार एस एन बागी, लक्ष्मण तिवारी, अनुराग मिश्र सहित सभी चिकित्सक, कर्मचारी व मरीजों के परिजन मौजूद रहे।

## रामपथ पर युद्धस्तर पर सुंदरीकरण

अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अयोध्या आज न सिर्फ धर्मनगरी के रूप में बल्कि आधुनिकता और विरासत के अद्भुत संगम के रूप में तेजी से विकसित हो रही है। ध्वजारोहण समारोह को देखते हुए इसी कड़ी में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा निर्मित चूड़ामणि चैराहा शहर की सांस्कृतिक पहचान और अद्वितीय स्थापत्य कला का नया प्रतीक बनकर सामने आया है।

अयोध्या विकास प्राधिकरण की ओर से निर्मित यह भव्य संरचना अयोध्या की प्राचीन परंपरा, शिल्पकला और आध्यात्मिक वैभव को आधुनिक अंदाज में दर्शाती है। सुनहरे रंग और पारंपरिक डिजाइनों से सजा यह आकर्षक स्मारक शहर के सौंदर्य को एक नई परिभाषा दे रहा है। यह चैराहा न सिर्फ फोटो पॉइंट बन चुका है, बल्किश्रद्धालुओं को अयोध्या की सांस्कृतिक गहराई का अनुभव भी कराता है।

## रामविवाह उत्सव व महाविद्यालय के वार्षिकोत्सव की तैयारियां पूरी

**देवरिया।** प्रत्येक वर्ष की भाती इस वर्ष भी रामविवाहोत्सव व संस्कृत महाविद्यालय के वार्षिक अधिवेशन 25 नवंबर दिन मंगलवार को होना है। जिसको लेकर तैयारी अपने अंतिम स्वरूप में चल रही है। अधिवेशन को लेकर प्राचार्य कक्ष में बैठक किया गया। जिसमें महाविद्यालय व रामविवाह से जुड़े सभी सहयोगियों को उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम को देखते हुए साफ सफाई रंग रोशन को देर रात अंतिम रूप दिया जा चुका है तथा इस वर्ष कार्यक्रम को भव्य व रोचक बनाने के लिए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों पर बल दिया गया है। प्राचार्य डॉ योगेश चतुवेर्दी ने बैठक को संबोधित करते हुए बताया कि इस वर्ष महाविद्यालय के वार्षिक अधिवेशन में विद्वानों का जमावड़ा होने वाला है। मुख्य अतिथि स्वयं सम्पूणार्नंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति व सांसद शशांक मणि त्रिपाठी होंगे। राम विवाह उत्सव से पूर्व सोमवार की सुबह ही पैकोली पीठाधीश्वर पूज्य पवहारी जी महाराज का आगमन महाविद्यालय परिवार के बीच हो जाएगा। जो आम जन मानस के लिए दर्शनीय होगा। महाराज श्री का आगमन वर्ष में एक बार ही बैकुंठपुर होता है । सोमवार से बृहस्पतिवार की सुबह तक महाराज जी का दर्शन संभव हो सकेगा। बैठक में साहित्य विभागाध्यक्ष डॉ मनीष शुक्ल, डॉ अजय शुक्ल, डॉ युगल किशोर तिवारी, संपूणार्नंद मिश्र, प्रवीण मिश्र, रविशंकर दुबे, डॉ मिथिलेश शुक्ल, नितेश उपाध्याय, विवेक उपाध्याय ,ओंकार नाथ पांडेय, शैलेश पांडेय और साधना मिश्रा मौजूद रही।

## रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, एकत्र हुए 16 यूनिट रक्त

जिला संवाददाता

**देवरिया।** प्राइवेट टीचर्स फाउंडेशन एवं राष्ट्रीय विद्यालय प्रबंधक संघ के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर काआयोजन लाइफ चैरिटेबल ब्लड सेंटर में किया गया। यह शिविर गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। जिसमें लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी विजय पटेल ने किया।

- कार्यक्रम की अध्यक्षता लाईफ चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संचालक मोहम्मद आरिफ ने की

कार्यक्रम की अध्यक्षता लाईफ चैरिटेबल ब्लड सेंटर के संचालक मोहम्मद आरिफ ने की।

उन्होंने स्वयं भी रक्तदान कर उपस्थित लोगों को समाजहित में योगदान देने हेतु प्रेरित किया। शिविर में प्रिंस तिवारी, आनंद मणि, संदीप चतुवेर्दी, प्रकाश पांडेय, मोहम्मद आरिफ, संतोष विश्वकर्मा, मयंक श्रीवास्तव सहित कई सामाजिक कार्यकताओं एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। इस रक्तदान शिविर में कुल 16 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। जो जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनदायी सिद्ध होगा। रक्तदान के महत्व पर विचार व्यक्त करते हुए प्रिंस तिवारी ने कहा कि रक्तदान करना प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति का कर्तव्य है।

क्योंकि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान बन सकता है।

उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बड़ा कोई दान नहीं। शिविर में उपस्थित सभी दाताओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं आयोजन समिति के सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

आयोजन संस्थाओं ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और आगे भी ऐसे मानव सेवा कार्यों में सहयोग बनाए रखने का संकल्प लिया।

# अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में हुए संघर्षपूर्ण मुकाबले

जिला संवाददाता



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर स्थित अरुणिमा सिन्हा स्टूडेंट एमिनिटी सेंटर में अंतर महाविद्यालय बॉक्सिग महिला पुरुष प्रतियोगिता के अन्तर्गत महिला एवं पुरुष वर्ग में रोचक एवं संघर्षपूर्ण मुकाबला देखने को मिला। महिला वर्ग की 45 से 48 किलोग्राम भार कैटेगरी में नेहा, सरयू महाविद्यालय, गोण्डा ने गोल्ड मेडल, पारुल, रोहित मेमोरियल पी जी महाविद्यालय, सुल्तानपुर ने सिल्वर मेडल, 47 से 51 किलोग्राम भार कैटेगरी में आंचल सिंह, नंदिनी नगर महाविद्यालय, गोण्डा ने गोल्ड मेडल, 51 से 54 किलोग्राम भार कैटेगरी में रघुकुल महिला महाविद्यालय, गोण्डा की अर्पिता कुशवाहा ने गोल्ड मेडल, 54 से 57 किलोग्राम भार कैटेगरी में, नंदिनी नगर महाविद्यालय, गोण्डा की रेबीन ने गोल्ड मेडल, नंदिनी नगर महाविद्यालय, गोण्डा की सृष्टि गुप्ता ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 57 से 60 किलोग्राम भार कैटेगरी में डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर की मधु ने गोल्ड मेडल प्राप्त किया। कीड़ा परिषद सचिव डॉ आशीष प्रताप सिंह ने बताया कि दूसरी तरफ पुरुष वर्ग के मुकाबलों में 47 से 50 किलोग्राम भार कैटेगरी में शौर्य कुमार पटवा, बाबा भोलेनाथ महाविद्यालय, सुल्तानपुर ने गोल्ड मेडल, 50 से 55 किलोग्राम भार कैटेगरी में पीयूष , संत भीखदास रामजस महाविद्यालय, अयोध्या ने गोल्ड मेडल, दिल मोहम्मद, संत भीखदास रामजस महाविद्यालय, अयोध्या ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 55 से 60 किलोग्राम भार कैटेगरी में हर्ष पाठक, संत भीखदास रामजस महाविद्यालय, अयोध्या ने गोल्ड मेडल, पंकज गुप्ता, नंदिनी नगर महाविद्यालय, गोण्डा ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 60 से 65 किलोग्राम भार कैटेगरी में आलोक नाथ प्रजापति, नंदिनी नगर महाविद्यालय, गोण्डा ने गोल्ड मेडल, देव इंद्रावती पीजी महाविद्यालय, अम्बेडकर नगर के विनय पल,ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 65 से 70 किलोग्राम भार कैटेगरी में शिवांश त्रिपाठी, डॉ . राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर ने गोल्ड मेडल, के.एन.आई.सुल्तानपुर के रूद्र प्रताप सिंह, ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 70 से 75 किलोग्राम भार कैटेगरी में आशुतोष सिंह, संत भीखदास रामजस महाविद्यालय, अयोध्या ने गोल्ड मेडल, आयुष प्रभात चैधरी, के .एन. आई. पी.एस. एस., सुल्तानपुर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 75 से 80 किलोग्राम भार कैटेगरी में आयुष गुप्ता, आर.आर .पी .जी. महाविद्यालय, अमेठी ने गोल्ड मेडल, अस्मित यादव, डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर, अयोध्या ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 80 से 85 किलोग्राम भार कैटेगरी में कार्तिक, देव इंद्रावती पीजी महाविद्यालय, अम्बेडकर ने गोल्ड मेडल, प्रियांशु डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय आवासीय परिसर ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। 90 $ किलोगाम भार कैटेगरी में अर्पित सिंह, संत भीखदास रामजस अयोध्या ने गोल्ड मेडल, हर्षित तिवारी, साकेत पी जी महाविद्यालय, अयोध्या ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया।

## कचहरी सीरियल ब्लास्ट की 18वीं बरसी पर अधिवक्ताओं ने मारे गए साथियों को दी श्रद्धांजलि




**अयोध्या।** कचहरी सीरियल ब्लास्ट की 18वीं बरसी पर कचहरी परिसर में दिवंगत अधिवक्ता पंडित राधिका प्रसाद मिश्र , स्टांप वेंडर ओम प्रकाश पांडे, मुंशी फागुराम, वादकारी केसरी को अधिवक्ताओं ने किया नमन ,पंडित राधिका प्रसाद मिश्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया नमन, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ने कहा कि आज के दिन ही कचहरी में ब्लास्ट हुआ था जिसमें राधिका प्रसाद मिश्र सहित अन्य का देहांत हो गया था हम सभी उनको नमन करते हैं। अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत अयोध्या के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पंडित जी के चित्र पर पुष्पांजलि करते हुए कहा कि आज 18 वर्ष बीत गए फिर भी वह सब यादें ताजा हो जाती हैं पंडित जी इसी स्थान पर बैठते थे , हम सभी इस पुण्य आत्मा को बारंबार नमन करते हैं और जिला प्रशासन से यह मांग करते हैं की घटना की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए जाएं ,नमन करने वालों में प्रमुख रूप से बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह ,अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, पूर्व कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र श्रीवास्तव, अधिवक्ता ,राजेंद्र प्रसाद तिवारी, अधिवक्ता इंद्रमणि त्रिपाठी, पवन कुमार तिवारी, गौतम यादव ,कर्मचारी राधेश्याम तिवारी ,प्रद्युम्न तिवारी लोग रहे ।

संक्षेप

## रिश्वत मांगने वाला दारोगा सस्पेंड

सीतापुर। जिले के तंबौर थाना क्षेत्र में तैनात दलपतपुर चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार को निलंबित कर दिया गया है। उन पर एक मुकदमे से नाम निकालने के बदले हजारों रुपये की अवैध मांग करने का आरोप है। यह कार्रवाई एक ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद की गई। वायरल ऑडियो के अनुसार पीड़ित व्यक्ति और चौकी इंचार्ज के बीच फोन पर लंबी बातचीत हुई। इसमें दारोगा कथित तौर पर मुकदमे में राहत दिलाने और नाम निकालने के एवज में मोटी रकम की मांग कर रहे थे। पीड़ित ने यह बातचीत रिकॉर्ड कर ली थी। ऑडियो में दरोगा स्पष्ट रूप से कहते सुनाई दे रहे हैं कि थोड़ा-बहुत खर्चा देना पड़ेगा तभी काम होगा। वह यह भी कहते हैं कि मामला धीरे-धीरे निपटा दिया जाएगा अभी ठंडा होने दो। रिकॉर्डिंग में चौकी इंचार्ज कथित रूप से पीड़ित से 10 से 20 हजार रुपए तक की रकम की मांग कर रहे थे। बताया जा रहा है कि यह मामला इलाके की एक किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने और बाद में उसकी पिटाई से जुड़ा है। इस मामले में अभियोग पंजीकृत होने के बाद चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र कुमार ही विवेचना कर रहे थे। ऑडियो वायरल होने के बाद एसपी अंकुर अग्रवाल ने तुरंत संज्ञान लिया। प्राथमिक जांच के आधार पर उन्होंने चौकी इंचार्ज को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया। एसपी ने स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार, दबाव और अवैध वसूली जैसे मामलों में किसी भी पुलिसकर्मी को बख्शा नहीं जाएगा। इस मामले में विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है।

## प्रेमी ने खाया जहर

सीतापुर में प्रेमिका की गोद भराई के बाद एक प्रेमी ने कथित तौर पर जहर खा लिया। यह घटना सीतापुर के थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के अकबरपुर गांव की है। युवक की हालत पहले गंभीर बताई जा रही थी, लेकिन अब उसमें सुधार है। जानकारी के अनुसार, अकबरपुर गांव निवासी कौशल के गांव की ही एक युवती से प्रेम संबंध थे। युवती की गोद भराई होने के बाद कौशल ने यह कदम उठाया। डॉक्टरों द्वारा दी गई जानकारी में जहर खाने का कारण प्रेम प्रसंग बताया गया है। सरकारी डॉक्टर अविरल तिवारी ने बताया कि युवक की हालत अब खतरे से बाहर है और उसका इलाज जारी है। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद उसे जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी।

## बहलाकर भगा ले जाने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के अभियुक्त को थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। उपनिरीक्षक बाबू राम ने बताया कि अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे। अभियान के क्रम में नाबालिक किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले जाने के अभियुक्त पेश कुमार पुत्र स्वर्गीय रामगुलाम निवासी ग्राम कटरी अल्लीपुर मरौंदा थाना सफीपुर को ग्राम काजीपुर के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक संपन्न

उन्नाव (वीओएल)। मुख्य विकास अधिकारी कृति राज की अध्यक्षता में प्रोजेक्ट अलंकार एवं अन्य विभागीय योजनाओं से संबंधित जनपद के राजकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त/ संस्कृत विद्यालय की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा समीक्षा करते हुए 6 अशासकीय विद्यालयों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। निस्तारण के लिए संबंधित को निर्देशित किया गया। कार्यदाई संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों मे लापरवाही बरते जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि किए जाने वाले कार्यों का मास्टर प्लान स्कूल के प्रधानाचार्य को अवश्य साझा करें। उन्होंने कहा कि जो भी कार्य पूर्ण हो गए हैं उनका संबंधित स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाण पत्र अवश्य प्राप्त कर ले इसके उपरांत ही हैंडओवर करें। तथा प्रधानाचार्य हैंडओवर का प्रमाण पत्र देने से पूर्व संबंधित कार्य का अच्छी तरह से निरीक्षण अवश्य कर ले कि कहीं कोई कमी तो नहीं बची है। जो भी कमियां बची हो उसे हैंडओवर करने से पूर्व कार्यदायी संस्था द्वारा अवश्य पूर्ण कर ले इसके उपरांत ही प्रमाण पत्र जारी करें। कुछ विद्यालयों के प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया कि उनके स्कूल में बनाई जाने वाली बाउंड्री ऊंची तथा नीची है इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त बाउंड्री वालों का निरीक्षण कराकर रिपोर्ट प्रस्तुत करें यदि ऐसी बाउंड्री हैं तो उनकी रिपोर्ट शासन स्तर पर प्रेषित की जाए।

# डीएम ने किया मतदाता पुनरीक्षण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर ने रविवार को लहरपुर तहसील क्षेत्रांतर्गत ग्राम भवानीपुर एवं ग्राम ताहपुर में मतदाता सूचियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत संचालित कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के क्रम बीएलओ द्वारा किए जा रहे गणना प्रपत्र वितरण, एकत्रीकरण व डिजिटाइजेशन कार्यों को पूरी शुद्धता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराए जाय। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा शिथिलिता नहीं होनी चाहिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि संपूर्ण प्रक्रिया के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का पूर्णतया अनुपालन करना सुनिश्चित किया जाए तथा निर्धारित समय सीमा में गणना प्रपत्रों का वितरण बीएलओ द्वारा किया जाए। गणना प्रपत्र भरवाने के बाद उसे अपने पास प्राप्त कर बीएलओ एप पर डिजिटाइज्ड करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए समस्त अधिकारियोंध्कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्य में तेजी लाएं, जिससे निश्चित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य संपन्न हो जाए। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। तत्पश्चात जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर ने लहरपुर तहसील के ही गांव ताहपुर स्थित गौशाला का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। जिलाधिकारी ने स्टॉक रजिस्टर, भुगतान रजिस्टर, निरीक्षण पंजिका, अलाव की व्यवस्था, हरे चारे की उपलब्धता, तिरपाल का प्रबंध आदि का गहनतापूर्वक अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने गौशाला में पशुओं के लिए भूसा, हरा चारा, पानी, अलाव, तिरपाल एवं समुचित उपचार के साथ ही ठंड से बचाव के सम्बन्ध में पर्याप्त प्रबंध सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लम्बित भुगतान समय से सुनिश्चित कराए जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सम्बन्धित अधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित कर निरीक्षण आख्या प्रेषित करें। जिलाधिकारी ने पशु चिकित्साधिकारी द्वारा भ्रमण किए जाने की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि बीमार पशुओं को समय से उपचार उपलब्ध कराया जाय। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी लहरपुर आकांक्षा गौतम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## महमूदाबाद तहसील में पूरा हुआ एसआईआर का कार्य

महमूदाबाद, सीतापुर। सबसे पहले विधानसभा क्षेत्र 151 महमूदाबाद में एसआइआर का काम पूर्ण करने वाले मदारपुर के बीएलओ को तहसील सभागार में एक कार्यक्रम के दौरान एसडीएम ने प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने अन्य बीएलओ से भी जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। रविवार को तहसील सभागार में एसडीएम बालकृष्ण सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार ने विधानसभा 151 में निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे मतदाता सूची के वृहद पुनरीक्षण अभियान के तहत सबसे पहले कार्य पूर्ण करने वाले मदारपुर के बीएलओ रोजगार सेवक सर्वजीत को एसडीएम बालकृष्ण सिंह, तहसीलदार अनिल कुमार ने सर्वश्रेष्ठ बीएलओ का प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। एसडीएम ने अन्य बीएलओ को भी जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कर प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि एसआइआर के गणना प्रपत्र बांटे व भरवाने जाने के कार्य में कई बीएलओ द्वारा शिथिलता बरती जा रही है। बीएलओ के सहयोग के लिए लेखपालों समेत अन्य समस्त विभागों के कर्मियों को संबंधित बीएलओ के सहयोग के लिए लगाया गया है। एसडीएम ने नागरिकों से अपील की कि वे अपने गणना फार्म संबंधित बीएलओ से ले लें और उसको भरकर पुनः बीएलओ को दे दें। यदि कहीं पर बीएलओ व अन्य से किसी प्रकार की समस्या आती है तो सुपरवाइजर या तहसील प्रशासन को अवगत कराएं तत्काल समस्या का समाधान कराया जाएगा। एसडीएम व तहसीलदार ने कई बूथों पर पहुंच बीएलओ द्वारा किए जा रहे एसआइआर के कार्य को परखा और आवश्यक दिशा-दिर्नेश दिए।

# राधानगर थाने के सर से गुजर रहीं मौरंग से लदी ट्रैक्टर-ट्रालियां



फतेहपुर। थाना राधा नगर के सामने से ओवरलोड मौरंग की गाड़ियों का सरकारी नियमों और पुलिस की कार्रवाई के बावजूद बेधड़क चलना गंभीर समस्या बनी हुई है। स्थानीय लोगों और सूत्रों की मानें तो प्रतिदिन सुबह आठ बजे से लेकर रात तक मौरंग भरकर आए ट्रैक्टर चोरी-छुपे और कागजी कार्रवाई को चकमा देकर थाने के सामने से निकल जाते हैं।

पुलिस और विभागीय अधिकारी इस मामले में सक्रिय होने की बजाय या तो आँखें मूंदे रहते हैं या ऐसे मामलों को अनदेखा कर देते हैं। ओवरलोड वाहनों की इस तरह की आवाजाही से सड़कें बुरी तरह टूट चुकी हैं, सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ा है और स्थानीय लोग काफी परेशान हैं। सूत्रों की जानकारी के अनुसार बेदाघाट इलाके से ट्रैक्टर आकर लोकेशन लेकर थाने के सामने से गुजरते हैं जिससे पुलिस निरीक्षण के दौरान भी ये वाहन बेधड़क निकल जाते हैं। पुलिस प्रशासन एवं परिवहन विभाग को चाहिए कि वे इस मुद्दे पर तुरंत सख्त कार्रवाई करें, चेकिंग बढ़ाएं और ओवरलोड वाहनों की आवाजाही पर पूरी रोक लगाएं। नहीं तो यह स्थिति और बिगड़ती चलेगी और सड़क दुर्घटनाएं आम हो जाएंगी। स्थानीय लोग प्रशासन से न्याय और सुरक्षा की मांग कर रहे हैं कि वे ऐसे अवैध ओवरलोड परिवहन को रोककर आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करें.इस मामले में सख्त और निरंतर कार्रवाई ही एकमात्र उपाय है ताकि फतेहपुर के राधा नगर क्षेत्र में व आसपास के इलाकों की सड़कों को बचाया जा सके तथा लोगों का जनजीवन सुरक्षित और सहज बनाया जा सके।

## गीता जयंती महोत्सव के पावन सत्संग में बहेगी प्रवचन पावन गंगा

महोली, सीतापुर। नगर के कठिना तट पर स्थित श्री राधा कृष्ण धाम प्रज्ञानं सत्संग आश्रम में गत वर्षों की भांति पावन सत्संग का आयोजन किया जा रहा है। हरि ओम के स्वर से गुंजित, गीता जयंती के उपलक्ष्य में अखिल भारतीय संत समिति उ० प्र० के अध्यक्ष, अनंत विभूषित महामंडलेश्वर स्वामी अभयानंद सरस्वती के द्वारा, पुनीत सत्संग कार्यक्रम मंगलवार से शुरू होकर सोमवार को सम्पन्न हो रहा है। आयोजन में निर्धारित अवधि के दौरान सुबह योगदर्शन तथा दोपहर से श्रीमद्भागवत गीता प्रवचन कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। समापन दिवस पर सुबह सम्पूर्ण गीता पाठ और फलाहार भंडारे की रूपरेखा तैयार की गई है।

# तीन घरों में लाखों की चोरी पुलिस गश्त पर उठे सवाल

सिधौली, सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के कस्बे के निकट मिजार्पुर माफी नई बस्ती गांव में रविवार बीती रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम देकर पुलिस की गश्त व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। अज्ञात चोरों ने नई बस्ती में रहने वाले तीन परिवारों के घरों को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के नकदी व जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। पहली घटना वसीम पुत्र साबित अली निवासी सुजौली, हाल पता मिजार्पुर माफी के घर में हुई, जहां से चोर करीब 80,000 रुपये नगद, झुमकी, नाक का बुंदा, पायल, हाथ फूल, खंडवा सहित चांदी के आभूषण चोरी कर ले गए। दूसरे पीड़ित नासिर अली पुत्र साकिर अली निवासी हुसैनगंज, सीतापुर (हाल मिजार्पुर माफी नई बस्ती) के घर से चोरों ने 25,000 रुपये नकद, कई तोले का सोने का लॉकेट, दो जोड़ पायल तथा गुल्लक में रखे 5,000 रुपये पर हाथ साफ किया। तीसरी वारदात इरशाद अली पुत्र दस्तगीर निवासी तलवा नानकारी, थाना बड्डूपुर, बाराबंकी (हाल मिजार्पुर माफी) के घर में हुई, जहां से 7,000 रुपये नकद एवं सोने के कान के बंदे चोरी हो गए। लगातार एक ही रात में तीन घरों में हुई चोरी से क्षेत्र में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि इलाके में गश्त न होने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी व पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों ने पुलिस से रात्रि गश्त बढ़ाने और चोरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की है।

# रोटरी क्लब के शिविर में 56 लोगों ने रक्तदान किया



उन्नाव (वीओएल)। रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव रॉयल द्वारा रविवार को प्रोजेक्ट रक्तदान यज्ञ के तहत रीजेंसी हॉस्पिटल रक्तदान केन्द्र, कानपुर के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 56 रक्तदाताओं ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवता के प्रति सराहनीय योगदान दिया। क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं क्लब ट्रेनर रोटेरियन जी. एस. भदौरिया ने स्वयं रक्तदान कर युवाओं में विशेष उत्साह का संचार किया।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन आशीष शुक्ला, सचिव रोटेरियन डी. डी. शुक्ला, कोषाध्यक्ष रोटेरियन अम्बरीष त्रिपाठी, कार्यक्रम संयोजक रोटेरियन अरविंद गुप्ता तथा सदस्य रोटेरियन डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, रोटेरियन के. जी. अग्रवाल, रोटेरियन धीरेंद्र प्रताप सिंह, रोटेरियन जीतेंद्र दीक्षित, रोटेरियन आशीष द्विवेदी (एडवोकेट), रोटेरियन आशीष निगम, रोटेरियन सुनील सिंह की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम में भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी, ज्ञानेंद्र प्रताप, सुधीर तिवारी, निशांत शुक्ला, अवनीश शुक्ला, प्रमोद गुप्ता, प्रतीक गुप्ता, अखिल मिश्रा, अभिषेक पांडेय, तथा फर्स्ट लेडी रोटरी क्लब ऑफ उन्नाव रॉयल रुचि शुक्ला, स्मृति त्रिपाठी, पूर्णिमा शुक्ला, विपिन सिंह, कमलेश सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी रक्तदान किया।

# सेवा और शौर्य को सम्मानित करने का अवसर है झंडा दिवस



फतेहपुर। उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस 23 नवंबर को मनाया जाता है, जो पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं, सेवा और शौर्य को सम्मानित करने का दिन है।

फतेहपुर में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन में ध्वजारोहण किया गया और पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को पढ़कर पुलिस कर्मियों को उनके समर्पण और शौर्य के लिए नमन किया गया। इसके साथ ही पुलिस कलर झंडा स्टीकर सभी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा लगाये गए। जनपद के सभी थानों में भी थाना प्रभारियों द्वारा ध्वजारोहण कर पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़ा गया और पुलिस कलर झंडा स्टीकर लगाया गया। यह दिन 23 नवंबर 1952 को तब के प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को पुलिस कलर (ध्वज) प्रदान करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है, जो यूपी पुलिस की सेवा और निष्ठा का प्रतीक है। यह झंडा उत्तर प्रदेश पुलिस को भारत के पुलिस बलों में विशिष्ट पहचान देता है। पूरे प्रदेश में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को समर्पण, अनुशासन और सम्मान के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर फतेहपुर में पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिस कर्मियों को उनके कार्य के प्रति समर्पित रहने और अपनी सेवा और शौर्य की परंपरा को बनाए रखने का आह्वान किया। पुलिस बल ने प्रदेश के विभिन्न थानों और पुलिस लाइनों में सम्मानपूर्वक इस झंडा दिवस का आयोजन किया है।

# सड़क सुरक्षा को लेकर आयोजित हुई विद्यालयों की कार्यशाला



सीतापुर। परिवहन विभाग द्वारा नगर के जीआईसी सभागार में विद्यालयों की सड़क सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण कार्यशाला आयोजित की गई।

इस कार्यशाला में जनपद के सभी महाविद्यालयों एवं माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रबंधक तथा प्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की सुरक्षा, विद्यालयी वाहनों की व्यवस्था और ट्रैफिक नियमों के बारे में जिम्मेदाराना वातावरण तैयार करना था। कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी प्रणेता ऐश्वर्या ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। शासन का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, जागरूक और सक्षम बनाना है। उन्होंने छात्र-छात्राओं से जुड़े विषयोंकृपरिवहन, छात्रवृत्ति, पठन-पाठन वातावरण, ऑनलाइन सुविधाओं और सुरक्षा मानकोंकृपर विस्तृत चर्चा करते हुए सभी विद्यालयों को अनिवार्य दिशा-निर्देश दिए। सीडीओ ने जनपद के सभी विद्यालयों में तेजी से रोड सेफ्टी क्लब गठन करने पर विशेष बल दिया। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने कार्यशाला में सड़क सुरक्षा से जुड़े व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि रोड सेफ्टी क्लब की बैठकें जिला स्तर पर वर्ष में चार बार जनवरी, अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में आयोजित की जाएंगी, ताकि प्रगति की समीक्षा और नई रणनीतियों पर मंथन हो सके। उन्होंने सभी विद्यालयों के वाहन चालकों का पुलिस सत्यापन कराने, वैध ड्राइविंग लाइसेंस पर ही वाहन चलाने की अनुमति देने और वाहनों में सभी आवश्यक प्रपत्रों, दस्तावेजों व फिटनेस प्रमाणपत्र को वैद्य दशा में रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय में प्रार्थना स्थल पर ही सड़क सुरक्षा के प्रति छात्राओं को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अशोक कुमार ने सुरक्षा को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बताते हुए कहा कि अनुशासन और यातायात पालन की आदतें बचपन में ही विकसित की जानी चाहिएं। कार्यशाला में 180 से अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों और प्रबंधकों की उपस्थिति रहे।

## संत समाज में आक्रोश, मिलेंगे मुख्यमंत्री

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र के भिटौरा गांव स्थित प्रसिद्ध आश्रम को लेकर इन दिनों विवाद गहरा गया है। आश्रम की करीब 250 बीघा जमीन और गद्दी को लेकर संत समाज दो धड़ों में बंट गया है।

नाराज संतों ने एसडीएम महोली और पिसावा थाना प्रभारी पर गंभीर आरोप लगाते हुए मामला मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का फैसला किया है। संत समाज के एक दर्जन सदस्य बजरंग मुनि, संतोष दास खाकी की अगुवाई में लखनऊ जाकर सीएम योगी आदित्यनाथ से मिलने की तैयारी में हैं। दरअसल, भिटौरा आश्रम के महंत रघुवीर दास महाराज का निधन 10 अक्टूबर को हुआ था। संत समाज का आरोप है कि उनके अंतिम संस्कार में न तो विधि-विधान का पालन किया गया और न ही उनके शिष्यों तथा परंपरागत उत्तराधिकारियों को सूचना दी गई। संतों के अनुसार प्रशासन और पुलिस ने जल्दबाजी में अंतिम संस्कार करवाया, जिससे आश्रम की गद्दी और जमीन को लेकर संदेह पैदा हो गया। इसके उपरांत हरियाणा से एक महंत को लाकर आश्रम में बिठा दिया गया है जिसके चलते अब विवाद की स्थिति बन गई है। संतों का कहना है कि आश्रम की 250 बीघा मूल्यवान भूमि पर कुछ लोगों की नजर है और प्रशासन पर मिलीभगत का गंभीर आरोप लगा है। उनका आरोप है कि बाहरी व्यक्ति को अवैध रूप से आश्रम का महंत बनाकर गद्दी पर बैठाने की कोशिश की गई, जबकि यह निर्णय संत समाज की सहमति और परंपरिया व्यवस्था के अनुसार होना चाहिए था। संतों का कहना है कि प्रशासन ने उनकी शिकायतों को नजरअंदाज किया और मामले की सही जांच तक नहीं की। संत समाज का यह भी आरोप है कि एसडीएम महोली और पिसावा थाना प्रभारी ने स्थानीय संतों की आपत्तियों को सुने बिना मनमाने तरीके से निर्णय लिया, जिससे आश्रम की परंपरा और संपत्ति पर खतरा पैदा हो गया है। लगातार विरोध के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने पर संतों ने मुख्यमंत्री से सीधे हस्तक्षेप की मांग करने का निर्णय लिया है। संत समाज का कहना है कि यदि उन्हें न्याय नहीं मिला तो वे व्यापक आंदोलन की ओर बढ़ने को मजबूर होंगे।

## नेपाली प्रदर्शनी एक बार फिर विवादों के घेरे में

फतेहपुर। मानस मार्केट रामलीला ग्राउंड में लगी नेपाली प्रदर्शनी एक बार फिर विवादों के केंद्र में है। गुरुवार देर रात शहर कोतवाल द्वारा अचानक पहुंचकर प्रदर्शनी को बंद कराए जाने के बाद से मामला और गरमाता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, 23 नवंबर की सुबह से ही प्रदर्शनी संचालक कोतवाली के चक्कर काट रहा है, लेकिन मार्केट को दोबारा खोलने को लेकर कोतवाली और संचालक के बीच तनातनी बनी हुई है। सूत्रों का दावा है कि कोतवाल ने कथित तौर पर कहा है कि जितनी रकम कमेटी को दी गई है, उतनी ही राशि हमें भी दें, तभी दुकानें खुलेंगी, अन्यथा प्रदर्शनी बंद रहेगी। हालाँकि पुलिस विभाग की ओर से इस बारे में किसी भी तरह की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मुख्यमंत्री तक पहुंचा था मामला, जांच के आदेश जारीगौरतलब है कि कुछ दिनों पहले मानवाधिकार एवं उपभोक्ता फोरम, नई दिल्ली की जिला इकाई फतेहपुर ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर आरोप लगाया था कि मानस मार्केट परिसर में आगामी 31 दिसंबर को होने वाले अखंड रामायण पाठ के बावजूद कुछ प्रभावशाली लोग उक्त स्थान को किराए पर देकर व्यावसायिक गतिविधियाँ चला रहे हैं। फोरम ने मांग की थी कि 20 दिसंबर से पहले प्रदर्शनी हटवाई जाए, ताकि धार्मिक आयोजन में बाधा न हो। मुख्यमंत्री कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। जिलाधिकारी ने यह मामला उपजिलाधिकारी (एसडीएम) को फॉरवर्ड करते हुए मौके का निरीक्षण कर तथ्यात्मक रिपोर्ट भेजने के निर्देश दिए हैं।

## झण्डा दिवस पर ध्वजारोहण कर एसपी ने दी सलामी

सीतापुर। पुलिस झंडा दिवस सम्मान और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य समारोह में एसपी अंकुर अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर पुलिस ध्वज को सलामी दी। यह दिवस पुलिस बलों के शौर्य, साहस और कर्तव्यनिष्ठा को समर्पित है, जिसे अनुशासन और उत्साह के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण के बाद एसपी ने उपस्थित समस्त अधिकारियों और



जवानों को पुलिस झंडा दिवस की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पुलिस ध्वज देश की सेवा, ईमानदारी, कर्तव्यपरायणता और बलिदान का प्रतीक है। इसे ऊंचा रखना हर पुलिसकर्मी का प्रमुख दायित्व है। उन्होंने जिले के सभी पुलिसकर्मियों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिदेशक राजीव कृष्णा द्वारा जारी संदेश को भी पढ़कर सुनाया गया। संदेश में पुलिस बल की वीर परंपरा, चुनौतियों के बीच समर्पित सेवा और जनता की सुरक्षा के प्रति वचनबद्धता पर जोर दिया गया। पत्र के माध्यम से डीजीपी ने सभी पुलिसकर्मियों से अपेक्षा की कि वे अपनी ड्यूटी का निर्वहन संवेदनशीलता, निष्ठा और व्यावसायिकता के साथ करें तथा हर परिस्थिति में पुलिस ध्वज की गरिमा को बनाए रखें। एसपी अंकुर अग्रवाल ने उपस्थित जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस का कर्तव्य केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखना ही नहीं, बल्कि जनता में विश्वास और सुरक्षा की भावना को मजबूत करना भी है। उन्होंने बताया कि तकनीक, सतर्कता और टीमवर्क के साथ सीतापुर पुलिस निरंतर बेहतर कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने की दिशा में कार्य कर रही है। कार्यक्रम में एएसपी उत्तरी आलोक सिंह सहित सभी क्षेत्राधिकारीगण, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, महिला पुलिसकर्मी तथा बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे। समारोह के अंत में पुलिस ध्वज के प्रति निष्ठा और सेवा भाव के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने की शपथ ली गई।

## पुलिस झंडा दिवस पर थाने में झण्डारोहण हुआ

पाटन, उन्नाव। पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर थाना बिहार प्रांगण में सुबह 10:00 बजे थाना अध्यक्ष राहुल कुमार गौर समस्त स्टाफ के साथ द्वारा झंडारोहण के पश्चात सभी को पुलिस महानिदेशक का संदेश पढ़कर सुनाया तथा पुलिस



आरक्षियों द्वारा झंडा को सलामी दी गई। बताया गया कि आज ही के दिन अर्थात 23 नवंबर 1952 को तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस को उसकी उत्कृष्ट कार्य कुशलता एवं साहस तथा समर्पित सेवा के लिए पुलिस कलर एवं पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था। जो पुलिस विभाग के लिए सौर गाथाओं की एक अमर धरोहर है जो उन्हें हर क्षण अपने कर्तव्यों के प्रति सजग और समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। आज का दिन उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए गौरवशाली ऐतिहासिक एवं अति महत्वपूर्ण दिन माना जाता है, शक्ति एवं निष्ठा के प्रतीक लाल एवं नीले रंग के ध्वज ने उत्तर प्रदेश पुलिस को एक गौरवमयी पहचान दी है। इस मौके पर चैकी प्रभारी भगवंत नगर देवेंद्र कुमार अवस्थी, चैकी प्रभारी पाटन नरेंद्र सिंह, प्रेम नारायण पांडे, दीपेश मुंशी ,सुनीता, शिखा, श्रुती, राकेश, अविनाश ओझा आदि स्टाफ मौजूद रहा।

## बोलेरो-रोडवेज बस की टक्कर में बोलेरो चालक की मौत, सात घायल

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव (वीओएल)। बारातियों को लेकर वापस लौट रही बोलेरो काली मिट्टी चैराहे पर मोड़ते समय उन्नाव की तरफ से आ रही रोडवेज बस से टकरा गयी। जिसके बाद बोलेरो और बस दोनों सड़क किनारे खंती में घुस गयी। दुर्घटना में बोलेरो चालक की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं सात लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से उन्हे वाहन से निकाल कर सीएचसी पहुंचाया जहाँ से गम्भीर हालत देख सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के गाँव रोशनाबाद से शनिवार को एक बारात थाना क्षेत्र के गाँव सकतपुर आई थी जिसमें पंचम खेड़ा निवासी अरुण यादव पुत्र ब्रजेश कुमार अपनी बोलेरो से आया था रात करीब साढ़े ग्यारह बजे वह बारातियों को लेकर लौट रहा था अभी वह काली मिट्टी चैराहे से बांगरमऊ की तरफ मोड़ ही रहा था तभी उन्नाव की तरफ से आ रही राठ डिपो की रोडवेज बस से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी जिसमें बोलेरो में चालक की साइड पूरी ध्वस्त हो गयी। दुर्घटना में बोलेरो चालक अरुण की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बोलेरो में सवार रोशनाबाद निवासी उत्तम पुत्र सुंदर लाल, आशीष पुत्र रघुवीर, ज्ञानेंद्र पुत्र जगदीश, शीतला प्रसाद पुत्र राम औतार, अनिल पुत्र राम पाल निवासी बसंत खेड़ा व एक अज्ञात सहित बस चालक नीलेश कुमार पुत्र खेर दास निवासी गोहन खेड़ा घायल हो गए। जिन्हे थाना पुलिस ने सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र कुमार ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए भेजा गया है तथा शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है।

## युवक ने बाग में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर की आत्महत्या

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। पुरवा थाना क्षेत्र के ग्राम अजयपुर में 35-वर्षीय अमरनाथ पुत्र हरिशंकर ने अपने ही गांव के एक बाग में यूकेलिप्टस के पेड़ से रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार यादव, कांस्टेबल रामपाल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और फील्ड यूनिट को बुलाया गया। पंचायतनामा की कार्यवाही के बाद शव को पोस्ट-मार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा गया पुलिस ने बताया कि घटनास्थल पर कानून-व्यवस्था में कोई बाधा नहीं रही और शांति पूरी तरह बनी हुई है। मृतक के परिजनों के अनुसार, अमरनाथ की पत्नी और दो छोटे-छोटे बच्चे लगभग 10 ?वर्ष की बेटी और 6वर्ष का बेटा उनके निधन से गहरे शोक में हैं। परिवार के सदस्यो का रो-रोकर बेहाल हैं।

# एसआईआर पर विवाद

लोकतंत्र सहमति का नाम है। इसलिए अगर विपक्षी दल एसआईआर पर सवाल उठा रहे हैं, उनकी कुछ मांगे हैं तो उस पर चर्चा करना, उसका समाधान करना चुनाव आयोग का दायित्व है। देश में जिस तरह से बीएलओ के आत्महत्याओं की खबर सामने आ रही हैं वह गंभीर चिंता का विषय है। इसलिए चुनाव आयोग को एसआईआर के लिए पर्याप्त समय देना चाहिए। लोकतंत्र से बड़ा और महत्वपूर्ण न तो चुनाव आयोग है और न ही मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण है। यदि चुनाव आयोग के इस शुद्धिकरण अभियान पर कुछ राज्य सरकारों की आपत्तियां और सवाल हैं, तो आयोग पूरी संवेदनशीलता के साथ सुने और समन्वयवादी कार्रवाई करे। चुनाव आयोग अपनी संवैधानिकता के खोल में सिमटा, खामोश नहीं बैठा रह सकता। वह संसद और राष्ट्र के प्रति पूरी तरह जवाबदेह है। सरकार बहाने बनाती रही है और बीते संसद सत्र के दौरान 100 से अधिक नोटिसों के बावजूद चुनाव आयोग पर चर्चा कराने से कन्नी काटती रही है। चूंकि लोकतंत्र में औसत मतदाता, यानी देश का नागरिक, ही सर्वोच्च है। वह मतदाता ही संसद और सरकार को चुनता है। सरकार संसद के प्रति जवाबदेह है। सरकार ही चुनाव आयुक्तों का चयन करती




है। इन तमाम समीकरणों के मद्देनजर संसद में चुनाव आयोग की भूमिका और मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर लंबी चर्चा होनी चाहिए। संसद का शीत सत्र 1 दिसंबर से शुरू हो रहा है। दरअसल यह देश एक भी नागरिक की मौत या आत्महत्या की घटना को बर्दाश्त नहीं कर सकता। चुनाव आयोग यह मुगालता भी न पाले कि राज्यों में फर्जी और घुसपैठियों के वोट से ही सरकारें बनी हुई हैं। यह राजनीति है और चुनाव आयोग को ऐसी राजनीति में संलिप्त नहीं होना चाहिए। वह देश की संवैधानिक संस्था है। देश उसका बहुत सम्मान करता है, भरोसा करता है। लेकिन सिर्फ चुनाव आयोग ही सच्चा और सही है, समूचा विपक्ष गलत और दुष्प्रचारी है। विपक्ष भी लोकतंत्र में निर्वाचित पक्ष है। बेशक एसआईआर एक प्रशासनिक और विसंगतियों को दुरुस्त करने की अनिवार्य प्रक्रिया है, लेकिन वह मौत या आत्महत्या की प्रक्रिया साबित नहीं होनी चाहिए। हमें क्या, पूरे देश को यह स्वीकार्य नहीं होगा कि बंगाल, तमिलनाडु, केरल, राजस्थान, मप्र आदि राज्यों में 'बूथ लेवल ऑफिसर' (बीएलओ) आत्महत्याएं करें अथवा काम के अत्यधिक दबाव और तनाव के कारण अकाल मौत के शिकार हों और चुनाव आयोग एसआईआर के आंकड़े ही गिनता रहे। देश में जनगणना की प्रक्रिया भी बाधित हुई है, तो एसआईआर के लिए चुनाव आयोग इतनी हड़बड़ी और जल्दी में क्यों है कि एक ही माह में करीब 51 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड विशुद्ध करने पर आमादा है? जब 20 साल या अधिक अवधि तक मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण नहीं होता, तो क्या देश में चुनाव फर्जी या गड़बड़ वाली सूचियों के आधार पर किए गये? यह भी असंवैधानिक है। दरअसल शुद्धिकरण की एक निश्चित समय-सीमा होनी चाहिए। अब 12 राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों में एसआईआर का अभियान जारी है। उन राज्यों में भी पुनरीक्षण कराया जा रहा है, जहां चुनाव 2027 या 2028 में होने हैं। कमोबेश वहां तो तनाव रहित तरीके से यह अभियान चलाया जा सकता है। यदि एक माह में नहीं, तो छह माह में मतदाता सूचियों का शुद्धिकरण हो जाएगा, तो कौनसा पहाड़ टूट पड़ेगा? कौनसा संवैधानिक पेंच फंस जाएगा? चुनाव आयोग इस देश का प्रहरी है, संरक्षक भी है, लोकतंत्र का संचालक भी है, लेकिन वह मनमानी नहीं कर सकता। वह मनमर्जी या किसी की मिलीभगत, सांठगांठ के मद्देनजर मताधिकार छीन नहीं सकता। वह मौलिक अधिकार संविधान देता है। चुनाव आयोग को भी उसी संविधान ने अधिकार दिया है। इसलिए अगर विपक्ष या कुछ राज्य सरकारें की एसआईआर पर आपत्ति है। पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु सरकारों के भी सवाल हैं। उन्होंने सर्वोच्च अदालत में चुनौती भी है। इसलिए चुनाव आयोग को राजनीतिक सहमति और पर्याप्त समय लेकर मतदाता सूचियों को दुरुस्त करना चाहिए।

### विचार

ब्रह्माण्ड की सारी शक्तियां पहले से हमारी हैं। वो हमी हैं, जो अपनी आंख पर हाथ रख लेते हैं और फिर रोते हैं कि कितना अंधकार है। करेगा।

–स्वामी विवेकानन्द.

जिस दिन कोई संत अतिथि रूप में आता है, उस दिन आतिथेय को उसके दर्शन से उतना पुण्य मिलता है, जितना करोड़ों तीर्थ–स्थान से प्राप्त होता है।

–सूरदास.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रु पर विजय पायी जा सकती है।

–गेटे.

पुस्तकों का मूल्य रत्नों से भी अधिक है। क्योंकि रत्न बाहरी चमक–दमक दिखाते हैं जबकि पुस्तकें अंतःकरण को उज्ज्वल करती हैं।

–महात्मा गांधी.

# बिहार: जनादेश के सबक को याद रखें नेता


मनोज बाजपेयी

> प्रशान्त किशोर को यह भ्रम था कि नरेन्द्र मोदी से लेकर नीतीश कुमार तक सभी उन्हीं के जादुई फार्मूलों के कारण चुनाव जीते हैं। इस भ्रम का शिकार होने के बाद पीके ने फैसला कर लिया कि वे दूसरों को मुख्यमंत्री बना सकते हैं, तो खुद ही मुख्यमंत्री क्यों नहीं बन सकते? लेकिन तीन साल की मेहनत और करोड़ों खर्च के बाद जो नतीजा आया, उसने पीके का भ्रम भी दूर कर दिया।

बिहार विधानसभा के चुनाव में इस बार भाजपा या एनडीए का कितना कुछ दांव पर लगा हुआ था। उधर महागठबंधन का तो भविष्य ही दांव पर था। यहां तक कि उसे अपने समर्थन में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन तक को जनसभाओं में भाषण के लिए बुलाना पड़ा। वे क्या बोले और बिहार के लोगों को कितना समझ में आया, यह अलग बात है। राहुल गांधी के सलाहकारों को लगता था कि पूरे भारत में राहुलजी के परिपक्व नेतृत्व को स्थापित करने के लिए इस चुनाव से बेहतर मौका नहीं मिल सकता। उनके सलाहकारों के आगे तो दोहरी चुनौती थी। सबसे पहले यह स्थापित करना कि राहुल जी परिपक्व हो गए हैं और दूसरा यह कि वे अब दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का नेतृत्व संभालने के लिए तैयार हो गए हैं। उन्हें लगता था कि बिहार के मैदान से अच्छा मैदान और कहीं नहीं मिल सकता। बिहार के आम आदमी जैसा दिखने के लिए वे बिहार के एक तालाब में मछलियां पकड़ने तक के लिए कूद गये। लेकिन वे बिहार के लोगों को जो मुद्दा पकड़ा रहे थे वह चला नहीं। वोट चोरी को मुख्य मुद्दा बना रहे थे। उनका कहना था कि पिछले चुनावों में भी वोट चोरी हुई है। इस वोट चोरी में सरकार के साथ देश का चुनाव आयोग भी मिला हुआ था।

दरअसल चुनाव आयोग चुनाव से पहले बिहार में मतदाता सूची को नये सिरे से तैयार करवा रहा था ताकि जिन लोगों की मौत हो चुकी है, उनको सूची में से निकाला जाये। जिन लोगों ने देश के अन्य हिस्सों में वोट बनवा लिया है, उनका नाम सूची में से काटा जा सके। राहुल गांधी के सलाहकारों का इन जमीनी प्रक्रियाओं से कुछ लेना देना नहीं है। उन्होंने इसको वोट चोरी का नाम देकर 'वोट चोर' स्लोगन तैयार किया और राहुल गांधी के दिमाग में भर दिया। राहुल गांधी यही महीना भर बिहार में वोट चोर का गीत गा गाकर कोलम्बिया चले गए। यह कांग्रेस का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि राहुल को परिपक्व बनाने में तैनात टुकड़ी ने यह जानने की जरूरत नहीं समझी कि वोट चोर का जो गीत वे राहुल गांधी से गवा-बजवा रहे हैं, उसे बिहार के लोग पसन्द भी करते हैं या नहीं? सोनिया गांधी यह समझती रहीं कि बिहार के लोग सबसे ज्यादा पिछड़े




हुए हैं, इसलिए उनको राहुल गांधी जो परोस देंगे वे धन्य हो जाएंगे। उन्हें यह इल्म नहीं था कि आर्थिक लिहाज से बिहार पिछड़ा हो सकता है, लेकिन राजनीतिक चेतना में बिहार देश में सबसे आगे माना जाता है। जो हालत राहुल गांधी की थी, वही हालत लालू परिवार के तेजस्वी यादव की थी। लालू यादव और राबड़ी देवी जी की नौ संतानें हैं। उनमें से ऊपर की सात लड़कियां हैं और नीचे के दो बेटे हैं। तेज प्रताप बड़े और तेजस्वी उनके सबसे छोटे बेटे हैं। कई सालों पहले ही लालू जी ने फैसला कर लिया था कि परिवार की राजनीतिक विरासत सबसे छोटे बेटे तेजस्वी यादव को सौंपेंगे। खैर, इसलिए लालू जी सभी के मुख से कहलवाना चाहते थे कि बिहार के अगले मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव होंगे।

**विधानसभा चुनाव**

महागठबंधन के दूसरे घटक लालू जी की इस चाहत को समझ गए थे और अपना मुंह खोलने की मुंह मांगी कीमत मांगने लगे। लालू राजनीति के बड़े घाघ खिलाड़ी रहे हैं। उनको यह अंदाजा तो जरूर होगा ही कि जो कीमत मांगी जा रही है, उतनी उनकी औकात नहीं है। लेकिन अपनी बढ़ती उम्र, जेल जाने का भय (लालू यादव सजायाफ्ता हैं और फिलहाल सेहत के कारण पैरोल पर हैं, स्वास्थ्य ठीक होने पर उन्हें जेल भी जाना है)। इन कारणों से उन्हें मजबूरी में सभी को मुंह मांगी कीमत चुकानी पड़ी। इसी प्रकरण में निषाद समुदाय की वोटों का लालच दिखला कर मुकेश साहनी ने यह कहलवाया कि तेजस्वी के मुख्यमंत्री बनने पर उन्हें उप मुख्यमंत्री बनाया जाएगा। कांग्रेस भी इसी छीना-झपटी में 61 सीटें ले गईं जिस पर उसने अपने प्रत्याशी उतारने थे। यह अलग बात है कि उसके पास इतने प्रत्याशी भी नहीं थे। लेकिन एक बार फिर आखिर लालू जी ये गैरवाजिब समझौते करने के लिए इतना नीचे तक कैसे उतर आए? शायद उनको भी यह विश्वास हो गया था कि तेजस्वी अपने बलबूते चुनाव की वैतरणी पार नहीं कर पाएंगे। और इस बार यदि नाव बीच में फंस गई तो दोबारा कब इस तरह का मौका आयेगा सियासत में कुछ कहा नहीं जा सकता। लेकिन इतना सब कुछ कर लेने के बाद भी चुनाव जीतने के लिए रणनीति क्या अपनाई जाए, लालू के सामने सबसे बड़ा सवाल यही था। राहुल गाधी के सलाहकारों ने तो एक ही रणनीति अपना ली थी, वोट चोर का गीत गाते रहने की, बिना देखे कि श्रोता इसे पसन्द भी कर रहे हैं या नहीं। तेजस्वी को इतना तो पता था कि लोगों को यह गीत पसन्द नहीं आ रहा था। क्योंकि बिहार ने लालू-राबड़ी राज में वोट चोरी को देख रखा था जब ताकतवर लोग मतदान की पेटियां ही उठा लेते थे और गरीब लोगों को मतदान केन्द्र तक जाने ही नहीं देते थे।

तेजस्वी यादव को यह आभास उसी समय हो गया था जब चुनाव से पहले वह भी उन गाड़ियों में बैठ गये थे जिसमें बैठ कर राहुल गांधी वोट चोरी का बेसुरा राग गा रहे थे। इसलिए तेजस्वी ने वोट चोरी वाले राग से दूरी बना ली थी। लालू शायद यह भी भांप गये थे कि दीवारों पर उनका पोस्टर लगा देने से लोगों को जंगल राज की कड़वी यादें तंग करने लगती हैं, इसलिए उन्होंने तेजस्वी को मना कर दिया कि उनका फोटू न लगाया जाये। अब तेजस्वी यादव के पास चुनाव में कहने के लिए बचता क्या था? इसलिए तेजस्वी के सलाहकारों ने रणनीति बनाई कि मोदी-नीतीश की विश्वसनीयता को ही चुनौती दी जाए। मुझे लगता है यह बिल्कुल गलत पिच का चुनाव कर लिया गया। यदि मोदी-नीतीश और लालू-तेजस्वी की विश्वसनीयता पर ही फैसला होना था, तो बिहार में कोई भी बता सकता था लालू-तेजस्वी इस मामले में यकीनन हार जाएंगे। तेजस्वी ने दूसरा फ्रंट नीतीश की सेहत को लेकर खोल दिया। तेजस्वी का कहना था कि चाचा की सेहत खराब है। जिस पार्टी की ओर से तेजस्वी चुनाव लड़ रहे थे उसके अध्यक्ष, उनके पिता लालू यादव की सेहत तो बहुत ही खराब थी। तेजस्वी ने नीतीश की सेहत का मुद्दा उठाया तो बिहार में लालू की सेहत का मामला खुद ही चर्चा में आ गया। तेजस्वी और राहुल बिहार में अप्रासंगिक होकर अलग अलग उन मुद्दों को लेकर घूमते रहे जिन्होंने बिहारियों के मन को नहीं छुआ। इस बार एक तीसरा तम्बू भी बिहार चुनाव में लग गया था। इस तम्बू के मालिक बिहार के प्रशांत किशोर उर्फ पीके थे। पीके आंकड़ों के जमा-घटाव से चुनाव जीतने के जादुई फार्मूले अब तक विभिन्न पार्टियों को बेचते आए थे और उससे चोखा माल कमाया था। उनका कहना था कि नरेन्द्र मोदी, ममता बनर्जी, कैप्टन अमरेन्द्र सिंह और नीतीश कुमार, ये सभी लोग उनके इन जादुई फार्मूलों से ही चुनाव जीते हैं।

दरअसल जादू करते कई बार जादूगर को भी लगने लगता है कि उसने एक कबूतर के दो कबूतर बना कर जो जनता को दिखाए हैं, वे सचमुच के ही दो कबूतर हैं। जबकि जादूगर भी जानता है कि कबूतर दो नहीं एक ही है, दूसरा केवल हाथ की सफाई के कारण दिखाई दे रहा है। इस प्रकार जादू दिखाते दिखाते कई बार जादूगर खुद ही अपने जादू का शिकार हो जाता है। पीके के साथ बिहार में यही हुआ। उनको सचमुच यह भ्रम हो गया कि नरेन्द्र मोदी से लेकर नीतीश कुमार तक सभी उन्हीं के जादुई फार्मूलों के कारण जीते हैं। यह भ्रम सचमुच बड़ा खतरनाक होता है। इसका शिकार होने के बाद पीके ने फैसला कर लिया कि वे दूसरों को मुख्यमंत्री बना सकते हैं, तो खुद ही मुख्यमंत्री क्यों नहीं बन सकते? लेकिन तीन साल और करोड़ों खर्च के बाद जो नतीजा आया, उसने पीके का भ्रम भी दूर कर दिया।

**(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)**

### सोशल मीडिया

बिहार विधान सभा चुनाव को समझने के लिए सिर्फ चुनावों के परिणाम ही नहीं, उसके पीछे की सामाजिक राजनीतिक परतों को पढ़ना समझना जरूरी भी है। योगेन्द्र यादव.



भारतीय जनता पार्टी की सड़क चौड़ीकरण की योजना, विकास का नहीं, विनाश का एजेंडा है। दरअसल भारतीय जनता पार्टी पार्टी किसी और फासले को बढ़ाना चाहती है। अखिलेश यादव



बिहार के मुख्यमंत्री पद का शपथ लेने पर आ. नीतीश जी को बधाई। मा. प्रधानमंत्री के मार्ग दर्शन और नीतीश जी के नेतृत्व में बिहार नये स्वर्णिम युग की ओर अग्रसर है। केशव प्र. मौर्य.



# ऋषियों का प्रिय स्थान

### अंतर्दृष्टि

ऋषि, मुनि एवं योगी तपस्वी कष्ट साध्य साधनाओं के लिए एकांत पर्वत गुफाओं गिरि-कंदरओं को चुनते थे। प्राकृतिक सुंदरता, सुरम्य वातावरण और शांति ऋषि-मुनियों को हमेशा आकर्षित करती रही है। इनका एक प्रमुख कारण यह है कि प्राकृतितः शांत वातावरण में निवास करने से उत्तेजना नष्ट होने वाली शक्ति की बर्बादी रुकती है और उस बचत को उपयोगी प्रयोजनों में लगाकर प्रगति का पथ प्रशस्त किया जा सकता है। इसी प्रकार रात्रि के प्रकृति पदत्त अनुदान अंधकार का लाभ उठाकर थकान मिटाने का ऐसा लाभ प्राप्त किया जा सकता है जिसके सहारे अधिक काम करने की क्षमता अर्जित की जा सके। योगाभ्यासी अपने व्यक्तित्व को अधिक विकसित करने की साधना करते हैं। भीतर की प्रमुख शक्तियों को जगाने के लिए उनका प्रयोग प्रयास चलता है। इस प्रयोजन के लिए उन्हें ऐसे स्थान में अपना निवास निर्धारित करना पड़ता है जहां अनावश्यक कोलाहल की पहुंच न हो और जहां रात्रि के समय कृत्रिम प्रकाश उत्पन्न न करना पड़े। दिन में सूर्य का और रात्रि में चांद तारों का प्रकाश ही सामान्य और स्वाभाविक निर्वाह के लिए पर्याप्त होना चाहिए। स्तब्धता और अन्धियारी को विनोद, मनोरंजन में भारी बाधक लगती है और ऐसी ऊब उत्पन्न करती है जिससे बचने के लिए हर किसी का जी करता है। फिर वैज्ञानिक दृष्टि से इनकी उपयोगिता दिन-दिन अधिक स्पष्ट होती जा रही है। विज्ञान के अनुसंधान में हमे इस निष्कर्ष पर पहुंचाते हैं कि यदि शान्त, एकान्त स्थान की अपेक्षा हर दृष्टि से लाभदायक उपलब्धियां ही करतलगत होंगी। इसी प्रकार रात्रि को जितने समय जितने कृत्रिम प्रकाश से बचाया जा सके उतना ही उत्तम है। निस्तब्धता एक बात है और तमिस्त्रा दूसरी। दोनों के सम्मिश्रण से तीसरी स्थिति बनती है। जो सदुपयोग और दुरुपयोग दोनों ही दृष्टि से अपने अद्भुत परिणाम प्रस्तुत करती है। भूमि खोदकर समाधि में बैठने की साधना योगाभ्यासियों के लिए पुरानी है। मोटे तौर से वह कोई कौतुक कौतुहल जैसी जादुई क्रिया प्रक्रिया मालूम पड़ती है पर तथ्यतः उसमें शरीर को उस स्थिति में रखने का अभ्यास है जिसे आंतरिक सव्याप्त भारतीयता के समतुल्स माना जा सकता है। आयुर्वेदशास्त्र में कायाकल्प चिकित्सा का विधान है। उसमें शरीर के पुनर्गठन की, नवीनीकरण की विधा सम्पन्न की जाती है। कहा जाता है कि इससे वृद्धता दूर होती है और यौवन लौट आता है। इस विधान में भी लंबे समय तक एकान्त और अंधेरे में रहना पड़ता है। औषधि उपचार के अतिरिक्त इस विशेष स्थिति का जो प्रभाव शरीर पर पड़ता है उसका महत्व अधिक माना गया है।

# वर्चुअल रियलिटी शो और उनकी....

### व्यंग्यलोक

क्या आपको पता है कि वर्चुअल रियलिटी किस बला का नाम है। शायद पता हो भी और न भी हो तो चलिए हिंदी में ही बता देता हूं। बहरहाल, वर्चुअल रियलिटी यानी आभासी वास्तविकता। अर्थात जो और जैसा लगे कि यह वास्तविकता है लेकिन जो और जैसा होकर भी न हो। कभी विकास को आपने देखा है। नाम तो बहुत सुना होगा, एनकाउंटर होते ही देखा-सुना होगा लेकिन इस विकास को शायद देखा नहीं हो, केवल सुना ही सुना हो, फिर भी यहां-वहां वे विकास तो कर ही रहे हैं, विकास हो ही रहा है। यह सब देखने के लिए स्पेशल ग्लासेस चाहिए यानी विशिष्ट प्रकार के चश्मे से ही देखा और दिखाया जा सकता है। जिंदगी में आप अच्छे दिन महसूस करते हैं तो यह वास्तविकता होगी लेकिन जब अपने आप को दुःख-संकटों से घिरा हुआ पाएं और कोई आपके लिए अच्छे दिन लाए जाने का आभास कराए या अच्छे दिन लाने की बात करें तो मानकर चलिए कि यह वर्चुअल रियलिटी है। इसे एक और उदाहरण से समझाता हूं। मान लीजिए कि आपकी जेब में पन्द्रह लाख रुपए रखे हैं यह तो वास्तविकता है यानी रियलिटी लेकिन आपके बैंक खाते में पन्द्रह लाख आ सकते हैं, यह आभासी वास्तविकता होगी। इस आभासी वास्तविकता से आपके तात्कालिक आनन्द में कई गुना अभिवृद्धि हो सकती है और आप सामने वाले पर फिदा हो सकते हैं और फिर वह जैसा चाहे आपको दूह सकता है। आपको जब अलानी, फलानी, ढिकानी पार्टी द्वारा यह कहा जाता है कि यदि उनकी सरकार बनती है तो आपको तीन सौ यूनिट या चार सौ यूनिट बिजली फ्री देने या फिर फ्री राशन, फ्री गैस, फ्री इलाज, कर्जमाफी, लैपटॉप देंगे तो उनकी ऐसी बातों को आप वर्चुअल रियलिटी मान सकते हैं। यानी आपको भविष्य में कुछ पाने का आभास होगा, कुछ सपने होंगे बंद आंखों के तो कुछ खुली आंखों के। और फिर खुदा न खास्ता अगर बाद में ये मिल भी गए तो दूसरे रास्ते से टैक्स के रूप में वसूल लिए जाएंगे अर्थात कान सीधे तरफ से न पकड़कर उल्टी तरफ से पकड़ने का फार्मूला ही वर्चुअल रियलिटी है। जनता तो बेचारी गाय समान ही है। जैसे ज्यादा वोट खिंचने के लिए मतदाता को दूहने की कला का विकास हमारे यहां हुआ है, ठीक इसी तरह का चरम विकास तुर्की के किसान ने किया है। उसने अपनी गायों को वर्चुअल रियलिटी (वी आर) गागल्स (हेडसेट) लगाए हैं। इनमें उस किसान ने लोकतंत्र में जनता रूपी गाय को दिखाए जाने वाले सब्जबाग की तरह गायों को हरे-भरे चरागाहों के वीडियो दिखा दिए और उनका तनाव कम कर परिणाम में बढ़ा हुआ दूध दूहकर अपनी बल्ले-बल्ले कर ली। यही सब लोकतंत्र की वर्चुअल रियलिटी है और यह शो बदस्तूर चालू है।


डा. प्रदीप उपाध्याय

# परी कथाओं की कल्पना को साकार करते रॉबिन



### कला जगत

निकहत कुंवर

लोग उन्हें परियों का शिल्पकार मानते हैं। जी हां, हम रोबिन वाइट की बात कर रहे हैं, जिन्होंने पिछले ढाई तीन दशकों में दुनिया को स्टील के तारों की ऐसी खूबसूरत परियां दी है कि लोग कहते हैं उनके हाथ में स्टील के तार आते ही वे फैंटेसी वायर बन जाते हैं। रोबिन वाइट ब्रिटेन के मूर्तिकार हैं, लेकिन वे सिर्फ मूर्तिकार भर नहीं है, वे अपने सृजन में एक साथ कई कलाओं का इस्तेमाल करते हैं। उन्होंने चार दर्जन से ज्यादा स्टील के तारों की ऐसी वृहदाकार परी संरचनाएं बनायी हैं कि पूरी दुनिया उन्हें बस देखती ही रह जाती है।

रोबिन वाइट का जन्म 1960 में एक इंजीनियर पिता के घर में हुआ, इसलिए वह बचपन से ही अपने पिता को पेंसिल और ड्राइंग में उलझा देखते थे, कहना न होगा कि उन्हें यह रोग लग गया। हालांकि वह खुद कहते हैं कि अब मैं पेंसिल और ड्राइंग बोर्ड की जगह आइपैड ले चुका हूं। लेकिन कला और इंजीनियरिंग को रोबिन वाइट ने आपस में इतनी सहजता और सरसता से मिलाया है कि उनके जैसा आधुनिक थ्रीडी मूर्तिकार कोई दूसरा नहीं है, जो पतले महीन स्टील के तारों को दिलकश मूर्तिशिल्पों में बदल देता है। हालांकि वह इस कला को कोई अद्भुत या बहुत दिमाग से विकसित की गई कला नहीं मानते। वह कहते हैं यह तो बस बाइचांस विकसित हो गई, 'मैं और मेरे बच्चे बहुत छोटे थे, हम लोग समुद्र तट पर अकसर छुट्टियां बिताते थे और वहीं रेत से मूर्तियां बनाते थे, लेकिन 2009 में हमें छुट्टियां बिताने के लिए समुद्र तट जाने का मौका नहीं मिला, हमने एक प्राकृतिक अभ्यारण्य में छुट्टियां बितायी। वह भी अभ्यारण्य के घनघोर केंद्र में जाकर यानी बीचो-बीच। जहां से कई कई किलोमीटर दूर तक सिर्फ जंगल ही जंगल और प्राकृतिक जीवन ही फैला था। रोबिन वाइट के मुताबिक यह 2009 में क्रिसमस छुट्टियों के दिन थे, मुझे एक नया कैमरा मिला। अब इस घोर जंगल में रहते हुए इसका उपयोग करने के तरीके के बारे में मैं सोचने लगा। मैंने पेड़ों की माध्यम से हल्की स्ट्रीमिंग की और मुझे लगा कि पेड़ में एक परी सरीखी कोई तस्वीर दिखती है। मैं मानता हूं यह भ्रम था, लेकिन आंखों को तो दिख ही गया था, ठीक वैसे ही जैसे हम कई बार नीले आसमान में भागते हुए खरगोश, मस्त चलते हुए गजराज देख लेते हैं। मैंने पेड़ों की फुनगियों में एक दिलकश परी को दिल चुराते देखा। सच कहूं तो मुझे उससे प्यार हो गया। मैं उसको अपने साथ रहने के लिए पेड़ों से नीचे उतरकर अपने पास आने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं मानी, उसने मेरे साथ आंख-मिचौली का खेल करना चाहा और पेड़ों की फुनगियों से दूर आसमान की तरफ उड़ जाना चाहा। लेकिन मैंने अपनी फैंटेसी से उछलकर उसे पकड़ लिया। यह अर्धचेतन सपना ही परी संचनाओं का आधार है। जंगल में रहते हुए रोबिन वाइट के दिल में कहीं गहरे तक यह बात धंस गई कि कहीं न कहीं यहां परियां रहती हैं। वो रात को घूमती हैं, वो दोपहर के सन्नाटे में पेड़ों की फुनगियों में धमाचौकड़ी मचाती हैं, वो हंसती हैं, खिलखिलाती हैं और हमें अपने पास आने का इशारा करती है, लेकिन उनके पास दौड़कर जाओ तो वो हाथ नहीं आतीं। ऊपर चली जाती हैं और हंसती रहती हैं। रोबिन ने इस सपनेनुमा एहसास को अपनी कला की खाद पानी समझा और फिर क्या था, स्टील के तारों से वो तमाम परियां पेड़ों की फुनगियों में, झील के किनारे, पहाड़ी के ऊपर यानी जहां जहां भी वो थीं, रोबिन वाइट ने उन्हें वहीं पर स्टैच्यू कर दिया।

> रोबिन वाइट को लोग परियों का शिल्पकार मानते हैं

यह ऐसा मूर्तिशिल्प है जो उनके पहले शायद ही देखा गया हो। इसमें रोबिन वाइट की कला का हर आयाम शामिल है। वह बहुत अच्छे फोटोग्राफर हैं, वह बहुत अच्छे कवि हैं और सबसे अच्छे कल्पनाकार हैं। वह पहले अपनी कल्पना से खूबसूरत परियों को देखते हैं, उनसे छुपी छुपव्वल खेलते हैं, फिर उन्हें अपने कैमरे से हमेशा के लिए अपने आंखों में बसा लेते हैं और फिर पतले स्टील के तार से उन्हें हमेशा हमेशा के लिए रच देते हैं। उनके इन शिल्पों को देखकर एक साथ बहुत किस्म की ऊर्वर कल्पनाएं जागती हैं। उनके इन शिल्पों को देखकर सौंदर्यप्रेमी निहाल हो जाते हैं। रोबिन वाइट ब्रितानी माइथोलॉजी में रची बसीं 16वीं शताब्दी की उन परियों को अपनी कला और कल्पना से साकार किया है, जो सुंदरता की संपूर्णता का पैमाना थीं। जो दुनिया को सुख और प्रेम से भर देना चाहती थीं। जो स्त्रीत्व से भरी हैं, जिनमें ममता और स्त्रीयोचित कामनाएं व कमनीयता है।

## आप की बात

### औद्योगिक पिछड़ापन

प्रदेश में औद्योगिक पिछड़ेपन की समस्या अभी भी सघन रूप में विद्यमान है। विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी।

आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। अगर कोई इण्डस्ट्री आती है तो उसको जमीन में ही इतना निवेश करना पड़ेगा कि उसका खजाना खली हो जोयगा। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे। मसलन सरकार अगर सड़क बनाती है, बिजली पहुंचाती है और कानून का राज कायम करती है तो इससे निश्चय ही प्रदेश में लोगों का भरोसा बढ़ेगा और निवेशक आयेंगे। निवेश के लिए कानून व्यवस्था, बिजली, पानी एवं बेहतर सड़क जरूरी है। इस दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि भविष्य में तेज विकास होगा। दरअसल प्रदेश में निवेश बढ़ाने के लिए जो सार्थक प्रयास हुए हैं, उसका धीरे-धीरे परिणाम जरूर सामने आयेगा।

**कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.**

### रोजगारपरक शिक्षा

युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। कोरोना महामारी के बाद जो आर्थिक परिवर्तन देखने को मिला उसमें हर तरफ बेरोजगारी और रोजगार का संकट दिख रहा है। वैसे पूरी दुनिया में रोजगार का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। कोरोना के बाद आईटी, ऑटोमेशन, एआई का दौर आया और इससे करोड़ों लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं और आगे न जाने कितने करोड़ लोगों को बेरोजगार होना पड़ रहा है। इसलिए यह जरूरी है कि युवाओं को रोजगार परक शिक्षा दी जाये ताकि वे रोजगार प्रदाता बन सकें। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं।

**जयशंकर द्विवेदी, लखनऊ.**

संक्षेप

## वाहन की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

अयोध्या। रायबरेली हाईवे पर पूराकलंदर थाना क्षेत्र स्थित अमौना नहर पुलिया के पास रविवार की भोर किसी वाहन ने एक साइकिल में पीछे से टक्कर मार दिया। हादसे में साइकिल सवार युवक को युवक की मौत हो गई।

हादसे के बाद एनएचएआई एंबुलेंस के ईएमटी ने गंभीर घायल युवक को जिला अस्पताल पहुंचाया तो इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डाक्टर ने परीक्षण के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। शव को पहचान और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा मेमो नगर कोतवाली पुलिस को भिजवाया है।

बाद में मृतक की पहचान ज्ञानचंद यादव (38 वर्ष) पुत्र कालीदीन निवासी साखुपारा के मजरे भाभा थाना पूराकलंदर के रूप में हुई।

नगर कोतवाली पुलिस ने शव का पस्तमार्टम करवा परिवार के हवाले किया है। पूरा कलंदर थाना प्रभारी संजीव सिंह ने बताया कि शव को तहरीर के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# रामलला की नगरी बनेगी विश्व का आध्यात्मिक केंद्र, सज-धज कर तैयार

जिला संवाददाता

**अयोध्या।** रामलला की नगरी अयोध्या एक बार फिर विश्व पटल पर एक नया अध्याय लिखने जा रही है। 25 नवम्बर को होने वाले भव्य ध्वजारोहण समारोह को लेकर शहर में असाधारण उत्साह और व्यापक तैयारी देखने को मिल रही है। इस आयोजन को सिर्फ धार्मिक दृष्टि से नहीं बल्कि

- **ध्वजारोहण समारोह की लाइव झलक दिखाएंगी 50 से अधिक एलईडी स्क्रीन**
- **सूचना विभाग ने एलईडी वाल और वैन के जरिए शहर व ग्रामीण को जोड़ा एक मंच से**
- **सांस्कृतिक विरासत व आधुनिक तकनीक का अनोखा संगम दिखाएगा अयोध्या**

अयोध्या की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और तकनीकी गरिमा को विश्व भर में प्रदर्शित करने वाले महोत्सव के रूप में देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में पूरे शहर को उत्सवमय वातावरण में सजाया जा रहा है। मार्गों को फूलों की लड़ियों, थीम आधारित लाइटिंग और सजावटी तत्वों से चमकाया जा रहा है। ध्वजारोहण के दिन राम मंदिर परिसर में होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम को लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा, ताकि देश-दुनिया का हर व्यक्ति इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बन सके।ध्वजारोहण की भव्यता हर कोने में पहुँचे, इसके लिए सूचना विभाग ने बड़े पैमाने पर तकनीकी व्यवस्था खड़ी की है। जिला सूचना अधिकारी संतोष द्विवेदी के अनुसार अयोध्या नगर व तहसील और ब्लॉक स्तरों पर 50 से अधिक स्थानों पर एलईडी वाल और एलईडी वैन स्थापित की जा रही हैं।

प्रमुख स्थानों में पोस्ट ऑफिस, तुलसी स्मारक भवन, कारसेवकपुरम, टेढ़ी बाजार, रेलवे स्टेशन, सूर्यकुंड, गुप्तारघाट, राम कथा पार्क, मीडिया सेंटर आदि शामिल हैं। बस स्टैंड, सहादतगंज, देवकाली बाईपास, उदया सहित कई अन्य स्थानों पर भी एलईडी वैन तैनात की जाएंगी।

इन स्क्रीन के माध्यम से हर नागरिक अपने घर, मोहल्ले या बाजार



से इस अलौकिक आयोजन को देख सकेगा।देश और दुनिया से आने वाले पत्रकारों की सुविधा के लिए हनुमान गुफा पार्किंग के पास 20 हजार वर्ग फीट में भव्य मीडिया सेंटर तैयार किया गया है। इसके मुख्य आकर्षण 1500 पत्रकारों के बैठने की व्यवस्था, हाई-स्पीड इंटरनेट और वाई-फाई सुविधा, चार बड़ी एलईडी स्क्रीन सूचना संकलन के लिए मीडिया प्रतिनिधियों के लिए कैफेटेरिया, पूरी तरह एक्टिवेट सेंटर, 24 से 25 नवम्बर तक संचालित, यह सेंटर इस आयोजन को वैश्विक स्तर पर प्रचारित करने का केंद्र बिंदु बनेगा। इस बार ध्वजारोहण समारोह सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि अयोध्या की सांस्कृतिक आत्मा और आधुनिक तकनीक के संगम का प्रतीक बनने जा रहा है।

एलईडी स्क्रीन, लाइव टेलीकास्ट और हाई-टेक मीडिया सेंटर मिलकर इस कार्यक्रम को विश्व स्तरीय स्वरूप देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

## ध्वजारोहण के लिए सहस्त्रनाम व अथर्व शीर्ष की आहुतियां

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र में होने वाले धर्म ध्वाजारोहण कार्यक्रम के लिए तीसरे दिन भी विधि विधान से पूजन अर्चन हुआ। पूर्ण वैदिक रीति से विभिन्न पूज्य देवताओं का आवाहन व पूजन किया गया।

रविवार सुबह से क्रमशः वैदिक मर्मज्ञ आचार्यों द्वारा क्रमशः गणपति पूजन, पंचांग पूजन, षोडष मातृका पूजन कराया गया। इसके बाद योगिनी पूजन, क्षेत्रपाल पूजन, वास्तु पूजन, नवग्रह पूजन, और प्रधान मंडल के रूप में रामभद्र मंडल व अन्य समस्त पूज्य मंडलों का आवाहन पूजन हुआ।

रविवार को विष्णु सहस्त्रनाम एवं गणेश अथर्वशीर्ष की आहुतियां पूर्ण की गईं।

यजमान डॉ. अनिल मिश्र व अन्य ने सपत्नीक पूजन किया। इस अवसर पर मुख्य आचार्य चंद्रभान शर्मा, उपाचार्य रविंद्र पैठणे, यज्ञ के ब्रह्मा व आचार्य पंकज शर्मा ने पूजन संपन्न कराया।

पूजन व्यवस्था प्रमुख आचार्य इंद्रदेव मिश्र व आचार्य पंकज कौशिक की देखरेख में सभी आयोजन शुभ कार्य संपन्न हुए।

## मिशन शक्ति टीम ने महिलाओं और बालिकाओं को किया जागरूक



**बहराइच।** मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत मिशन शक्ति टीमों द्वारा विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति के उद्देश्यों के प्रति किया गया जागरुक मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के तहत जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर भ्रमण कर व चौपाल लगाकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनपद में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सभी महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और मिशन शक्ति के तहत उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जागरूक किया गया। *महिला सुरक्षाः* महिलाओं पर हो रहे अपराधों के प्रति जागरूक किया गया और उनकी समस्याओं का संज्ञान लिया गया।

## डॉ. अनिल कुमार मिश्र ने अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रस्तुत किया शोध पत्र



**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय शारीरिक शिक्षा खेल एवं योग विज्ञान संस्थान के एसोसिएट प्रो. डॉ अनिल कुमार मिश्र ने अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस सबरागमुवा विश्वविद्यालय श्रीलंका में अपने शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय का मान बढ़ाया। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में लगभग 28 देशों को भागीदारी करने का मौका मिला। डॉ. मिश्र की इस उपलब्धि पर कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह, संस्थान के निदेशक प्रो. एसएस मिश्र, डॉ. कपिल राणा, डॉ. अर्जुन सिंह, डॉ. त्रिलोकी यादव, डॉ. अनुराग पांडे, संघर्ष सिंह, देवेंद्र वर्मा, मंगलम सिंह, मोहनी पांडे, स्वाति उपाध्याय, अनुराग सोनी सहित अन्य लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## श्री सत्यसाई का मनाया गया 100वां जन्मोत्सव



**बाराबंकी।** सत्यप्रेमी नगर स्थित वारिस चिल्ड्रेन्स एकेडमी इण्टर कॉलेज में श्री सत्यसाई बाबा का 100वां जन्मोत्सव मनाया गया। जंहा

- **प्रतियोगिताओं में विजयी छात्रों को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

श्रद्धालुओं ने माथा टेक कर आशीर्वाद एवं छोटे बच्चों ने केक काटकर खुशियां बांटी। विजयेश्वर महादेव मन्दिर में नगर संकीर्तन किया गया। साईभक्तों ने हवन में 108 मंत्रों की आहुति दी। तो वही स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। पेंटिंग, भजन, भाषण प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जिसमे विजयी छात्र-छात्राओ को पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुरेश त्रिवेदी, दीपेश श्रीवास्तव, विजय आनन्द बाजपेई, उमाशंकर, भोला, कमलेश शुक्ला, , आरके सोनी, पुनीत श्रीवास्तव, आशाराम, अमित शर्मा, शिवम, कुमुदेश, राजकुमार, विप्रार्क मौजूद रहे।

## ध्वजारोहण रैली के साथ रामनगरी में चरम पर पहुंचा उल्लास



**अयोध्या।** रामनगरी में रविवार को निकली ध्वजारोहण रैली के साथ धर्म ध्वजारोहण समारोह का उल्लास चरम

- **संतों ने कहा, धर्म ध्वजारोहण पूरी दुनिया के लिए गर्व का क्षण**
- **महापौर की अगुवाई में रामकथा पार्क से राममंदिर तक निकाली रैली**

पर पहुंच गया। नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित रैली में बड़ी तादात में संतों ने भागीदारी कर अयोध्या नगर को स्वच्छ बनाने का संदेश बिखेरा। रामकथा पार्क में सुबह 9:00 बजे धर्मगुरुओं, संस्कृत के आचार्यों समेत बड़ी तादाद में संभ्रांतजन एकत्र हुए। यहां से महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी की अगवाई में रैली लता चैक होते हुए श्रीरामजन्मभूमि परिसर की ओर बढ़ी।

रास्ते में जगह-जगह रैली का स्वागत किया गया। हनुमान गढ़ी व श्री रामजन्मभूमि मंदिर पार कर छीरेश्वरनाथ मंदिर के सामने रैली संपन्न हो गई। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार पांडेय ने बताया कि इस रैली में महंत अवधेश कुमार दास, करपात्रीजी महाराज, मं. गोविंद शरण दास, महंत प्रेमशंकर दास, महंत राममिलन दास, मं. सीताराम दास, महंत रामप्रवेश दास, महंत रामशरण दास रामायणी, मिथिलाबिहारी दास, महंत रामलोचन दास, सुनील अवस्थी आदि शामिल थे।

## पुलिसकर्मियों के सेवा, शौर्य व शहादत को किया गया नमन



**बाराबंकी।** पुलिस झण्डा दिवस पर पुलिसकर्मियों को सेवा, शौर्य व शहादत को नमन करते हुयें रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय नें ध्वजारोहण किया। पुलिस अधीक्षक नें सम्बोधित करते हुये बताया कि भारत के प्रथम प्रधानमंत्री द्वारा शौर्य प्रदर्शन एव उच्च कोटि की कर्तव्य-परायणता के फलस्वरुप 23 नवम्बर 1952 को उत्तर प्रदेश पुलिस व पी0ए0सी को पुलिस कलर व झण्डा प्रदान किया गया था। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रतिवर्ष 23 नवम्बर को ह्लपुलिस झण्डा दिवसह्व के रुप में मनाया जाता है। एस0पी नें पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के संदेश को भी पढ़कर सुनाया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, समस्त क्षेत्राधिकारी नें भी अपने कार्यालयों, समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षों नें थाना परिसरों में पुलिस ध्वज फहराया।

## थाना रिसिया का निरीक्षण



**बहराइच।** अपर पुलिस अधीक्षक नगद्वारा थाना रिसिया का औचक निरीक्षण कर थाना क्षेत्रान्तर्गत निमार्णाधीन चौकी का किया गया स्थलीय अवलोकनअपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा थाना रिसिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाने की विभिन्न व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का व्यापक परीक्षण किया गया। महोदय द्वारा महिला हेल्पडेस्क, मिशन शक्ति केन्द्र, आगन्तुक कक्ष, सीसीटीएनएस कक्ष, मालखाना, हवालात, बैरक सहित समस्त परिसर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, रिकॉर्ड के रख-रखाव, तथा आगंतुकों के बैठने एवं सहायता की व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त थाने पर नियुक्त उपनिरीक्षक गण के साथ विवेचना निस्तारण, प्रार्थना पत्रों की जाँच, आईजीआरएस आदि अन्य विषयों पर मीटिंग कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये फरियादियों की समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर बल देते हुए महोदय ने निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, पारदर्शी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही थाने में उपलब्ध सुविधाओं को मानक के अनुरूप बनाए रखने तथा व्यवहार में सौम्यता को प्राथमिकता देने हेतु निर्देश दिए गए। निरीक्षण के उपरांत महोदय द्वारा निमार्णाधीन चौकी कटिलिया के निर्माण कार्य का स्थलीय अवलोकन किया गया। महोदय ने निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता एवं आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक थाना रिसिया व अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# गणना प्रपत्र डिजिटाइजेशन सेंटर का डीएम ने किया निरीक्षण

**बहराइच।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जनपद में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के दौरान विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-286 बहराइच सदर अन्तर्गत बूथ लेबिल अधिकारियों द्वारा मतदाताओं से प्राप्त किये गये गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य का जायजा लेने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने तहसील सदर बहराइच में स्थापित हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान डीएम श्री त्रिपाठी ने गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की बाबत जानकारी प्राप्त करते हुए फीडिंग कार्य की प्रगति बढ़ाये जाने के निर्देश दिये। डीएम ने मौके पर मौजूद निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी को निर्देश दिया गया कि डिजिटाइजेशन कार्य की प्रगति को बढ़ाये जाने हेतु आवश्यकतानुसार संसाधन व मैन पावर को बढ़ाया जाय। एसडीएम चौधरी ने जिलाधिकारी को बताया कि विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन कार्य हेतु भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार ब्लाक व बी.आर.सी. स्तर पर 02-02 तथा नगर पालिका परिषद बहराइच एवं तहसील सदर में 01-01 हाई स्पीड नेटवर्क सेन्टर स्थापित किया गया है। जहां पर तैनात बी.एल.ओ./कार्मिकों द्वारा गणना प्रपत्रों के डिजिटाइजेशन की जा रही है। डीएम श्री त्रिपाठी ने एसडीएम सदर को निर्देश दिया कि डिजिटाइजेशन कार्य का प्रभावी पर्यवेक्षण करते हुए डाटा डिजिटाइजेशन कार्य को सुचारू रूप से सम्पन्न करायें।

# ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री का आगमन अविस्मरणीय व ऐतिहासिक क्षणः लल्लू सिंह

**अयोध्या।** ध्वजारोहण कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के आगमन से पहले अयोध्या में तैयारियां जोर पकड़ चुकी हैं। शहर को स्वच्छ और आकर्षक स्वरूप देने के लिए विभिन्न मोहल्लों व मार्गों पर व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ में प्रधानमंत्री के स्वागत अभिनंदन की तैयारी चल रही है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने रविवार को गेट नम्बर 11 के सामने स्वच्छता अभियान चलाया। स्वागत कार्यक्रम को लेकर उन्होंने रानोपाली स्थित एक गेस्ट हाउस में बैठक की तथा मुराई टोला, छोटी कोटिया, हनुमानकुंड वार्ड में जनसम्पर्क किया।जनसम्पर्क के दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि रामनगरी के लिए ध्वजारोहण का यह भव्य कार्यक्रम और उसमें प्रधानमंत्री का आगमन एक अविस्मरणीय और ऐतिहासिक क्षण बनने जा रहा है। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि अयोध्या की आत्मा और आस्था से जुड़ा वह अवसर है, जिसे हम आने वाली पीढ़ियों तक याद रखेंगे। प्रधानमंत्री के अभूतपूर्व स्वागत व अभिनंदन की तैयारी हमें शुरू कर देनी है। यह कार्यक्रम पर्वों से भी बड़ा पर्व है। हमें इसे उसी श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव से मनाना है, जैसे हम अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों को मनाते हैं।



पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने बैठक में कहा कि अयोध्या की जनता प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए उत्साहित है और पूरे शहर में उत्सव जैसा माहौल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अयोध्या आगमन हमारे लिए गौरव का क्षण है। प्रधानमंत्री के स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान पार्टी के पदाधिकारी अनुशासन और उत्साह का संदेश देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का पूरे सामर्थ्य से निवार्हन करे। स्वागत अभिनंदन के इस कार्यक्रम से हमारी संस्कृति व सत्कार के तौर तरीके का संदेश वैश्विक स्तर पर जाएगा। मौके पर भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकताओं की मौजूदगी रही।

## एएसएसपी ने ध्वजारोहण की ली सलामी



**बहराइच।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा पुलिस झण्डा दिवस के अवसर पर ध्वज को सम्मानपूर्वक फहराकर ली गयी सलामी। जनपद बहराइच स्थित रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस झण्डा दिवस गरिमा, अनुशासन एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री अशोक कुमार सिंह द्वारा क्वार्टर गार्ड पर सलामी लेने एवं पुलिस ध्वज के ध्वजारोहण के साथ किया गया। पुलिस झण्डा दिवस, जिसकी शुरूआत 23 नवम्बर 1952 से हुई, पुलिस बल की गौरवशाली परंपरा, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और सेवा-भावना का प्रतीक है ध्वजारोहण उपरांत महोदय ने अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस ध्वज हमें कर्तव्यपरायणता, सेवा, साहस और नैतिक आचरण का संदेश देता है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को पुलिस फ्लैग स्टिकर लगाया तथा नागरिकों की सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की मजबूती और विभाग की मयार्दा को प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी नगर श्री पहुप सिंह, क्षेत्राधिकारी कैसरगंज श्री रवि खोखर, पुलिस लाइन कर्मी, रिक्रूट आरक्षियों सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## 2 जोड़े एक साथ रहने के लिए हुए राजी

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में पुलिस लाइन स्थित महिला थाना परिसर मे महिला परामर्श केन्द्र का आयोजन किया गया। जंहा महिला थाना प्रभारी ने 2 मामलो मे दो पक्षो की समस्याओ को सुनते हुये आपसी सहमति से सुलह-सुलझौता कराया।

## निः शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न



**रुपईडीहा बहराइच।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में आरएचएन फाउंडेशन द्वारा ग्राम पंचायत गंगापुर विकास खण्ड नवाबगंज में आयोजित हुआ निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर ग्राम प्रधान गंगापुर आशीष पाण्डेय ने बताया कि पंचायत भवन गंगापुर विकास खण्ड नवाबगंज में नेत्र चिकित्सा शिविर में आए मोतिया बिन्द के मरीजों का सीतापुर हास्पिटल में होगा निशुल्क ऑपरेशन बहराइच जिले के नवाबगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत गंगा पुर पंचायत भवन में आयोजित कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वाधान में राधेलाल हरिनारायण चैरिटेबल ट्रस्ट (आरएचएन फाउन्डेशन) के सौजन्य से चलाई जा रही रज्जू भैया मोबाइल नेत्र सेवा की ओर से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।

भारत मांता के चित्र पर माल्यार्पण, पूजन अर्चन व आरती कर किया गया आरएचएन फाउन्डेशन के संयोजन में आए सीतापुर आंख अस्पताल से शिविर संचालक शैलेंद्र जी सहित दस नेत्र चिकित्सकों की टीम द्वारा शिविर में आए लगभग तीन सौ ग्रामीण मरीजो की जांच की गई एवं पैसठ मोतियाबिंद मरीजों को सीतापुर आँखअस्पताल बस द्वारा भेजा गया, तथा लोगों को आर एच एन फाउंडेशन द्वारा निशुल्क दवा व चश्मे वितरित किए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान आशीष कुमार पांडेय, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खण्ड संघ चालक कृष्ण चन्द्र पाठक जी, सह खंड कार्यवाह आशीष त्रिपाठी, संतोषपाण्डेय, शिवकुमार, नरेंद्र कुमार, प्रदीप आदि लोग उपस्थित रहे और कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले बीएलओ होंगे सम्मानितः डीएम

जिला संवाददाता

**बाराबंकी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट शशांक त्रिपाठी ने विधानसभा सदर क्षेत्रों की मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यो का प्राथमिक विद्यालय बड़ेल द्वितीय में बने बूथ संख्या 385 व 386 का निरीक्षण करते हुये एसआईआर से संबंधित हो रहे फीडिंग सहित अन्य संबंधित कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। जिला निर्वाचन

- **डीएम ने किया बूथ संख्या 385 व 386 का निरीक्षण, देखे भरे आवेदन फॉर्म**
- **एसआईआर का कार्य महत्वपूर्ण है, जनता भी निभाये अपनी भागीदारीः डीएम**

अधिकारी ने दोनों बूथों पर भरे हुए फार्म का अवलोकन किया और सम्बंधित बीएलओ से बीएलओ एप्प पर उसकी फीडिंग से सम्बंधित स्थिति की जानकारी ली। बीएलओ के कार्यो से संतुष्टि जताते हुए और बेहतर प्रयास करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर कार्य महत्वपूर्ण कार्य है। इसको निर्धारित समय अवधि में प्राथमिकता पर पूर्ण कराया जाए। इस



कार्य के लिये मतदाता भी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बीएलओ का सहयोग करें जिससे समय पर आवेदन फॉर्म भरकर उसकी ऑन लाइन फीडिग कराई जा सके। जिलाधिकारी को बूथ संख्या 385 की बीएलओ नीतू श्रीवास्तव बताया कि उनके बूथ पर कुल 686 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में है। जिसमें से अबतक करीब 300 फॉर्म का एसआईआर आवेदन पूर्ण किया जा चुका है। बूथ संख्या 386 की बीएलओ दीपलता ने बताया कि उनके बूथ पर भी अबतक लगभग 250 फार्म पूरे किये जा चुके है। जिलाधिकारी ने बीएलओ नीतू श्रीवास्तव और दीपलता सहित सुपरवाइजर के कार्यो की सराहना करते हुए उनके साथ फोटो खिंचवाई। समय पर कार्य पूर्ण हो सके इसके लिये और अधिक मनोयोग से कार्य करने के लिये प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की जनपद स्तर पर जो बीएलओ समस्त कार्य सबसे पहले पूर्ण करेंगे उन्हें सर्वश्रेष्ठ मानते हुए सम्मानित भी किया जाएगा। जिलाधिकारी को दोनों बीएलओ से ऑनलाइन आवेदन की फीडिग में नेटवर्क या एप्प सम्बंधित कोई समस्या के बारे मे विस्तार से जानकारी दी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इस कार्य में लगे सभी लोग अपनी जिम्मेदारी निभाये किसी के स्तर पर लापरवाही मिलने पर सम्बंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नवाबगंज आनंद कुमार तिवारी, तहसीलदार भूपेंद्र विक्रम सिंह सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## अस्पताल को मिली दो व्हील चेयर

**अयोध्या।** जिला चिकित्सालय अयोध्या को दो व्हील चेयर दान स्वरूप चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अजयचौधरी को भेंट दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री श्री महाशक्ति दुर्गा पूजा मकबरा के संस्थापक रहे जगन्नाथ जायसवाल की स्मृति में उनके पुत्र गौरव जयसवाल सौरभ



जयसवाल कृष्णा जायसवाल ने जिला चिकित्सालय के इमरजेंसी ओपीडी पहुंचकर चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अजय चैधरी को दो व्हील चेयर प्रदान किया जिससे मरीजों को होने वाली कठिनाइयों से निजात मिलेगा। इस दौरान इमरजेंसी ड्यूटी कर रहे डॉक्टर आशीष पाठक फार्मासिस्ट विजय वर्मा संजय गुप्ता संजीव गुप्ता हनुमत दुबे सर्वेश श्रीवास्तव एवं अस्पताल प्रबंधक राजेंद्र तिवारी अन्य लोग मौजूद रहे।

संक्षेप

## लेनदेन के मामले में कुल्हाड़ी से हमला कर किया घायल

**लालगंज, रायबरेली।** भट्ठे में मजदूरी करने के बाबत एडवांस में दिए गए पैसे मांगने पर मारपीट की घटना हुईहै। मामले में लालगंज कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत करते हुए पूरे फुर्सत का पुरवा मजरे सजवारिया थाना नसीराबाद निवासी चांद मोहम्मद पुत्र बाबू ने बताया कि बक्सान का पुरवा मजरे भीरा गोविंदपुर थाना लालगंज निवासी रजुली पुत्र दीन मोहम्मद ने अगस्त माह में भट्ठे पर काम करने के लिए उससे 20 हजार रुपए एडवांस लिया था। लेकिन रजुली काम पर नहीं गया और जब मैंने उससे रुपए वापस मांगे तो आना-कानी करता रहा। शनिवार को फिर से एक बार जब वह पैसा मांगने उसके घर गया तो उसने गाली गलौज करते हुए उसके ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया जिससे उसे गंभीर चोट आईहै। पीड़ित का कहना है कि विपक्षी ने उसे जान से मारने की भी धमकी दी है। मामले की विवेचना कर रहे चैकी इंचार्ज नरपतगंज विवेक त्रिपाठी ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

## दुर्घटना में हुई मौत का मामला दर्ज

**लालगंज, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के बहादुरगंज मजरे यूसुफपुर गांव निवासी नबी मोहम्मद ने लालगंज कोतवाली में अपने पुत्र के बाबत दुर्घटना में हुई मौत का मामला दर्ज कराते हुए बताया कि उसके पुत्र इरशाद को बड़े नहर के पास पिकअप संख्या यूपी 33 सीटी 4546 ने टक्कर मार दी थी जिससे उसकी मौत हो गई थी। मामले में एक युवक सलमान भी घायल हुआ था। अब नबी मोहम्मद ने दुर्घटना करने वाले पिकअप और चालक के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## एसआईआर को कुछ लोग दे रहे हैं राजनीति का रूप

**लालगंज, रायबरेली।** वर्तमान में भारत सरकार निर्वाचन आयोग के द्वारा सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान एस आईआर चलाया जा रहा है। बूथ लेवल अफसर घर-घर जाकर लोगों से फॉर्म फिल करा रहे हैं। प्रबुद्ध वर्ग के लोगों ने जहां एसआईआर की सराहना की है। वहीं कुछ राजनीतिक लोगों का कहना है कि महज चुनावी हथकंडा है और चुनाव जीतने के लिए लोगों के मतदाता सूची से नाम काटने का अभियान चल रहा है। चंद्रशेखर मेमोरियल पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रबंध निदेशक दीप प्रकाश शुक्ला ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम मतदाता सूची में अशुद्धियों को सुधारने और पात्र नागरिकों को शामिल करने के लिए देश हित में है। सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लालगंज के अध्यक्ष अनूप पांडे ने एसआई आर कार्यक्रम की उपयोगिता के बारे में बताते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति से जब बारकोड टाइप फॉर्म भराया जा रहा है तो निश्चित रूप से इस बार मतदाता सूची पूर्ण रूप से शुद्ध और सही बनेगी और यह राष्ट्रहित में आवश्यक भी है। रघुवीर इंस्टीट्यूट की प्रबंध निदेशक डॉ मोनिका मिश्रा का कहना है कि विपक्ष अकारण चिल्ला रहा है। एस आई आर से ना तो संविधान खतरे में है और ना ही देश खतरे में है, सघन मतदाता पुनरीक्षण अभियान बहुत आवश्यक है। उप्रउद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष सत्यम शुक्ला का कहना है कि कांग्रेस और सपा के लोग एसआईआर का विरोध कर रहे हैं और अभियान को संविधान विरोधी बता रहे हैं जबकि सपा और कांग्रेस ही संविधान विरोधी हैं और इनसे ही देश को खतरा है।

# हर मतदाता तक गणना प्रपत्र समयबद्ध रूप से पहुंचे : डीएम

### विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के क्रियान्वयन का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**रायबरेली।** विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा विधानसभा सलोन के विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्थलीय निरीक्षण कर निर्वाचन संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बीएलओ से गणना प्रपत्रों के वितरण की स्थिति, मतदाताओं से संपर्क की प्रगति तथा मोबाइल एप के माध्यम से की जा रही मार्किंग की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्येक मतदाता तक गणना प्रपत्र समयबद्ध रूप से पहुंचे तथा सभी प्रपत्र 4 दिसम्बर से पूर्व संकलित कर लिए जाएं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को यह भी निर्देशित किया कि निर्वाचन कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता कदापि बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम से संबंधित सभी कार्य समयबद्धता एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किए जाएं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सलोन चंद्र प्रकाश गौतम सहित संबंधित अधिकारी व बीएलओ उपस्थित रहे।

**जिला निर्वाचन अधिकारी ने कलेक्ट्रेट में स्थापित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया :** डीएम हर्षिता माथुर ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण 2025 के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कंट्रोल रूम में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जाए जिससे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। इस दौरान उन्होंने शिकायत रजिस्टर को भी देखा। निरीक्षण के समय उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ सहित संबंधित कार्मिक उपस्थित रहें।



## बूथ पर अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्तिपत्र देकर किया गया सम्मानित

**रायबरेली।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम सिद्धार्थ ने बताया कि ऊंचाहार तहसील में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम में अच्छा कार्य करने पर बूथ न.121 टिकथा मुसल्लेपुर की बीएलओ मनोरमा शुक्ला को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार 182 सरेनी विधानसभा के अंतर्गत बूथ संख्या 331 के बीएलओ संपूर्णानंद (शिक्षा मित्र) व बूथ संख्या-348 बीएलओ अर्चना सिंह (आंगनबाड़ी कार्यकत्री) को बूथ पर अच्छा कार्य करने हेतु प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## पुलिसकर्मियों को दिलायी गयी कर्तव्यनिष्ठा की शपथ

**रायबरेली।** उप्र में पुलिस झण्डा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इसी क्रम में जनपद रायबरेली में भी पुलिस झण्डा दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ आयोजित किया गया। रिजर्व पुलिस लाइन में प्रातः काल आयोजित मुख्य समारोह में एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के उपरांत परेड का निरीक्षण किया गया तथा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने पुलिस बल की गौरवशाली परम्पराओं का स्मरण कराया। एएसपी ने पुलिस महानिदेशक उप्रके संदेश को पढ़कर सुनाया। संदेश में पुलिसकर्मियों से निष्पक्ष, कर्तव्यनिष्ठ एवं जनसेवा के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया गया था। श्री सिन्हा ने सभी पुलिसकर्मियों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि हमारे कर्तव्य, त्याग और देशसेवा का जीता-जागता स्वरूप है। हमें हर परिस्थिति में इसकी गरिमा बनाए रखनी है। इस अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारीगणों ने पुलिस ध्वज के प्रति निष्ठा की शपथ ली तथा देश सेवा और जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का संकल्प दोहराया। जनपद स्तर पर यह कार्यक्रम केवल रिजर्व पुलिस लाइन तक सीमित नहीं रहा। रायबरेली जिले के सभी थानों, चौकियों वं पुलिस कार्यालयों में भी पुलिस झण्डा दिवस बड़े सम्मान के साथ मनाया गया।

# सीएमओ ने आरोग्य मेले का किया निरीक्षण



**अमेठी।** अपनी बेहतरीन कार्यशैली के लिए जनपद में चर्चित मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह ने जनपद के विभिन्न केदो पर आयोजित मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान उन्होंने खामियों पर भी कर्मचारियों को चेताया तथा सरकार की स्वास्थ्य से संबंधित महत्वाकांक्षी योजना पर ध्यान देने की बात कही उन्होंने कहा कि आरोग्य मेले में आने वाले मरीजों की जांच दवा समय से उपलब्ध कराए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद के विभिन्न केदो का पहले से भी लगातार दौरा करते चले आ रहे हैं जिसके चलते जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पटरी पर आ गई है यही नहीं बीते दिनों एक्सीडेंट में घायल युवक सड़क पर तड़प रहा था जब एंबुलेंस पहुंचने में देर हुई तो उन्होंने अपने वाहन से घायल युवा को जिला अस्पताल पहुंचा कर उसका इलाज कराया इसी प्रकार से जनपद में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए खास तौर से मुख्य चिकित्सा अधिकारी अंशुमान सिंह जाने जाते हैं जो जिले में चर्चा में रहते हैं। रविवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जनपद के इन्होंने राजा फत्तेपुर का निरीक्षण किया जहां सभी स्टाफ मौजूद मिले मौजूद स्टाफ को उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य मेले से मिलने वाले लाभ से लोग वंचित न रहे लिहाजा हमारे स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी अपने जिम्मेदारी का निर्वहन करते रहें।

## सड़क किनारे गड्ढे में घुसी बस बाल-बाल बचे यात्री

**संग्रामपुर, अमेठी।** जगदीशपुर से अमेठी होते हुए प्रतापगढ़ जा रही यात्रियों से भरी निजी बस रविवार की सुबह ठेंगहा पुल के पास सड़क किनारे झाड़ियों में जा घुसी। घटना में बस पर सवार सभी यात्री बाल-बाल बच गए, किसी को किसी प्रकार की कोई चोट नहीं आई है। रविवार की सुबह ठेंगहा पुल के पास अमेठी से प्रतापगढ़ की ओर जा रही यात्रियों से भरी निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे झाड़ियों में जा घुसी, गनीमत रही की सड़क किनारे मौजूद खाई में बस गिरने से पहले ड्राइवर ने गाड़ी पर नियंत्रण पा लिया जिससे एक बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना में सभी यात्री बाल बाल बच गए किसी को कोई चोट नहीं आई। यात्रियों, स्थानीय लोगों और मौके पर मौजूद क्रेन मशीन की मदद से बस को बाहर निकाला गया। बस ड्राइवर पप्पू पांडेय ने बताया कि लकड़ी का बोटा लाद रही क्रेन से बचने के चक्कर में बस अनियंत्रित हुई लेकिन बस को तुरंत नियंत्रित कर रोक लिया गया। जिसके बाद बस यात्रियों सहित अपने गंतव्य स्थान के लिए रवाना हो गई।

## मतदाता केवल एक ही मतदेय स्थल से गणना प्रपत्र भरकर बीएलओ को उपलब्ध करायें

**अमेठी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने जनपद के जनसामान्य को सूचित किया कि भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देश के क्रम में अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण की कार्यवाही गतिमान है, जिसमें बूथ लेवल अधिकारी द्वारा घर-घर जाकर मतदाता को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराते हुए सम्बन्धित मतदाताओं से भरे हुए गणना प्रपत्र प्राप्त किये जा रहे है। उन्होंने बताया कि ऐसे मतदाता जिनका नाम विधानसभा निर्वाचक नामावली-2025 में एक से अधिक मतदेय स्थल अथवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में प्रविष्ट है, ऐसे मतदाता एक ही स्थल पर अपना गणना प्रपत्र भरकर बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करायें, यदि उनके द्वारा दोनों मतदेय स्थल अथवा विधानसभा क्षेत्रों में गणना प्रपत्र भरकर बी०एल०ओ० को जमा किया जाता है, और यह सिद्ध हो जाता है कि अमुक मतदाता द्वारा दो जगह गणना प्रपत्र भरकर बी०एल०ओ० के पास जमा किया गया है, तो ऐसे मतदाताओं के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 (1950 क 43) की धारा 31 के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी व जिसमें मतदाता को 1 वर्ष कारावास या जुमार्ने या दोनों से दण्डित किया जायेगा, जिसके लिये मतदाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

## संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का भव्य शुभारंभ, निकाली गयी कलश यात्रा



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** जयसिंहपुर क्षेत्र के बाबू का पुरवा गांव में रविवार को संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का भव्य शुभारंभ हुआ। यह दिव्य कथा श्री धाम वृंदावन से पधारे सुप्रसिद्ध कथा व्यास आचार्य शुभम पांडेय के श्रीमुख से संपन्न हो रही है। कथा के प्रथम दिवस पर ग्रामीणों में उत्साह और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अजमान राम तीरथ शुक्ला एवं उनकी पत्नी शोभावती शुक्ला ने परिजनों और श्रद्धालुओं के साथ विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना कर कथा का मंगल आह्वान किया। इसी क्रम में गांव में भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें दर्जनों महिला-पुरुष भक्तों ने भाग लिया। कलश यात्रा बाबू का पुरवा गांव से प्रारंभ होकर बाबा गिरधर लाल धाम तक लगभग एक किलोमीटर की दूरी तय करती हुई धार्मिक भक्ति और उल्लास का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत किया। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन, डीजे और जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिरस में डूब गया। मुख्य अजमान के पुत्र प्रवीण शुक्ला ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करें और भगवान की दिव्य कथाओं का लाभ प्राप्त करें। कथा सप्ताह के दौरान प्रतिदिन शाम को विशेष भजन संध्या और प्रवचन का आयोजन होगा, जिसमें दूर-दूर से आए श्रद्धालु शामिल होंगे।

# रविवार को खुले स्कूल, बीएलओ के साथ पूर्ण सहयोग मे लगे रहे शिक्षक



**महराजगंज, रायबरेली।** विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम के मद्देनजर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली के आदेश पर रविवार को परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्र व अनुचर सहित सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालयों मे पहुंचे और बीएलओ के साथ पूर्ण सहयोग मे लगे रहे। वही एसडीएम महराजगंज गौतम सिंह ने क्षेत्र के करीब एक दर्जन से अधिक बूथों पर ताबड़तोड़ निरीक्षण कर अभियान में तेजी लाने व समय पर फार्म जमा कराकर आनलाइन फीडिंग कराए जाने के निर्देश दिए। रविवार को क्षेत्र के पुरासी, मोन, पाली, ओथी, चिलौली, असनी, अलीपुर, कुसुढी सागरपुर, कक्केपुर, सलेथू, जनई, जिहवा, हसनपुर, राजा कंसपुर, राई मऊ, चंदापुर, डोमापुर, समेत सभी स्कूलों में शिक्षकों ने बीएलओ का सहयोग किया। उपजिलाधिकारी गौतम सिंह ने कस्बा स्थित राजा चंद्र चूड़ सिंह इंटर कालेज के बूथ संख्या 174,175,176 बूथों का निरीक्षण कर बीएलओ मीना सोनकर, शैलेश कुमारी, सीता मौर्य, आरती धीमान आदि से बात करते हुए एस आई आर की प्रगति की जानकारी लेते हुए जल्द ही कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## भाजयुमो का युवा सम्मेलन संपन्न

**रायबरेली।** हरचंदपुर स्थित ब्लॉक सभागार में भाजयुमो का आत्मनिर्भर भारत मंडल युवा सम्मेलन संपन्न हुआ। इसमें भाजयुमो अवध क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अनुराग मिश्रा और जिला महामंत्री अनुज मौर्य मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हर्षित सिंह तोमर ने की।

मुख्य अतिथि अनुराग मिश्रा ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि जब देशवासी स्वदेशी उत्पादों का क्रय करेंगे, तभी भारत 2047 तक विश्व गुरु बन पाएगा।

# सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष प्रसंग का कथा व्यास ने किया सुंदर वर्णन



**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** कथा व्यास राकेश भाई जी महाराज ने भागवत कथा के सातवें दिन सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष प्रसंग का सुंदर वर्णन किया। सुंदर प्रस्तुति से भक्त मंत्र मुक्त हो गए।

लंभुआ नगर पंचायत के विवेक नगर वार्ड में वीरेंद्र सिंह के आवास पर आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में सांतवे दिन कथा कहते कथा व्यास राकेश भाई जी महाराज ने सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष आदि प्रसंगों का सुंदर वर्णन किया। सुदामा जी जितेंद्रिय एवं भगवान कृष्ण के परम मित्र थे। भिक्षा मांगकर अपने परिवार का पालन पोषण करते। गरीबी के बावजूद भी हमेशा भगवान के ध्यान में मग्न रहते। पत्नी सुशीला सुदामा जी से बार बार आग्रह करती कि आपके मित्र तो द्वारकाधीश है। उनसे जाकर मिलो शायद वह हमारी मदद कर दें। सुदामा पत्नी के कहने पर द्वारका पहुंचते हैं और जब द्वारपाल भगवान कृष्ण को बताते हैं कि सुदामा नाम का ब्राम्हण आया है। कृष्ण यह सुनकर नंगे पैर दौड़कर आते हैं और अपने मित्र को गले से लगा लेते । उनकी दीन दशा देखकर कृष्ण के आंखों से अश्रुओं की धारा प्रवाहित होने लगती है। सुदामा जी को सिंघासन पर बैठाकर कृष्ण जी सुदामा के चरण धोते हैं। सभी पटरानियां सुदामा जी से आशीर्वाद लेती हैं। सुदामा जी विदा लेकर अपने स्थान लौटते हैं तो भगवान कृष्ण की कृपा से अपने यहां महल बना पाते हैं लेकिन सुदामा जी अपनी फूंस की बनी कुटिया में रहकर भगवान का सुमिरन करते हैं। इस लिए कहा गया है कि जब जब भक्तों पर विपदा आई है प्रभु उनका तारण करने जरुर आए हैं। कथा संयोजक अधिवक्ता आशीष सिंह ने आए हुए अतिथियों का माल्यार्पण का स्वागत किया। इस मौके पर डॉ. एनबी सिंह, देवी सिंह, कृष्ण कुमार सिंह, राजेन्द्र मिश्रा, रामतीर्थ सिंह, दीपक सिंह, प्रवीण सिंह, राम सुमिरन तिवारी, राजा सिंह, शौर्य सिंह आदि मौजूद रहे।

# सुलतानपुर से अर्जुन सिंह का उप्र अंडर- 23 टीम में हुआ चयन

**सुलतानपुर (वीओएल)।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर- 23 टीम में सुलतानपुर से अर्जुन कुमार सिंह का चयन उत्तर प्रदेश की टीम में हुआ है। जयपुर में आयोजित अंडर- 23 प्रतियोगिता में त्रिपुरा के विरूद्ध मैच में अर्जुन सिंह का बुलावा आया है। अर्जुन सिंह विगत कई वर्षो से जिला क्रिकेट संघ सुलतानपुर की ओर से भाग ले रहे हैं और उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित यूपी प्रीमियर लीग में भी खेल चुके हैं। अंडर - 19 कूच बिहार ट्राफी के लिए यूपी टीम की ओर से कैंप कर चुके हैं। अर्जुन कई वर्षों से जिला क्रिकेट एसोसिएशन सुलतापुर लीग में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। अर्जुन मूलतः ग्राम देवडीह बलिया के मूल निवासी हैं। उनकी मां उमा सिंह ने रामबरन महाविद्यालय, विभारपुर, जयसिंहपुर, सुलतानपुर से स्नातक व परास्नातक की पढ़ाई की थी। इस दौरान अर्जुन सिंह सुलतानपुर में जिला क्रिकेट संघ सचिव असद अहमद से संपर्क हुआ और अर्जुन सिंह इन्हीं के मार्गदर्शन में क्रिकेट खेल रहे हैं। अर्जुन ने जिला लीग में खेलने के साथ-साथ भारत की कई नामचीन अकादमी जैसे अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी श्रीधरन एकेडमी हैदराबाद, राहुल द्रविड के कोच गुलाम समदानी सर बेंगलुरू और पंकज सिंह क्रिकेट अकादमी जयपुर में भी समय-समय पर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अर्जुन खेल के साथ-साथ पढ़ाई में भी मेधावी छात्र रहे हैं। उन्होंने 10वीं में 10 सीजीपीए और 12वीं में 90 प्रतिशत अंक हासिल किया है। अर्जुन सिंह के पिता अरविंद कुमार सिंह आईएएस अधिकारी रहे हैं। जो अब रिटायर हो चुके हैं। उन्होनें कई विभागों में अपनी सेवाएं दी है। अर्जुन सिंह के चयन होने पर राम बरन महाविद्यालय के प्रबंधक अजय सिंह, प्रशासक संजय सिंह, डायरेक्टर अमर प्रताप सिंह, महेश जायसवाल, प्रवेश गुप्ता समेत अन्य लोगों बधाई दी है और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## संजय कुमार अध्यक्ष, राम चंद्र वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामचंद्र महामंत्री व त्रिभुवन दत्त कोषाध्यक्ष बने

**अमेठी।** वीरांगना झलकारी बाई की 195वीं जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह में सभा के समापन के पहले वीरांगना झलकारी बाई चेतना समिति की जिला कार्यकारिणी घोषित की गई है। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष रहे बसपा के वरिष्ठ नेता जिया लाल त्यागी ने कमेटी के पदाधिकारियों को बधाई और मंगल कामनाएं दी और भगवान बुद्ध, संत शिरोमणि कबीर और बाबा साहब डॉ अम्बेडकर के मार्ग पर चलते हुए समतामूलक और प्रगतिशील समाज के निर्माण के संदेश दिए। जनपद अमेठी में आयोजन समिति गठित करके वीरांगना झलकारी बाई की जयंती और बलिदान दिवस मनाने का काम 1995से चल रहा है। कार्यकर्ताओं के योगदान,



अनुभव और काम के आधार पर समिति के संस्थापक/ संरक्षक संजीव भारती ने 22लोगों की कार्यकारिणी घोषित की है, तीन पद रिक्त रखे गये हैं। संजय कुमार बौद्ध को अध्यक्ष, राम चन्द्र सरस को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, राम चन्द्र को महामंत्री, त्रिभुवन दत्त को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। कार्यकारिणी में दो उपाध्यक्ष और तीन संयुक्त मंत्री बनाए गए हैं। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंजीनियर प्रेम मोहन त्रिपाठी, बसपा के जिला अध्यक्ष सुरेश कमल, बामसेफ की जिला संयोजक किसमता भारती, डॉ उदयराज, सेवानिवृत्त शिक्षक पलटूराम, चौधरी बेंचूलाल, एडवोकेट प्रमोद कुमार, सच्चेन्द्र कुमार, बौद्धाचार्य वैरागी राम भारती, शमशेर बौद्ध, राम प्रताप, रामदेव, इन्द्र पाल गौतम, राजेश अकेला, श्याम लाल गौतम, मंजीत कुमार, राजा सिंह, राम मिलन शर्मा , संजय कुमार मौर्य , मकबूल भाई, मो इश्तियाक, सुनील कुमार, धनंजय आदि मौजूद रहे।

## महारास के पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** स्थानीय रामनगर मे आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठे दिन व्यास पीठ पर विराजमान भागवताचार्य डॉ. मदनमोहन मिश्र महाराज ने रास पंच अध्याय का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाये जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। कथा में भगवान का मथुरा प्रस्थान, कंस का वध, महर्षि संदीपनी के आश्रम में विद्या ग्रहण करना, कालयवन का वध, उधव गोपी संवाद, ऊधव द्वारा गोपियों को अपना गुरु बनाना, द्वारका की स्थापना एवं रुक्मणी विवाह के प्रसंग का संगीतमय भावपूर्ण पाठ किया गया। कथा के दौरान आचार्य ने कहा कि महारास में भगवान श्रीकृष्ण ने बांसुरी बजाकर गोपियों का आह्वान किया और महारास लीला के द्वारा ही जीवात्मा परमात्मा का ही मिलन हुआ। जीव और ब्रह्म के मिलने को ही महारास कहते है। रास का तात्पर्य परमानंद की प्राप्ति है जिसमें दुःख, शोक आदि से सदैव के लिए निवृत्ति मिलती है। भगवान श्रीकृष्ण ने गोपियों को रास के माध्यम से सदैव के लिए परमानंद की अनुभूति करवायी। व्यास डॉ मदनमोहन मिश्र महाराज ने कहा कि आस्था और विश्वास के साथ ही भगवत प्राप्ति संभव है। भगवत प्राप्ति के लिए निश्चय और परिश्रम भी जरूरी है। विराजमान कथावाचक डॉ मिश्र ने कृष्ण-रुक्मणि विवाह प्रसंग पर बोलते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने 16 हजार कन्याओं से विवाह कर उनके साथ सुखमय जीवन बिताया। कथा के दौरान भक्तिमय संगीत ने श्रोताओं को आनंद से परिपूर्ण किया। कथा पूर्व रामदुलार मिश्र ने व्यासपीठ का पूजन किया। इसके पूर्व विनोद मिश्र प्रमोद मिश्र विनय मिश्र ने सपत्नीक माल्यार्पण कर अभिनन्दन किया। संचालन विद्याधर तिवारी ने किया। पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी, व्यापारी नेता रविन्द्र त्रिपाठी, नोएडा के प्रतिष्ठित उद्यमी अजय तिवारी, पिंटू सिंह प्रधान उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# अव्यवस्थाओं के बीच भरा जा रहा एसआईआर फार्म

- निर्वाचन आयोग के नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले के आदर्श नगर प्राथमिक विद्यालय में मतदान से जुड़े प्रपत्र भरवाने के लिए भारी संख्या में वोटर पहुंचे, लेकिन व्यवस्थाओं की कमी ने लोगों को काफी परेशान किया। स्कूल में क्लासरूम न खुलने के कारण बीएलओ को धूप में ही जमीन पर बैठकर काम करना पड़ा। भीषण धूप और भीड़ के बीच वोटरों के लिए न बैठने की व्यवस्था थी और न ही कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद दिखा। पूर्व सभासद युनुश अपनी टीम के साथ पूरे समय सहयोग में जुटे रहे, जिससे भीड़ को संभालने में कुछ राहत मिली। हैरानी की बात यह रही कि शिक्षा विभाग के अध्यापक, एसडीआई, नगर शिक्षा अधिकारी तथा बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर व सीडीपीओ में से कोई भी उपस्थित नहीं हुआ।



आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को वेतन रोकने का भय दिखाकर निर्देश तो दिए गए, लेकिन अधिकारी स्वयं मौके से नदारद रहे और सिर्फ मोबाइल के जरिए निर्देश देकर गायब हो गए। अव्यवस्था के बावजूद बीएलओ और स्थानीय लोगों ने मिलकर प्रक्रिया को संचालित किया। सबसे बड़ी समस्या उनके लिए सामने आई, जिनका नाम वोटर लिस्ट में नहीं था। उनके लिए कोई स्पष्ट मार्गदर्शन उपलब्ध नहीं कराया गया, जिससे कई वोटर परेशान होकर यहां-वहां जानकारी तलाशते रहे। न कोई हेल्पडेस्क थी और न यह बताया गया कि वे किस प्रक्रिया के तहत अपना नाम जुड़वा सकते हैं। सुविधा और जिम्मेदारियों के अभाव ने प्रशासन की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा किया।

## महिला ने आत्महत्या का प्रयास किया

**रायबरेली।** हरचंदपुर थाना क्षेत्र के छोटी हिलगी गांव में एक महिला ने पेड़ से लटककर आत्महत्या का प्रयास किया। पति ने उसे फंदे से उतारकर अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। यह घटना छोटी हिलगी गांव की है। लगभग 30 वर्षीय सुशीला पत्नी सुभाष ने किसी बात को लेकर गांव के बाहर एक पेड़ से साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। पति सुभाष ने अपनी पत्नी को फांसी के फंदे पर लटका देखा। उन्होंने तुरंत उसे नीचे उतारा और पास के अस्पताल ले गए। डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद सुशीला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। हरचंदपुर थाना अध्यक्ष हरकेश सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## क्रॉसिंग के पास मिला अज्ञात युवक का शव, पुलिस जांच में जुटी

**अमेठी।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दुगार्पुर रेलवे क्रॉसिंग के पास नरबहनपुर स्थित रेलवे ट्रैक किनारे रविवार सुबह एक लगभग 32 वर्षीय अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने जब ट्रैक के पास युवक को खून से लथपथ हालत में पड़ा देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पीपरपुर थाना प्रभारी श्रीराम पाण्डेय की पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया यह मामला ट्रेन की चपेट में आने से हुई मौत का प्रतीत होता है, हालांकि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। इसी कारण पुलिस ने आसपास के गांवों में पूछताछ शुरू कर दी है और युवक की फोटो व जानकारी नजदीकी थानों को भी भेजी जा रही है। रेलवे ट्रैक के दोनों ओर तलाशी कर कोई पहचान संबंधी वस्तु भी नहीं मिली है। पुलिस का कहना है कि शिनाख्त होने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है।

संक्षेप

## राम-जानकी विवाह पंचमी पर निकलेगी भव्य बारात

मथुरा। प्रति वर्ष की भांति मार्गशीर्ष शुक्ल पंचमी जो विवाह पंचमी के नाम से सनातन परंपरा में प्रचलित है के दिन मंगलवार, 25 नवम्बर को राम - जानकी विवाह का परंपरागत आयोजन श्रीकृष्ण जन्मस्थान स्थित भागवत-भवन में विधिविधान पूर्वक आयोजित होगा। उक्त सन्दर्भ में जानकारी देते हुए संस्थान के सचिव श्रीकपिल शर्मा ने बताया कि संस्थान द्वारा आयोजित किए जाने वाले सभी उत्सवों को भव्य दिव्य बनाने के क्रम में राम जानकी विवाहोत्सव के पुनीत अवसर पर बारात की निकासी सायंकालीन बेला में अन्नपूर्णेश्वर महादेव मन्दिर से आरम्भ होकर प्रांगण का भ्रमण कर श्रीराम जी के मन्दिर पहुंचेगी, जहां वैवाहिक अनुष्ठान सम्पन्न होंगे। तत्पश्चात सभी भक्त वृन्दों के लिए भोज भंडारे की व्यवस्था की जा रही है। संस्थान द्वारा सभी भक्त वृन्दों से इस पावन उत्सव में उपस्थित रहकर पुण्यार्जन हेतु आमंत्रित किया गया है।

## महिला की फावड़े से हत्या करने वाला गिरफ्तार

आगरा। थाना डौकी के कुंडौल में फावड़ा मारकर सीएचसी अधीक्षक जसवंत नगर की मां की हत्या करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस को खून से सनी शर्ट व फावड़ा मिल गया है। इससे साक्ष्य मिटाने की धारा बढ़ाई गई है।। अदालत ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव कुंडौल निवासी और इटावा के जसवंतनगर में अधीक्षक के पद पर तैनात डॉ. वीरेंद्र सिंह की मां राजन देवी (60) की शुक्रवार सुबह हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में उनके नौकर छोटू को कुंडौल तिराहे से गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक पूछताछ करने पर आरोपी छोटू खान निवासी कुंडौल ने बताया कि राजन देवी ने उसे नशा करने के कारण काम से हटा दिया था। इसे वह नाराज था। शुक्रवार को वह बाड़े पर था तो मृतका ने मुझे काम के लिए कहा तो उसने मना कर दिया। इससे गुस्साई राजन देवी ने चांटा मार दिया था। बेटे से भी पिटाई कराने की धमकी दी थी। बताया कि इसके बाद उसने राजन देवी पर हमला कर दिया था। वह भागने लगी तो फावड़े से सिर पर दो बार प्रहार किया था। जिससे वह वहीं ढेर हो गईं। थानाध्यक्ष डौकी ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## सुरीर पुलिस ने पकड़े दो वारंटी

मथुरा। थाना सुरीर पुलिस ने आज दो नफर वारण्टी आरोपितों को उनके मकान से गिरफ्तार किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपराध एंव अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान वारण्टी गिरफ्तारी चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी माँट के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह व उनकी टीम ने मुकेश पुत्र लीता उर्फ रीता, दिनेश पुत्र लीता उर्फ रीता निवासीगण सुरीर विजऊ को आज उनके मकान से गिरफ्तार कर लिया गया है। थानाध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया कि वाद सं0 49560/23, अ0सं0 273/22 धारा 504/506 भादवि न्यायालय जे0एम0 8 द्वारा नफर वारण्टी थे, जिन्हें आज पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

# प्रभारी मंत्री ने भाजपाइयों की बैठक में सुनीं शिकायतें

## संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की



जिला संवाददाता (vol)

मथुरा। रविवार को उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री एवं मथुरा प्रभारी संदीप सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस, मथुरा में भाजपा कार्यकताओं की बैठक लेकर संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने कार्यकताओं की समस्याएँ एक-एक कर सुनीं और उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान का आश्वासन दिया। मंत्री संदीप सिंह ने कार्यकताओं से कहा कि बूथ स्तर पर संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है, इसलिए प्रत्येक कार्यकर्ता जनसंपर्क को प्राथमिकता देते हुए जनता की समस्याओं को तुरंत उच्च स्तर तक पहुँचाएँ। उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा जनता से सतत संवाद बनाए रखने पर भी जोर दिया।मंत्री संदीप सिंह ने यह भी स्पष्ट किया कि सरकार एवं संगठन दोनों ही जनकल्याण को प्राथमिकता देते हैं, इसलिए हर कार्यकर्ता जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। वहीं मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा ने बताया मथुरा प्रभारी एवं मंत्री संदीप सिंह ने कार्यकताओं से आग्रह किया कि सोशल मीडिया और जनसंपर्क दोनों माध्यमों से पार्टी की नीतियाँ जनता तक पहुँचाएँ तथा गलत सूचनाओं का समय रहते जवाब दें।

उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती तभी संभव है जब हर कार्यकर्ता अपने वार्ड और बूथ पर सक्रिय रहकर जनता के मुद्दों को प्राथमिकता से उठाए। वहीं महानगर मीडिया प्रभारी श्याम श्याम शर्मा ने कहा कि संगठन सदैव जनता के हित में खड़ा रहा है और आगे भी इसी भावना से कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक राजेश चैधरी, विधायक ठा. मेघश्याम सिंह, जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे, महानगर अध्यक्ष हरिशंकर राजू यादव, युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री पवन हिंडोल, विनीत शर्मा, सत्यपाल चैधरी विजय शर्मा महानगर मीडिया प्रभारी श्याम शर्मा नितिन चतुवेर्दी पार्षद अंकुरगुर्जर धर्मेश नौहवार ललित गौतम कमला प्रसाद शर्मा नितिन शर्मा ज्ञानेंद्र राणा मनीषा पाराशर अमन ठाकुर रजत बाल्मिक आदि मौजूद थे।

## जंक्शन पर मालगाड़ी के वैगन में अचानक लगी आग

मथुरा। आज दोपहर मथुरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर उस समय अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की गाड़ियां जब प्लेटफार्म 10-11 के बीच खड़ी एक मालगाड़ी के वैगन से अचानक धुआं उठने लगा। देखते ही देखते वैगन से आग की लपटें दिखाई देने लगीं, जिसके बाद रेलवे अधिकारी और कर्मचारी मौके पर दौड़ पड़े।

घटना दोपहर 1:30 बजे के आसपास की है। घटना के बाद रेलकर्मियों ने वैगन को अलग करने का प्रयास शुरू किया, लेकिन शुरूआती आधे घंटे तक वैगन को ट्रेन से अलग नहीं किया जा सका। मौके पर उपलब्ध संसाधनों की कमी के कारण पानी मौके पर पहुंचीं। बताया गया कि यह मालगाड़ी हजारा की ओर जा रही थी और इसमें मिक्स कमोडिटी भरी हुई थी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार आग सीमित दायरे में थी और समय रहते नियंत्रण में ले ली गई, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। हालांकि वैगन में आग कैसे लगी, इसके कारणों की अभी जांच की जा रही है। घटना के चलते जंक्शन पर कुछ समय के लिए परिचालन प्रभावित रहा। रेलवे प्रशासन ने मामले की विस्तृत जांच के निर्देश दिए हैं।

## मथुरा पुलिस ने मनाया झंडा दिवस

मथुरा। उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा प्रत्येक वर्ष 23 नवंबर को मनाया जाने वाला झडा दिवस फ्लैग डे के रूप में मनाया जाता है इस वर्ष भी पूरे सम्मान के साथ आयोजित मथुरा में भी किया गया रविवार की सुबह पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्ड पर आयोजित एसपी ग्रामीण ने यूपी पुलिस के ध्वज को फैलाकर सलामी दी और कहा यूपी पुलिस देश के सबसे बड़े संगठन में से एक है। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को झंडा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन यूपी पुलिस फ्लैग को सम्मान देने और पुलिसबल की गौरवशाली परंपराओं, बलिदान और अनुशासन की भावना को स्मरण करने के लिए समर्पित होता है। एसपी ग्रामीण ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द पर झंडा फहराते हुए सलामी दी। साथ ही सभी पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाया। इसके साथ ही स्वंय व अन्य पुलिसकर्मियों के वर्दी पर झंडा लगाया। एएसपी ने उपस्थित समस्त पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को पुलिस महानिदेशक उप्रके द्वारा जारी किए गए संदेश को पढ़कर सुनाया। उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस बल की गरिमा बनाये रखने के लिये प्रेरित किया।

## पुलिस झंडा दिवस मनाया




फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस प्रत्येक वर्ष 23 नवम्बर को झंडा दिवस के रूप में मनाती है,यह दिन पुलिस बल की गौरवशाली परंपराओं बलिदान और अनुशासन की भावना को स्मरण करने के लिए समर्पित है। इसी क्रम में रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने ध्वजारोहण कर सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने कर्तव्य के प्रति सचेत और कर्तव्यनिष्ठ रहने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान एसएसपी ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द पर झंडा फहराते हुए सलामी दी। इस दौरान समस्त राजपत्रित अधिकारी एवं अन्य अधिकारी पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे। 23 नवम्बर उत्तर प्रदेश पुलिस के ध्वज को अपनाए जाने की स्मृति में मनाया जाता है। पुलिसकर्मियों में गर्व एकता और कर्तव्यनिष्ठा को प्रेरित करने के लिए यह महत्वपूर्ण दिवस है।

## महिला ने 2 बच्चों संग खाया विषाक्त पदार्थ

टूंडला/फिरोजाबाद। गांव मोहम्दाबाद में एक महिला ने ग्रह क्लेश के चलते अपने दो बच्चों संग विषाक्त पदार्थ का सेवन कर लिया जिसको सूचना पर पहुंची पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत स्थिर है। गांव मोहम्दाबाद में रूबी उम्र करीब 35 साल पत्नी मनोज उर्फ जीतेन्द्र ने ग्रह कलेश के चलते अपने दोनों बच्चों अंशुल12 व शिबू 9 वर्ष को अपने घर के कमरे के अंदर ले जाकर कुन्दी लगा ली परिवारजनों द्वारा आवाज देने पर दरवाजा नहीं खोला सूचना पर स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर परिवारी जनों द्वारा दरवाजे को तोड़कर अन्दर गये तो महिला अपने दोनों बच्चों के साथ बेड पर अचेत पड़ी मिली तथा हाथ मे ऑल आउट की सीसी पकडे थी,दोनों बच्चों व महिला को पुलिस द्वारा एफ एच मेडिकल कॉलेज टूंडला मे भर्ती कराया गया जहां उपचार मिलने पर महिला व बच्चे अस्पताल मे अब स्वस्थ है महिला के परिजन मायका पक्ष भी पहुंच गये है। महिला का अपने पति मनोज से घरेलू विवाद के चलते आपस में कहासुनी के गुस्से में घर के अंदर कुंदी लगाकर ओल आउट का तरल पदार्थ का पीने का असफल प्रयास किया जाना प्रकाश में आया है।

## अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे बेटे के परिवार को रिहा कराने को दर-दर भटक रहा पिता

आगरा। उत्तर प्रदेश के आगरा का एक परिवार अफ्रीकी देश कैमरून में फंस गया है। परिवार ने वीडियो जारी कर मदद मांगी थी। पिता ने सांसद से मुलाकात की। बताया कि कंपनी ओर से बेटे को परेशान किया जा रहा है। अफ्रीकी देश कैमरून में फंसे धीरज जैन के पिता धनपाल जैन ने शनिवार को राज्यसभा सांसद नवीन जैन से उनके आवास पर मुलाकात की। बेटे और उनके परिवार की सुरक्षा पर चिंता जताई। उन्होंने कंपनी की ओर से षड्यंत्र कर बेटे को निर्दोष होने के बावजूद लूट में फंसाने की बात कही। यह भी कहा कि बेटे का वेतन रोक कर परेशान किया जा रहा था। दयालबाग खासपुर के धीरज जैन, पत्नी सुप्रिया और डेढ़ साल की बेटी राघवी जैन कैमरून में फंसे हुए हैं। पिता धनपाल जैन ने बताया कि बेटे के एग्रीमेंट में स्पष्ट उल्लेख है कि यदि किसी भी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया होती है, तो वह भारत में ही होगी। इसके बावजूद कंपनी अनुचित दबाव बना रही है। वहीं धीरज की मां गंभीर ऑटोइम्यून बीमारी से ग्रसित हैं। उनका बेटी के पास मुंबई में उपचार चल रहा है। उन्होंने सांसद से कहा कि बेटे, बहू और नातिन के विदेश में फंसे होने से परिवार बुरी तरह टूट चुका है। वह खुद मानसिक पीड़ा में हैं। अपनी वाहन चालक की प्राइवेट नौकरी भी सही से नहीं कर पा रहे हैं। पिता के मुताबिक, सांसद नवीन जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और कैमरून स्थित भारतीय उच्चायुक्त को भेजे गए पत्रों पर शीघ्र संज्ञान लिया गया है। कैमरून स्थित भारतीय उच्चायोग के उच्चायुक्त विनय खंडूजा ने जवाबी पत्र में जानकारी दी है कि वो लगातार धीरज जैन, उनके परिजन, नियोक्ता कंपनी और स्थानीय अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं। जल्द ही समाधान निकाल लिया जाएगा। सांसद ने कहा है कि आपका दुख हमारा दुख है। उनके प्रयास एक पल के लिए भी नहीं रुकेंगे। प्रशासनिक स्तर की सभी औपचारिकताएं पूरी कराई जा रही हैं। जैन परिवार अकेला नहीं है। उनके साथ पूरा सरकारी तंत्र खड़ा है।

## लेखराज सिंह बने बलदेव ब्लॉक के विधायक प्रतिनिधि



बल्देव/मथुरा। शनिवार को बल्देव विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूरन प्रकाश ने अपने नए प्रतिनिधियों की नियुक्ति की घोषणा की। इसमें लेखराज सिंह प्रधान (अवैरणी) को बलदेव ब्लॉक का विधायक प्रतिनिधि बनाया गया है। इसके साथ ही अनिल रावत (होल्ला) को राया ब्लॉक, तथा सुरेश तरकर को फरह ब्लॉक का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया। विधायक पूरन प्रकाश ने बताया कि उनकी अनुपस्थिति में होने वाली समीक्षा बैठकों में ये प्रतिनिधि उनकी ओर से उपस्थित रहेंगे और क्षेत्रीय विकास कार्यों में सहयोग करेंगे। लेखराज प्रधान, विधायक पूरन प्रकाश के बेहद करीबी माने जाते हैं। लगातार तीन बार विधायक को चुनाव जिताने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनके इस सक्रिय नेतृत्व, कार्यशैली और विकास कार्यों की गति को देखते हुए उन्हें बलदेव जैसे सबसे मजबूत एवं चुनावी दृष्टि से अहम ब्लॉक की कमान सौंपी गई है। विधायक प्रतिनिधि लेखराज प्रधान ने कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वे पूरी निष्ठा के साथ निभाएंगे और विकास कार्यों को और अधिक गति देंगे। वहीं विधायक प्रतिनिधि पंकज प्रकाश ने लेखराज प्रधान को जिम्मेदारी मिलने पर हर्ष व्यक्त किया। नियुक्ति के बाद क्षेत्र में खुशी का माहौल दिखाई दिया। क्षेत्रवासियों, कार्यकताओं और ग्रामीणों ने लेखराज सिंह प्रधान, अनिल रावत व सुरेश तरकर का जोरदार स्वागत किया और नियुक्ति पर प्रसन्नता जताई। होशियार प्रधान, अजय प्रधान, बलवीर बाबा, रतन बाबा, नत्थी तोमर, निहाल सिंह आर्य, अजीत छोन्कर, मल्ल सिंह प्रधान, खेम सिंह प्रधान, राजकुमार तोमर, अजीत पहलवान, नीरज चैधरी, राजेंद्र प्रधान, श्यामवीर प्रधान, माधव तेहरिया, भोला पहलवान, खुशी पहलवान, गव्वर पहलवान, मुकेश प्रधान सहित सैकड़ों लोगों ने खुशी व्यक्त की।

## मुस्लिम बस्तियों में उप जिलाधिकारी ने एसआईआर को लेकर किया जागरूक

फिरोजाबाद/शिकोहाबाद। एसआईआर को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों में कई तरह की समस्या आ रही थी। उनकी समस्या का निदान कराने के लिए रविवार को महाराजा अग्रसेन कॉलेज में एसडीम डॉ गजेंद्र पाल सिंह ने कैंप लगाकर मुस्लिम महिलाओं को एसआईआर को लेकर जागरूक किया। महाराजा अग्रसेन कॉलेज में एसडीम डॉ गजेंद्र पाल सिंह ने मुस्लिम समुदायों के लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि एसआईआर में किसी का नाम नहीं कटेगा उन्होंने बताया कि 2003 के लिस्ट में जिनका भी नाम है या उनके माता-पिता का नाम है वह अपना फार्म भरकर घर-घर जा रहे बीएलओ को भरकर जमा करा दे। आप लोगों को फॉर्म के साथ कोई भी डॉक्यूमेंट नहीं देना है जैसे की मूल निवास प्रमाण पत्र, हाई स्कूल की मार्कशीट जैसे अंक पत्र आपको नहीं देने आपको केवल फॉर्म ही भरना है। यह डॉक्यूमेंट वह लोग देंगे जिनका 2003 के लिस्ट में नाम नहीं है उनसे प्रशासन नोटिस देकर पूछेगा कि आपका 2003 की लिस्ट में नाम नहीं है उनसे डॉक्यूमेंट मांगे जाएंगे अगर वह डॉक्यूमेंट दिखाएगा तो उसके 2003 के की लिस्ट में नाम को जोड़ दिया जाएगा और जो डॉक्यूमेंट नहीं दिखा पता है तो उसका नाम 2003 की लिस्ट में नहीं जोड़ा जाएगा। एसआईआर का मतलब है डुप्लीकेट वोट जिस व्यक्ति के दो जगह वोट है वहां से एक वोट काटकर उसका एक वोट किया जाएगा। एसडीएम ने यह भी बताया कि अगर किसी व्यक्ति के दो जगह वोट है और उसने दो जगह फॉर्म भरा है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कैंप में समाजसेवी सद्दाम हुसैन के साथ-साथ कई सभासद भी मौजूद रहे।

## हलचल फाउंडेशन ने 100 से अधिक हेलमेट बांटे




फिरोजाबाद/शिकोहाबाद। ट्रैफिक सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और सुरक्षित ड्राइविंग के महत्व को उजागर करने को लेकर रविवार को शिकोहाबाद तहसील तिराहा पर सीओ और थाना प्रभारी के साथ हलचल फाउंडेशन द्वारा हेलमेट वितरण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीओ अरुण चौरसिया विशिष्ट अतिथि अनुज राना थाना अध्यक्ष शिकोहाबाद के साथ साथ हलचल फाउंडेशन के एडवाइजर मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान सीओ,थाना प्रभारी बाइक पर बिना हेलमेट के निकल रहे लोगों को निशुल्क हेलमेट वितरण किए। मौलाना आलम मुस्तफा याकूबी ने नागरिकों से ट्रैफिक नियमों का पालन करने, हेलमेट का नियमित उपयोग करने और सड़क सुरक्षा को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अनेक बाइक पर सावर युवाओं को विशेष रूप से सुरक्षित ड्राइविंग के लिए प्रोत्साहित किया गया। थाना प्रभारी अनुज कुमार राना ने कहा कि इस प्रकार के जन-जागरूकता कार्यक्रम भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाने चाहिए।कार्यक्रम में हलचल फाउंडेशन के अध्यक्ष मुहम्मद नाजिम,सचिव शहवाज खान मुहम्मद आमिर रिजवान खान,अनस अंसारी ऐनुल कुरैशी नईम सर हिमांशु कुलश्रेष्ठ जुबैर इकबाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## आगरा मेट्रो टनल की खुदाई से मकानों में दरार, परिवार हुए बेघर

आगरा। 'इस भवन के पास रुकें नहीं, चलते समय भी सावधानी बरतें। क्योंकि ये भवन कभी भी धाराशायी हो सकता है। अगर कोई अप्रिय घटना होती है तो इसके जिम्मेदार मकान मालिक नहीं, बल्कि मेट्रो प्रशासन होगा।मकान के मालिक परिवार समेत दूसरी जगह शिफ्ट हो गए हैं।' इस तरह लिखे चेतावनी वाले बोर्ड आगरा के मोती कटरा की 3 बिल्डिंगों पर लगे हैं। लोगों को आगाह करने के लिए इन बिल्डिंगों के मालिक अपने परिवार सहित घर छोड़ने को मजबूर हो गए हैं। अपना घर होते हुए डेढ़ साल से किराए पर रह रहे हैं। दरअसल, मेट्रो टनल की खुदाई के चलते मोती कटरा के कई मकान दरक गए हैं। 3 मकान ऐसे हैं, जो तीन हिस्सों में बंट गए हैं और कभी भी ढह सकते हैं। टनल खुदाई का काम खत्म हुए 10 महीने हो गए, लेकिन ये मकान अभी भी जैक पर टिके हुए हैं। टनल खुदाई के दौरान 146 मकानों में दरारें आई थीं। आगरा कॉलेज से मनकामेश्वर मंदिर स्टेशन के बीच अंडरग्राउंड मेट्रो के लिए टनल बनाई गई है। इसके लिए लगभग 100-120 फीट गहराई में खोदाई हुई है। अक्टूबर, 2023 में कंस्ट्रक्शन शुरू हुआ। जुलाई-अगस्त में कुछ घरों में दरारें आईं। बढ़ते-बढ़ते इसका असर 146 घरों में दिखने लगा। जून 2025 में टनल खोदाई का काम पूरा हो गया। हालांकि, इस बीच कुछ महीने काम रुका रहा। मोती कटरा में यह काम जनवरी 2025 में पूरा हो चुका है। टनल खोदाई के दौरान जिन 146 मकानों में दरार आई थीं, उनमें दयानंद गुप्ता, चितरंजन कुमार जैन और उमेश अग्रवाल का भी मकान शामिल था। मेट्रो टनल खोदाई का काम खत्म हुए 10 महीने बीत चुके और इन तीनों के मकान अभी भी जैक पर टिके हुए हैं। तीनों में लगभग 60-60 जैक लगे हुए हैं। मकानों की दीवार, छत और फर्श में 2 से 4 इंच की दरार हैं। दयानंद गुप्ता का मकान तीन हिस्सों में बंट चुका है। हालांकि, इनके अलावा अधिकांश मकानों से मरम्मत के बाद जैक हट चुके हैं। 200 वर्गगज में बने दयानंद गुप्ता के मकान में तीन भाइयों का 23 लोगों का परिवार रहता था। मेट्रो टनल की खोदाई के दौरान मेट्रो अधिकारियों के कहने पर सावधानी बरतते हुए तीनों भाई अलग-अलग अपने-अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहने चले गए। उन लोगों ने ये सोचा कि कुछ महीनों में टनल खोदाई का काम पूरा हो जाएगा और वे फिर सब एक साथ रहेंगे। दयानंद गुप्ता ने कहा- टनल खोदाई का काम पूरा होने के बाद मेट्रो के अधिकारियों ने सर्वे के बाद मुझे मकान की स्थिति की रिपोर्ट नहीं दी। मगर, मकान की हालत देखकर लग रहा था कि पता नहीं ये कब ढह जाए? इस पर मैंने मेट्रो के अधिकारियों से शिकायत की, लेकिन उन्होंने इस मकान को क्लीनचिट देते हुए परिजनों को लौटने के लिए कह दिया। मगर, मकान की स्थिति को देखते हुए अब तक हम लोग किराए के मकान में रह रहे हैं। दयानंद गुप्ता ने कहा- मैंने प्रशासनिक अधिकारियों से भी शिकायत की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके साथ ही मैंने सरकार के लिए सर्वे का काम करने वाले सर्टिफाइड इंजीनियर से अपने मकान का सर्वे कराया। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में साफ लिखा- ये मकान रहने लायक नहीं है। इस बिल्डिंग को रिप्लेस करना होगा। राहुल अग्रवाल ने बताया- मेरा मकान दरार आने के कारण एक तरफ झुक गया है। मैं भी अपने परिवार के साथ किराये पर रहने को मजबूर हूं। डेढ़ साल से किराये पर ही रह रहा हूं। मेट्रो अधिकारियों ने मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर दी। मकान गिरने की स्थिति में है। जिस भी प्रशासनिक अफसर से शिकायत करो, कोई ध्यान नहीं दे रहा। कोई भी अफसर आए, इस घर में रहकर दिखाए। मकान कभी भी गिर सकता है। सरकार मदद नहीं कर रही है। जैक लगे हैं, इन्हें हटाते ही मकान भरभराकर ढह जाएगा। बद्री भगत के मकान में भी टनल खोदाई के दौरान दरारें आई थीं। बद्री भगत ने कहा- मेट्रो अधिकारियों ने घर की मरम्मत तो करा दी, लेकिन फर्श फिर से उखड़ गई है। फर्श के पत्थर फूल गए हैं, इससे वे टूट गए हैं।

## तेज रफ्तार कार खोखे में घुसी, चार घायल

आगरा। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे रखे खोखे में जा घुसी। इससे अफरातफरी मच गई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है। आगरा के किरावली थाना क्षेत्र में कागारौल मार्ग पर रविवार सुबह हादसा हो गया। तेज रफ्तार कार सड़क किनारे खोखे में जा घुसी। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजा। थाना क्षेत्र के कागारौल मार्ग पर रतनलाल पुत्र तुलाराम का घर के पास सड़क खोखा रखा हुआ है। रविवार को पौने नौ बजे करीब किरावली की तरफ से तेजगति से आई कार खोखा में जा घुसी। इससे खोखा टूट गया। वहा मौजूद चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी किरावली पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर सीएचसी से आगरा के एसएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## एलपीजी कैप्सूल ट्रक हाइवे पर पलटा, हादसा होने से टला




टूंडला। आगरा हाईवे पर एलपीजी गैस कैप्सूल ट्रक पलट गया। भारी हादसा होने से टल गया। चालक व हेल्पर सुरक्षित हैं। मौके पर फायर ब्रिगेड टीम पहुंच गई। आगरा हाईवे स्थित शनिवार सुबह साढ़े नौ बजे बन्ना कट हाईवे पर बड़ा हादसा होते-बच गया। एलपीजी गैस से भरा कैप्सूल ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर नाली के किनारे पलट गया। ट्रक मथुरा रिफाइनरी से गैस लेकर नेपाल जा रहा था। घटना की सूचना सबसे पहले वीरेंद्र ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने कैप्सूल ट्रक चालक रामखिलावन 35 वर्ष पुत्र मिश्रिलाल निवासी काजी कमालपुर, थाना इमलिया सुल्तानपुर सीतापुर तथा उसका सहायक चालक सुरक्षित हैं। पलटे ट्रक से गैस रिसाव नहीं हुआ सूचना पर फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची और ट्रक को क्रेन से उठवाया।

# 260 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न




मथुरा। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत रविवार जनपद मथुरा में 260 जोड़ा का विवाह हुआ संपन्न। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा बबीता सिंह चौहान, महापौर विनोद कुमार अग्रवाल, विधायक बल्देव पूरन प्रकाश एवं डीएमचंद्र प्रकाश सिंह ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि अधिकाधिक संख्या में उक्त योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन करे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम उप्र सरकार द्वारा संचालित एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत, सरकार सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित करती है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की बेटियों के विवाह तथा विधवा / तलाकशुदा महिला के पुनर्विवाह में सहयोग करती है। उक्त योजना से गरीब परिवारों के बेटे-बेटियों का विवाह कराया जाता है। उक्त योजना का लाभ लेने हेतु लड़की/ कन्या/ महिला की आयु 18 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। लड़के की आयु 21 वर्ष या अधिक होनी चाहिए। परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। लड़की उत्तर प्रदेश की निवासी होनी चाहिए। इस योजना का लाभ उन्हीं कन्याओं को दिया जाएगा, जिनका विवाह तय हो गया है व पूर्व में विवाह नहीं किया है। वह महिलाएं जिनका कानूनी रूप से तलाक हो गया है, वह भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है। विधवा महिला भी इस योजना का लाभ लेने के लिए पात्र है। इस योजना का उद्देश्य गरीब परिवारों की बेटियों के विवाह में आर्थिक सहायता प्रदान करना और सामूहिक विवाह की परंपरा को बढ़ावा देना है। इस योजना के अंतर्गत ऐसे परिवार जिनकी आय सीमा 3 लाख से नीचे हो, आवेदक मथुरा के निवासी हो आवेदन कर सकते हैं। वर-वधु दोनों का उप्र का निवासी होना अनिवार्य है। सरकार के द्वारा रुपए 100000 का लाभ दिया जाता है जिसमें रुपए 60000 की धनराशि वधू के खाते में जाती है, रुपए 25000 का सामान गृहस्ती के संचालन के लिए दिया जाता है तथा रुपए 15000 प्रति जोड़ा आयोजन पर खर्च होता है। परम पूज्य श्रीराधा माधव देव, मोहिनी शरण, ज्ञानेश गोड, बलराम बाबा, आदित्यानन्द, ध्यान मूर्ति मां, श्रीहरिओम, जिला समाज कल्याण अधिकारी नगेंद्र पाल सिंह, डीडीओ गरिमा खरे, परियोजना निदेशक डीआरडीए अरुण कुमार उपाध्याय, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र सहित सभी बीडीओ भी मौजूद रहे।

## न्यायालय स्थगन के बावजूद कब्जा कराने का ऐलान पुलिस कमिश्नर से लगायी न्याय की गुहार

आगरा। एत्माद्दौला पुलिस पर पीड़ित साहब सिंह कुशवाह व उनकी बहन यशोदा ने पुलिस कमिश्नर को अपनी व्यथा सुनाई, उन्होंने कहा कि पुलिस द्वारा हमारे पैतृक जमीन जिसका की न्यायालय में बंटवारे को लेकर मुकदमा चल रहा है, जमीन पर कब्जा करने के लिए पुलिस द्वारा कई बार धमकाया गया। कुछ दिन पूर्व जसोदा के बर्तन तक फेंक दिए थे तत्कालीन डिवीजन चौक इंचार्ज मयंक चौधरी द्वारा जिनका तत्काल प्रभाव से स्थानांतरण कर दिया गया था, कुछ दिन शांत बैठने के बाद फिर वही हालत हो गई है, जिसका मुख्य नायक भू माफिया रणवीर सिंह कुशवाहा उर्फ रनों है, जिससे यशोदा का न्यायालय में बंटवारे का जमीनी विवाद चल रहा है, अपनी दबंगई नेतागिरी और पैसे की चमक पर्व वह कुछ ना कुछ पुलिस द्वारा षड्यंत्र रचता रहता है। 18 नवंबर 2025 को रणवीर सिंह ने शांति व्यवस्था की धारा लगवा कर साहब सिंह कुशवाहा को 151 में बंद करवा दिया था,जिनकी जमानत कराकर दिनांक 20 नवंबर को जेल से रिहा किया हैं, रणवीर सिंह ने 19 नवंबर को हमारे घर पर कुछ साथियों के साथ जबरन कब्जा करने की कोशिश की गई, मेरी लड़की व पुत्र बंधुओ ने तुरंत 1076 पर फोन किया पुलिस आई पुलिस से आते ही वह भाग निकले भागते हुए हुए ऐलान कर गए कि शनिवार तक पुलिस को साथ लाकर जमीन पर कब्जा कर लेंगे, वहीं खड़े थाना अध्यक्ष एत्माद्दौला दुबे जी ने खड़े होकर कब्जा करवाने की बात कही है, और कहा कि केस तो चलते रहेंगे मैं रणवीर सिंह बीजेपी नेता को कब्जा करआ दूंगा चाहे कुछ भी हो। पुलिस ने हमारे पैतृक जमीन पर कब्जा करने की बाबत ऐसा लगता है मोटा पैसा खाया है, इसलिए पुलिस हमारी नहीं सुन रही है, एक तरफा कार्रवाई कर रही है, जबकि रणबीर सिंह को 151 में आज तक बंद नहीं किया गया है इससे क्या समझा जाए। पुलिस आयुक्त ने आश्वासन दिया कि जल्दी कार्यवाही की जाएगी।

संक्षेप

## नीति आयोग और जनाग्रह ने सीडीएपी की शुरूआत की

नई दिल्ली। नीति आयोग ने जनाग्रह के साथ मिलकर सिटी डेटा ऐंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (सीडीएपी) शुरू किया। यह भारत में शहरों के डेटा के लिए एक इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म है। नीति आयोग के नेशनल डेटा ऐंड एनालिटिक्स प्लेटफॉर्म (एनडीएपी) पर छोटी माइक्रोसाइट, सीडीएपी का मकसद डेटा पर आधारित शहरी नीति निर्माण को बढ़ावा देना है। सीडीएपी की शुरूआत भोपाल में आयोजित नीति आयोग के डेटा फोरम 2025 के पहले सत्र में मध्य प्रदेश सरकार के चीफ सेक्रेटरी अनुराग जैन ने की। उद्घाटन के अवसर पर वर्ल्ड बैंक के सीनियर इकोनॉमिस्ट थॉमस डेनियलविट्ज और मध्य प्रदेश सरकार के एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय कुमार शुक्ला भी मौजूद थे। आगंतुकों में राज्य के सीनियर अधिकारी, केंद्र सरकार के प्रतिनिधि, एकेडेमिया, रिसर्चर और इंटरनेशनल एक्सपर्ट भी शामिल थे। सीडीएपी हमारे शहरों की बिखरी हुई व्यवस्था में अलग-अलग जगहों पर पड़े डेटा को एक साथ लाएगा, ताकि लोगों की जीवन-गुणवत्ता बेहतर करने जैसे सामान्य लक्ष्य पूरे किए जा सकें। अलग-अलग डेटासेट्स को जोड़कर और उन्हें नक्शे पर दिखाकर जो उपयोगी जानकारी मिलती है, वही वास्तविक होती है और बेहतर फैसले लेने में मदद करती है।

## एंजल वन ने किया निवेशकों को सतर्क

गोंडा। एंजल वन लिमिटेड ने निवेशकों को चेतावनी जारी की है कि हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर ऐसे फर्जी ग्रुप्स की संख्या बढ़ी है जो कंपनी और उसके वरिष्ठ अधिकारियों के नाम का दुरुपयोग कर रहे हैं। कंपनी ने पाया है कि व्हाट्सऐप, टेलीग्राम और अन्य मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर कई अनधिकृत ग्रुप बनाए गए हैं, जो एंजल वन लिमिटेड का नाम, लोगो और वरिष्ठ अधिकारियों की तस्वीरों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। ये ग्रुप बिना किसी सेबी पंजीकरण के सिक्योरिटीज से जुड़े टिप्स और सलाह दे रहे हैं तथा रिटर्न को लेकर झूठे और भ्रामक दावे कर रहे हैं—जो पूरी तरह अवैध है। बिना अनुमति के निवेश सलाह देना या रिटर्न की गारंटी करना कानूनन प्रतिबंधित है। हम निवेशकों से अपील करते हैं कि किसी भी संदेश या ग्रुप की प्रामाणिकता को जरूर जांचें। सभी निवेश निर्णय केवल अधिकृत स्रोतों से मिली विश्वसनीय जानकारी के आधार पर ही लें। एंजल वन लिमिटेड का किसी भी फर्जी ऐप, वेब लिंक या अनौपचारिक व्हाट्सऐप/टेलीग्राम ग्रुप से कोई संबंध नहीं है, और ऐसे माध्यमों से हुए किसी नुकसान की ज़िम्मेदारी कंपनी की नहीं होगी। एंजल वन ने स्पष्ट किया है कि वह ग्राहकों को किसी भी अनौपचारिक सोशल मीडिया ग्रुप में नहीं जोड़ता, न ही मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर उनसे कोई संवेदनशील व्यक्तिगत जानकारी मांगता है। कंपनी किसी भी अनधिकृत माध्यम से धनराशि नहीं जुटाती और न ही किसी तरह के गारंटीड रिटर्न का वादा करती है।

## लिवप्योर के एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट का शुभारंभ

लखनऊ। लिवप्योर ने आज अपने नए एक्सक्लूसिव ब्रांड आउटलेट के लॉन्च की घोषणा की। इस नए आउटलेट में लिवप्योर के स्मार्ट, सुविधाजनक और सेहत पर केंद्रित सभी घरेलू समाधानों को प्रदर्शित किया गया है, यह एक गहन इन-स्टोर अनुभव भी प्रदान करता है जो परिवारों को सोच-समझकर विकल्प चुनने में मदद करने के लिए डिजाइन किया गया है। ईबीओ तेजी से बढ़ते गैर-महानगर बाजारों में अपनी उपस्थिति को मजबूत करने की लिवप्योर की प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। गुरुग्राम, पानीपत और अमृतसर में हाल ही में हुए लॉन्च के बाद, यह उद्घाटन ब्रांड की खुदरा विस्तार रणनीति में एक और मील का पत्थर है। इसे उत्पादों का प्रत्यक्ष अनुभव करने, पारदर्शी जुड़ाव बनाने और उपभोक्ताओं को उनके पैसे का पूरा दाम वसूल करने के लिए बनाया गया है।

## अशोका यूनिवर्सिटी ने लॉन्च किया नया डिप्लोमा

नई दिल्ली। भारत में इंटरडिसिप्लिनरी उच्च शिक्षा और शोध का प्रमुख संस्थान अशोका यूनिवर्सिटी ने यंग इंडिया फेलोशिप (वाईआईएफ) के 16वें बैच, सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह वर्ष इसलिए खास है क्योंकि यह फेलोशिप अपने पंद्रह साल पूरे कर रही है, जिसने 2014 में यूनिवर्सिटी की स्थापना की नींव रखी थी। प्रतिभाशाली और योग्य युवाओं के लिए फेलोशिप को और अधिक सुलभ बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, अशोका यूनिवर्सिटी 2026-27 बैच के सभी चयनित फेलोज को स्कॉलरशिप प्रदान करेगी।

# विदेशी निवेशक इस सप्ताह तय करेंगे शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। विश्लेषकों के अनुसार इस सप्ताह शेयर बाजार की चाल मुख्य रूप से आर्थिक आंकड़ों, वैश्विक रुझानों और विदेशी निवेशकों के रुख पर निर्भर करेगी।

इस सप्ताह नवंबर में खत्म होने वाले वायदा सौदों से पहले उतार-चढ़ाव बढ़ सकता है। घरेलू स्तर पर बाजार दूसरी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और औद्योगिक उत्पादन जैसे बड़े आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेगा। वैश्विक स्तर पर निवेशक अमेरिकी बाजार के प्रदर्शन और वहां के प्रमुख आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे। ये संकेत निकट भविष्य में जोखिम की भावना तय करेंगे और विदेशी पूंजी प्रवाह को प्रभावित करेंगे। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 669.14 अंक या 0.79 प्रतिशत चढ़ा, जबकि निफ्टी 158.1 अंक या 0.61 प्रतिशत बढ़कर बंद हुआ। इसबीच 20 नवंबर को सेंसेक्स ने 85,801.70 और निफ्टी ने 26,246.65 का 52 सप्ताह का उच्चतम स्तर बनाया। अगर रुपये पर दबाव बना रहा तो निकट भविष्य में बाजार में कुछ मुनाफावसूली देखने को मिल सकती है। आने वाले सप्ताह में निवेशक व्यापारिक घटनाक्रम, आईआईपी और जीडीपी आंकड़ों पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे। निवेशक ब्रेंट क्रूड तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और रुपये-डॉलर के विनिमय दर पर भी पैनी नजर रखेंगे। कुल मिलाकर हम उम्मीद करते हैं कि इस सप्ताह बाजार मजबूत रहेंगे। गिरावट पर खरीदारी, तीसरी तिमाही में मांग बेहतर रहने के संकेत और लगातार आ रही पूंजी के कारण बाजार को सहारा मिलेगा। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में कोई सकारात्मक प्रगति निकट भविष्य में बाजार के लिए बड़ा उत्प्रेरक बनेगी।

# 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का बाजार पूंजीकरण 1.28 लाख करोड़ बढ़ा



नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में सात का कुल बाजार पूंजीकरण 1,28,281.52 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें रिलायंस इंडस्ट्रीज और भारती एयरटेल सबसे ज्यादा फायदे में रहीं। पिछले सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 669.14 अंक या 0.79 प्रतिशत बढ़ा।

इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, इंफोसिस और हिंदुस्तान यूनिलीवर को फायदा हुआ। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस, लाइफ इंश्योरेंस कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एलआईसी) और आईसीआईसीआई बैंक के मूल्यांकन में कमी आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 36,673 करोड़ रुपये बढ़कर 20,92,052.61 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल का मूल्यांकन 36,579.01 करोड़ रुपये बढ़कर 12,33,279.85 करोड़ रुपये था। इंफोसिस का मूल्यांकन 17,490.03 करोड़ रुपये बढ़कर 6,41,688.83 करोड़ रुपये और टीसीएस का मूल्यांकन 16,299.49 करोड़ रुपये बढ़कर 11,39,715.66 करोड़ रुपये हो गया। दूसरी ओर बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 8,244.79 करोड़ रुपये घटकर 6,25,328.59 करोड़ रुपये रह गया। एलआईसी का मूल्यांकन 4,522.38 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 1,248.08 करोड़ घट गया।

# भारत में रूसी तेल का आयात प्रभावित होने की आशंका

नयी दिल्ली। रूसी कच्चे तेल के प्रमुख निर्यातकों पर अमेरिका के नए प्रतिबंध पूरी तरह लागू होने के बाद ऊर्जा बाजार से जुड़े विश्लेषकों का मानना है कि भारत में रूसी तेल का आयात निकट भविष्य में तेजी से घटेगा, हालांकि यह पूरी तरह बंद नहीं होगा।

रॉसनेफ्ट और लुकोइल तथा उनकी बहुलांश स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों पर अमेरिकी प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू हो गए। इससे अब इन कंपनियों का कच्चा तेल खरीदना या बेचना लगभग नामुमकिन हो गया है। भारत ने इस साल औसतन 17 लाख बैरल प्रतिदिन रूसी तेल का आयात किया और प्रतिबंधों से पहले यह मजबूत बना रहा। नवंबर में आयात 1819 लाख बैरल प्रतिदिन रहने का अनुमान है, क्योंकि रिफाइनरी सस्ते तेल की खरीद को अधिकतम कर रहे हैं। आगे चलकर दिसंबर और जनवरी में आपूर्ति में स्पष्ट गिरावट आने की उम्मीद है। विश्लेषकों के अनुसार यह घटकर लगभग चार लाख बैरल प्रतिदिन तक रह सकता है। परंपरागत रूप से पश्चिम एशियाई तेल पर निर्भर भारत ने फरवरी 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस से अपने तेल आयात में काफी वृद्धि की। पश्चिमी प्रतिबंध और यूरोपीय मांग में कमी के कारण रूस से तेल भारी छूट पर उपलब्ध हुआ। परिणामस्वरूप, भारत का रूसी कच्चा



तेल आयात कुल आयात का एक प्रतिशत से बढ़कर लगभग 40 प्रतिशत तक पहुंच गया। नवंबर में भी रूस भारत का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बना रहा, जो कुल आयात का लगभग एक तिहाई है। केप्लर के रिफाइनिंग और मॉडलिंग के मुख्य अनुसंधान विश्लेषक सुमित रितोलिया ने कहा, हम निकट भविष्य में, विशेषकर दिसंबर और जनवरी में भारत के लिए रूसी कच्चे तेल के प्रवाह में स्पष्ट गिरावट की उम्मीद करते हैं। अक्टूबर 21 से आपूर्ति धीमी हो गई है, हालांकि रूस की मध्यस्थों और वैकल्पिक वित्त प्रबंधन की क्षमता को देखते हुए अभी अंतिम निष्कर्ष निकालना जल्दी होगा। प्रतिबंधों के लागू होने के कारण रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएलमित्तलएनर्जी और मैंगलोर रिफाइनरी जैसी कंपनियों ने फिलहाल रूसी तेल का आयात रोक दिया है। इस मामले में एकमात्र अपवाद नयारा एनर्जी है, जो रॉसनेफ्ट समर्थित है और यूरोपीय संघ द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों के बाद अन्य स्रोतों से आपूर्ति कटने के कारण रूसी तेल पर भारी निर्भर है। नयारा के वादीनेर संयंत्र को छोड़कर कोई भी भारतीय रिफाइनर ओएफएसी-नामित संस्थाओं से जुड़े जोखिम नहीं लेना चाहता। खरीदारों को अपने अनुबंध, आपूर्ति मार्ग, स्वामित्व और भुगतान चैनलों को पुनः व्यवस्थित करने में समय लगेगा। विश्लेषकों का कहना है कि सस्ते रूसी तेल ने पिछले दो वर्षों में भारतीय रिफाइनरों को भारी मुनाफा दिया और अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता के बावजूद पेट्रोल और डीज़ल की खुदरा कीमतों को स्थिर रखा। भारत अपनी तेल जरूरतों का 88 प्रतिशत आयात से पूरा करता है। नए अमेरिकी प्रतिबंधों के पूरी तरह लागू होने के साथ भारत का रूसी तेल आयात अस्थिर और अनिश्चित दौर में प्रवेश कर गया है।

# एएआई जल्द ही परियोजनाओं की तत्काल निगरानी के लिए ऑनलाइन प्रणाली लागू करेगा

नयी दिल्ली। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) जल्द ही अपनी सभी परियोजनाओं की तत्काल निगरानी के लिए एक ऑनलाइन प्रणाली लागू करने जा रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।

गौरतलब है कि एएआई हर साल पूंजीगत व्यय पर बड़ी राशि खर्च करता है। प्राधिकरण न सिर्फ हवाई अड्डों का विकास और रखरखाव करता है, बल्कि हवाई यातायात प्रबंधन सेवाएं भी देता है। एएआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस ऑनलाइन निगरानी प्रणाली पर पिछले एक साल से काम चल रहा है और इसे आने वाले कुछ सप्ताहों में पेश कर दिया जाएगा। अधिकारी ने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य परियोजनाओं की तत्काल निगरानी करना है, ताकि हर वक्त प्रगति की जांच की जा सके और कार्यान्वयन में कोई देरी न हो। यह ऑनलाइन निगरानी प्रणाली सीसीटीवी छवियों, ड्रोन से ली गई तस्वीरों और वीडियो तथा अन्य साधनों का उपयोग करेगी। इस समय एएआई विभिन्न हवाई अड्डों पर लगभग 25 परियोजनाएं चला रहा है, जिनमें उन्नयन के काम भी शामिल हैं। इन परियोजनाओं पर 200 करोड़ से 500 करोड़ रुपये तक का पूंजीगत व्यय हो रहा है।

# सामान्य बीमा कंपनियों के विलय पर वित्त मंत्रालय ने किया विचार

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय तीन सरकारी सामान्य बीमा कंपनियों को एकल इकाई में विलय करने के शुरुआती प्रस्ताव पर विचार कर रहा है।

क्योंकि इनकी वित्तीय स्थिति में सुधार हुआ है। इस कवायद का मकसद बेहतर दक्षता और बड़ा पैमाना सुनिश्चित करना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सरकार ने 2019-20 से 2021-22 के बीच ओरिएंटल इंश्योरेंस, नेशनल इंश्योरेंस और यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस में कुल 17,450 करोड़ रुपये का निवेश किया था ताकि इन्हें वित्तीय संकट से बाहर निकाला जा सके। वित्त वर्ष 2018-19 के बजट में तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इन तीनों कंपनियों को एक ही बीमा इकाई में मिलाने की घोषणा की थी। हालांकि, जुलाई 2020 में सरकार ने इस विचार को स्थगित कर दिया और इसके बजाय तीनों कंपनियों में 12,450 करोड़ रुपये की पूंजी डालने को मंजूरी दी। सूत्रों के अनुसार अब इनकी वित्तीय स्थिति में सुधार आने के बाद वित्त मंत्रालय इनके विलय की प्रारंभिक समीक्षा कर रहा है ताकि इनकी कार्यक्षमता बढ़ाई जा सके। सूत्रों ने बताया कि साथ ही, सरकार द्वारा घोषित एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण के प्रस्ताव पर भी विचार किया जा रहा है। हालांकि, अभी तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है और विभिन्न विकल्पों पर विचार जारी है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 2021-22 के बजट में दो सरकारी बैंकों और एक सामान्य बीमा कंपनी के निजीकरण सहित बड़े निजीकरण एजेंडे की घोषणा की थी। इसके बाद अगस्त 2021 में संसद ने सामान्य बीमा कारोबार (राष्ट्रीयकरण) संशोधन विधेयक 2021 पारित किया, जिससे सरकारी सामान्य बीमा कंपनियों के निजीकरण का रास्ता खुल गया।

# बेंगलुरू में टोयोटा एक्सपेरिएंशल म्यूजियम का अनावरण

बेंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने 'टेम' (टोयोटा एक्सपेरिएंशल म्यूजियम) का अनावरण किया है, जो टोयोटा द्वारा पहली बार बनाया गया एक अनोखा लाइफस्टाइल और सांस्कृतिक केंद्र है। यह माइंडफुल लिविंग के भारतीय दर्शन और जापानी संस्कृति को आधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ एक स्थान पर लाता है। फीनिक्स मॉल ऑफ एशिया में स्थित, टेम इस विश्वास को दशार्ता है कि मोबिलिटी और इनोवेशन का दायरा गाड़ियों से कहीं आगे है। मॉल के ग्राउंड फ्लोर पर 8,200 वर्ग फुट में फैला, टेम पांच इंद्रियों का अनुभव प्रदान करता है – आकर्षक दृश्य, मधुर साउंड, अनोखी खुशबू, विशेष टेक्सचर और स्वाद जो जापानी मिनिमलिज्म को भारतीय गर्मजोशी के साथ खूबसूरती से जोड़ते हैं। टोयोटा में, हमारा विजन हैप्पियर पाथ्स टुगेदर बनाने का है, जो केवल मोबिलिटी तक सीमित नहीं है—यह लोगों, संस्कृतियों और भावनाओं को जोड़ने वाले सार्थक और प्रेरणादायक अनुभवों से आगे बढ़ता है। टेम के माध्यम से, हम इसी भावना को मूर्त रूप देने वाला एक अनूठा अनुभव प्रदान करने की आशा करते हैं। भारत में हमें साधना—आंतरिक संतुलन और पूर्णता की माइंडफुल खोज—की परंपरा से प्रेरणा मिली। टेम वह स्थान है जहाँ जापानी संस्कृति और उसके मूल्यों—सटीकता, शांति और प्रकृति के प्रति सम्मान—का सुंदर संगम भारतीय साधना की भावना से होता है, जिससे दोनों का एक सार्थक मेल जन्म लेता है।

# पराली से हर साल 270 करोड़ की नवीकरणीय ऊर्जा बन सकती है

नयी दिल्ली। भारतीय बायोगैस एसोसिएशन (आईबीए) ने रविवार को कहा कि किसानों द्वारा अभी जलायी जा रही 73 लाख टन धान की पराली का यदि बायोगैस संयंत्रों में इस्तेमाल किया जाए तो इससे हर साल करीब 270 करोड़ रुपये मूल्य की नवीकरणीय गैस पैदा की जा सकती है। आईबीए के बयान के अनुसार, नवीनतम एनएरोबिक डाइजेशन प्रक्रिया इस कृषि अवशेष को बहुत प्रभावी ढंग से कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) में बदल सकती है, जो आयातित प्राकृतिक गैस की सीधी जगह ले सकती है। बयान में यह भी कहा गया कि ऊर्जा उत्पादन के अलावा धान की पराली 40 प्रतिशत सेल्युलोज़ सामग्री होने के कारण बायोएथनॉल



बनाने के लिए भी बहुत अच्छी है। आईबीए ने दावा किया कि इससे लगभग 1,600 करोड़ रुपये के आयात प्रतिस्थापन की संभावना है। साथ ही, शेष 20 प्रतिशत लिग्निन घटक से उच्च-मूल्य वाले उत्पाद तैयार किए जा सकते हैं। यह नीति 2028-29 तक 37,500 करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित कर सकती है और देश में 750 सीबीजी संयंत्र स्थापित करने में मदद करेगी। इससे एलएनजी आयात में कमी आएगी, विदेशी मुद्रा की बचत होगी तथा 2027 तक अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में एक प्रतिशत टिकाऊविमान ईंधन मिलाने का लक्ष्य भी हासिल किया जा सकेगा।

## पेज एक का शेष

### संभव है

कौन जानता है कल सिंध वापस भारत आ जाए। रक्षा मंत्री ने मोरक्को में भारतीय समुदाय से बातचीत में कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर भारत को बिना किसी आक्रामक कदम के मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि पीओके में लोग खुद आवाजें उठाने लगे हैं और 'आजादी' की मांग कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कुछ विशेषज्ञों ने कहा था कि भारत को आगे बढ़कर पीओके का हिस्सा वापस लेना चाहिए। इसी संदर्भ में राजनाथ सिंह ने कहा कि हालात खुद इस दिशा में बदल रहे हैं।

### मोदी ने

के लिए मिलकर काम करने पर सहमति जताई। ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है, जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित या अविकसित के रूप में जाना जाता है। ये देश मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी ने आईबीएसए नेताओं की बैठक आयोजित करने के लिए दक्षिण अफ्रीका की ओर से की गई पहल की सराहना की। इसमें कहा गया है कि राष्ट्रपति रामफोसा ने 2026 में भारत की ब्रिक्स की अध्यक्षता के लिए दक्षिण अफ्रीका के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया। यह प्रधानमंत्री मोदी की दक्षिण अफ्रीका की चौथी आधिकारिक यात्रा है। इससे पहले, वह 2016 में द्विपक्षीय यात्रा पर दक्षिण अफ्रीका गए थे और बाद में 2018 तथा 2023 में दो बार ब्रिक्स सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए वहां पहुंचे थे। दक्षिण अफ्रीका, अफ्रीकी इलाके में भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझेदार है। 2023-24 में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 19.25 अरब अमेरिकी डॉलर का था। भारतीय उद्योगों ने अप्रैल 2000 से सितंबर 2024 के बीच दक्षिण अफ्रीका में 1.3 अरब अमेरिकी डॉलर से ज्यादा का निवेश किया। ये निवेश फार्मास्यूटिकल्स, सूचना प्रौद्योगिकी, ऑटोमोटिव, बैंकिंग और खनन जैसे क्षेत्रों में किए गए। शनिवार को जी-20 शिखर सम्मेलन स्थल पर पहुंचने पर मोदी ने कहा कि वह दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा को उनका गर्मजोशी से स्वागत करने और इस महत्वपूर्ण शिखर सम्मेलन के आयोजन के लिए धन्यवाद देते हैं। जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक विकास मानदंडों पर गहन पुनर्विचार का आह्वान किया और मादक पदार्थ-आतंकवाद गठजोड़ का मुकाबला करने के लिए जी-20 पहल तथा एक वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रतिक्रिया दल बनाने का प्रस्ताव दिया। मोदी जी20 नेताओं के 20वें शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 21 से 23 नवंबर तक जोहानिसबर्ग की यात्रा पर हैं।

### युद्ध का

की विधि नहीं माना है। उपासना विधि उसका छोटा सा हिस्सा है। हर व्यक्ति अपने पंथ, संप्रदाय और उपासना विधि के अनुसार आस्था तय करता है, लेकिन मुख्य रूप से धर्म हमारे यहां जीवन जीने की कला है। हमने इसे वे ऑफ लाइफ के रूप में कहा है। आरएसएस के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत को निष्काम कर्म का प्रेरणा स्रोत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, आरएसएस शताब्दी महोत्सव के कार्यक्रम से जुड़ रहा है। दुनिया के राजदूत और उच्चायुक्त हमसे पूछते हैं कि आप लोगों का आरएसएस से जुड़ाव है, तो हम कहते हैं हांउ हमने स्वयंसेवक के रूप में कार्य किया है। योगी ने कहा, वे इसके वित्तपोषण का पैटर्न पूछते हैं, तब हम बताते हैं कि यहां ओपेक देशों या अंतरराष्ट्रीय चर्च से पैसा नहीं आता। यह संगठन समाज के सहयोग से खड़ा है और समाज के लिए हर क्षेत्र में समर्पित भाव से कार्य करता है। किसी भी पीड़ित की जाति, धर्म, क्षेत्र या भाषा की परवाह किए बिना हर स्वयंसेवक उसकी सेवा को अपना कर्तव्य मानता है। मुख्यमंत्री ने कहा, राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ हर पीड़ित संग खड़ा होना (जो भारत को परम वैभव तक ले जाने में सहायक हो सकता है) राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा है। उन्होंने कहा, पिछले 100 वर्षों में आरएसएस ने सेवा के साथ कोई सौदेबाजी नहीं की, जबकि कुछ लोग दुनिया और भारत में सेवा को सौदे के माध्यम के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं। वे लोभ, लालच और दबाव से भारत की जनसांख्यिकी बदलने के लिए छल और छद्म का सहारा लेकर देश की आत्मा पर प्रहार करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे समय में भगवान की वाणी, श्रीमद्भगवदगीता, नई प्रेरणा बन सकती है। आयोजन के मुख्य वक्ता स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि लोगों के मन में सवाल हो सकता है कि आयोजन का प्रयोजन क्या है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी प्रकार का प्रदर्शन नहीं है, बल्कि प्रेरणा है और जियो गीता संस्था एक आह्वान है। स्वामी ज्ञानानंद ने कहा, जियो गीता, गीता के साथ जीने की आदत बनाने की प्रेरणा है। समय की आवश्यकता है और भौतिकवाद ने कई संसाधन दिए हैं, लेकिन इसके साथ समस्याएं भी तेजी से बढ़ी हैं। पूरे विश्व में अलग-अलग प्रकार से महाभारत फिर से दिखाई दे रहा है। समाधान क्या है? उस महाभारत में गीता का उपदेश दिया गया था। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के सेवानिवृत्त अधिकारी मणि प्रसाद मिश्र ने कहा, राष्ट्रीय और वैश्विक स्तर पर गीता और गोविंद के माध्यम से कल्याण और लोक भावना से प्रेरित संत परंपरा के अद्भुत रत्न स्वामी ज्ञानानंद जी का संकल्प है कि इस देश में ही नहीं, अपितु समस्त धरा मंडल पर गीता न केवल पढ़ी और समझी जाए, बल्कि गीता को गुनगुनाते हुए यह लोक दोबारा भवसागर में न पड़े। यह पूरा प्रदेश गीतामय और गोविंदमय हो जाए। मिश्र ने कहा, गीता सब कुछ है। गुरुवर के संकल्प से एक दिसंबर को गीता जयंती पर सभी लोग 11 बजे एक साथ गीता पाठ करेंगे। अगले वर्ष 20 दिसंबर, 2026 को गीता जयंती है और उस दिन पूरे प्रदेश में एक मिनट एक साथ 11 बजे गीता पाठ होगा।

### ऑपरेशन सिंदूर

भारतीय राफेल विमानों को चीन के समर्थन से गिराया गया। फ्रांसीसी नौसेना ने कहा कि अधिकारी का असली नाम कैप्टन इवान लौने है और उन्होंने वास्तव में कोई भी टिप्पणी नहीं की थी। नौसेना ने स्पष्ट किया कि नाम का पहला शब्द इवान है, जैक्स नहीं। रिपोर्ट के अनुसार उनकी जिम्मेदारियों केवल उस नौसैनिक हवाई अड्डे का नेतृत्व करना है, जहां फ्रांसीसी राफेल समुद्री विमान तैनात हैं। बयान के मुताबिक, इवान लौने ने हिंद-प्रशांत सम्मेलन में तकनीकी प्रस्तुति (प्रेजेंटेशन) दी और राफेल लड़ाकू विमा के मिशन, अपने नौसैनिक हवाई अड्डे के संसाधनों और फ्रांसीसी कैरियर स्ट्राइक ग्रुप की जानकारी साझा की। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान कथित तौर पर भारतीय विमानों के गिरने या चीनी प्रणालियों द्वारा राफेल लड़ाकू विमान को बाधित करने पर कोई टिप्पणी नहीं की। फ्रांसीसी नौसेना ने दोहराया कि ऐसी कोई टिप्पणियां नहीं की गईं जो पाकिस्तानी आउटलेट द्वारा प्रकाशित दावे के अनुरूप हों, जिसमें कहा गया था कि लौने ने राफेल के प्रदर्शन संबंधी मुद्दों को ऑपरेशनल खामियों की जानकारी दी और इसकी चीनी जे-10सी से तुलना की।

### उत्तराखंडी जहां

को पंचतीर्थ के रूप में वर्णित किया गया है। इनमें भी ब्रह्मा की यज्ञस्थली पुष्कर को समस्त तीर्थों का गुरु कहा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुष्कर केवल एक तीर्थ नहीं बल्कि सनातन संस्कृति की अनश्वर ज्योति है जो मानवता को सदैव धर्म, तप, त्याग और सद्गुणों के पथ पर चलने की प्रेरणा देती रही है। चारधाम यात्रा का पुण्य तभी पूर्ण माना जाता है जब तीर्थराज पुष्कर के पावन सरोवर में स्नान किया जाए। सीएम धामी ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड संपूर्ण भारत की आस्था और संस्कृति का केंद्र है। इस पवित्र भूमि के मूल स्वरूप की रक्षा के लिए राज्य सरकार ने कई महत्वपूर्ण और कठोर निर्णय लिए हैं। जबरन धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून लागू किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने आयोजन समिति और प्रवासी उत्तराखंडियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि वे राजस्थान में नहीं बल्कि देवभूमि के अपने परिजनों के बीच होने का अनुभव कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह धर्मशाला आने वाले समय में श्रद्धालुओं के लिए एक महत्वपूर्ण आश्रय स्थल बनने के साथ-साथ उत्तराखंड और राजस्थान के बीच सांस्कृतिक, आध्यात्मिक और सामाजिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करेगी। कार्यक्रम में यह भी उल्लेख किया गया कि आश्रम के निर्माण के लिए उत्तराखंड सरकार की ओर से एक करोड़ रुपये की सहयोग राशि प्रदान की गई थी। कार्यक्रम में ओंकार सिंह लखावत, अध्यक्ष राजस्थान धरोहर संरक्षण प्राधिकरण एवं वरिष्ठ भाजपा नेता, सुरेश सिंह रावत मंत्री राजस्थान सरकार, लोकबंधु, जिलाधिकारी अजमेर, एस. एस. तड़ागी, अध्यक्ष अखिल भारतीय उत्तराखंड आश्रम, राजेंद्र व्यास व बड़ी संख्या में प्रवासी उत्तराखंडी एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

### विश्व के लिए

उसका अर्थ समझने और धीरे-धीरे उसकी शिक्षाओं को अपने जीवन में उतारने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, अगर हम गीता को अपनाएंगे, तो हमारा जीवन बदलेगा, समाज बदलेगा और भारत पुनः विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर होगा। भागवत ने गीता के ज्ञान को सरल और व्यावहारिक व्याख्याओं के माध्यम से सुलभ बनाने की पहल की सराहना की।

### सैयद मोदी इंडिया

यूएई, इजरायल सहित 20 देशों के 250 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा भारत के 152 खिलाड़ी भाग लेंगे। चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों को बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी सहित गोमतीनगर विजयंत खंड व विनय खंड मिनी स्टेडियम में अभ्यास की सुविधा दी गई है। उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि लखनऊ में सैयद मोदी चैंपियनशिप सिर्फ खेल नहीं, हमारी संस्कृति, हमारे खिलाड़ियों और हमारी मेजबानी की पहचान बन चुकी है। इस साल मुकाबले असाधारण होंगे और दर्शक हर दिन कुछ नया और रोमांचक देखेंगे। चैंपियनशिप के सुचारू आयोजन के लिए बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन से टूर्नामेंट मैनेजर की भूमिका में जेड. सोफिया शीरर होर्वाथ होंगे। रेफरी जोजेफ कुप्रीवेक, सह रेफरी दीराज गूनेड्री, स्थानीय उप रेफरी सीआर राजीव, कंप्टीशन मैनेजर एफसी दत्तन और मैच कंट्रोलर की भूमिका में विश्वनाथ मलकोटिया होंगे। आज प्रेस वार्ता के दौरान उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के महासचिव व आयोजन सचिव डा. सुधर्मा सिंह व अन्य मौजूद रहे।

### सोशल मीडिया

उपकरण बनाने का तरीका सीखने के लिए यूट्यूब का भी खूब इस्तेमाल किया। पूछताछ के दौरान विश्लेषण किए गए डिजिटल फुटप्रिंट से पता चला कि इनके मुख्य संचालक उकासा, फैजान और हाशमी हैं। अधिकारियों ने बताया कि ये तीनों भारत के बाहर से अपनी गतिविधियां चला रहे थे और जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी नेटवर्क से जुड़ी जानकारियों में अक्सर इनके नाम सामने आते हैं। अधिकारियों ने बताया कि भर्ती किए गए डॉक्टरों ने शुरू में सीरिया या अफगानिस्तान जैसे संघर्ष क्षेत्रों में आतंकवादी समूहों में शामिल होने की इच्छा व्यक्त की थी, लेकिन बाद में उनके आकाओं ने उन्हें भारत में ही रहने और भीतरी इलाकों में कई विस्फोट करने के लिए कहा। इससे जांचकर्ता फरीदाबाद के अल फलाह विश्वविद्यालय पहुंचे, जहां से 2900 किलोग्राम विस्फोटक बरामद हुआ। सोशल मीडिया पर कट्टरपंथ फैलाने के तरीके में आतंकवादी समूहों द्वारा रणनीतिक बदलाव देखा गया है। ये आतंकवादी समूह डिजिटल मंचों के जरिए लोगों की भर्ती करने की कोशिश कर रहे हैं।




# भारत के स्टंप तक नौ रन बनाये

## दक्षिण अफ्रीका के पहली पारी में 489 रन, अलावा स्टब्स ने 49 रन, काइल वेरेने ने 45 रन और कप्तान तेम्बा बावुमा ने 41 रन का योगदान

एजेंसी



गुवाहाटी। भारत ने रविवार को यहां दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन स्टंप तक दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहली पारी में बिना विकेट गंवाए नौ रन बना लिए। खराब रोशनी के कारण दिन का खेल जल्दी समाप्त कर दिया गया। यशस्वी जायसवाल सात और केएल राहुल दो रन बनाकर खेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका ने सेनुरन मुथुसामी (109 रन) के शतक और मार्को यानसेन (93 रन) के अर्धशतक से पहली पारी में 489 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के लिए इन दोनों बल्लेबाजों के अलावा ट्रस्टिन स्टब्स ने 49 रन, काइल वेरेने ने 45 रन और कप्तान तेम्बा बावुमा ने 41 रन का योगदान दिया। भारत के लिए कुलदीप यादव ने चार विकेट जबकि जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और रविंद्र जडेजा ने दो दो विकेट झटके। वहीं दूसरी ओर सेनुरन मुथुसामी ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया जबकि मार्को यानसन ने आक्रामक अर्धशतकीय पारी खेली जिससे दक्षिण अफ्रीका ने भारत के खिलाफ दूसरे एवं अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन रविवार को यहां लंच तक अपनी पहली पारी में सात विकेट पर 428 रन बनाए। लंच के समय मुथुसामी 107 और यानसन 51 रन पर खेल रहे थे। यह दोनों अभी तक आठवें विकेट के लिए 94 रन जोड़ चुके हैं। यानसन ने रविंद्र जडेजा और कुलदीप यादव पर चार छक्के भी लगाए। दक्षिण अफ्रीका ने सुबह अपनी पारी छह विकेट पर 247 रन से आगे बढ़ाई और मुथुसामी की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों की एक नहीं चलने दी। भारत को पहले दो सत्र में एकमात्र सफलता काइल वेरिन (45) के रूप में मिली जिन्हें जडेजा ने स्टंप आउट कराया लेकिन इससे पहले उन्होंने दो घंटे तक टिककर अपना काम पूरा कर दिया था। मुथुसामी और वेरिन ने सातवें विकेट के लिए 88 रन की साझेदारी की। भारतीय गेंदबाजों में केवल जसप्रीत बुमराह ही कुछ प्रभावशाली दिखे लेकिन बाद में वह भी थके हुए नजर आए। तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और तीनों स्पिनर दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजों के सामने बेअसर दिखे। मुथुसामी सुबह के सत्र में सतर्क नजर आए। उन्होंने तब बीच-बीच में चौके लगाए लेकिन यानसन के आने के बाद वह भी आक्रामक हो गए जिससे भारतीय गेंदबाजों की मुश्किल बढ़ गई। मुथुसामी ने कुलदीप पर छक्का जड़कर अपनी रन संख्या 90 रन के पार पहुंचाई। इसके बाद उन्होंने इसी गेंदबाज पर चौका लगाया और फिर सिराज की गेंद पर दो रन लेकर अपना पहला टेस्ट शतक पूरा किया। यह पता नहीं है कि भारतीय टीम प्रबंधन और उनके डेटा विश्लेषक ने मुथुसामी पर कोई होमवर्क किया था या नहीं, जिन्होंने हाल ही में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 89 रन बनाकर अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। यही नहीं टेस्ट क्रिकेट में उनका औसत 46 से अधिक है। रिकार्ड के लिए बता दें कि यह उनका 10वां प्रथम श्रेणी शतक है और इससे पहले उन्होंने घरेलू क्रिकेट में 5000 से अधिक रन बनाए थे।

### बांग्लादेश ने श्रृंखला में क्लीन स्वीप किया

मीरपुर (बांग्लादेश)। मुशफिकुर रहीम ने अपने 100वें टेस्ट में शतक जड़ा जिससे बांग्लादेश ने आयरलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 217 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 2-0 से क्लीन स्वीप किया। मुशफिकुर ने पहली पारी में 106 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में नाबाद 53 रन की पारी खेली जिससे उन्होंने मैच में कुल 159 रन बनाए जबकि लिटन दास ने 128 रन की शतकीय पारी खेली। इससे मेजबान टीम ने पहली पारी में 476 रन बनाए। आयरलैंड के ऑफ-स्पिनर एंडी मैकब्राइन ने 109 रन पर छह विकेट झटककर बांग्लादेश को 500 रन से पहले ही रोक दिया। लेकिन ताइजुल इस्लाम ने दोनों पारियों में 76 और 94 रन देकर चार चार विकेट झटके। इससे वह 250 टेस्ट विकेट तक पहुंचने वाले पहले बांग्लादेशी गेंदबाज बन गए।

## लक्ष्य सेन ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतकर खिताब का सूखा किया खत्म



सिडनी। भारत के लक्ष्य सेन ने रविवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में जापान के युशी तनाका को हराकर सत्र का अपना पहला खिताब जीतकर अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर मुश्किल दौर का अंत किया। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहने के बाद खराब दौर से गुजरने वाले अल्मोड़ा के 24 वर्षीय खिलाड़ी सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 26 वर्षीय तनाका को 38 मिनट में 21-15, 21-11 से हराया। लक्ष्य ने कहा इस सत्र में मैंने काफ़ी उतार-चढ़ाव देखे। सत्र की शुरुआत में कुछ चोटें भी लगीं। लेकिन मैंने पूरे सत्र में कड़ी मेहनत की और अब जीत के साथ सत्र का अंत करके मैं बहुत खुश हूं। मैं बहुत उत्साहित हूं और अगले सत्र का इंतजार कर रहा हूं।

इस टूर्नामेंट में मैंने जिस तरह का प्रदर्शन किया उससे वास्तव में मैं बहुत खुश हूं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने इससे पहले आखिरी बार 2024 में लखनऊमें सैयद मोदी इंटरनेशनल में सुपर 300 खिताब जीता था। वह इस साल सितंबर में हांगकांग सुपर 500 में उपविजेता रहे थे। इस वर्ष ऑर्लियंस मास्टर्स सुपर 300 खिताब जीतने वाले विश्व के 26वें नंबर के खिलाड़ी तनाका का सामना करते हुए लक्ष्य ने शानदार नियंत्रण और तेजर्तार खेल का नमूना पेश किया तथा एक भी गेम गंवाए बिना मुकाबला अपने नाम कर लिया। इस जीत से मौजूदा राष्ट्रमंडल खेल चैंपियन लक्ष्य इस सत्र में बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीतने वाले दूसरे भारतीय बन गए। इससे पहले आयुष शेट्टी ने अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट जीता था। भारत के अन्य खिलाड़ियों में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी हांगकांग और चीन मास्टर्स के फाइनल में पहुंचे थे, जबकि किदाम्बी श्रीकांत भी साल की शुरुआत में मलेशिया मास्टर्स में उपविजेता रहे थे। लक्ष्य ने आत्मविश्वास से भरी शुरुआत की और 6-3 की बढ़त बना ली, जबकि तनाका ने कई गलतियां कीं। इसके बाद दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला और तनाका ने अंतर 7-9 कर दिया, लेकिन जापानी खिलाड़ी ने एक और शॉट नेट पर उलझा दिया जिससे भारतीय खिलाड़ी ने इंटरवल तक तीन अंक की बढ़त हासिल कर ली। लक्ष्य का हौसला बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में भारतीय दर्शक मौजूद थे और इस खिलाड़ी ने उन्हें निराश नहीं किया। तनाका ने अपने ज़ोरदार स्मैश और लक्ष्य की एक गलती का फायदा उठाकर स्कोर 12-13 कर दिया। लेकिन लक्ष्य ने जापान के खिलाड़ी को वापसी का मौका नहीं दिया तथा बैकहैंड स्मैश और एक और ज़बरदस्त क्रॉस-कोर्ट विनर के साथ 17-13 से चार अंकों की बढ़त बना ली।

लक्ष्य ने इसके बाद पांच गेम प्वाइंट हासिल किए और तनाका की एक और गलती से पहला गेम अपने नाम कर दिया। लक्ष्य ने कहा कि मैच की अच्छी शुरुआत करना महत्वपूर्ण था। उन्होंने कहा अच्छी शुरुआत करना और आखिर तक लय बनाए रखना महत्वपूर्ण था। पहले गेम में मुकाबला बराबरी का था। दूसरे गेम में मैंने अच्छी शुरुआत की और आखिर तक बढ़त बनाए रखी। मैं ज्यादा नहीं सोच रहा था और मैंने अपना पूरा ध्यान प्रत्येक अंक जीतने पर लगाया। दूसरा गेम एकतरफा रहा क्योंकि लक्ष्य ने तेज और सपाट रिटर्न से अपना दबदबा बनाए रखा। तनाका ने अपने स्मैश से उन्हें परेशान करने की कोशिश की लेकिन वे चुनौती देने के लिए पर्याप्त नहीं थे। लक्ष्य आक्रामक होकर खेल रहे थे जिससे वह 8-4 से आगे हो गए। उन्होंने इसके बाद भी दबाव बनाए रखा और इंटरवल तक छह अंकों की बढ़त हासिल कर ली।

## संक्षेप

### अमर ने एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप जीती

नयी दिल्ली। भारत के अमर सिंह देवंदा ने बैंकॉक में आयोजित एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैंपियनशिप में 6:59:37 (छह घंटे, 59 मिनट और 37 सेकंड) का राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय निकालकर जीत हासिल की। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ अल्ट्रारनर्स ने किया था। अमर इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 11 सदस्यीय भारतीय दल का हिस्सा हैं। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, अमर सिंह देवंदा ने भारत के लिए इतिहास रच दिया। उन्होंने 6:59:37 के राष्ट्रीय रिकॉर्ड समय के साथ एशिया ओशिनिया 100 किमी अल्ट्रा चैम्पियनशिप जीत ली। भारतीय टीम के अन्य सदस्यों में सौरव कुमार रंजन, गीनो एंटनी, वेलु पेरुमल, योगेश सनप, जयद्रथ, आरती झंवर, रणजी सिंह, सिंधु उमेश, नामग्याल ल्हामो और तेनजिन डोल्मा शामिल हैं।

### भारतीय महिला टीम ने जीता विश्व कप

कोलंबो। भारत ने टी20 दृष्टिबाधित महिला विश्व कप फाइनल में रविवार को यहां के पी सारा ओवल मैदान में नेपाल को सात विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। दृष्टिबाधित महिला क्रिकेट विश्व कप का यह पहला आयोजन है। भारत ने पहले गेंदबाजी करते हुए नेपाल को पांच विकेट पर 114 रनों पर रोक दिया और फिर महज 12 ओवरों में तीन विकेट पर 117 रन बनाकर खिताब अपने नाम कर लिया। भारत का इस मैच पर दबदबा इतना था कि नेपाल की टीम अपनी पारी में केवल एक चौका ही लगा सकी। फुला सरेन नाबाद 44 रनों की पारी के साथ भारत की सर्वोच्च स्कोरर रही। भारत ने इससे पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि नेपाल ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को हराया था।

सह-मेजबान श्रीलंका शुरुआती चरण के पांच मैचों में सिर्फ एक मैच (अमेरिका के खिलाफ) ही जीत सका। पाकिस्तान की बी3 (आंशिक रूप से दृष्टिबाधित) खिलाड़ी मेहरीन अली छह टीमों के टूर्नामेंट में सबसे सफल बल्लेबाज रही। उन्होंने 600 से अधिक रन बनाए, जिसमें श्रीलंका के खिलाफ 78 गेंदों में खेली गई 230 रनों की पारी भी शामिल है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी 133 रनों की पारी खेली थी।

## लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल ध्यानी को दी गयी श्रद्धांजलि



लखनऊ। आज प्रेस वार्ता से पूर्व उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के कार्यकारिणी सदस्य व लखनऊ बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव अनिल ध्यानी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई और ईश्वर से परिजनों को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की गई। चैंपियनशिप को कई प्रमुख कॉरपोरेट्स का सहयोग प्राप्त है, जिनमें अडानी, इन्वेस्ट यूपी, मिगसन, एपको, ओमैक्स और विराज ग्रुप मुख्य प्रायोजक के रूप में शामिल हैं। इसके अतिरिक्त इंडिया पेस्टिसाइड्स लिमिटेड, क्लियो काउंटी ग्रुप, रेडिको खेतान, सिडबी, एंबर ग्रुप, पीआईसीएल और बिग एफएम जैसे प्रायोजकों का सहयोग भी आयोजन के स्तर और अनुभव को और बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

## हॉकी इंडिया देगा पुरुष जूनियर विश्व कप में मुफ्त टिकट

एजेंसी



मदुरै। हॉकी इंडिया ने 28 नवंबर से 10 दिसंबर तक यहां होने वाले पुरुष जूनियर विश्व कप के मैच देखने के लिए रविवार को मुफ्त टिकटों की घोषणा की। इस टूर्नामेंट के मैच चेन्नई में भी खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें भाग लेंगी, जिससे यह जूनियर विश्व कप के इतिहास का सबसे बड़ा टूर्नामेंट बन जाएगा।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने एक विज्ञप्ति में कहा मुफ्त टिकट की पेशकश करके हमारा उद्देश्य तमिलनाडु और उसके बाहर के छात्रों, युवा खिलाड़ियों, परिवारों और हॉकी प्रेमियों के लिए दरवाजे खोलना है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि वर्चुअल फ्री टिकट टिकटजीनी वेबसाइट या हॉकी इंडिया ऐप से बुक किए जा सकते हैं। वहीं दूसरी ओर हॉकी इंडिया ने रविवार को कहा कि जूनियर महिला टीम के एक कोच के खिलाफ यौन दुराचार के आरोपों की उसकी आंतरिक जांच में कोई सबूत नहीं मिला है और उन्हें चिली के सैंटियागो में होने वाले विश्व कप के लिए टीम के साथ यात्रा करने की अनुमति दे दी गई है।

हॉकी इंडिया ने पीटीआई को जारी एक विशेष बयान में कहा कि कुछ मीडिया रिपोर्टों में लगाए गए कथित आरोपों के बाद उसने जांच कराई थी। हालांकि महासंघ ने कहा कि हॉकी इंडिया और भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) को इस संबंध में कोई आधिकारिक शिकायत नहीं मिली थी। हॉकी इंडिया के बयान में कहा गया, कुछ मीडिया रिपोर्ट में भारतीय जूनियर महिला टीम में यौन दुराचार की बात कही गई थी।

हालांकि हॉकी इंडिया को कोई आधिकारिक शिकायत या कोई भी आरोप सिद्ध करने वाली जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

इसके अनुसार, इसके बावजूद 2013 के पीओएसएच अधिनियम के तहत आंतरिक शिकायत समिति ने शुक्रवार को इन मीडिया रिपोर्टों के आधार पर एक जांच की।

### पिता की तबीयत खराब, स्मृति मंधाना की शादी टली

सांगली। स्मृति मंधाना के पिता श्रीनिवास के बीमार पड़ने के कारण भारतीय महिला टीम की इस दिग्गज क्रिकेटर और संगीतकार पलाश मुच्छल की शादी को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। मंधाना और पलाश की शादी रविवार (23 नवंबर) को होनी थी।

## भारत ए अंडर-19 त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल के करीब

बेंगलुरु। आठवें क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आये हरफनमौला मोहम्मद ईनान की नाबाद शतकीय पारी के दम पर भारत ए अंडर-19 ने रविवार को यहां भारत बी अंडर-19 को 26 रन से हराकर तीन देशों की श्रृंखला के फाइनल में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। लेग स्पिन गेंदबाजी करने वाले केरल के इस युवा खिलाड़ी ने 74 गेंदों में 12 चौकों और छह छक्कों की मदद से नाबाद 105 रनों की पारी खेली। उनकी इस पारी से भारत ए अंडर-19 ने 18 ओवर में 68 रन पर पांच विकेट गंवाने के बावजूद के सात विकेट पर 267 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। ईनान ने छठे विकेट के लिए खिलान पटेल (37) के साथ 34 रन की साझेदारी करने के बाद अनमोलजीत सिंह (नाबाद 30) के साथ सातवें विकेट के लिए 135 रन की अटूट साझेदारी की। लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत बी अंड-19 की टीम 47.2 ओवर में 243 रन पर आउट हो गयी।

## लखनऊ रेस कोर्स में 'लखनऊ किंग' ने मारी बाजी



लखनऊ। राजधानी लखनऊ के प्रमुख रेसकोर्स (संभावित मिलिट्री रेसकोर्स) में चल रहे घुड़दौड़ टूनार्मेंट का रविवार 23 नवंबर 2025 को भव्य और रोमांचक समापन हुआ। दिन की मुख्य स्पर्धा 'अवध चैंपियन कप' में बेहतरीन नस्ल के घोड़ों और कुशल जॉकी के बीच जबरदस्त टक्कर देखने को मिली।

फाइनल रेस में 'लखनऊ किंग' घोड़े ने जॉकी आर. वर्मा के शानदार नियंत्रण में अंतिम क्षणों में सबको पछाड़ते हुए खिताब अपने नाम किया, जिससे मालिक आशीष सिंह और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के निदेशक व शहर की जानी-मानी हस्ती विश्वास स्वरूप अग्रवाल ने किया।

रविवार होने के कारण रेसकोर्स पर दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ उमड़ी जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ घोड़ों और जॉकी का हौसला बढ़ाया। 'लखनऊ किंग' और दूसरे स्थान पर रहे 'तेजस' के बीच मुकाबला इतना कड़ा था कि विजेता का फैसला फोटो फिनिश से हुआ जिसमें 'लखनऊ किंग' ने मात्र 0.15 सेकंड के अंतर से जीत दर्ज की। मुख्य अतिथि ने विजेताओं को 'अवध चैंपियन कप' की शानदार ट्रॉफी और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए साथ ही स्थानीय घुड़सवारी की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित किया। इस आयोजन से लखनऊ में हॉर्स रेसिंग को नई पहचान मिली है और अगले सत्र के लिए अभी से उत्साह बनना शुरू हो गया है। इस प्रतियोगिता मे ऋतु पुंडीर व संजू अग्रवाल मौजूद रही। इस रेस मे मुख्य अतिथि के रूप मे इंडिया पेस्टिसाइड लिमिटेड के निदेशक व शहर की जानी-मानी हस्ती विश्वास स्वरूप अग्रवाल समेत उनका पूरा परिवार सहित अन्य कई गणमान्य उद्योगपति व शासन स्तर के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

**'अवध चैंपियन कप' लखनऊ में कराया घुड़दौड़ का भव्य आयोजन**

### राहुल वनडे श्रृंखला में भारत के कप्तान

नयी दिल्ली। सीनियर बल्लेबाज केएल राहुल को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए रविवार को भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि अनुभवी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा लगभग आठ महीने बाद सफेद गेंद की टीम में वापसी करेंगे। नियमित कप्तान शुभमन गिल को कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के दौरान गर्दन में चोट लगने के कारण श्रृंखला से बाहर होने के बाद राहुल को टीम की बागडोर सौंपी गई। राहुल को कप्तानी छोटी श्रृंखला को ध्यान में रखकर दी गई है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई को बताया, राहुल को एक बार ही कप्तानी सौंपी गई है और इसे उसी रूप में देखा जाना चाहिए। ज षभ (पंत) के नाम पर विचार नहीं किया गया क्योंकि उन्होंने पिछले एक साल में केवल एक ही वनडे खेला है। चयनकर्ताओं को उम्मीद है कि शुभमन गिल की गर्दन की चोट ठीक हो जाएगी और वह न्यूजीलैंड के खिलाफ जनवरी 2026 में होने वाली तीन वनडे मैचों की सीरीज में वापसी करेंगे। विकेटकीपर बल्लेबाज पंत इस श्रृंखला के लिए उप कप्तान होंगे। यह श्रृंखला 30 नवंबर को रांची में शुरू होगी और इसके बाद रायपुर (तीन दिसंबर) और विशाखापत्तनम (छह दिसंबर) में मैच होंगे।

## बार्सिलोना ने एथलेटिक बिलबाओ को हराया

एजेंसी



बार्सिलोना (स्पेन)। बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में एथलेटिक बिलबाओ पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज करके अपने पसंदीदा स्टेडियम कैंप नोउ में वापसी का जश्न मनाया। यूरोप के सबसे बड़े फुटबॉल स्टेडियम कैंप नोउ को नए सिरे से तैयार किया गया है। उसे पिछले दो साल से भी अधिक समय तक बंद रखा गया था और अब लगभग आधी क्षमता पर फिर से खोला गया है। इस स्टेडियम में लंबे समय बाद होने वाले इस मैच को देखने के लिए लगभग 45,000 प्रशंसक मौजूद थे। रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने मैच शुरू होने के सिर्फ़ चार मिनट बाद ही गोल करके माहौल बना दिया। फ़ेरान टोरेस ने अपने साथी फ़ॉरवर्ड लामिन यामल के शानदार पास से दो गोल किए और फ़र्मिन लोपेज़ ने कैंप नोउ में अपने पहले मैच में गोल दागा। लेवांडोव्स्की ने कहा हमने शुरुआत से ही अच्छा खेल दिखाया और तीन अंक हासिल किए, लेकिन आज सबसे अहम बात कैंप नोउ में वापसी है। यहां खेलने का मज़ा ही कुछ और है। मुझे लगता है कि जब हम कैंप नोउ में खेलते हैं तो हम थोड़े ज़्यादा मज़बूत होते हैं। बार्सिलोना के प्रशंसकों ने ठंडे मौसम के बावजूद जश्न के माहौल के बीच मैच शुरू होने से पहले क्लब का गीत गाया। इससे पहले आखिरी बार वे कैंप नोउ में मई 2023 में कोई मैच देख पाए थे।

**ईस्ट बंगाल उज्बेकिस्तान की नसाफ से 0-3 से हारकर एएफसी महिला चैंपियंस लीग से बाहर**

वुहान (चीन), 23 नवंबर (भाषा) ईस्ट बंगाल की टीम उज्बेकिस्तान की पीएफसी नसाफ के हाथों 0-3 से हारकर रविवार को एएफसी महिला चैंपियंस लीग के ग्रुप चरण से बाहर हो गई। विजेता टीम के लिए दियोराखोन खाबीबुल्लाएवा (18वें और 90़8) ने दो गोल किए, जबकि जरीना नोरबोएवा ने 52वें मिनट में गोल किया। ईस्ट बंगाल ने इस टूर्नामेंट में अपने पहले अभियान का अंत तीन अंकों के साथ किया। यह टीम के लिए तीसरे स्थान पर रहने वाली दो सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के रूप में आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नहीं होगा। ईस्ट बंगाल ने इससे पहले ग्रुप बी में ईरान की बाम खातून एफसी को 3-1 से हराया था और चीन की वुहान जियांगडा एफसी से 0-2 से हार गई थी। इस जीत से उज्बेकिस्तान की टीम ने चार अंक के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली।

# भारत, इजरायल प्रस्तावित एफटीए को दो चरणों में

एजेंसी

जेरुशलम। भारत और इजरायल अपने प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को दो चरणों में लागू करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि दोनों देशों के व्यापारिक समुदाय को जल्द लाभ मिल सके। यह बात वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कही। भारत और इजरायल ने इस समझौते के लिए औपचारिक रूप से वार्ता शुरू करने के लिए बृहस्पतिवार को संदर्भ की शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए थे।

इस टीओआर में माल के लिए बाजार पहुंच, शुल्क एवं गैर-शुल्क बाधाओं को दूर करना, निवेश सुगमीकरण, सीमा शुल्क प्रक्रियाओं को सरल बनाना, नवाचार और तकनीकी हस्तांतरण में सहयोग बढ़ाना तथा सेवा व्यापार को बढ़ावा देने के नियमों में ढील देना शामिल है। गोयल ने यहां कहा, हम इसे दो चरणों में करने पर विचार कर रहे हैं। वार्ता शुरू होने पर इस बारे में फैसला लिया जाएगा। दोनों मंत्री चाहते हैं कि पहला चरण जल्द पूरा हो जाए ताकि व्यापारिक समुदाय को जल्द फायदा मिलना शुरू हो जाए। मंत्री द्विपक्षीय व्यापार और निवेश बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा करने इजरायल आए हैं। वह 60 सदस्यीय व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। दोनों देशों ने संवेदनशील मुद्दों को अभी छूने से बचने का फैसला किया है। गोयल ने कहा कि दोनों देश देखेंगे कि नवाचार और आरएंडडी किस तरह एक-दूसरे के देशों में ज्यादा निवेश ला सकते हैं। हम संयुक्त परियोजनाओं पर काम करेंगे, जहां हमें उनकी विशेषज्ञता का लाभ मिले और वे भारत जैसे बड़े बाजार का फायदा उठा सकें। वहीं दूसरी ओर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 25,060 करोड़ रुपये के निर्यात संवर्धन मिशन



(ईपीएम) के विस्तृत दिशानिर्देश अगले सप्ताह से जारी हो सकते हैं। इसमें योजना के सभी हिस्से और उद्योग को मिलने वाले लाभों की पूरी जानकारी होगी। सरकार ने 12 नवंबर को 25,060 करोड़ रुपये की इस योजना को मंजूरी दी थी। योजना 2025-26 से शुरू होकर छह वित्त वर्षों के लिए है। इसका मकसद अमेरिका के भारी शुल्कों से निर्यातकों को राहत देना है। यह मिशन दो उप-योजनाओं से लागू होगा निर्यात प्रोत्साहन (10,401 करोड़ रुपये) और निर्यात दिशा (14,659 करोड़ रुपये)। गोयल ने पीटीआई-भाषा से कहा, निर्यात संवर्धन मिशन के दिशानिर्देश बहुत जल्द जारी होंगे। मुझे लगता है कि अगले सप्ताह तक इसके सारे हिस्से और उद्योग को क्या फायदे होंगे, उसकी पूरी जानकारी दे दी जाएगी।

इस मिशन के तहत उन क्षेत्रों को प्राथमिकता दी जाएगी जो हाल में वैश्विक शुल्क वृद्धि से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। इनमें कपड़ा, चमड़ा, आभूषण, इंजीनियरिंग सामान और समुद्री उत्पाद शामिल हैं। इन क्षेत्रों को अमेरिकी बाजार में भारी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। ऊंचे आयात शुल्क की वजह से अक्टूबर में अमेरिका को भारत का माल निर्यात 8.58 प्रतिशत घटकर 6.3 अरब डॉलर रह गया। गोयल ने कहा, पांच दिसंबर को रूस का एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल आ रहा है। हम अलग-अलग तरीकों से प्रभावित क्षेत्रों को सहारा दे रहे हैं।

# राज्यपाल के आवास पर कांग्रेस का प्रदर्शन अवैध और उद्दंडता : राजीव बिंदल




शिमला। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की हिमाचल प्रदेश इकाई के अध्यक्ष राजीव बिंदल ने रविवार को कहा कि गत बृहस्पतिवार को राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला के आधिकारिक आवास पर कांग्रेस नेताओं का प्रदर्शन पूरी तरह से अवैध और उद्दंड राजनीतिक आचरण का उदाहरण था। उन्होंने यहां जारी एक बयान में कहा कि बिना अनुमति के राजभवन जैसे उच्च सुरक्षा और प्रतिबंधित क्षेत्र में प्रवेश करना, विरोध प्रदर्शन करना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाना स्पष्ट रूप से दर्शाता है कि कांग्रेस पार्टी संवैधानिक मानदंडों को चुनौती देने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है। युवा कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को देशभर में कथित वोट चोरी के खिलाफ प्रदर्शन किया था और इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री मोदी का पुतला फूंका था। बिंदल ने कहा कि यह कृत्य राज्यपाल पर दबाव बनाने, उन्हें डराने और उन्हें असंवैधानिक निर्णय लेने के लिए मजबूर करने का प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने इस घटना को लोकतांत्रिक व्यवस्था पर सीधा हमला करार दिया। बिंदल ने कहा कि कांग्रेस की कार्वाई न केवल असंवैधानिक है, बल्कि लोकतांत्रिक परंपराओं का भी घोर अपमान है। उन्होंने मांग की कि राज्य सरकार तुरंत संवैधानिक संस्थाओं को निशाना बनाने वाले ऐसे गैरकानूनी विरोध प्रदर्शनों और गतिविधियों को रोके, और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस कदम उठाए।

घटना पर नाराजगी जताते हुए राज्यपाल ने पुलिस महानिदेशक और शिमला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से प्रदर्शन पर रिपोर्ट मांगी थी तथा पूछा था कि क्या युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन से पहले अनुमति ली थी। इस बीच, बिंदल ने कहा कि राज्य इस समय गंभीर संवैधानिक संकट से जूझ रहा है। उन्होंने कहा, पंचायती राज चुनावों को लेकर सरकार और निर्वाचन आयोग के बीच बढ़ते टकराव ने स्थिति को और जटिल बना दिया है।

## संक्षेप

### मनसे ने ठाणे में मतदाता सूची में विसंगतियों का आरोप लगाया

ठाणे। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने नगर निकाय चुनावों से पहले ठाणे की मतदाता सूची में गंभीर अनियमितताओं का रविवार को आरोप लगाया। मनसे की ठाणे-पालघर इकाई के प्रमुख अविनाश जाधव ने दावा किया कि मतदाता सूची तैयार करने और आपत्तियां मांगने की प्रक्रिया प्रशासनिक पक्षपात के साथ जल्दबाजी में की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया, ठाणे में स्वीकृत वार्ड मानचित्र और मतदाता सूचियों में कई हजार मतदाताओं को लेकर बड़ी विसंगतियां हैं। कई मामलों में इमारतों और मतदाताओं को वार्ड की निर्धारित सीमाओं के बाहर दिखाया गया है। कुल मतदाताओं की संख्या बढ़कर 16.49 लाख हो गई है, जो लगभग चार लाख की अप्रत्याशित वृद्धि है। इसका मतलब है कि प्रति वार्ड 2025 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। जाधव ने कहा, यह स्पष्ट संकेत है कि निर्वाचन आयोग और स्थानीय प्रशासन कुछ खास हितों के पक्ष में पक्षपातपूर्ण रुख अपना रहे हैं। इस गड़बड़ी पर जवाब मांगने और जिम्मेदार अधिकारियों को जवाबदेह ठहराने के लिए सोमवार को मनसे ठाणे महानगर पालिका मुख्यालय तक मार्च निकालेगी।

# भारत-रूस संसदीय संबंधों को बढ़ावा देने में ओम बिरला की भूमिका को सराहा

मॉस्को। रूसी संसद के निचले सदन ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोदिन ने रविवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को जन्मदिन की बधाई देते हुए भारत-रूस सहयोग को मजबूत करने में उनके योगदान की सराहना की। ड्यूमा की वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बधाई संदेश में वोलोदिन ने कहा, ड्यूमा के प्रतिनिधि अंतर-संसदीय सहयोग के विकास एवं रूस और भारत के बीच विशेष रूप से विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी में आपके योगदान को अत्यधिक महत्व देते हैं, जिससे हमारे देशों के लोगों के बीच मित्रता मजबूत होगी। बिरला (64) के अच्छे स्वास्थ्य की कामना करते हुए उन्होंने कहा, हर काम में सफलता आपके साथ रहे। वोलोदिन ने इस साल फरवरी में अपनी भारत यात्रा को भी याद किया जब उन्होंने एक रूसी संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया था। उन्होंने कहा कि इस यात्रा के दौरान, बिरला के साथ चर्चा का एक मुख्य विषय दोनों देशों के नेताओं द्वारा लिए गए निर्णयों के लिए विधायी समर्थन और अंतर-क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ाने के उपायों पर चर्चा का था।

# आतंकी बचाओ जमात सक्रिय : भाजपा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली विस्फोट मामले से जुड़े अल फलाह विश्वविद्यालय का जिक्र करके मुसलमानों के साथ भेदभाव का आरोप लगाने से संबंधित जमीयत उलेमा-ए-हिंद (एएम) के प्रमुख अरशद मदनी के बयान पर विवाद पैदा हो गया है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मदनी के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि आतंकी बचाओ जमात सक्रिय हो गई है। मदनी ने दावा किया कि जोहरान ममदानी न्यूयॉर्क का मेयर जबकि एक खान लंदन का मेयर चुना जा सकता है, लेकिन भारत में कोई मुसलमान विश्वविद्यालय का कुलपति नहीं बन सकता। उन्होंने शनिवार को यहां जमीयत मुख्यालय में एक पत्र में कहा,दुनिया सोचती है कि मुसलमान

**❍ अल-फलाह विवि से जुड़े मदनी के बयान पर विवाद**

अपाहिज और खत्म हो गए हैं। मैं ऐसा नहीं मानता। आज, एक मुसलमान ममदानी, न्यूयॉर्क का मेयर बन सकता है, एक खान लंदन का मेयर बन सकता हैअ जबकि भारत में, कोई भी विश्वविद्यालय का कुलपति भी नहीं बन सकता। मदनी ने कहा, और अगर कोई ऐसा करता भी है, तो उसे जेल भेज दिया जाएगा, जैसे आजम खान। देखिए आज अल फलाह के साथ क्या हो रहा है। वह (संस्थापक) जेल में है, और कोई नहीं जानता कि वह कितने साल जेल में रहेंगे।

जमीयत के दो गुटों में से एक के प्रमुख मदनी ने आरोप लगाया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए लगातार काम कर रही है कि मुसलमान कभी सिर न उठाएं। भाजपा नेताओं ने इस बात के लिए मदनी की आलोचना की और उन पर दिल्ली विस्फोट की जांच को सांप्रदायिक रंग देने का आरोप लगाया। सत्तारूढ़ दल के प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा, वोट बैंक के नाम पर।

# चंडीगढ़ पर प्रस्ताव से प्रशासनिक ढांचे में कोई बदलाव नही : गृह मंत्रालय

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने रविवार को कहा कि चंडीगढ़ में कानून बनाने को आसान करने के प्रस्ताव पर कोई आखिरी फैसला नहीं लिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि इसका उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश और पंजाब तथा हरियाणा के बीच पारंपरिक व्यवस्था को बदलना नहीं है। चंडीगढ़ पंजाब और हरियाणा की संयुक्त राजधानी है। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, प्रस्ताव केवल केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के लिए केंद्र सरकार के कानून बनाने की प्रक्रिया को आसान बनाने से संबंधित है और यह अब भी केंद्र सरकार के पास विचाराधीन है।

इस प्रस्ताव पर कोई आखिरी फैसला नहीं लिया गया है। इस प्रस्ताव को लेकर पंजाब के नेताओं की चिंताओं को दूर करते हुए, मंत्रालय ने कहा कि यह प्रस्ताव किसी भी तरह से चंडीगढ़ के शासन या प्रशासनिक ढांचे को बदलने की कोशिश नहीं करता और न ही इसका उद्देश्य चंडीगढ़ और पंजाब या हरियाणा राज्यों के बीच पारंपरिक व्यवस्थाओं को बदलना है। इसने कहा चंडीगढ़ के हितों को ध्यान में रखते हुए, सभी हितधारकों से अच्छी तरह सलाह-मशविरा करने के बाद ही कोई सही फैसला लिया जाएगा। इस मामले में किसी भी तरह की चिंता की कोई जरूरत नहीं है।

केंद्र सरकार का संसद के आगामी शीतकालीन सत्र में इस बारे में कोई विधेयक लाने का कोई इरादा नहीं है। लोकसभा और राज्यसभा बुलेटिन के मुताबिक, केंद्र ने केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ को संविधान के अनुच्छेद 240 के दायरे में लाने का प्रस्ताव दिया है, जो राष्ट्रपति को केंद्र शासित प्रदेश के लिए नियम बनाने और सीधे कानून बनाने का अधिकार देता है। इससे चंडीगढ़ में एक स्वतंत्र प्रशासक की नियुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है, जैसा कि पहले एक स्वतंत्र मुख्य सचिव हुआ करते थे। इस कदम पर कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और आम आदमी पार्टी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

# जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की हिरासत को चुनौती पर सुनवाई आज

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय सोमवार को जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी की अर्जी पर सुनवाई करेगा। वांगचुक की पत्नी ने शीर्ष अदालत में दायर अर्जी में बताया कि उनके पति को कठोर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत में रखना गैर-कानूनी है और यह उनके बुनियादी अधिकारों का उल्लंघन करने वाला एक मनमाना कदम है। शीर्ष अदालत ने 29 अक्टूबर को वांगचुक की पत्नी गीतांजलि जे अंगमो की अर्जी पर केंद्र और लद्दाख प्रशासन से जवाब मांगा था। न्यायालय की 24 नवंबर की वाद सूची के मुताबिक, अर्जी पर न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ सुनवाई करेगी। वांगचुक को 26 सितंबर को रासुका के तहत उस समय हिरासत में लिया गया था, जब लद्दाख को राज्य का दर्जा और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर हिंसक प्रदर्शन हुए थे। केंद्र शासित प्रदेश में हुए हिसंक प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गई थी और 90 लोग घायल हो गए थे। सरकार ने वांगचुक पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया था। याचिका में कहा गया हिरासत का आदेश पुरानी प्राथमिकी, अस्पष्ट आरोपों और अंदाज पर आधारित है, इसका हिरासत के कथित आधार से कोई सीधा या करीबी संबंध नहीं है और इसलिए इसका कोई कानूनी या तथ्यात्मक औचित्य नहीं है। याचिकाकर्ता के मुताबिक, एहतियाती शक्तियों का इस तरह मनमाना इस्तेमाल अधिकार का घोर दुरुपयोग है, जो संवैधानिक स्वतंत्रता और सही प्रक्रिया के आधार पर हमला करता है।

# सांप्रदायिकता को दूर रखें तो देंगे नीतीश का साथ : ओवैसी

पटना। एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने वादा किया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अगर मुस्लिम बहुल सीमांचल क्षेत्र के साथ न्याय करें और सांप्रदायिकता को दूर रखें, तो उनकी पार्टी बिहार में राजग सरकार को पूर्ण सहयोग देगी। हैदराबाद के सांसद ने सीमांचल के अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान यह टिप्पणी की। सीमांचल बिहार का पूर्वोत्तर क्षेत्र है, जहां से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के पांच उम्मीदवारों ने हाल के विधानसभा चुनावों में जीत हासिल की है। ओवैसी ने कहा, हम पटना में बनी नई सरकार को शुभकामनाएं देते हैं। हम पूरा सहयोग देने का वादा भी कर सकते हैं, बशर्ते वह सीमांचल क्षेत्र के साथ न्याय करे और सांप्रदायिकता को भी दूर रखे। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में सबसे बड़ी साझेदार भाजपा आरोप लगाती रही है कि सीमांचल में बड़े पैमाने पर घुसपैठ हो रही है, जिससे क्षेत्र में जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा हो रहा है। ओवैसी ने कहा, एआईएमआईएम सिर्फ मुसलमानों के लिए ही नहीं, बल्कि सीमांचल में रहने वाले सभी लोगों के लिए लड़ती रही है।

## इंटरटेनमेंट...

# आईएफएफआई : 1942 अ लव स्टोरी की स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई**। बॉलीवुड की आईकॉनिक फिल्म '1942: ए लव स्टोरी' की 56वें इंडियन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में ??(आईएफएफआई) में शुक्रवार को स्क्रीनिंग गई। इस स्क्रीनिंग में फिल्म की विरासत और आरडी बर्मन के संगीत को श्रद्धांजलि दी गई। '1942: ए लव स्टोरी' देश की पहली फिल्म है, जिसे 8ङ वर्जन में रिस्टोर किया गया है। इस खास मौके पर फिल्म के स्टार जैकी श्रॉफ, अनुपम खेर मौजूद थे।




इसके अलावा फिल्म के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा, राइटर कामना चंद्रा और प्रोड्यूसर मौजूद रहे। सभी ने फिल्म को लेकर अपनी यादें साझा की। स्क्रीनिंग से पहले जब जैकी श्रॉफ से गोवा को लेकर उनकी याद और खास पूछी गईं तो उन्होंने कहा- ऐसी कोई यादें नहीं है। मैं आपसे जो अभी बात कर रहा हूं, यही यादें हैं। मुझे याद नहीं रहता है। मैं भूल जाता हूं। मैं आगे की सोचता हूं। गोवा के बारे में बात करते हुए अनुपम खेर ने कहा- 'ग्रेट ऑनर, मैं विधु विनोद, जैकी, कामना जी के साथ स्टेज शेयर कर रहा हूं। 1942 के रिलीज होने के 32 साल बाद ये मौका हम सबको मिला है। और 35 साल पहले विनोद के साथ हमने ये फिल्म शूट की थी। मैं गोवा की वाइब्रेशन को पसंद करता हूं।

यहां जो लोगों में रिलैक्स करने का एटीट्यूड है, उसे पसंद करता हूं। मुझे यहां के लोगों से प्यार है। हमारे लिए इफ्फी 20205 बेहद महत्त्वपूर्ण है। वहीं 1942 अ लव स्टोरी को लिखने वाली कामना चंद्रा ने गोवा के बारे में बात करते हुए कहा- 'इतनी सुंदर जगह है कि यहां आकर दिल खुश हो जाता है।' फिल्म के डायरेक्टर विधु विनोद चोपड़ा से जब पूछा गया तीन दशक पहले रिलीज हुई इस फिल्म से आज की जनरेशन से कैसे जुड़ाव महसूस करेगी? इस पर उन्होंने कहा 'लव, ईमानदारी, अच्छाई, देश भक्ति हमेशा के लिए होता है। जय हिंद 40-50 साल पहले भी था।

## 'मनोज बाजपेयी के साथ काम करते समय सतर्कता जरूरी'

मुंबई। फैमिली मैन 3 का प्रीमियर हो चुका है। इस बार सीरीज में दो नए विलेन की एंट्री हुई है। निम्रत कौर, जो सीरीज में मीरा का किरदार निभा रही हैं और जयदीप अहलावत, जो रुक्मा बनकर श्रीकांत तिवारी से भिड़ते नजर आएंगे। सीरीज की स्टारकास्ट ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत की। जब आप किसी ऐसे व्यक्ति के सामने खड़े होते हैं जो पहले से ही काफी स्मार्ट है और आपको उसे हराना है, तो आपको उससे भी ज्यादा चालाक होना पड़ेगा। राज और डीके ने जो यह किरदार लिखा है मीरा और रुक्मा वह एक तरह से मास्टरमाइंड पर आधारित है और देखना है कि कैसे वह श्रीकांत को टक्कर देती हैं। इसके बाद धीरे-धीरे कहानी आगे बढ़ती है। इस किरदार में कई रोमांचक पहलू हैं।

## ट्रैविस स्कॉट के मुंबई कॉन्सर्ट में 18 लाख की चोरी

मुंबई। अमेरिकी रैपर ट्रैविस स्कॉट के मुंबई में हुए कॉन्सर्ट में चोरी की कई घटनाएं हुईं। मुंबई पुलिस के अनुसार, शो के दौरान कई लोगों के मोबाइल फोन और ज्वेलरी चोरी हो गईं। चोरी हुए सामान की कुल कीमत लगभग 18 लाख रुपए बताई जा रही है। यह कॉन्सर्ट 19 नवंबर को मुंबई के महालक्ष्मी रेस कोर्स में हुआ था, जहां हजारों फैंस स्कॉट के हिट गानों पर झूमते नजर आए। भीड़ का फायदा उठाकर कुछ लोगों ने चोरी की वारदातों को अंजाम दिया। पुलिस के मुताबिक, अब तक की जांच में 24 मोबाइल फोन और 12 गोल्ड चेन चोरी होने की शिकायतें मिली हैं। कई लोग कॉन्सर्ट खत्म होने के बाद ताड़देव पुलिस स्टेशन पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।

# '120 बहादुर' साहस, जज्बा व रोमांच से भरपूर

**मुंबई**। फरहान अख्तर की फिल्म '120 बहादुर' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। यह फिल्म 1962 के भारत-चीन युद्ध में रेजांग ला की लड़ाई की वास्तविक कहानी पर आधारित है। इस फिल्म में 13वीं कुमाऊं रेजिमेंट की चार्ली कंपनी के 120 बहादुर भारतीय सैनिकों के बलिदान और साहस की कहानी को दिखाया गया है।

जिन्होंने चीनी सेना की भारी टुकड़ियों का बहादुरी से सामना किया था। रजनीश 'रैजी' घई के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के एक्सेल एंटरटेनमेंट बैनर तले किया है। इस फिल्म में फरहान ने मेजर शैतान सिंह भाटी का किरदार निभाया है। इस फिल्म की लेंथ 2 घंटा 17 मिनट है। फिल्म की शुरूआत अमिताभ बच्चन की मजबूत, गंभीर और भावनात्मक वॉयसओवर से होती है, जो आपको सीधे उन दिनों में ले जाता है जब दो देशों की दोस्ती विश्वासघात में बदल चुकी थी और चीन ने बिना




चेतावनी हमला बोला था। उसी विश्वासघात की दरारों में से यह कहानी जन्म लेती है। फिल्म की कहानी 1962 के भारतझचीन युद्ध की उस ऐतिहासिक लड़ाई पर आधारित है, जहां चुसुल सेक्टर में तैनात चार्ली कंपनी , जिसे अहीर कहा जाता था, अपनी पोस्ट की रक्षा कर रही थी। कंपनी की कमान मेजर शैतान सिंह भाटी के पास थी, और उनके साथ सिर्फ 120 भारतीय बहादुर मौजूद थे। इसी दौरान चीन की सेना बेहद बड़ी तादाद में भारतीय पोस्ट की ओर बढ़ती है और बिना किसी चेतावनी के हमला कर देती है।

मुकाबला एकतरफा दिखने के बावजूद अहीर इलाके की समझ, ऊंचाई की पोजिशन और अपने अनुशासन के दम पर डटकर जवाब देते हैं। दुश्मन लगातार वेव में हमला करता है, लेकिन 120 जवान आखिरी दम तक अपनी चौकी बचाने की लड़ाई लड़ते हैं। फिल्म साफ तौर पर दिखाती है कि कैसे अत्यधिक संख्या में घिरे होने के बावजूद चार्ली कंपनी ने वीरता, अनुशासन और जज्बे का ऐसा उदाहरण पेश किया जो इतिहास में दर्ज हो गया। फरहान अख्तर ने मेजर शैतान सिंह भाटी के रूप में शांत दृढ़ता और गहरी तीव्रता का बेहतरीन मेल दिखाया है।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com